Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दृष्टान्त-सागर

प्रथम भाग

१५
२०१

लेखक—
श्रीमान् पं० हनुमानप्रसादजी शर्मा
अवैतनिक उपदेशक, शिवली
ज़िला कानपुर

१२८४२
२५.१२.८२

प्रकाशक—
श्यामलाल सत्यदेव जी वर्मा
वैदिक आर्य पुस्तकालय बरेली

सप्तमावृत्ति १००० प्रति } सन् १९२९ ई० { मूल्य १।)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

18793

विषय-सूची

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

* ओ३म् *

दृष्टान्त-सागर

प्रथम भाग

मंगलाचरण

विश्वानि देवन देव जग-करतार नाथ गुणागरम्।
दुर्गुण दुर्व्यसन पाप अरु सन्ताप दुख सब भंजनम् ॥
कल्याणकारी वस्तु गुण कर्मादि साधन दायकम्।
स्व प्रकाशरूप प्रकाशयुत सुर्यादि ग्रह सब साधकम् ॥
प्रभु जगत के उत्पन्न होने पूर्वमपि थे उपस्थितम्।
हो आत्मज्ञान शरीर आदिक शक्ति के दाता परम्॥
तुव ध्यान धरते योगि ज्ञानी देव ऋषि मुनि आदिकम्।
पावें परमपद मोक्ष जो है जन्म-मरण-विनाशकम् ॥
इस दास को निज भक्त जानि कृपा करो करुणाकरम्।
सब दुःख दारिद दूरि कर राखो शरण शरणागतम् ॥

१—ईश्वर-विश्वास

परमात्मा पर सच्चा प्रेम रखते हुये जो मनुष्य उन पर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सच्चा विश्वास रखता है और पुरुषार्थ करता है उसकी सम्पूर्ण अभिलाषाओं को परमेश्वर पूर्ण करते हैं। यथा—

एक अनाथ बेवा स्त्री अत्यन्त ही दीन और धर्मज्ञ थी। उसके दो बालक थे—एक ६ वर्ष का, दूसरा ८ वर्ष का। बेचारी बेवा दीनता के कारण दूसरे पुरुषों की सेवा, पीसना कूटना करके अपने लड़कों का पालन पोषण किया करती थी, परन्तु बच्चों को नित्य दूध बताशे तथा उत्तम भोजन खिलाया करती थी और उसने उनके पढ़ने आदि का पूर्ण प्रबन्ध तथा पढ़ने के व्यय का भार भी उठा रक्खा था, और अपना निरवाह केवल सूखी रोटियों से करती थी। और किसी-किसी दिन वह भी पेट भर नहीं मिलती थी। बच्चे बड़े धर्मात्मा और सुशील थे। नित्य जिस समय वे पाठशाल से पाठ पढ़कर आते थे तो आते ही माता से दूध बताशे माँगते थे। एक दिन ऐसा अवसर आया कि माता को कहीं काम न लगने के कारण कुछ न मिला और बच्चों ने पाठशाला से आते ही नित्य की भाँति माता से दूध बताशे माँगे। माता ने उत्तर दिया कि—"बेटा आज तो मेरे पास कुछ नहीं, आज तो तुम्हें परमेश्वर ही दूध बताशे देगा तो पाओगे, नहीं तो मेरा कोई उपाय नहीं।" बच्चों ने पूछा—"माता, परमेश्वर कौन है ?" माता ने कहा—"बेटा, वह सबका पिता, सबका पालन पोषण करनेहारा है।" यह सुनकर बच्चों ने कहा—"तो माता, वह हमें दूध बताशे देगा ?" माता ने कहा—"अवश्य।" अब तो बच्चों के हृदय में सच्चा विश्वास हो गया कि माता ही दूध बताशे देने वाली नहीं किन्तु माता के अतिरिक्त और दूसरा परमेश्वर भी देनेवाला है। बच्चों ने पुनः माता से पूछा कि—"माता, वह परमेश्वर कहां रहता है ?" माता ने साधारण ही ऊपर को अँगुली उठादी। बच्चे चुपचाप

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तक उठाकर पाठशाला को चल दिये और मार्ग में परस्पर दोनों भाई यह सम्मति करते जाते थे—"भाई उस परमेश्वर तक ऊपर कैसे चलें कि जो उससे दूध बताशे माँगें ?" दूसरे ने कहा "भाई; ऊपर पहुँचना तो कठिन है परन्तु हमने एक बात सोची है कि परमेश्वर को हम तुम दोनों एक चिट्ठी लिखें और पंडित जी से छुट्टी माँग चलकर डाक में डाल आवें।" पहले ने कहा—"यह बहुत ठीक है।" दोनों पाठशाला पहुँच पत्र लिखने लगे—

पत्र

पिता परमात्मा ! आप सब के पालन पोषण करनेहारे हो, हम दोनों भाई आप को नमस्कार करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि आध सेर दूध और एक छटाँक बताशे हम दोनों भाइयों को कृपा कर नित्य भेज दिया कीजिये, हम आप के बच्चे हैं, हमें आपने बनाया है, इस से हमारा पालन भी कीजिये। अस्तु

आप के सेवक,

दो बच्चे, जिनको आप जानते हैं।

चिट्ठी का सिरनामा यानी पता यह था—

चिट्ठी पहुँचै पिता परमात्मा के पास—

बच्चे पंडित जी से छुट्टी माँग पोस्ट-आफ़िस में चिट्ठी डालने गये। डाकबाबू से पूछा—"बाबूजी, यह चिट्ठी कहाँ डालें?" बाबू ने कहा—"उस लेटरबक्स में डालदो।" लड़कों का शरीर छोटा था और लेटरबक्स ऊँचे पर गड़ा हुआ था। बच्चे ऊपर को उछल उछल कर चिट्ठी डालते थे परन्तु वे उसे लेटरबक्स में न डाल सके। बाबू ने लड़कों को देखकर कहा "लाओ हम तुम्हारी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिट्ठी डाल देंगे।" बच्चों ने चिट्ठी देदी। बाबू पत्र हाथ में ले पता पढ़कर अत्यन्त ही चकित हुआ और उसने बच्चों की ओर देखा। बच्चे सारे दिन के भूखे मलीन मुख अति दुखित थे। बाबू ने कहा—"तुम किसके बेटे हो, यह चिट्ठी किसने लिखी है?" बच्चों ने कहा—"हम अमुक बेवा के लड़के हैं। हम घर में नित्य दूध बताशे पाते थे, आज हम दोनों घर गये और माता से दूध बताशे माँगे तो माता ने कहा—"बेटा, आज तो तुम्हें परमेश्वर ही दूध बताशे देगा तो मिलेंगे नहीं तो मेरे पास नहीं। हम दोनों ने आज कुछ भोजन भी नहीं खाया और घर से भूखे ही पाठशाला को चल दिये और पाठशाला में आकर हम दोनों ने पिता परमात्मा का यह पत्र लिखा है, सो डालने आये थे।"

बाबू—तुम जानते हो परमेश्वर कहाँ है?

बच्चे—माता ने बताया है कि ऊपर है।

बाबू—क्या हम तुम्हारे इस पत्र को खोल कर पढ़ें?

बच्चे—हाँ बाबूजी पढ़ लीजिये।

बाबू ने पत्र खोलकर पढ़ा और बच्चों को दुखी देखकर कहा कि "तुम दोनों नित्य आध सेर दूध और एक छटाँक बताशे हम से ले जाया करो।"

वृत्त्यर्थं नाति चेष्टेत सा हि धात्रैव निर्मिता।
गर्भादुत्पतितौ जातौ मातुः प्रस्रवतस्तनौ॥

२—झूठे आडम्बर में सच्चा ध्यान

एक कुम्हार का युवा लड़का एक राजा के यहाँ पात्र देने गया। वहाँ राजा की युवती मनमोहनी राजपुत्री को छत पर देख

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वह चकित होगया और उसके हृदय में इस प्रकार काम बाण लगा कि घर आकर वह उस मोहनी के शोक में व्याकुल हो लेट रहा और खान पान सभी भुला कर केवल उस सुन्दरी के ध्यान में हाय-हाय करने लगा। उसके घर के सम्पूर्ण लोगों नेउससे पूछा कि—"तुम्हारी क्या दशा है, तुमको क्या हो गया, क्या कुछ रोग है ?" परन्तु युवक ने किसी से कुछ न कहा। थोड़ी देर के बाद उसकी माता ने उससे पूछा तो उसने अपनी माता से सच्चा सच्चा वृत्तान्त कह सुनाया कि—"मैं आज राजा के यहाँ पात्र देने गया था, वहाँ राजपुत्री को देख मेरी यह दशा हो गई, सो चाहे मेरे प्राण चले जाय परन्तु जब तक मुझे उस राजपुत्री के पुनः दर्शन न मिलेंगे तब तक भोजन न करूँगा।" माता ने कहा—"उठो, आज भोजन करो। आज से ६ मास के पश्चात् मैं तुमको राजपुत्री का दर्शन करा दूँगी।"

भोजन करने के पश्चात् उसकी माता ने कहा कि—"तुम यहाँ से कहीं ६ मास के लिये चले जाओ और ६ महीने बाद जब आना तो साधू का भेष रखकर आना और आकर राजा की फुलवारी में ठहरना, तुम्हें राजपुत्री के दशन होजायँगे।" कुम्हार के बच्चे ने वैसा ही किया। जब ६ महीने के पश्चात् राजा की बाटिका में साधू आया तो उसने एक मनुष्य के द्वारा अपनी माता को बुलाकर कहा कि—"अब राजपुत्री के दर्शन कराओ।" माता ने कहा—"तुम आंखे बन्द करके ध्यान से बैठ जाओ, मैं अभी तुम्हें दर्शन कराती हूँ।" उस कुम्हार की माता ने गाँव भर में यह हल्ला कर दिया कि—"एक बड़े पहुँचे हुये महात्मा आये हैं और उनसे जो माँगो सो देते हैं।" यह सुन ग्राम के सम्पूर्ण नर नारी जाने लगे। यह बात राजा तथा राज-महलों में भी पहुँची। राजा अपनी रानी तथा राजपुत्री-सहित

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महात्मा के दर्शनों को गये। ज्यों ही राजा, रानी और राजपुत्री इसके सामने पहुँचे तो कुम्हार की माता ने पीछे से संकेत में कहा कि—"बेटा, राजा रानी और राजपुत्री आगे खड़ी हैं अब दर्शन कर लो।"

कुम्हार के लड़के ने सोचा कि आज जब की मैं झूठा साधू महात्मा बना हूँ तब तो मेरे आगे तमाम गाँव के नर नारी तथा राजा, रानी और राजपुत्री खड़ी हैं और यदि मैं सच्चा साधु महात्मा बन जाऊँ तो न जाने मुझे क्या-क्या फल प्राप्त होंगे? ऐसा सोचकर कुम्हार के लड़के ने पुनः ध्यान से आँखें न खोलीं और सम्पूर्ण आयु के लिये वह परमात्मा का सच्चा भक्त बन गया।

असतो मा सद्गमय तमसोर्मा,
ज्योतिर्गमय मृत्योर्मा अमृतंगमयेति।

३—जा पर जेहि कर सत्य सनेहू। सो तेहि मिलै न कछु सन्देहू॥

यो समर्थ प्रार्थयत यमर्थं घटते त्रयः।
सोऽवश्यं तमवाप्नोति न चेच्छान्तो निवर्त्तते॥

एक राजा के बहुत-सी रानियाँ थीं। राजाजी किसी कार्य्य-वश विदेश को गये। वहाँ उन्हें बहुत समय तक रहना पड़ा। रानियों ने सुना कि राजा जिस देश में हैं वहां की अमुक अमुक वस्तुयें अच्छी होती हैं। ऐसा सुन किसी रानी ने महाराज को लिखा कि वहाँ की कंठश्री बहुत अच्छी होती है, आप

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारे लिये अवश्य लायें। किसी ने लिखा कि वहां की पंचलरी बहुत अच्छी होती है, आप अवश्य लायें। किसी ने लिखा वहाँ की फुलवर बहुत अच्छी हाती हैं, आप अवश्ल लायें। इस प्रकार सम्पूर्ण रानियों ने नाना प्रकार की वस्तुयें लिखीं, पर एक रानी, ने यह लिखा कि—" मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं मुझे तो बहुत काल से आपके दर्शन नहीं मिले, आपके दर्शनों की आवश्यकता है सो दासी को आ कृतार्थ कीजिये।" राजा ने सम्पूर्ण रानियों के पत्र पढ़े और उनकी याचनाओं के अनुसार भृत्यों से वस्तुयें मँगवाईं और अपनी इच्छानुसार भी जो चाहा वह मँगवाया। घर आतेही उन्होंने सम्पूर्ण रानियों के प्रार्थना पत्र खोले और जिसने जो वस्तु मांगी थी उसको वह वस्तु दी। शेष वस्तुओं को, जिन्हें राजाजी अपनी इच्छानुसार लाये थे, लेकर उस रानी के गृह में गये जिसने लिखा था कि मैं केवल आपको चाहती हूं। यह देख अन्य रानियों ने बहुत कुछ ईर्षा की और सबने महाराजा से कहा कि—"महाराज, हम लोगों ने क्या अपराध किया था, जो आप हमारे यहाँ नहीं आये और हमको क्यों एक ही एक वस्तु दी गई? इस रानी को आपने क्यों बहुत सी वस्तुयें दीं?" महाराज ने उत्तर—"तुम अपने-अपने प्रार्थना पत्र देखो, तुम ने जिसे चाहा वह तुम्हें मिला और इस रानी का प्रार्थना पत्र देखो, इसने जिसे चाहा वह इसे मिला।"

बस इसी प्रकार संसार में जो मनुष्य जिस वस्तु की उपासना करता है उसको परमेश्वर वही वस्तु देता है—अर्थात् रुपये की उपासना करने वाले को रुपया, स्त्री की उपासना वाले को स्त्री, मिट्टी की उपासना वाले को मिट्टी, जल की उपा-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सना वाले को जल, पत्थर की उपासना वाले को पत्थर ; किन्तु परमात्मा के उपासक को परमात्मा और परमात्मा के सम्पूर्ण पदार्थ प्राप्त होते हैं। इसलिये, वस्तुओं की उपासना छोड़ परमात्मा की उपासना कीजिये।

४-ईश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है

एक राजा के मन्त्री का यह सच्चा विश्वास था कि ईश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है। एक बार राजा और मन्त्री जी आखेट के लिये किसी भयानक वन में पहुँचे। वहाँ सिंह पर शस्त्र प्रहार करने से राजा की एक अँगुली कट गई। राजा ने मन्त्री से कहा—"मन्त्री जी, हमारी अँगुली शस्त्र से कट गई।" मन्त्री ने कहा—"परमेश्वर जो कुछ करता है, अच्छा ही करता है।" राजा यह बात सुन बहुत अप्रसन्न हुये और उन्होंने कहा कि-"हमारी तो अँगुली कट गई और तू यह कहता है कि परमेश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है।" यह कह कर मन्त्री को उसी समय निकाल दिया। मन्त्री बन से अपने घर लौट गया। राजा एक दिन आखेट खेलते-खेलते एक दूसरे राज्य में पहुँचे। वहाँ के राजा को बलिप्रदान के लिये एक मनुष्य की आवश्यकता थी। *दूत इन राजा जी को पकड़ ले गये। जब वहाँ के पंडितों ने इन राजाजी को देखा तो इनकी अँगुली कटी हुई पाई। पंडितों ने कहा—"यह तो मनुष्य अङ्ग भङ्ग है। अङ्ग भङ्ग की बलि नहीं दी जाती।" अतः राजाजी छोड़ दिये गए और प्राण लेकर वे अपने घर को चले।

---

* कुछ समय पहले मूर्ख और नीच लोगों में यह परिपाटी थी।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मार्ग में राजा ने सोचा कि मन्त्री सच कहता था कि-ईश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है।" यदि मेरी अँगुली आज कट न गई होती तो मेरा बलिप्रदान कर दिया जाता।

घर आते ही उसने मंत्री को बुलवाया। मंत्री डरते-डरते कि राजा न जाने मुझे क्या करेंगे, राज-सभा में आये और प्रणाम कर बैठ गये। तब राजा ने मन्त्री से कहा-"मन्त्री, तुम्हारा यह कहना नितान्त सत्य है कि ईश्वर जो कुछ करता है अच्छा ही करता है, क्योंकि जब हमने बन से आपको निकाल दिया तो हम आखेट खेलते खेलते एक राज्य में पहुँचे। वहाँ के राजा को बलिप्रदान के लिए एक मनुष्य की आवश्यकता थी इससे उसके दूत मुझे पकड़ ले गये। पर मेरी अँगुली कटी होने से वहाँ के पण्डितों ने मुझे अङ्ग भङ्ग जान छोड़ दिया। मेरी अँगुली कटने से तो ईश्वर ने अच्छा यह किया कि मेरे प्राण बचे, पर आपको जो मैंने निकाल दिया और इतने दिन तक नौकरी से पृथक् किया तो आपके लिये ईश्वर ने क्या अच्छा किया?" मन्त्री ने कहा—"महाराज यदि आप मुझे न निकाल देते और मैं आपके साथ रहता तो आप तो वहाँ अङ्ग भङ्ग होने के कारण बलिप्रदान से बच आये, पर मैं अङ्ग भङ्ग न होने से बलिप्रदान से कभी न बचता।

५—ईश्वर हमारा सुख देख न सका

एक सिपाही राम २० वर्ष नौकरी करके घर आ रहे थे। घर के लिए एक कच्चे रंग की चुनरी अपनी स्त्री के लिए और कच्चे ही रंग के खिलौने अपने लड़कों के लिए और कुछ बताशे भी ला रहे थे। पर मार्ग में वर्षा होने लगी, इससे सिपाहीराम की

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चुनरी और खिलौनों का रंग छूट २ कर बहने लगा और बताशे सब पानी में घुल गये। यह दशा देख सिपाहीराम ने कहा— "ससुरो अबहीं सरग करिबे की रहै। हाय! २० वर्ष के बाद तो एक कच्ची चुनरी, खिलौने और कुछ बताशे बच्चों को लाये वह भी परमेश्वर से देखा न गया।" थोड़े ही दूर वे चले थे कि क्या देखते हैं कि एक नाले में दो डाकू बैठे हैं और वे इन पर बन्दूक की गोली चला रहे हैं। पर बन्दूक टोपीदार है और पानी होने के कारण बन्दूक रंजक खा गई, गोली नहीं चलती। तब तो कहते हैं—"धन्य हो परमात्मा, यदि इस समय वर्षा न होती तो हमारे प्राण ही जाते और हम अपने बाल बच्चों का मुख भी न देख पाते। यह चुनरी खिलौना यहीं पड़े रहते। अब इस विपत्ति से छुटकारा मिले तो मैं सकुशल अपने घर पहुँच कर बाल-बच्चों से मिलूंगा। इसलिए, हे भगवन्! मैंने अज्ञानता में आपको जो कुछ कहा हो, उस अपराध को आप क्षमा कीजिये।"

स एव धन्यो विपदि स्वरूपं यो न मुञ्चति ।
त्यजत्य कीकरैस्तप्तं हिमदेहं न शान्तिताम् ॥

६—मुख्य कोष की प्राप्ति

एक बेचारे महा दरिद्री पुरुष ने द्रव्य की अभिलाषा में चारों ओर बड़े-बड़े नीच ऊँच दुर्गम से दुर्गम स्थानों में टक्करें मारीं पर उसे एक कौड़ी भी कहीं प्राप्त न हुई। वह महान् क्लेशित और निराश हो घर की ओर लौटा आ रहा था। अनायास मार्ग में एक महात्मा से भेट हो गई। उस दीन पुरुष ने महात्मा जी को प्रणाम किया और महात्मा जी के पूछने पर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पूर्ण वृत्तान्त कह सुनाया। महात्मा जी ने उस दीन की दशा देख कर कहा—"तू इस मन्दिर को जो सामने गिरा पड़ा है एक कुदारी और एक तलवार ले, कुदारी से मन्दिर को खोद और तलवार से जो तेरे इस कार्य में बाधक हों उनको बध करता जा, अन्त में तुझे एक बड़ा भारी कोष प्राप्त होगा। दीन पुरुष ने कुदारी और तलवार ले मंदिर को खोदना आरम्भ किया। थोड़ा ही खोदा था कि उसमें से एक स्त्री निकली जिसको देख दीन ने पूछा—"तू कौन है और कहाँ रहती है ?" स्त्री ने उत्तर दिया कि—"मैं ब्राह्मणी हूँ और मेरा नाम लज्जा है और नेत्रशाला में रहती हूँ।" यह सुन दीन ने कहा कि—"तू पृथक् बैठ।" और पुनः खोदने लगा। थोड़ी ही देर के पश्चात् एक और स्त्री निकली। उससे भी दीन ने प्रश्न किया कि—"तू कौन है और तेरा क्या नाम तथा कहाँ रहती है ?" स्त्री ने उत्तर दिया—"मैं ब्राह्मणी हूँ, मेरा नाम दया है और द्वारपुर में रहती हूँ।" उससे भी कहा—"तू पृथक् बैठ।" ऐसा कह कर दीन पुनः अपनी राम धुन में लग गया। कुछ ही खोदने के पश्चात् एक तीसरी स्त्री निकली। दीन ने उससे भी वैसे ही प्रश्न किये। स्त्री ने उत्तर दिया कि—"मैं ब्राह्मणी हूँ, मेरा नाम कीर्ति है और मैं अन्तःपुर की निवासिनी।" दीन उसे भी पृथक् बैठा अपना कार्य्य करने लगा। कुछ ही काल के पश्चात् एक और चौथी स्त्री निकली। दीन ने उससे भी उसी भाँति पूछा, स्त्री ने उत्तर दिया कि—"ब्राह्मणी हूँ मेरा नाम धृती है और मैं मनुआँपुर की निवासिनी हूँ।" इसे भी दीन ने अलग बिठा खोदना आरम्भ किया, परन्तु उस बीमारी ने पीछा न छोड़ा और अब की स्त्री के स्थान में एक बिल्लड़दास हाथ पैर झारते हुये निकले। दीन ने प्रश्न किया कि—"आप रूप कौन हैं,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहाँ आपका निवास है ?" पुरुष ने उत्तर दिया—"मेरी जात पाँति का तो कुछ ठीक नहीं परन्तु हाँ मेरा नाम काम है और मैं नेत्रशाला का वासी हूँ।" दीन ने कहा—"वहाँ तो एक स्त्री, जिसका नाम लज्जा है, रहती है।" काम ने कहा कि—"वह तो मेरी स्त्री ही है।" तब तो दीन ने कहा—"रे दुष्ट जहाँ लज्जा है वहाँ तेरा क्या काम ?" ऐसा कह शीघ्र तलवार के द्वारा उसका सिर धड़ से अलग किया और पुनः कुदारी ले खोदने लगा। कुछ ही काल में एक मुस्टण्डराम लाल आँखें किये होंठ फरफराते हुये निकले। दीन ने यह भयङ्कर मूर्ति देखकर इससे भी वही प्रश्न किया। इन्होंने कहा हम जाति के चाण्डाल और हमारा नाम क्रोध और द्वारपुर के वासी हैं। दीन ने कहा कि—"वहाँ तो एक स्त्री जिसका नाम दया है, बसती है।" क्रोध ने कहा कि—"वह तो मेरी स्त्री ही है।" तब तो दीन ने कहा कि—"रे दुष्ट, जहाँ दया रहती है वहाँ तेरा क्या काम ?" ऐसा कह इन्हें भी तलवार की धार से अलग किया और पुनः खोदना आरम्भ किया। कुछ ही खोदने के बाद एक और धिङ्गड़नाथ चकमक देखते हुये आ विराजे। दीन ने इनको भी देख वही अपना पुराना प्रश्न किया। धिङ्गड़नाथजी ने उत्तर दिया कि—"हम जाति के वैश्य हैं और हमारा नाम लोभ है तथा हम अन्तःपुर के वासी हैं।" यह सुन दीन ने कहा कि—"वहाँ तो एक स्त्री कि जिसका नाम कीर्ति है रहा करती है।" लोभ ने कहा कि—"वह तो मेरी स्त्री ही है। तब तो दीन ने कहा कि—"ऐ नीच! जहाँ कीर्ति है, वहां तेरा क्या काम ?" ऐसा कह तलवार से इन्हें भी मौत के समर्पण किया और फिर खोदना प्रारम्भ किया कि थोड़ी ही देर में एक बुद्धू और निकल खड़े हुये। उन्हें भी देख दीन ने पूर्ववत् प्रश्न

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किये। बुद्धू ने उत्तर दिया कि--"मैं जाति का भिल्ल और मेरा नाम मोह और मनुअआँपुर का वासी हूँ।" यह सुन दीन ने कहा कि--"वहाँ तो एक स्त्री जिसका नाम धृती है रहती है।" मोह ने कहा कि—वह तो मेरी स्त्री है तब तो दीन ने कहा—"रे मूर्ख, जहाँ धृती है वहाँ तेरा क्या काम?" ऐसा कह इन्हें भी तलवार से उड़ाकर वह सोचने लगा कि—"ये स्त्रियाँ क्या मेरा साथ देंगी? इन से भी कार्य में हानि ही दीखती है। मैं कभी-कभी इनकी ओर देखने लगता हूँ और यह भी कि एक ही स्त्री से आपत्ति होती है फिर चार-चार कौन निबाहेगा। ऐसा सोच समझ उसने कहा कि—"लज्जा भी कभी-कभी पाप करा देती है यथा सम्बन्धियों के भय से बरातों में नाच इत्यादि ले जाना; और कीर्ति भी दोष उत्पन्न कर देती है; तथा दया भी कभी-कभी अधर्म तथा बन्धन का हेतु बन जाती है यथा—

असाधन्तनु चिन्तनं बन्धय भरतवत्

इस लिये इन तीनों को तलवार से मार धृती को अपने साथ ले वह फिर खोदने लगा। अब आगे एक अत्यन्त ही कठिन वज्रवत् शिला आ पड़ी। किन्तु उसे वह धृती के साथ खोदने लगा। कुछ काल के बाद वह शिला लौट गई और उसे एक महान् कोष प्राप्त हुआ जिसे पा, घर आ वह अपने जीवन को आनन्द पूर्वक व्यतीत करने लगा।

यह तो हुआ दृष्टान्त, पर इसका दार्ष्टान्त यों है कि यह दीनरूप विवेकाश्रमजी मोक्षरूपी मुख्य कोष की प्राप्ति के लिये यत्र-तत्र भटकते हुये पूर्ण योगी से मिले। योगी ने इससे कहा "तुम इधर-उधर व्यर्थ परिश्रम क्यों करते हो? तुम इस शरीररूप मन्दिर को ही ज्ञानरूपी कुदार और वैराग्यरूपी तलवार ले खोदना प्रारम्भ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करो और तुम्हारे इस कार्य में बाधा डालने वाले जो शत्रु मिलें उनको वैराग्यरूपी तलवार से काटते हुये अपने कार्य साधन में लगे रहना।" ऐसा सुन विवेकाश्रमजी इधर उधर भटकना छोड़ ज्ञानमयी कुदार ले आत्मा में ही परमात्मा की प्राप्ति का यत्न करने लगे। जब उस यत्न में इनको काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि ने सताया तब इन्होंने उन चारों को वैराग्यरूपी तलवार से काट डाला। अब आगे विवेकाश्रमजी को लज्जा, कीर्ति, दया आदि ने भी आ घेरा, तब तो इन्होंने लज्जा, दया, कीर्ति इन तीनों से हानि समझ इन्हें भी उसी वैराग्यरूपी तलवार से काट केवल धृती को साथ लेकर जो आग अहङ्काररूपी वज्रवत् शिला जमी हुई थी उसको ज्ञानरूपी कुदार से काटना प्रारम्भ किया क्योंकि इसी शिला के बाद वह ब्रह्मरूप कोष है जिसके लिये मुण्डक में कहा है—

हिरण्मये परे कोशे विरजं ब्रह्म निष्कलम्।
तच्छुभ्रं ज्योतिषां ज्योतिस्तद्यदात्म विदोविदुः॥

अर्थ—चमकीले पदार्थों के परे अहङ्कारी शिला के नीचे भीतर हृदय कोष अविद्यादि दोषों से रहित निरवयव वह शुद्ध ब्रह्म ज्योतियों का भी ज्योति विद्वानों के जानने योग्य है, उसे विद्वान जान सकते हैं। पुनः विवेकाश्रमजी शिला कट जाने पर मुण्डक्यानुसार ब्रह्मानन्द रूपी मुख्यकोष प्राप्तकर मोक्ष सुख में आनन्द करने लगे। इससे आप लोग भी विवेकाश्रम की भाँति हृदय रूपी मंदिर में ही परमेश्वर को प्राप्त कीजिये। देखिये, एक भाषा के कवि ने क्या ही अच्छा कहा है—

व्यापक ब्रह्म सदा सब ठौर।
व्यर्थ चार धामों को दौर॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखु न कस हृद नैन उघारि ।
कनियाँ लड़िका गाँव गोहारि ॥

तथापि—"हिरण्यरूप निधिं निहितं अक्षेत्रज्ञा उपरि संचरन्तो न विन्देयुः एवमेव इमाः सर्वाः प्रजाः अहर अहर मच्छन्त्य हताः एवं ब्रह्मलोकं न विंदन्ति अनृते नहि" छा० उ०

७—धर्म के सिवा और हमारा संसार में दूसरा साथी नहीं

एक साहूकार का लड़का बड़ा दुराचारी था। एक दिन उसकी पतङ्ग टूटकर उड़ते-उड़ते एक महात्मा के पास एक वन में जा गिरी। वह साहूकार का लड़का पतङ्ग के पीछे महात्माजी के पास पहुँचा और महात्माजी को देख पतङ्ग भूल महात्माजी के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। कुछ काल में जब महात्मा जी ने ध्यान से नेत्र खोले तो इसकी ओर उनकी दृष्टि पड़ी। इसे हाथ जोड़े देख महात्मा ने पूछा कि—"बच्चा, तुम कौन हो, यहाँ कहाँ आये?" महात्मा को देख साहूकार के बेटे के हृदय में कुछ श्रद्धा उत्पन्न होगई और उसने सम्पूर्ण सच्चा सच्चा वृतान्त कह दिया और अन्त में नेत्रों में जल भर के गद् गद् हो बोला कि—"महाराज, मुझे कोई ऐसा उपाय बतलाइये कि जिससे इन सम्पूर्ण कुकर्मों से बच सतकर्मों का अनुष्ठान करूँ।" महात्मा ने कहा—"बच्चा, जैसा तुम इस समय मेरे सामने सत्य बोते हो ऐसा ही सर्वत्र सदैव बोला करो। यही तुम्हें सम्पूर्ण दुष्कर्मों से बचायेगा।" साहूकार के लड़के ने वहीं से प्रतिज्ञा की कि—"मैं आज से चाहे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ ही हो, असत्य कभी न बोलूँगा।" दूसरे दिन घर आ शराब की बोतल ले आबकारी की दूकान को चला। मार्ग में उसका बड़ा भाई मिला और उसने इससे कहा—"भैया, कहाँ जाते हो?" इस प्रश्न के होते ही इसे बड़ा सङ्कट हुआ। इसने सोचा कि मैं यदि सत्य कहता हूँ तो भाई जी फ़जीता करेंगे और झूठ कहता हूँ तो व्रत छूटता है, अतः उत्तर न दे वहीं से लौट आया। इसी प्रकार तीसरे दिन वह वैश्या के घर जा रहा था। मार्ग में चचा मिला। उसने कहा—"बेटा, कहाँ जाते हो?" यह फिर उसी प्रकार असमंजस में पड़ा और उत्तर न दे लौट आया। इस प्रकार धीरे-धीरे इसके सम्पूर्ण दुराचार छूट गये। दुराचार छूटते ही इसके हृदय में कुछ ज्ञान का प्रकाश हुआ और इसने सोचा कि जिस महात्मा की कृपा से ये सब दुराचार छूटे हैं उन्हीं की सेवा में चलें और उनसे पूछें कि महाराज, अब हम क्या करें। साहूकार का बेटा महात्मा के पास गया और क्रम पूर्वक अपने प्रश्न पूछता रहा। महात्मा ने इसे शौच, दन्तधावन, स्नान, संध्या, अग्निहोत्र आदि पञ्चयज्ञ, पञ्चदेव पूजा माता पिता गुरु अतिथि ईश्वर आदि की बताई। पुनः अष्टाङ्ग योग सिखाना प्रारम्भ किया। साहूकार का बेटा सात अङ्गों तक तो करता चला गया पर आठवें अङ्ग समाधि के लिये महात्मा ने कहा—"समाधि तुझे तब बताऊंगा कि जब तू मेरी एक बात मान लेगा।" साहूकार के बेटे ने कहा-"महाराजजी, कहिये" महात्मा जी ने कहा कि-"तुम आज अपने घर जा अपनी माता आदि से कहना कि—"माता आज तो मानो हमारे प्राण नहँ नहँ रोम रोम से निकल रहे हैं। यदि मेरे जीवन में कुछ बाधा आ पड़े तो जब तक अमुक महात्माजी को जो अमुक बन में रहते हैं न बुला लेना तब तक मेरे शवको न जाने देना।" ऐसा कह प्राणायाम

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगा लेट जाना।" साहूकार के बेटे ने घर आकर वैसा ही किया। माता से कहा कि–"माँ, आज मेरे प्राण रोम २ से मानो निकल रहे हैं।" माता ने कहा-"बेटा, यह क्या कुशब्द बोल रहे हो? परमेश्वर तुम्हारे शत्रु को भी मौत न दे।" बेटे ने कहा कि-"कदाचित् ऐसा होजाय तो जब तक अमुक महात्मा को अमुक स्थान से न बुला लेना, हमारा मृतक शरीर न जाने देना।" ऐसा कह प्राणायाम लगा ध्यान में सो गया। साहूकार के बेटे के माता पिता स्त्री, बहन सब ने उसकी अवस्था देख व्याकुल हो रोना-पीटना प्रारम्भ किया। रोने की ध्वनि सुन टोला मुहल्ला के लोग भी साहूकारजी के धनिक होने के कारण बहुत कुछ इकट्ठे होगये। अबतो छोटी-मोटी अमावस्या का सा मेला इकट्ठा होगया और सबके सब अपनी २ कह रोने लगे माता बोली—"बेटा हाय मुझ अभागिनी को मौत नहीं, और तुम्हारी यह दशा। हाय चाहे मैं मर जाती पर तुम बच जाते।" इसी भाँति पिता, स्त्री, बहन, टोला महल्ला वाले भी कह २ रो रहे थे। पश्चात् यह ठहरी कि अब इसके शव को श्मशान ले चलें। यह सोच उसके पिता तथा पड़ोसियों ने विमान बना उस पर साहूकार के बेटे को रख उसे उठाकर ले चले कि इतने में साहूकार के बेटे की माँ को याद आया और उसने कहा कि—"आप लोग कृपाकर कुछ काल इस शव को रख दीजिये" और उसने अपने पतिसे कहा कि–'बेटे ने मरते समय यह कहा था कि यदि मैं मर जाऊँ तो अमुक स्थान से अमुक महात्मा को जब तक न बुला लेना तब तक मेरा मृतक शरीर श्मशान को न जाने देना।" पिता यह सुनकर नंगे पैरों महात्माजी के पास दौड़ा। पर महात्माजी तो आगे से ही जानते थे; इससे उन्होंने एक पुड़िया में आध पाव मिसरी बहुत बारीक पीसकर रख छोड़ी थी। साहूकार आ महात्माजी के

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चरणों में गिर पड़ा और उसने कहा—"महाराज, मेरे बेटे का यह हाल हुआ । उसने मरते समय कहा था कि जब तक आप को न बुला लेना, तब तक हमारे मृतक शरीर को श्मशान न जाने देना। सो महाराज, यदि आपके पास कोई उपाय हो तो कीजिये। महाराज, उस बेटे के बिना तो हमारा सब नाश हुआ जाता है। महाराज, चाहे हम मर जावें पर हमारा बेटा बना रहे।" महात्माजी ने कहा "धीरज धरो, घबड़ाओ नहीं, मैं अभी चलता हूँ।" अबतो महात्माजी मिश्री की पुड़िया उठाकर साहूकार के साथ चल दिये । महात्माजी ज्यों ही साहूकार के घर आये त्योंही उस बेटे की माँ, बहन स्त्री कुटुम्बी पड़ोसी सभी रोने और यह कहने लगे कि—"महात्माजी, चाहे हम लोग मर जायँ पर यह लड़का जी जाय।" महात्माजी ने सबको धैर्य्य दे कहा कि—"आधसेर कपिला गौ का दूध शीघ्र ले आओ। जब दूध आया तो जो पिसी हुई मिश्री की पुड़िया महात्माजी के हाथ में थी, सब को दिखाकर महात्माजी ने कहा कि 'यह संखिया है और उसे दूध में डाल प्रथम लड़के की माता को बुलाया और कहा कि तुम अभी कहती थीं कि चाहे हम मरजायँ पर हमारा बेटा जी जाय, इससे इस ज़हर को तुम पीलो सो तुम तो अभी मर जाओगी पर तुम्हारा बेटा जी जायगा।" माताने कहा—"महाराज, हमारी जन्मपत्री तो देखो हमारे और बेटे होंगे या नहीं?" महात्माजी ने कहा—"तुमने उसे नौ मास पेट में रक्खा और पाला पोसा है, इससे कनिया का जाय और पेट का आसरा, वाली बात मत करो। इस दूध को पीलो।" माता ने कहा—"महाराज, हमें आप पहले यह बतादें कि हमारे और बेटे होंगे या नहीं ?" महात्माजी ने समझ लिया कि यह दूध नहीं पी सकती, बातों में टाल रही है, अतः माता को अलग कर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पिता को बुलाया और कहा कि—"आप हमारे यहाँ दौड़े गये थे और यह कहते थे कि चाहे हम मरजायँ पर हमारा बेटा जी जाय, इसलिये आप इस दूध को पी लें। आप तो अभी मर जायँगे पर बेटा आपका अभी जी जायगा।" पिता ने कहा—"महाराज, हमारी अवस्था तो अभी इस प्रकार की है कि और बच्चे हो सकते हैं।" महात्मा ने इन्हें भी पीछे हटा साहूकार के बेटे की स्त्री को बुलवाकर कहा कि "तुमने इसके साथ भाँवरें फिरी हैं और तुम्हारी शोभा इसीसे है और तुम भी अभी यही कहती थीं कि चाहे हम मरजायँ पर हमारा पति जीजाय, इसलिये तुम इस दूधको पीलो। तुम तो अभी मर जाओगी और तुम्हारा पति जी उठेगा।" स्त्री ने कहा—"महाराज, यह जिया न जिया, हमारे माँ बाप के यहाँ बहुत धन है, मैं वहाँ चली जाऊँगी और वहीं अपना जीवन व्यतीत कर दूँगी।" महात्मा ने उसे भी अलग किया। अब टोला मुहल्ला वालों ने सोचा कि साहूकार के माता पिता स्त्री सब से तो महात्माजी कह चुके, अब हम लोगों की बारी आई, इस कारण सब के सभी टरक गये। अब केवल वहाँ ५ मनुष्य शेष रह गये—महात्मा, साहूकार का बेटा, उसकी माता, पिता, स्त्री। तब तो महात्माजी ने यह सब देख कहा कि "दूध हम पीलें?" माता, पिता आदिक ने उत्तर दिया कि—"महाराज, महात्माओं का तो परोपकार के ही लिए जीवन होता है।" तब महात्मा ने बेटे की माता से कहा—"तुम प्रतिज्ञा करो कि यदि हमारा बेटा जी उठेगा तो यह सब यथार्थ वृत्तान्त हम अपने बेटे से कह देंगी तो हम दूध पी लें।" माता ने प्रतिज्ञा की। महात्मा ने मिश्री पड़ा दूध आनन्द से पी लिया और साहूकार के बेटे को प्राणायाम से जगा दिया और उसकी माता से कहा कि—"अब इससे सम्पूर्ण

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वृत्तान्त यथार्थ-यथार्थ कहो।" माता ने कहने में कुछ संकोच किया। महात्मा ने कहा—"यदि तुम संकोच करोगी तो शाप देकर तुम, तुम्हारे पति, बहू तथा इस बेटे सबको अभी भस्म कर दूँगा।" ऐसा सुन साहूकार के बेटे की माँ को विवश हो सब कहना पड़ा। बच्चे ने सुनकर यह समझ लिया—

एकः पापानि कुरुते फलं भुंक्ते महाजनः ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ॥

संसार में सिवा धर्म तथा ईश्वर के सचमुच अपना कोई नहीं। ऐसा जान मोह छोड़ महात्मा जी के साथ जा समाधि सीख, समाधि लगा उसने मोक्ष-सुख को प्राप्त किया। सच है, भर्तृहरिजी ने कहा है—

प्राप्ताः श्रियः सकल कामदुघास्ततः किं,
दत्तं पदं शिरसि विद्विषतां ततः किम् ।
सन्मानिताः प्रणयिनो विभवैस्ततः किं,
कल्पं स्थितं तनुभृतां तनुभिस्ततः किम् ।

अर्थात्—इन नश्वर शरीरधारियों ने सब कामनाओं की दुहनेवाली लक्ष्मी पाई तो क्या शत्रुओं के शिर पर पग दिया तो क्या, धन से मित्रों का सन्मान किया तो क्या फिर इस देह से कल्प भर जिये तो क्या अर्थात् परलोक न बनाया तो कुछ न किया।

जीर्णा कंथा ततः किं सितममलपटं पट्टसूत्रम् ततः किं,
एकाभार्या ततः किं हयकरिसुगणारावृतोवा ततः किम् ।
भक्तंभुक्तं ततः किं कदशनमथवा वासरांते ततः किं,
व्यक्तज्योतिर्नवांतर्मथितभवभयं वैभवंवा ततः किम् ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात्—पुरानी गुदड़ी धारण की तो क्या उज्ज्वल निर्मल वस्त्र वा पीतांबर धारण किया तो क्या, एक ही स्त्री पास रही तो क्या, अथवा घोड़े हाथी सहित करोड़ स्त्रियाँ रही तो क्या, अच्छे व्यञ्जन भोजन किये वा कुत्सित अन्न सायंकाल को खाया तो क्या, जिससे भव-भय नष्ट हो जाय ऐसी ब्रह्म की ज्योति हृदय में न जगी तो बड़ा विभव ही पाया तो क्या ?

८—परमात्मा को पाप पुण्य का द्रष्टा और दण्डदाता जान पापों से क्यों न बचो ?

पापों की पूँजी कभी पच नहीं सकती ।

एक माली ने एक बाग़ बहुत ही अच्छा लगा रक्खा था जिसमें हर प्रकार के फल-फूल उपस्थित थे और माली स्वयमेव अपने बाग़ का रक्षक था। एक बाबू साहब एक बहुत ही अच्छा कोट जिसमें कई एक पाकिट, भीतरी चोरगल्ले तथा कई पाकिट बाहर भी थे और पतलूम भी बड़ी बढ़िया पहिने हुये एक क़ीमती टोपी दिये तथा हाथ में छड़ी लिये हुए उस बग़ीचे को देखने के लिए पहुँचे और माली से पूछा कि—"हम आपके बग़ीचे को देखना चाहते हैं ?" माली ने कहा—"आप बग़ीचे को प्रसन्नता पूर्वक देखिये परंतु आप कृपा कर उसमें कोई फल-फूल न तोड़ें" बाबू साहब ने कहा-"वाहजी, यह भी कोई भलेमानसों की बातें हैं, भला यह आप क्या कहते हैं, कभी ऐसा हो सकता है ?" बाबू साहब बग़ीचे के भीतर जा रविशों पर टहलने लगे और नाना प्रकार के वृक्ष, पत्र, पुष्प, फल देख बाबू साहब का मन ललचाया और बाबू साहब ने यह सोचा कि यदि हम कुछ फल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तोड़ अपने भीतरी चोरगल्लों में रख लें तो यहाँ माली किसी भाँति न देख सकेगा, अतः बाबू साहब ने फल तोड़ २ भीतरी चोरगल्ले तो खूबही ठूँस २ कर भर लिये और बाहरी पाकिटों में यह समझ कि यदि हम इनमें कुछ कुछ फल डाल लेंगे तो यह मालूम पड़ेगा कि कपड़ा फूला हुआ है, ऐसा सोच कुछ फल उनमें भी तोड़ २ कर डाल बग़ीचे से चल कर निकलने लगे तो बग़ीचे का माली बग़ीचे के दरवाज़े पर बैठा था, उसने कहा—"बाबू साहब इस बग़ीचे का यह नियम है कि जो मनुष्य देखने जाता है बिना झारा दिये नहीं जाने पाता है" बाबू साहब ने कहा—"आप देख लीजिये, मैं खड़ा हूँ।" तब तो माली ने कहा—"इस प्रकार झारा नहीं लिया जाता, यहाँ तो आप इस कोट को उतार कर अलग रखिये और मैं इसके एक एक पाकिट में हाथ डाल कर देखूँगा। अब तो बाबू साहब हैं हैं करने लगे। माली ने कहा—"हैं हैं से कुछ न होगा। इस कोट को उतारिये।" अतः बाबू साहब को विवश हो कोट उतारना पड़ा और जब माली ने पाकिटों में हाथ डाल देखा तो फल तो मौजूद ही थे। अब तो माली ने बाबू साहब को पकड़ अपने नियम के अनुसार दण्ड दे पुलिस के हवाले कर जेल को भेज दिया।

पाठको, दृष्टान्त तो यह हुआ परन्तु दार्ष्टान्त इसका यह है कि परमात्मारूपी माली प्रकृतिरूप जीव को ले—

अजामेकां लोहित शुक्लकृष्णां बह्वीः प्रजाः सृजमानां सरूपाः
अजोह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः।

नाना भाँति का संसाररूपी बग़ीचा रच कर स्वयमेव अपने आप ही संसार का रक्षक हो रहा है। यह जीवात्मा शरीररूपी कोट पहिर बग़ीचे की सैर करने आता है, परन्तु उस माली ने कहा था कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईशावास्यमिदं ँ सर्व्वं यत्किञ्चि जगत्यां जगत् ।
तेन त्यक्तेन भुंजीथा मागृधः कस्य स्विद्धनम् ॥
—य० अ० ४० ।

बग़ीचा तो देखने जाते हो पर यह जो कुछ संसाररूपी बाग़ है सब मुझ से भरा है, अतः बग़ीचे में जा किसी वस्तु पर हाथ न डालना। ऐसा कह पुनः आज्ञा दी कि—

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजोविसेच्छत ँ समाः ।
एवं त्वयि नान्यथे तोस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥
-य० अ० ४० ।

ऐसा जानकर यह स्मरण रखते हुये कि बाग़ीचे में किसी वस्तु को न छुयें सैर कर आइये पर इसने यहाँ आकर नाना भाँति के मद्य, मांस, हिंसा, चोरी, जारी आदि कुकर्मों से खूब ही पेट रूप चोरगल्ले भरे। इसने सोचा कि यहाँ मुझे कोई देखने वाला थोड़े ही है, यह न सोचा कि—

एकोह मस्मीत्यात्मानं यवंकल्याण मन्यसे ।
नित्यं हृद्य तस्थेपु पुण्य पापेक्षिता मुनिः ॥

वह परमात्मा सर्वत्र तथा आत्मा में भी पुण्य पाप का देखने वाला मौजूद है, जीवात्मारूप बाबू बग़ीचे के बाहर चलकर नाना भाँति के रूप बना अपने को यह दर्शा कर कि मैं बड़ा धर्मात्मा हूँ बग़ीचे से अच्छी तरह निकलना चाहता है, पर यह साधारण मनुष्यों में तो चल जाती है कि चाहे जैसे अधर्म करो पर एक उत्तम सफ़ेद पोशाक पहरने, रूप बनाने, धन होने से संसारिक लोग प्रतिष्ठा दे दिया करते हैं, क्योंकि संसारिक मनुष्य तो व्यापक नहीं जो भीतरी दशा जान सकें, किन्तु परमात्मा के यहाँ यह आडम्बर नहीं चलता जिस समय में संसार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूपी बग़ीचे के चिता रूप द्वार पर मनुष्य पहुँचता है तो इस का शरीर रूपी कोट माली उतरवा कर अलग रखवा लेता है और एक २ पाकिट हड्डी पुरजे देखता है, यदि कोई चोरी नहीं तो उसे पारितोषिक और यदि कुछ फल फूल तलाशी में बरामद हुये तो दण्ड दे, नाना प्रकार के योनिरूपी जेलखानों में अपने नियमरूपी दूतों के हाथ भेज कर्म का फल देता है।

६—पारस मणि की बटिया

एक महात्मा ने एक साहूकार को एक ऐसी पारस मणि की बटिया दी कि जिसको लोहे में छुआते ही लोहा सोना बन जाता था, परन्तु महात्मा ने यह कहा था कि बटिया मैं तुम्हें सात दिन के लिये देता हूँ, सात दिन पूरे होने पर मैं तुझ से यह बटिया ले लूंगा। साहूकार ने बटिया पाते ही सोचा कि मेरे घर तो लोहा सिवा हसिया; खुरपी, फावड़ा कुदार के और है ही नहीं और बटिया केवल सात ही दिन को मिली है, अतः उसने सोचा कि अभी दिन तो सात पड़े हैं इतने में लोहा खरीद कर आसकता है ऐसा समझ एक आदमी कलकत्ता दूसरा बम्बई भेजा और उन आदमियों से कहा कि लोहा जल्दी खरीद कर लाना, दो दिन में गाड़ी कलकत्ता आई, दो या ढाई दिन में बम्बई पहुँची। पुनः वहाँ लोहा खरीदते गाड़ियों में लदाते हुये दो दिन बीत गये। पुनः दो दिन में फिर यहाँ रेलगाड़ियाँ आईं इस भाँति छै दिवस बीत गये। सातवें दिन साहूकार ने मालगाड़ियों से माल उतरवा कर सोचा कि यदि यहीं पारस पथरी छुवाये देते हैं तो ताँतिया भील या दर्रावसरीखे डाकू सब लूट लेंगे अतः लोहे को घर में भर कर तब पारस पथरी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छुआयें ऐसा समझ लोहा बैलगाड़ियों में भरा घर लाये। घर में दरवाज़े से लोहा बैलगाड़ियों से उतरवा २ घर में भर रहे थे (यह समय सातवें दिन बारह बजे रात का था) तब तक महात्माजी बटिया लेने के लिये आगये। साहूकार ने महात्माजी का बहुत कुछ आदर सत्कार किया। महात्माजी ने कहा—"वह बटिया लाइये।" साहूकार ने कहा—"महाराज अब तक तो हम लोहा ही खरीदते ही रहे, कुछ काल गम खाइये महात्माजी ने कहा—मैं एक मिनट भी नहीं गम खा सकता बटिया लाइये।" साहूकार ने कहा—"महाराज, अच्छा हम अभी जाकर लोहे में छुआये लेते हैं।" महात्मा जी ने कहा—"बस, आपकी अवधि हो गई, अब बटिया दे दीजिये।" साहूकार ने कहा—"अच्छा ये लो, हम छुआये लेते हैं।" महात्मा ने हाथ पकड़ बटिया छीन ली।

इस दृष्टान्त का दार्ष्टान्त यह है कि जीवात्मारूप साहूकार को परमात्मा रूपी महात्मा ने यह शरीररूपी पारसमणि की पथरी सात दिन के लिये (सात दिन का तात्पर्य्य यह है कि दिन सात ही होते हैं) दी थी कि इस पारसमणि पथरी से माया जंजाल विषयों से अलग हो मोक्षरूपी सोना बना लेना। पर यह जीवात्मा रूपी साहूकार सातो दिन यानी सदैव लोहा ही ख़रीदता रहा अर्थात् विषयों में ही फँसा रहा। जब महात्मा इनसे अवधि आने पर बटिया लेने गया तब कहते हैं परमेश्वर दो वर्ष या एक वर्ष या छै मास की और आयु दे तो हम कुआँ बनवालें, यज्ञ कर लें योग साधन करलें, परन्तु वहाँ अवधि के पश्चात् एक मिनट की भी मोहलत नहीं, जैसा किसी कवि ने कहा है—

स्वकार्यमस्य कुर्वंति पूर्वांन्हे चापरान्हकम्।
नहि प्रतीक्षते मृत्युः कृतमस्यन्यथा कृतम्॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो काम करना हो उसकी आगे की प्रतीक्षा न करके अभी करे क्योंकि मौत यह नहीं देखती कि इसका यह काम शेष पड़ा है, इससे इसे इतने दिन के पश्चात् भक्षण करेंगी। अतः इस पारसमणि पथरी को योंही व्यर्थ मत खोइये। यह मनुष्य शरीर बार-बार नहीं मिलता। देखिये किसी कवि ने कहा है—

जन्मेदं बन्ध्यतां नीतं भवभोगोपलिप्सया।
कांच मूल्येन विक्रीतो हन्त चिन्तामणिर्मया॥

अर्थ—यह जन्म संसारिक भोगों की लालसा से बन्धन में डाल दिया हाय! मैंने चिन्तामणि को काँच के समान बेच डाला। दूसरा कवि कहता है--

महता पुण्यपरायेण क्रीतेयं कायनौस्त्वया।
पारं दुःखो दधेर्गन्तुं त्वरयावन्नभिध्यते॥

अर्थ—बड़ी पुण्यरूपी हाट से तूने यह मनुष्य देहरूपी नाव संसाररूपी समुद्र से पार जाने के लिये ली थी, जब तक यह टूट न जाय तब तक इस समुद्र से पार जाने का शीघ्र-शीघ्र यत्न कर।

१०—कुछ आगे के लिये भी भेजिये

एक राज्य में यह नियम था कि उसका प्रत्येक राजा १० वर्ष राज्य करके पश्चात् वनको भेज दिया जाता था। एक राजा उस गद्दी पर बैठे परन्तु इस दुख से वे इतने दुखी थे कि जिसका पारावार नहीं और सोचते रहते थे कि यह सब सामान अब केवल हमारे पास ४ वर्ष है, २ वर्ष है, १ वर्ष है ६ मास है। इस दुख से उनका खाना पीना और आनन्द सभी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन्द थे। अनायास राजा साहब के यहाँ एक महात्मा आ गये। महात्मा ने कहा—"राजा, तू इतना क्यों दुखी है?" राजा ने कहा—"महाराज, ६ मासके पश्चात् बनको भेज दिया जाऊँगा और ये राज्य के सम्पूर्ण पदार्थ छूट जायँगे, तब मुझे बड़ा कष्ट होगा। इस कारण दुखी रहता हूँ।" महात्मा ने कहा—"राजन् इसके लिए इतना दुःख क्यों करते हो, यह तो थोड़ी सी बात है। आप को ६ मास के बाद जिस बन को जाना है अभी से राज्य के सम्पूर्ण पदार्थ क्यों नहीं धीरे-धीरे उस बनको भेज देते हो ताकि वहाँ कष्ट न हो।" राजा ने वैसा ही किया और वह बन में जा आनन्द भोगने लगा।

इसका दार्ष्टान्त यों है कि इस जीवात्मारूपी राजा को कुछ कुछ दिनों के पश्चात् अन्य योनियों वा अन्य शरीरों की प्राप्ति हुआ करती है और वह शरीर तथा शरीर के साथ उपलब्ध पदार्थों एवं सम्बन्धियों के छूट जाने के शोक में शोकित होता है कि जाने दूसरे जन्म में मिलें या नहीं। महात्मा ने तो उसके लिये बतलाया कि यज्ञादि तथा दान धर्म द्वारा क्यों न तू अपने पदार्थ धीरे-धीरे इस प्रकार पहुँचा दे, कि तुझे पुनर्जन्म में वे सम्पूर्ण पदार्थ प्राप्त हों।

यावज्जीवेन तत् कुर्य्यात् यना मुत्रं सुखं भवेद्।

११—वैराग्य

एक राजा का मंत्री अत्यन्त योग्य और बड़ा ही चतुर था तथा महाराज की सेना भी बड़ी प्रबल और पुष्ट थी। सभी अपना काम बड़े नियत समय पर किया करते थे परन्तु मंत्री के पालसी-बाज़ होने और वरग़लाने से सम्पूर्ण सेना मंत्री से मिल गई थी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिससे राजा को हर समय भय रहता था कि जाने किस समय यह मंत्री सेना ले मुझ पर धावा कर दे। एक दिन राजा रानी दोनों आनन्द में लेटे हुये थे तो रानीजी ने महाराज से कहा कि—"महाराज" मंत्री का विरुद्ध रहना अच्छा नहीं, न जाने किस समय वह सेना ले धावा कर दे। इससे कल प्रातःकाल आप अपने बेटे को भेजें कि वह मंत्रीजी के मैल को हटा दे और वह आप से विरोध करना छोड़ आपके अनुकूल हो जाय।"

इसका दार्ष्टान्त यह है कि जीवात्म-रूपी राजा का मन रूपी मंत्री बड़ा ही योग्य और चतुर है, जिसके ही द्वारा सम्पूर्ण कर्म जीव के होते हैं। इन्द्रिय रूप सेना से मन रूप मंत्री जिस प्रकार चाहता है कर्म कराता है। परन्तु यह मन इतना चंचल है कि इसके लिए कहा है—

चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् ।
तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥

देखिवे को दौरे तौ सटकि जाय वाही अरु सुनिवे को दौरे तो रसिक सरताज है। सूंघिवे को दौरे तौ अघाय ना सुगन्ध करि खाइबे को दौरे तो न धावे महाराज है॥ भोगिवे को दौरे तो तृपति हू न काहू होय हनुमंत कहै याको नेक हू न लाज है। काहू को न कह्यो करे, अपनी ही टेक धरे, मन सों न कोऊ हम देख्यो दगाबाज है॥ १॥

बस इस मंत्री ने इन्द्रियरूप सेना अपने वशीभूत कर जब जीवात्मा रूप राजा पर धावा करना चाहा तो बुद्धिरूपी स्त्री ने जीवात्मा रूप राजा से कहा—"महाराज आप अपने बेटे वैराग्य को मंत्री मन के पास भेजिये ताकि बेटा वैराग्य जाकर मंत्री के मन के मैल को हटा दे और मंत्री आपके अनुकूम हो जाय।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसा ही हुआ। बेटे के जाते ही मंत्री अनुकूल होगया और जीवात्मा रूपी राजा का विजय हुआ।

१२—अब के न तब के

एक बार एक राजा ने अपने मंत्री से कहा कि आप ६ मनुष्य इस तरह के लाइये कि २ तब के और २ अब के, और २ अब के न तब के। मंत्री यह प्रश्न सुन चकित हो गया परन्तु कुछ काल सोचने से मंत्री महाराज की समझ में यह बात आ गई अतः उन्होंने ग्राम में आकर संन्यासी महात्माओं से प्रार्थना की कि आप कृपा कर कुछ देर के लिये हमारे राजा के यहाँ तक चलिये और दो राजाओं को बुलवा कर साथ लिया और दो हम में तुम में से लेजाकर राजा साहब से कहा—"महाराज वे ६ ओं मनुष्य आ गये।" महाराज ने कहा—"लाओ।" मंत्री ने प्रथम राजाओं को खड़ा किया और कहा कि—"महाराज, ये तब के हैं यानी पूर्व जन्म में किया था सो अब भोग रहे हैं।" पुनः दोनों संन्यासी महात्माओं को खड़ा किया और कहा—"ये अब क हैं, यानी अब ये योगाधि अङ्गों का पालन कर रहे हैं जिसका फल आगे पावेंगे।" और दो हम में तुम में से लेजाकर खड़े कर दिये और कहा—"ये अब के न तब के, अर्थात् न इन्होंने पूर्व जन्म में ऐसा ही कुछ सुकृत किया था जिससे कुछ ऐश्वर्य प्राप्त करते और अब भी इनके ऐसे ही कर्म हैं कि दूसरे जन्म ऐश्वर्य पाना तो एक ओर रहा वरन् मनुष्य जन्म भी नहीं पा सकते।"

एक कवि का वाक्य है—

धर्मार्थकाममोक्षाणां यस्यैकोपि न विद्यते।
अजागलस्तनस्येव तस्य जन्म निरर्थकम्॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३—देह में खुजली

एक अन्धा किसी बड़े भारी मकान के भीतर पड़ गया अब बेचारे को मार्ग मिलना कठिन हो गया, परन्तु अन्धे न एक युक्ति सोची कि यदि दीवार पकड़े-पकड़े इसके सहारे मैं चलू तो दर्वाजा अवश्य मिल जायगा और अन्धे ने ऐसा ही किया। परन्तु दीवार पकड़े-पकड़े जभी वह दर्वाजे के सामने आता तो उसकी देह में ऐसी खुजली उठती कि वह दोनों हाथों से दीवार का सहारा छोड़ खुजलाने लगता। इसी भाँति उसने सैकड़ों चक्कर लगाये, पर हर बार दर्वाजा निकल जाता था और वह यों ही हाथ मलता रह जाता था।

इसका दार्ष्टान्त यों है कि यह जीवात्मारूपी अन्धा पुरुष योनि-रूपी मकान के घेरे में पड़ उससे निकलने का उद्योग करता है। यह ज्ञात रहे कि योनि-रूपी घेरे के अंदर से निकलने का दर्वाजा एक मात्रमनुष्य योनि ही है। पर इस जीवात्मारूप अन्धे को जब-जब मनुष्य योनि प्राप्त होती है तब-तब उसमें इसे पंच विषय रूप खुजली उठा करती है और विषयों में ही इसकी उम्र व्यतीत हो जाती है और मनुष्य-शरीर-रूप दरवाज़ा निकल जाता है। इसलिये; सज्जनो! विषयों में इस दर्वाज़े को न निकालिये नहीं तो योनिरूपी मकानों के घेरे में ही चक्कर खाया करोगे। जैसा कि कवि ने कहा है—

> तृष्णाया विषयैः पूर्त्तिर्नैव कश्चित कृतापुरा।
> करिष्यन्ति न चान्येतैर्भोगतृष्णा ततस्त्यजेत ॥

१४—देह होते हुये बिदेह नाम क्यों?

एक बार महाराज जनकजी के मंत्री ने उनसे पूछा कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"महाराज, आपके देह होते हुये भी आपका नाम विदेह क्यों है ?" महाराज ने कहा—"इसका उत्तर हम तुम्हें कुछ दिवस बाद देंगे।" जब कुछ दिन व्यतीत हुये तो महाराज ने एक दिन उस मंत्री का निमन्त्रण किया और घर में सम्पूर्ण पदार्थ ऐसे बनवाये कि जिनमें किसी में भी नमक न पड़ा था और मंत्रीजी के भोजन करने के प्रथम ही एक ढिंढोरा इस प्रकार का पिटवा दिया कि "आज ४ बजे उक्त मंत्री को फाँसी दी जायगी" और ढिंढोरा पीटनेवाले से कहा कि "मंत्रीजी के द्वार पर तीन आवाजें लगा देना कि जिसमें मंत्रीजी सुन लें।" ऐसा ही हुआ। पश्चात् दो बजे महाराज जनकजी ने मंत्री को भोजनों के निमित्त बुलाया और बड़े आदर से भोजन कराया। जब मंत्रीजी भोजन कर चुके तब महाराज जनकजी ने कहा—"मंत्रीजी, यदि आप हमें यह बता दें कि किस-किस भोजन में कैसा-कैसा लवण था तो मैं आपको सूली से मुक्त कर दूँ।"

मंत्रीजी ने उत्तर किया कि—"महाराज मुझे मौत के भय से यह ज्ञान न रहा कि किस भोजन में लवण है, किस में नहीं। मैं कैसे बताऊँ ?" तब तो महाराज जनकजी ने मंत्री से कहा—"सुनिये, आपकी सूली का समय चार बजे था और दो बजे आप भोजन करने बैठे थे, भोजन के समय से मौत के समय तक दो घण्टे की ज़िन्दगी की आपको पूर्ण आशा थी परन्तु फिर भी आपको लवण का ज्ञान शरीर, स्मरणशक्ति, जिह्वा और ज्ञान आदि के होते हुए भी न रहा किन्तु मुझे तो एक मिनट की भी ज़िन्दगी की पूर्ण आशा नहीं, अतः जिस प्रकार तुम दो घण्टे का समय होते हुये भी देह होते हुये विदेह हो गये इसी प्रकार एक मिनट की भी आयु की आशा न रखता हुआ मैं सदैव विदेह रहता हूँ। जनकजी का वाक्य है कि--

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनंतवत मेवित्तं यस्य मे नास्ति किंचन ।
मिथिलायां प्रदिप्तायां न मे किंचन दह्यते ॥

१५—विषयों की असलियत

एक राजपुत्र एक दिन अपने ग्राम में घूमने गया। एकाएक राजपुत्र की दृष्टि एक महल के ऊपर पड़ी। महल पर एक सोलह वर्ष की कन्या अत्यन्त ही रूपवती स्नान करके अपने केश सुखा रही थी। यह कन्या उसी राजपुत्र के पिता राजा साहब के मंत्रीजी की कन्या थी। राजपुत्र उसे देख तुरन्त ही मूर्छित हो गया और कुछ काल के पश्चात् जब उसकी मूर्छा जागी तो फिर इसकी दृष्टि महल की ओर गई परन्तु फिर इसे वहाँ वह रूहवती न दिखलाई पड़ी। राजपुत्र अपने घर लौट आया परन्तु घर आकर वह सब खान पान एकदम छोड़ शोक-भवन में लेट रहा। बहुत कुछ पूछने पर इसने सच्चा-सच्चा हाल कह दिया। राजा अपने पुत्र की यह दशा देख बड़े ही शोक में पड़ गया। मंत्री राजाजी की यह दशा देख अपने घर गया और अपनी कन्या से सम्पूर्ण वृतान्त कहा। कन्या ने अपने पिता से कहा--"पिता जी, इसके लिये राजा और राजपुत्र क्यों दुःखी हैं ? आप जाकर राजपुत्र से कह दीजिये कि आप उठिये स्नान भोजन कीजिये, मेरी कन्या आप से परसों मिलेगी।" मंत्री ने ऐसा ही किया। राजपुत्र ने यह सन्देशा सुन अत्यन्त प्रसन्न हो उठकर स्नान भोजन किये। मंत्रीजी जिस समय अपने घर गये तो उनकी कन्या ने उनसे कहा कि--"पिताजी मुझे एक जमालगोटा और ८० कूंड़े मिट्टी के और ८० रूमाल रेशमी आज ही मँगवा दीजिये।" पिता ने उसी समय ये सब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चीज़ें मँगवा दीं। रूपवती ने ज्योंही जमाल-गोटे का जुल्लाब लिया कि उसे दस्त पर दस्त आने प्रारम्भ होगये। रूपवती हर बार उन्हीं कूँड़ों में पाखाने जाती और हर कूँड़े पर जिसमें कि वह पाखाना हो आती थी एक रेशमी रूमाल ओढ़ा दिया करती थी। इस प्रकार वे सभी कूंड़े सज गये और रूपवती की यह दशा होगई कि उसका सम्पूर्ण शरीर पीला पड़ गया और इतनी दुबली होगई कि मानो चारपाई में लग गई थी। वह टूटी-सी खाट पर लेटी हुई थी और उसके चारों ओर मक्खियाँ भिनक रही थीं और मल-मूत्र सने कपड़े पहने थी। इस अवस्था में स्थित उसने अपने पिता मंत्री से कहा कि—"पिताजी, अब आप राजपुत्र को ले आइये।" राजपुत्र पूर्णरूप से सज-धज बड़ी उमंग से मंत्री के साथ चल दिये। जब मंत्रीजी के महलों में प्रवेश करने लगे और ज्योंही भीतर पहुँचे तो कुछ दुर्गन्धि आई। राजपुत्र ने रूमाल से अपनी नाक दबा, कहा—"मंत्री-जी, दुर्गन्ध काहे की आती है?" मंत्री ने कहा—"होगी किसी चीज़ की आप चले आइये।" पर बड़ी कठिनता से दुर्गन्ध सहन करते हुये राजपुत्र रूपवती तक पहुँचे। रूपवती की वह दशा देख राजपुत्र दंग रह गया कि—"अरे! इसकी क्या दशा हो गई! मैंने परसों इसे उस रूप में देखा था, आज क्या हो गया?" रूपवती ने कहा—"महाराज आइये।" परन्तु राजपुत्र को रूपवती के पास जाना तो क्या बल्कि वहाँ खड़े रहने में मिनट-मिनट में इतनी तकलीफ़ हो रही थी कि जिसका पारावार नहीं। रूपवती ने कहा—"महाराज, आपकी प्रीति यदि मुझ से थी तो यह दासी आपकी सेवा में उपस्थित है और यदि मेरी ख़ूबसूरती से प्रेम था तो वह कूँड़ों में भरी रक्खी है।" परन्तु इस मूढ़ राजपुत्र को फिर भी बोध न हुआ। इसने समझा कि

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खूबसूरती कोई वस्तु है जो कूंडों में भरी रक्खी होगी। और ऊपर रेशमी रूमाल देख इसे ख़्याल हुआ कि खू़बसूरती कोई बड़ी उत्तम वस्तु होगी जिस पर कि रेशमी रूमाल पड़े हैं। राजपुत्र ने जाकर ज्योंही रूमाल खोले तो वहाँ पाख़ाना देख नाक दबा कर चल दिया और इस दृश्य से उसे ऐसा वैराग्य हुआ कि तमाम उमर उसने योगादि अङ्गों का पालन कर मोक्ष सुख को प्राप्त किया।

प्रिय सज्जनो! आप लोगों ने संसार के पदार्थों की खूबसूरत तथा चमकीलेपन की असलियत समझ ली होगी। किसी कवि ने कहा है—

> कदलीस्तम्भ निस्सारे संसारेसाग मार्गणाम्।
> यः करोति ससम्मूढ़ो जलबुदबुद सन्निभा॥

संसार के चमकीले पदार्थों में सार ढूँढ़ना इसी भांति है जैसे केले, प्याज या करमकल्ले उधेलते जाइये, बक्कल ही बक्कल मिलेंगे।

१६—अष्टावक्र

एक बार महाराज जनकजी ने एक सभा की, जिसमें बड़े बड़े विद्वानों को बुलाकर कहा कि हमें कोई ऐसा उपाय बताओ कि जिसमें २ घंटे में ईश्वर प्राप्त हो जाय। इस प्रकार वहाँ बहुत से पण्डित एकत्र हुए थे। उसी सभा में महाराज अष्टावक्र के पिता भी गये थे। महाराज अष्टावक्र जिस समय बाहर से घर आये तो अपनी माता से पूछा कि—"माताजी, आज पिताजी नहीं दिखलाई पड़ते, कहाँ गये हैं?" माता ने कहा कि—"आज महाराज जनक की सभा में इस प्रकार का विषय उपस्थित

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, तुम्हारे पिता वहाँ गये हैं।" महाराज अष्टावक्र ने कहा—"माताजी, आज्ञा हो तो भोजन के पश्चात् हम भी राजा जनक की वह सभा देख आवें?" माता ने अष्टावक्र से कहा कि—"बेटा प्रथम तो तुम्हारी आठों गाँठ टेढ़ी हैं, हाथ पैर से अपाहिज हो, कहाँ कढ़िलते हुये जाओगे? दूसरे तुम्हें देख सब हँसेंगे।' पर अष्टावक्र जी तो बड़े विद्वान् थे अतः माता से आज्ञा ले, वे राजा जनक की सभा में जा पहुँचे। इनके पहुँचते ही इन्हें आठों गाँठ टेढ़ा देख सम्पूर्ण सभा के लोग हँस पड़े पर महाराज अष्टावक्र जी सभा के लोगों से दुगने हँसे। तब तो सभा के लोगों ने महराज अष्टावक्रजी से पूछा कि "आप क्यों हँसे?" महाराज अष्टावक्रजी ने सभा के लोगों से कहा—"आप क्यों हँसे?" सभा के लोगों ने कहा—"हम तो आपका आठों गाँठ टेढ़ा रूप देखकर हँसे।" तब तो महाराज अष्टावक्र ने कहा कि—"हम यों हँसे कि तुम सब चमार हो, क्योंकि हड्डी चमड़े की परीक्षा चमार ही को होती है।" किन्तु राजा जनक ने महाराज अष्टावक्रजी का बड़ा सत्कार किया और अपना प्रश्न महाराज अष्टावक्रजी से भी किया। महाराज अष्टावक्रजी ने कहा कि—"राजन्" यदि हम आप को दो घंटे में ईश्वर प्राप्त करा देंगे तो आप हमें क्या देंगे?" महाराज जनक ने कहा—हम तुमको अपना सम्पूर्ण राज्य दे देंगे" महाराज अष्टावक्र ने कहा कि—"क्या राज्य तुम्हारा है? क्या जिस समय आप पैदा हुये थे, राज्य साथ लाये थे? आप तो खाली हाथ क्यहाँ-क्यहाँ करते हुये उत्पन्न हुये थे।" तब तो महाराज जनक ने कहा कि—"महाराज राज्य के सिवाय तो हमारे पास कुछ नहीं है हम आपको क्या दें? महाराज अष्टावक्र ने कहा कि—"कोई अपनी चीज़ दीजिये।" महाराज जनक ने कहा कि—"हमारे पास हमारी चीज़ और क्या है?" महाराज

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अष्टावक्र ने कहा कि-'आप अपना मन हमें दे दीजिये तो हम आपको ईश्वर से मिला दें।" बस जहाँ महाराज जनक ने अपना मन ठहराया, वहीं महाराज को ब्रह्मानन्द का अनुभव होने लगा और बड़ा ही आनन्द प्राप्त हुआ, क्योंकि कठोपनिषद् में कहा भी है

मनसैवेदमाप्तव्यं नेहनानाऽस्तिकिंचन।
मृत्यो स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति॥

अर्थात्—शुद्ध मन से ही ईश्वर प्राप्त हो सकता है।

१७—क्या करें फ़ुरसत नहीं मिलती

एक लालाजी से एक महात्माजी जब कभी यह कहते कि लालाजी कुछ संध्या, गायत्री, होम, यज्ञ परमेश्वर का भजन किया करो। तब तब लालाजी तुरन्त ही यह उत्तर दे देते थे "क्या करें जनाब, फ़ुरसत नहीं मिलती" महात्मा ने सोचा कि यह इस तरह न मानेगा, अतः एक दिन लालाजी जब कि पाखाने जा रहे थे महात्माजी ने गाँव में जाकर यह शोर कर दिया कि एक शैतान इस क़िस्म का (बस इस क़िस्म के वर्णन में महात्माजी ने लाला की सब हुलिया वर्णन कर दी) आया है, उसने कई समीप समीप के गाँओं में कितने ही मनुष्य मार डाले और खागया और वह शैतान अगर गाँव में घुस जाता है तो फिर निकाले नहीं निकलता है, इसलिये सब गाँव के लोग तैयार हो जाओ। बस गाँव वाले कोई लाठी, कोई डंडा, कोई ढेले ले.ले तैयार हो गये और ज्योंही लालाजी आये तो गांव के लोगों ने लालाजी को बेहद पीटा। लालाजी ने सब कुछ कहा कि मैं इसी गाँव का रहने वाला लाला हूं, लेकिन किसी ने न सुना। यहाँ तक कि लालाजी के घर वालों ने भी न पहिचाना और लालाजी को

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मारते रहे। जब लालाजी ने देखा कि अब प्राण ही जाते हैं तब भाग खड़े हुये और बन में जा एक स्थान में बैठ रहे। पश्चात् महात्माजी जिस ओर लालाजी भग कर गये थे, जाकर लाला जी से मिले और कहा—"कहो लालाजी, फुरसत है?" लालाजी ने महात्मा से कहा—"महाराज, हमसे जो कहो सो करें, हमें तमाम दिन फुरसत है। पर अब ऐसा उपाय कीजिये जिससे कि मैं अपने घर तो जाने पाऊँ।" महात्मा ने कहा कि—"तो प्रतिज्ञा करो कि हम आज से नित्य पूजा पाठ, संध्या, अग्निहोत्र, परमात्मा का भजन करेंगे।" लालाजी ने प्रतिज्ञा की। महात्माजी ने लालाजी को अपने साथ ले उनके घर पहुँचा दिया।

इसका द्राष्टान्त यों है कि जीवात्मारूपी लाला को परमात्मारूपी महात्मा ने उपदेश दिया था—

अहरहसन्ध्यामुपासीत तस्तारहोरात्रस्य संयोगे ब्राह्मणः सन्ध्यामुपासीत उद्यन्तमस्तं यान्तमादित्यमविध्यायन नतिष्ठति तु यः पूर्वा सायं-सायं ग्रहपतिर्नो प्रातः प्रातः गृहपतिर्नो।

नित्य प्रातःकाल से उठते ही ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ, नृयज्ञ, अहिंसाधर्म का पालन सबसे मेल-मिलाप किया करो, पर इन्हें तो 'आदित्यस्य गता गतैरहरहाः' सांसारिक कामों तथा विषयों से फुरसत ही नहीं। परमात्मा ने सोचा कि इस प्रकार यह न मानेगा अतः उसने अतिवृष्टि, अनावृष्टि, अति शीत, अति ऊष्ण, नाना प्रकार के प्लेगादि रोगों के द्वारा इस फुरसत न पानेवाले पापी जीवात्मा शैतान को खूब ही ठीक कराया। तब तो यह दुःख में पड़ महात्मा के चरणों में गिर कर बोला कि "महाराज, जो कहो सो करें।" जैसे आजकल संसार में वैसे तो कभी नाम नहीं लेते पर दुःख पड़ने पर 'हाय राम हाय

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राम ? हे ईश्वर !' कहीं कथा मानते हैं, कहीं होम मानते हैं, परन्तु किसी भाषा कवि ने कहा है—

दुख में सुमिरन सब करें, सुख में करै न कोय ।
सुख में जो सुमिरन करै, तो दुख काहे को होय ॥

इससे क्यों न हम सब लोग आगे से ही अपने कर्त्तव्य कर्मों का पालन करें ताकि इस दुःख के देखने की नौबत ही न आये।

१८—ऋषि सन्तानों का त्याग

महात्मा कणाद, जब सब काश्तकार अपने खेत काट लेते थे और उनका शीला बीन लिया जाता था और उन खेतों में पशु चर जाते थे और जब देखते थे कि अब इस खेत में काश्तकार का कुछ नहीं रहा तब वे एक एक कण बीन कर अपना निर्वाह किया करते थे, इस लिये उनका नाम कणाद (अर्थात् 'कणान् तीति कणादः' कण बीन बीन कर खानेवाले-कणाद) हुआ। इस भाँति तो महात्मा अपना निर्वाह करते और हमारे लिये 'वैशेषिक दर्शन' जैसा रत्न कितने कितने भारी कष्ट उठाकर रच गये, जिसको हम आज पढ़ते भी नहीं हैं। ये महात्मा केवल शरीर में एक लँगोटी लगाये नङ्ग धड़ङ्ग बन में रहा करते थे। परन्तु जिस बन में ये रहा करते थे जब उस बन के राजा के यहाँ ख़बर पहुँची कि आपकी राज्य में एक महात्मा इस प्रकार से रहा करते हैं और शास्त्रा में लिखा है कि यदि किसी राजा के राज्य में कोई सच्चा महात्मा कष्टित रहे तो राजा का सम्पूर्ण राज्य तथा पुण्य, दान धर्म, तप सब का सभी नष्ट हो जाता है। ऐसा जान राजा जी ने अपने कामदारों

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के हाथ कुछ द्रव्य महात्मा कणाद की सेवा में भेजा। ये काम-दार जाकर द्रव्य ले सामने खड़े हो गये। जब कुछ काल के पश्चात् महात्मा ने ध्यान से कपाट खोले तो पूछा-"तुम कौन हो और कहाँ आये हो?" कामदारों ने कहा-'महाराज' आपके लिए यहाँ के राजा साहब ने कुछ द्रव्य भेजा है।" महात्मा जी ने कहा—"तुम जाकर किसी कँगले को दे दो।" कामदार यह शब्द सुन हैरान थे कि इस महात्मा के पास केवल एक लँगोटी है, पर यह कहता है कि तुम यह द्रव्य जाकर किसी कँगले को दे दो। कामदारों ने राजा से आकर वैसा ही कह दिया। राजा ने इस बात को अपनी सभा में उपस्थित किया। वहाँ यह निश्चय हुआ कि राजा साहब की हैसियत के अनुसार यह सत्कार न था, इस लिये महात्मा जी ने लौटा दिया है। ऐसा सोचकर उस द्रव्य को दुगुण कर पुनः कामदारों को राजा साहब ने भेजा। पर महात्मा जी ने फिर भी यही कहा कि तुम जाकर किसी कँगले को दे दो, राजा साहब ने पुनः इस बात को सभा में प्रगट किया। अबकी बार यह निश्चय हुआ कि राजा साहब स्वयमेव इसका चौगुना द्रव्य और बहुत सा सामान दुशाले आदि लेकर जायँ और ऐसा ही हुआ। जब राजा साहब पहुँचे और उन्होंने सब सामान महात्मा जी के सन्मुख उपस्थित किया तो महात्माजी ने कहा-"तुम इस सामान को जाकर किसी कँगले को दे दो।" राजा ने हाथ जोड़ कर कहा-"महात्मा जी, अपराध क्षमा हो, आपके पास सिवाय एक लँगोटी के और कुछ तो दीखता ही नहीं और आप इस सामान के लिए यह कह रहे हो कि तुम जाकर किसी कँगले को दे दो। हमें तो आप से विशेष कँगला और कोई दीखता नहीं।" महात्मा ने फिर वही कहा "कि तुम जाकर किसी कँगले को दे दो।" राजा विवश हो लौट आया

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और जब रात में अपनी चित्रसारी पर जाकर लेटा तो उसने अपनी रानी से सम्पूर्ण वृत्तान्त कहा। रानी जी ने कहा कि— "आपने बड़ी भूल की। ऐसे विद्वान् तत्त्वदर्शी को आप द्रव्य और दुशाले दिखलाने गये थे। उनके पास क्या नहीं है? और दूसरी भूल यह की कि ऐसे महात्मा के पास पहुँच कर कुछ रसायन विद्या ही सीख आते जिससे की राज्य के सैकड़ों ग़रीबों का काम चलता इससे अब भी कुशल है, आप महात्मा के पास जाकर पूछ आइये।" आधी रात का समय है। राजा उसी समय उठकर महात्मा जी के पास गया। ज्यों ही राजा जी पहुँचे कि महात्मा जी ने पूछा-"कौन है?" राजा ने उत्तर दिया कि—"वही दिन वाला आपका सेवक राजा है।" महात्मा ने कहा—"आप इतने समय क्यों आये? राजा ने कहा-" महाराज, हमारा अपराध क्षमा हो जो हम आपको अपनी दौलत दिखाते रहे। अब हमें आप कोई ऐसी रसायन विद्या बतादें जिससे हमारे राज्य के दीनों का पालन हो और हम और बहुत कुछ पुण्य दान कर सकें।" महात्मा जी ने कहा— "राजन्, मैं दिन में तेरे दर्वाजे नहीं गया, लेकिन अब आधी रात का समय है और तू मेरे दर्वाजे खड़ा है। अब बतला मैं कँगला हूँ या तू कँगला है?" राजा साहब ने महात्मा के चरणों पर सिर नवा क्षमा माँगी। पुनः महात्मा ने राजा को रसायन-विद्या यानी ब्रह्म-विद्या का उपदेश किया और विषय रूपी लोहे को सोना बनाना बता दिया।

१६—महात्मा कैयट का त्याग।

संसार में ऐसा कौन व्यक्ति होगा जो महात्मा कैयट से अनभिज्ञ हो आपका महाभाष्य-तिलक जगद्विख्यात है जिस समय

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आप महाभष्य-तिलक बना रहे थे उस समय आपकी यह दशा थी कि आप स्वयं महाभाष्य तिलक बन में लिखा करते थे और आपकी धर्म पत्नी जी बन से मूंज लाकर उसकी रस्सी बटतीं और उसे बेंच अन्न ले उसे कूट पीस भोजन तैयार कर कहतीं कि "प्राणनाथ स्वामिन् भोजन तैयार है।" ऐसा सुन महात्मा कैयट अपनी लेखनी रख भोजन करने जाते थे। एक दिन वहाँ के राजा ने महात्मा कैयट की यह दशा सुनी तो वह स्वयं उनकी सेवा में जा हाथ जोड़ उपस्थित हुआ। महात्मा कैयट नीचे सिर झुकाये लिख रहे थे। कुछ काल के पश्चात् जब उन्होंने सिर उठाया तो तुरन्त ही राजा ने प्रणाम कर कहा-"महाराज,आप हमारे राज्य में इतना कष्ट उठा रहे हैं। इससे हमें बड़ा भारी पाप लगता है। इतना सुनते ही महात्मा कैयट ने अपनी धर्मपत्नी से कहा कि—"यदि हमारे रहते हुये राजा को पाप लगता है तो उठाओ चटाई, यहाँ से चलें।" यह सुन राजा ने कहा कि—"महाराज! मेरा यह प्रयोजन नहीं कि आप चले जायँ, मेरा तो यह अभिप्राय है कि यदि आपके रहते हुये हम आपका सत्कार न करें और आप इतने कष्ट भोगें तो हम पापी हैं।" और राजा ने हाथ जोड़, महात्मा से कहा कि—"महाराज, आप जो-जो पदार्थ कहें या जो आज्ञा हो उसके लिये यह आप का सेवक उपस्थित है।" महात्मा कैयट ने राजा जी से कई बार यह कहला लिया कि —"आप हमारी आज्ञा मानेंगे ?" राजा ने कहा—"महाराज, कहिये।" महात्मा कैयट ने कहा—"हम यही आप से माँगते हैं कि आप इसी समय यहाँ से चले जाइये।"

२०—एक ब्राह्मण

एक बार एक वेद शास्त्रों का ज्ञाता, शुद्ध ब्राह्मण एक बन में

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तपस्या कर रहा था। महाराज अर्जुन ने उसका समाचार सुन अपना एक दूत ब्राह्मण को निमंत्रण देने के लिये भेजा। ब्राह्मण के पास ज्योंही वह दूत पहुँचा और उसने ब्राह्मण से निवेदन किया कि—"महाराज, आपको आज महाराज अर्जुन ने निमंत्रण भेजा है।" तो ब्राह्मण यह सुन दूत को कुछ भी उत्तर न देकर तुरंत ही रोने लगा। कुछ काल के पश्चात् दूत वहाँ से चला गया और उसने जाकर महाराज अर्जुन से कहा कि—"महाराज, ब्राह्मण से ज्योंही मैंने जाकर निमंत्रण को कहा त्योंही वह रोने लगा।" यह सुनते ही महाराज अर्जुन भी रोने लगे। दूत यह देखकर और आश्चर्य को प्राप्त हुआ और वहाँ से चल कर उसने महात्मा योगिराज श्रीकृष्णचन्द्र के पास जा पूछा कि—"महाराज, आज मुझे महाराज अर्जुन ने अमुक वन में जो एक तपस्वी ब्राह्मण रहता है उसे निमंत्रण देने को भेजा था, ज्योंही मैंने जाकर उस ब्राह्मण से निमंत्रण को कहा, ब्राह्मण उसी समय रोने लगा और जब मैंने महाराज अर्जुन से उसका समाचार कहा तो वे भी रोने लगे। सो महाराज, इन दोनों महाराजाओं के रोने का कारण बतलाइये?" भगवान् श्रीकृष्ण ने दूत को उत्तर दिया कि—"ब्राह्मण तो इसलिये रोया कि मैं जितने काल न्योता खाने में दूँगा उतने काल मेरे तप में बाधा होगी और यह सोचा कि अब आगे ऐसे ब्राह्मण होंगे कि जिन्हें जप तप से कोई अर्थ न रहेगा, केवल न्योता खाने में ही वे अपना समय बितावेंगे और अर्जुन इसलिये रोया कि हा! आज क्षत्री ऐसे हो गये कि जिनका ब्राह्मणों ने तिरस्कार किया!"

हमारे इसके लिखने का प्रयोजन यह है कि जब तक ब्राह्मण वास्तविक ब्राह्मण वेद शास्त्रों के ज्ञाता आचार विचार में श्रेष्ठ थे तब तक संसार में इनके पताप से पृथ्वी काँप रही थी। देखिये शूरवीर कर्ण ने कहा है—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाहं विशङ्के सुरराजवज्रान्न त्र्यक्षशूलान्न यमस्य दण्डात् ।
नाग्नेर्न सोमौ न रविप्रतापात् शङ्क स्यहं ब्रह्मकुलापमानात् ॥

अर्थ—मैं इन्द्र के वज्र से नहीं डरता और न महादेव के त्रिशूल ही से डरता हूँ, न यमराज के दण्ड ही को डरता हूँ, न अग्नि को और न चन्द्रमा को, न सूर्य्य को, इनमें से किसी को किंचित् मात्र भी नहीं डरता, मुझे डर है तो केवल इतना कि कहीं ब्राह्मणों के कुल का मुझ से अपमान न हो जाय। यही नहीं बल्कि देखिये रामचन्द्र ने कहा है—

विप्र प्रसादात् धरणी धरोहं, विप्र प्रसादात् कमला वरोहम् ।
विप्र प्रसादात् अजिता जितोहं, विप्र प्रसादात् मम राम नामः॥

अर्थ—ब्राह्मणों के ही प्रसाद से मैं धरणीधर हुआ और ब्राह्मणों के ही प्रताप से धनुष तोड़ सीता को व्याहा, विप्रों के ही प्रसाद से लंका फ़तह की और ब्राह्मणों के ही प्रसाद से हमारा 'राम' नाम है। तथा तुलसीदास ने भी कहा है—

कवच अभेद विप्रपद पूजा । यहि सम विजय उपाय न दूजा ॥

परन्तु आज कल तो निमंत्रण आने पर यह दशा होती है जैसा कि एक बार एक ब्राह्मण के घर पर निमंत्रण आया तो उस ब्राह्मण के बालक ने कहा कि—

ऊर्ध्वं गच्छन्ति डकारा अधो वायर्न गच्छति ।
निमंत्रणमागतं द्वारे किं करोमि पितामह ॥

अर्थ—खट्टी डकारें ऊपर को आ रही हैं, नीचे अपान वायु निकलती नहीं, निमंत्रण दूसरा दरवाज़े पर आया, पिताजी क्या करूँ ? अब पिता का उत्तर सुनिये—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वालकं वचनं श्रुत्वा निमंत्रणं मन्यते ध्रुवम् ।
मृत्युर्जन्म पुनरेव परान्नश्च दुर्लभम् ॥

अर्थ—बेटा सुनो, निमंत्रण को निश्चय मान लो, क्योंकि मरकर तो फिर भी जन्म मिल जायगा पर पराया अन्न संसार में दुर्लभ है।

२१—अतिथि सत्कार

कुरुक्षेत्र में कपोती नाम का एक संन्यासी ब्राह्मण रहता था, जो कुछ वृत्ति से अपने कुटुम्ब का पालन करता था। ब्राह्मण के परिवार में चार मनुष्य थे—ब्राह्मण, उसकी धर्मशीला स्त्री, पुत्र और पुत्रवधू। ब्राह्मणी तथा उसकी बहू आज कल की कर्कशा स्त्रियों के समान पतियों पर दाँत पीसनेवाली न थीं, न वे यही जानती थीं कि पति के सिवा यैराऊ या जखई मदार भी संसार में देवता हैं। पुत्रबधू पति की सेवा के सिवा सास ससुर के इशारे में चलती और उनको अपना पूज्य मानती तथा श्रद्धा से उनकी सेवा करती थी। ब्राह्मण का पुत्र भी बाप की बात काटने और मूछ उखाड़ने में उजड्ड न था वरन् पिता की आज्ञा का पालन करना, उनके गौरव के अनुकूल वर्तना ही अपना कर्त्तव्य जानता था। इस प्रकार धर्मतापूर्वक बर्ताव होने से दीनता होते हुए भी इस कुल को कुछ दीनता का दुःख न था। सच है, धर्म ऐसी ही वस्तु है कि जिसके धारण से निर्बल बलवान हो जाता है, निर्धन धनवानों की अपेक्षा अधिक सुख पाता है और भूखा अघाने के समान सुखी रहता है। ब्राह्मण और उसके परिवार के लोग भीख नहीं माँगते थे, न कहीं बुलाने से भी दान लेने जाते थे। खेत कट जाने पर जो उसमें अन्न

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

झड़ पड़ता था उससे पेट पालते थे। व्रतादि ये छठे दिन करते थे, यदि इस समय अहार न मिले तो फिर दूसरे छठे दिन अन्न ग्रहण करते थे। व्रतकाल में इन लोगों का यही नियम था और इसके पालन करने में वे दृढ़ थे। ब्राह्मण के देश में एक बार अकाल पड़ा और जो कुछ संचित उंछ था वह सब चुक गया। भिक्षावृत्ति धर्म नहीं, अब आवे तो कहाँ से आवे। उंछ तो तभी मिलता है जब खेतों में अन्न उपजता है। ब्राह्मण को तपोनिष्ठ जान लोग अन्न-पान पहुँचाने लगे, परन्तु तो भी यथा समय आहार न मिलने से यह सब परिवार भूखों मरने लगा। इस परम कष्ट को धैर्य्य से सहन करते हुये ब्राह्मण ने कालक्षेप किया, किन्तु अपने कर्त्तव्य में तिल भर भी अन्तर न आने दिया। दुःख पर बड़े-बड़े मोटे हिल जाते हैं, भार्या पेट की मार से स्वेच्छाचारिणी हो जाती है, पुत्र वा पुत्रियाँ साथ छोड़ अपने सुभीते की राह लेती हैं, माताओं ने भूख के मारे अपने नयनों के तारे बहु मात्र बालक बेंच दिये वा मार्ग में पटक कर आत्महत्या कर लीं। सच कहा है—

वासुदेव जरा कष्टं कष्टं निर्धन जीवनम्।
पुत्रशोक महाकष्टं कष्टात्कष्ट तरं क्षुधा॥

अर्थात् प्रथम तो बुढ़ापा ही दुःखदाई है, निर्धन जीवन और भी दुःखदाई है, पुत्र का स्मरण महाक्लेश है और क्षुधा तो सब से महान् कष्ट है। गाँधारी ने सौ पुत्रों का मरण देखने पर भी भूख से विह्वल हो भोजनोपाय किया था तो इस दीन ब्राह्मण का परिवार बिचलित हो जावे तो क्या आश्चर्य्य है? किंतु ऐसा नहीं हुआ। ब्राह्मण अपने नियत धर्म पर सकुटुम्ब स्थिर रहा। यद्यपि वह और उसकी पत्नी क्षुधार्त्त रहने से सूख कर ठठरी रह गई; पर उनका आत्मा बलवान् था अतएव वे अपने

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्रत से न डिगे, इसी प्रकार पुत्र वा पुत्र वधू ने भी मर्यादा रक्खी अस्तु इसी भूखे समय में एक दिन सेर भर जौ ब्राह्मण को प्राप्त हुये, उसने उनके सत्तू बनवाये और पाव-पाव सेर स्त्री पुत्रादि को बाँट दिये और पाव भर अपने लिये रख छोड़े कि इतने में—

कृत जप्यान्हिकास्तेतु हुत्वा चाग्नि यथाविधि ।
कुडवं कुडवं सर्व्वे व्यभजंत तपस्विनः ॥

—अश्वमेध प० अ० ९० ।

अर्थ—जप और अग्निहोत्र करके ब्राह्मण भोजन करने के विचार में ही था कि इतने में कुरीज़ में मुल्ला की भाँति द्वारपर कुछ आहट हुई । जान पड़ा कि कोई अतिथि अभ्यागत है । यदि और कोई होता तो ऐसे समय कुढ़ जाता और किंवाड़ न खोलता, परन्तु कपोती इसके विरुद्ध प्रसन्न हुआ । उसने सहर्ष द्वार खोल दिया और अतिथि को बड़े आदर से कुटी में लिवा लाया । ब्राह्मण को अर्घेपाद्य से अर्चित कर भोजन के लिये निवेदन किया अतिथि के आने से छै दिन का भूखा सारा परिवार खाने से रुक गया । आर्य धर्म शास्त्र की यही मर्यादा है कि अभ्यागत को जिवाने के पीछे घरवाले भोजन करें । कपोती ने अपने भाग के सत्तू रस अतिथि के भोजनार्थ परोस दिये जिन्हें वह रखते ही चाट गया और उसका पेट न भरा । अतिथि की और इच्छा देख कपोती विचारने लगा कि अब कहाँ से दिया जाय जो यह तृप्त हो । कपोती को चिन्ताकुल देख उसकी वोर पत्नी ब्राह्मणी ने कहा—"महाराज, क्यों चिन्ता करते हो ? मेरा भाग भी दे दीजिये ।" यह सुन कर ब्राह्मण चहुँक उठा । वह जानता था कि ब्राह्मणी छै दिन की भूखी है । कपोती कहने लगा कि—"भार्य्यें, एक तो तुम वृद्ध हो तिस पर आपत्काल में

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यथा समय अन्न न पाने से कृश हो रही हो। तुम्हारी आकृति पर श्रम और ग्लानि भासित होती है। माँस तुम्हारे शरीर पर नहीं रहा, केवल अस्थि चर्म अवशिष्ट है और तुम उठने बैठने में कंपित-कलेवर हो रही हो। अतएव तुम्हारा भाग देते हुये मुझे ग्लानि होती है। पखेरू और दूसरे जानवरों के मादा भी बचाने और पालन करने योग्य होते हैं, कारण कि सन्तानों-त्पत्ति की भूमि नारी है। उसी से नरों का पालन होता और लोक परलोक सम्बन्धी कार्य्य चलते हैं।

नवेति कर्मतो भार्य्या रक्षणे यो क्षमः पुमान्।
अयशी महाद्य प्रोति नरकांश्चैव गच्छति ॥

अर्थ—जो पुरुष स्त्री की रक्षा करने में असमर्थ होता है वह बड़ा अपयश पाता है और नरकों में भेजा जाता है। यह सुनकर वृद्ध तपस्विनी ने उत्तर दिया—

इत्युक्त्वा सा ततः प्राह धर्मार्थौने समौद्विज।
सक्तु प्रस्त चतुर्भागं गृहाणमं प्रसीदमे ॥
सत्यं रतिश्च धर्मश्च स्वर्गश्च गुण निर्जितः।
स्त्रीणां पतिसमाधीनं कांक्षितं च द्विजर्षभ ॥
ऋतुर्माता पिता वीजं दैवतं परमं पतिः।
भर्त्तुः प्रसादान्नारीणां रति पुत्र फलं तथा ॥
पालनाद्धि पतिस्त्वं मे भर्त्तासि भरणाच्च मे।
पुत्रदानाद्वारदास्मात्सक्तून प्रयच्छ मे ॥

अर्थ—हे द्विज श्रेष्ठ! मेरा और आप का धर्म में साथ है। स्त्री के व्रत धर्म पति अधीन होते हैं। ऋतु माता पिता जब परम देवता पति धर्मशास्त्र में कहा है। भर्त्ता ही के प्रसाद से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्त्री को सुख और पुत्र लाभ होता है। मेरा आप पालन करते हैं इस कारण पति, और भरण करने से भर्त्ता हैं, और पुत्र दान देने से वरदायी हैं। सो कृपया सत्तुओं का देना स्वीकार करें। अभ्यागत का सद् गृहस्थ के घर से असंतुष्ट जाना शास्त्र-विरुद्ध है, अतएव मेरे जीवन मरण का विचार छोड़ अतिथि को तृप्त कीजिये।

वस्तुतः विदुषी ब्राह्मणी का यह उत्तर धर्म सहोदर था। अब ब्राह्मण को कोई बात दोहराने योग्य प्रतीत न हुई। सचमुच धर्म में स्त्री पुरुष का संग और साझा है, इसी कारण यह अर्धाङ्गिनी कहाती है। विवाह के समय होमाग्नि के निकट चार भलेमानसों में बैठ स्त्री-पुरुष यही प्रतिज्ञा करते हैं कि हम दोनों एक मन होकर रहेंगे, परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता से कार्य करेंगे और धर्म के कामों में समानता से भाग लेंगे। पति ने अपना आहार अतिथि को खिला दिया है, वह अब छै दिन तक अपने नियम के अनुसार भोजन नहीं कर सकता. पति भूख से व्याकुल रहे, स्त्री पेट भर कर सुख की नींद सोवे, यह बात पतिव्रता ब्राह्मणी को किसी प्रकार स्वीकार न हुई। उसने अपना भाग अतिथि को खिला दिया परन्तु इतने पर भी अतिथि की उदर-दरी न भरी, तब ब्राह्मण और ब्राह्मणी सोच में पड़े। माता पिता को सोच विचार में डूबा जान कर पितृभक्त आज्ञाकारी पुत्र भी अपना भाग देने लगा। उसने इस बात पर किञ्चित् ध्यान न दिया कि मेरा प्राण रहेगा वा पलायन कर जावेगा, कल माता से 'मा' कह कर पुकारने की शक्ति रहेगी वा नहीं। पिता का प्रण रहना चाहिये। पिता ने जिस अतिथि को सादर बुलाया वह कुटी से भूखा जायगा, यह बड़ी ग्लानि और मानहानि की बात है। पिता का प्यारा पुत्र कहने लगा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सक्तू निमान् प्रगृह्यं त्वं देहि विप्राय सत्तम ।
इत्येवं सुकृतं मन्ये तस्मादेतत् करोम्यहम् ॥
भवान्हि परिपाल्योमे सर्वदैव प्रयत्नतः ।
साधूना कांक्षितं यस्मत्पितुर्वृद्धस्यपालनम् ॥
पुत्रार्थो विहितो ह्येष वार्द्धक्ये परिपालनम् ।
श्रुतिरेषाहि विप्रर्षे त्रिषु लोकेषु शाश्वती ॥

अर्थ—इन सत्तुओं को भी जो मेरे भाग के हैं अतिथि को खिला दीजिये, इसको मैं परम सुकृत मानता हूँ। आपने मुझे पाला और सदा रक्षा की है, यह शरीर आपही का है, वृद्ध पिता की आज्ञा पालन करना शिष्ट सम्मत है, पुत्र के होने का प्रयोजन यही है कि वह वृद्ध पितरों की सेवा करे, श्रुत निरन्तर तीनों लोक के लिये यही उपदेश करती है।

पुत्र की अमायिक भक्ति और ज्ञान भरे बचन सुनकर वृद्ध पिता की आँखें डबडबा आईं। वह सोचता है कि आज आहार न मिलने से पुत्र को आगामि षष्ट काल तक १२ दिन का अंतर पड़ेगा, इस बीच यदि चिरंजीव को कुछ अनिष्ट हुआ तो मैं पुत्रघ्न कहाकर किस प्रकार मुँह दिखाऊंगा और यह ब्राह्मणी किस का मुँह देख जीवन धारण करेगी? बुढ़ापे में एक मात्र अन्धों की एक लकड़ी है, पुत्र बधू की जवानी की नदी पार करने को यही नाव है और अपने वंश की भावी उन्नति का यही मार्ग है। पुत्र की अमङ्गल वार्ता जान उसकी बधू भी प्राण विसर्जन करेगी संसार में मेरा अपयश होगा मेरी आँख का तारा क्या मुझे छोड़ जायगा! मैं किस प्रकार प्राण रक्खूँगा? बूढ़े की आँखों के आगे अँधेरा छा गया। पुत्र निधन वार्ता के स्मरण

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने उसे फिर एकाएक चौंका दिया मानों स्वप्न देख कर नींद खुली हो। बुड्ढे ने आँख उठा कर देखा तो पुत्र सत्तू लिये हाथ जोड़े खड़ा है। वह उसे आँखें फाड़-फाड़ कर देखने लगा। पुत्र को अक्षत देख पिता को ढाढ़स आया और ज्ञान का तेज उसके हृदय पर फिर अपना प्रभाव करने लगा। तपस्वी को धीरज हुआ। ज्ञानियों पर भी कभी अज्ञान आक्रमण करता है, परन्तु वे क्षण भर ही में सचेत हो जाते हैं, क्योंकि उनका आत्मा बलवान् होता है। यह आत्मिक उन्नति प्राचीन समय में हमारे देश में बहुत थी। यदि ऐसा न होता तो राम कभी वन का न जाते एवं लक्ष्मण जी उस घोर विपत्ति में उनका साथ न देते, न हरिश्चन्द्र अपने मृत पुत्र को गोद में लिये प्यारी भार्य्या से कर माँगते। अस्तु, पिता ने चैतन्य हो पुत्र को आशीर्वाद देते हुए कहा कि–"प्राण प्रिया, दीर्घायु होकर सुपुत्रों को उत्पन्न करने वाले हो। पुत्र से अन्य पुत्रों की उत्पत्ति होने पर पिता कृतकृत्य होता है किन्तु तेरे भूखे रहने से बलक्षय होगा और आगामि कुल-वृद्धि रुक जावेगी। बालकों की भूख बलवती होती है। मैं बूढ़ा हूं मुझे क्षुधा बहुत नहीं सताती। मैं चिरकाल से आहार पाने में उपेक्षा करता आया हूं, इस कारण भूख प्यास रोकने में सहनशील हो गया हूँ। तेरे रहते हुए मुझे मरने का भय और सोच नहीं।"

पाठक विचारिये तो सही, कितनी कठिन बात है कि पिता अपने पुत्र को नहीं नहीं अपने हृत्पिंड को भूखा देखे और प्राणों से अधिक प्यारे का भाग सहसा किसी को दे दे! पशु पक्षी तक अपने बच्चों को चराते हैं, क्या पुरुष क्या स्त्री, सारा जगत् मोह-शारता में गोते खा रहा है। पिता को धर्म-संकट में पड़े देख पुत्र ने फिर कहा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपत्यमस्मत पुंसस्त्राणात्पुत्र इतिस्मृतः ।
आत्मापुत्रस्मृतस्तस्या त्राहयात्मान्मिहात्मना ॥

अर्थ—हे पिता मैं तेरा संतान हूँ, पिता की रक्षा करने ही से वह पुत्र कहाता है आत्मा ही को पुत्र कहा है और मैं तेरा आत्मा हूँ, इस कारण आत्मा ही से आत्मा का त्राण होना चाहिये।

यह धार्मिक वचन पिता के मन में बैठ गया। उसका आत्मा धर्म से जाग्रत् था। दशरथ ने मोह ममता छोड़ यज्ञ की रक्षा के लिए विश्वामित्र के साथ राम को कर दिया था तो इस तपस्वी कपोती ने भी प्राणोपम पुत्र का बारह दिन तक क्षुधा-पीड़ित रहना स्वीकार किया किन्तु अतिथि को संतुष्ट करने से मुँह नहीं मोड़ा। "हे सते, हे सते! पुत्र का भाग भी अभ्यागत को खिला दिया किन्तु अतिथि न जाने कब का भूखा था, यह भी सत्तू पोंछ कर खा गया पर उसकी भूख न गई"। कपोती लज्जित और बिस्मित हुआ। अतिथि को तृप्त करना धर्म है जिसके लिये ब्राह्मण अपना और अपनी प्रिय भार्या का भाग दे चुका है, प्राणप्रिय पुत्र की होनहार गति की कुछ भी चिन्ता न करके उसका भाग भी खिला दिया है। सारा परिवार किस प्रकार दिन काटेगा, इसका भी उसे कुछ सोच नहीं है। सोच है तो केवल इस बात का कि अतिथि भूखा न रहे। यही बात उसे व्याकुल कर रही है। धन्य तपस्वी का हृदय! कपोती यही सोच रहा था कि उसकी साध्वी पुत्र बधू सन्मुख आकर उपस्थित हुई। लज्जा से उसकी दृष्टि नीची है, सत्तू की पोटरी हाथ में है, नम्रता से शरीर झुक रहा है, न उसको इस समय भूख है न आगे भूख लगने की चिन्ता है। पतिव्रता तपस्वीनी देख चुकी है कि उसके सास ससुर ने अपना अपना भाग

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतिथि को सानन्द खिला दिया है, पति-देव ने भी देह
छोड़ अपना हिस्सा जिमा दिया है, फिर यह साध्वी कब
सकती है ? वह भी अपने पति की अनुगामिनी है सास ससु
की मर्यादा पर चलनेवाली है। पुत्र-बधू ने हाथ जोड़-कर क
कि—ये पाव सेर सत्तू मेरे पास हैं इन्हें भी अतिथि को खिल
कर सन्तुष्ट कीजिये। वृद्ध स्वसुर उसकी आकृति देख दया
मन्दिर में जाता है, सहसा कुछ कहने को समर्थ नहीं होता।
नाना प्रकार की खाद्य वस्तुओं से लाड़ लड़ाने योग्य है, उस
आहार हरण कर दूसरे को देना कैसे कष्ट की बात है। अप
बहू बेटी का खिलौना भी अन्य को देते मनुष्य का मन न
पुसाता फिर भूखी का भाजन छीन कर अपरिचित को दे दे
कैसा नृशंह और कठोर व्यापार है, विशेषतः स्त्री जाति का
अपने आश्रय हैं। पुत्र बधू के कहने पर ब्राह्मण सम्मत न हुआ
उसने कहा कि :—

वातातप विशीर्णांगीं त्वांविवर्णां निरीक्ष्यवै।
कर्शितां सु व्रताधार क्षुधाविह्वल चेतसम् ॥
कथं सक्तून गृहीष्यामि भूत्वा धर्मेऽपघातकः।
कल्यान वृत्तो कल्यान नैवत्वं वक्तुमर्हसि।
षष्ठे काले व्रतवतीं शौचशीलतपोन्विताम्।
कृच्छ्र वृत्ति निराहारां द्रक्ष्यामि त्वां कथं शुभे॥
बाला क्षुधार्त्ता नारी च रक्ष्यात्वं सततं मया।
उपवास परिश्रांता त्वं हि बांधवनन्दिनी ॥

अर्थ—हे प्यारी बधू धूप से कुम्हलाई हुई लज्जावती ब
स्पति के समान मैं तुझको उदास देखता हूं। व्रत आचार क

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करते तेरा भी तन क्षीण होगया है। भूख से तेरा चित्त विह्वल व लज्जित होता है। निराहार कृच्छ्र व्रत करने से तेरे हांड़ निकल आये हैं। मांस के सूखने से हाथों की रगें खुल रही हैं बाला, क्षुधार्त्त और नारी होने से निरन्तर दयापात्री है, तिस पर छै दिन के उपवास से परिश्रान्त हो रही है। मैं धर्म का घातक हो कर किस प्रकार तेरे सत्तुओं को ग्रहण करूँ ? तुझको आग्रह न करना चाहिये।

इसके उत्तर में पुत्र बधू ने कैसा धर्म सम्मत वचन कहा है जो हमारी प्यारी बहनों के ध्यान देने योग्य है। वे इस आदर्श में अपना मुख देखें और विचार करें कि हमारे बीच धर्म का भाव कितना है ? हम कहाँ तक सास ससुर की आज्ञा मानती हैं और कितना पति के कहे में चलती हैं ?

गुरोर्मम गुरुस्त्वं वै यतो दैवत दैवतम्।
देवातिदेवः तस्मात्त्वं सक्तूनादत्स्वमे प्रभो ॥
देहः प्राणश्च धर्मश्च शुश्रूषार्थमिदं गुरो।
तव विप्र प्रसादेन लोकान्प्राप्स्यमहे शुभाम् ॥

अर्थ—बहू ने बड़ी नम्रता से उत्तर दिया कि हे महाराज ! आप मेरे गुरु के गुरु हैं (यह उनका संकेत पति के ओर था अर्थात् आप मेरे पति के पूज्य अथवा गुरु होने से गुरु के गुरु हैं), इसी प्रकार देवताओं के देवता हैं। हे गुरो, देह और प्राण सब आपकी सेवा के लिये हैं, धर्म का फल भी आपके निमित्त है, आपकी प्रसन्नता ही से उत्तम लोकों की मुझे प्राप्ति है, इस कारण सत्तू अतिथि को खिला दीजिये।

प्रेम भक्ति एवं धर्म से भरे बहू के वचन सुनकर ससुर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का हृदय उमड़ आया। उसकी आँखों से पवित्र प्रेमाश्रु चल लगे और कण्ठावरोध हो गया। वृद्ध ने अपने को बहुत सँभा कर गद्गद् कण्ठ से इतना ही कहा कि—"तू धर्म वृत्ति औ बड़ों की सेवा ही के लिये अमायिक भाव से स्थिर है। तुं प्राणों से धर्म अधिक प्रिय है, इस कारण सत्तू स्वीकार करता हूँ।" यह कह कर वधू के दिये सत्तू अतिथि को खिला दिये उसने सन्तुष्ट होकर बहुत आशिर्बाद दिया। ब्राह्मण के परिवा की देवता और ऋषियों ने प्रशंसा की धर्मज्ञ पुरुषों ने विमाना रूढ़ होकर उस पर पुष्प-वृष्टि की।

पाठक! विचारिये, प्राचीन समय कैसा था? धर्म क प्राणों से भी अधिक चाहनेवाले लोग उपस्थित थे। उनर्क प्रतिष्ठा और प्रशंसा भी शुद्ध भाव से लोग करते थे। पुष्प वृष्टी और साधुवाद से धर्मात्मा का मान! क्या अद्भुत समय था जब भारत-जननी की गोद में ऐसे पुरुष रत्न खेला करते थे पुत्र धर्म के लिये प्राण देने को तत्पर हैं, माँ खड़ी देख रही है उसका पेट नुचता है पर पति के आगे चूँ नहीं करती। अ वह समय है कि बेटे को बाप सुधारना चाहता है तो माँ मुँ देती है, कहती है "मेरे को बायदण्डी ही रहने दो। नहीं पढ़त तो अनपढ़ा ही भला है, गुरूजी मारिये नहीं।" जब विद्या व साधारण चाल-चलन की यह दशा है तो सच्चा धर्मात्मा बनन कितना कठिन है। भारत धार्मिक सुपुत्रों से बञ्चित हो गया यहाँ वालों का जीवन मरण हो रहा है और मरना तो इनको आता ही नहीं है। देश वा धर्म के वास्ते पूर्वजों को प्राण देन आता था। ऐसा दृष्टान्त इस समय पृथ्वी के आतिथ्य-सत्का में विरला ही कदाचित् मिले। तीन सौ बरस हुए रूम का बाद शाह ईरान, जब अपनी प्रजा की जाँच के लिये वेष बदल कर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निकला था तो क्षुधार्त्त होने पर उसने बड़े बड़े महाजनों से भिक्षा के लिये कहा, परन्तु किसी ने उसकी दीन दशा पर दया न की। अन्त को वह एक ग़रीब किसान के घर गया और कहा कि मैं थक गया हूँ और भूख के मारे अधमरा हो रहा हूँ, कृपा करके मुझे आज की रात यहाँ ठहरने की आज्ञा दीजिये। फलतः किसान ने उसका आतिथ्य सत्कार किया जिसके बदले बादशाह ने जन्म भर उसके परिवार का पालन किया। यूनान के प्रसिद्ध विद्वान् सालन ने लेडिया के बादशाह क्रीसस से एक लड़के की इस बात की बड़ी प्रशंसा की थी, आरलोस निवासी दो सगे भाई बैल न मिलने पर आपही अपनी माँ की गाड़ी मन्दिर तक खींच ले गये। यहाँ के इतिहास बतलाते हैं कि भारत के सपूतों ने माता पिता के बचन और व्रत पालन के लिये जानें दे दी। धन्य आर्य्यभूमि! और धन्य आर्य्यशिक्षा!!

२२—धार्मिक राज्य

एक मुसलमान बादशाह ने हिन्दुस्तान के एक दक्षिणी राज्य पर चढ़ाई की और राज्य के धुर पर पहुँच कर अपना एक दूत राजा के पास भेजा और यह संदेशा कहला भेजा कि-"या तो तू अपना राज्य खाली कर दे या मेरे साथ युद्ध करने को तैयार हो जा।" राजा ने यह संदेशा सुन दूत से कहला भेजा कि-"हम राज्य को अपने सुख के लिये नहीं करते हैं किन्तु प्रजा के सुख के लिये करते हैं और नितान्त धर्मपूर्वक ही राज्य-कार्य होता है। यदि इसी भाँति तुम्हारा बादशाह करना स्वीकार करे तो हम राज्य को छोड़ने के लिये तैयार हैं, हम लड़कर मनुष्यों का नाश नहीं करना चाहते।" दूत ने यह सम्पूर्ण वृत्तान्त जाकर बादशाह से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहा। बादशाह उस राजा की न्यायोक्त वार्ता सुनकर अत्यंत प्रसन्न हुआ और उसके हृदय में उस राजा से मिलने की अभिलाषा उत्पन्न हुई और वह स्वयम् राजा की सभा में आकर उपस्थित हुआ। सभा लगी हुई थी और दो कृषकों का अभियोग प्रविष्ट था। अभियोग यह था कि एक कृषक ने दूसरे कृषक के हाथ अपनी कुछ भूमि विक्रय की थी, कुछ काल के उपरान्त उस क्रय की हुई भूमि में एक बड़ा भारी कोष निकला, तब तो मोल लेनेवाला कृषक बेचनेवाले से कहने लगा कि आपकी भूमि में एक कोष निकला है सो वह अपना कोष आप चल कर ले लीजिये, क्योंकि हमने तो केवल भूमि मोल ली है न कि कोष। इस पर विक्रय करने वाला कृषक कहता कि यदि भूमि बेचने के पहिले हमारी भूमि होते हुये कोष निकलता तो निःसन्देह वह मेरा कोष था, परन्तु जब हमने वह भूमि आप को बेंच दी तब वह कोष भी आप का ही है। राजा ने इन दोनों वादी प्रतिवादियों का यह निर्णय किया कि—"तुम दोनों में जिस किसी के लड़का और जिस किसी के लड़की हो परस्पर उनका ब्याह कर यह सम्पूर्ण कोष उन लड़के लड़की को दे दो।" बादशाह इस न्याय को देख दंग हो गया। राजा ने बादशाह से पूछा कि—"कहिये, आप की राय में यह न्याय कैसा हुआ?" बादशाह ने कहा—"यह बिल्कुल वाहियात हुआ।" राजा ने कहा—"भला, आप इसे कैसा करते" बादशाह ने कहा कि—"हम तो इन दोनों को कारागार में भेज सम्पूर्ण कोष अपने कोष में भेज देते।" यह सुन राजा ने पूछा—"भला आप की राज्य में पानी बरसता है, जाड़ा गर्मी आदि ऋतुयें ठीक ठीक समय पर होती हैं अन्न आदि उत्पन्न होते हैं?" बादशाह ने कहा—"ये सब होता है।" राजा ने पूछा कि—"आप की राज्य

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में केवल मनुष्य ही रहते हैं या और कोई पशु पक्षी आदि भी रहते हैं?' बादशाह ने कहा - "सब जीव रहते हैं।" तब राजा ने कहा कि "उन्हीं पशु पक्षियों के भाग्य से चाहे आप यहाँ वर्षा, जाड़ा, गर्मी, अन्न आदि भले ही होता हो नहीं तो आप वा आपके सदृश आपकी प्रजा के भाग्य से तो वहाँ वर्षा, जाड़ा, गर्मी, अन्न आदि होने की मुझे आशा नहीं है।

२३—अहिंसा

जिस समय महारानी कुन्ती दुस्साशन के अत्याचार करने पर अपने पाँचों पुत्रों को ले राजा विराट के एक ग्राम में रही थीं। उस समय वहाँ एक दानव इस प्रकार का लगा करता था जो सम्पूर्ण ग्राम के ग्राम नष्ट किये देता था यह उपद्रव देख ग्रामवालों ने यह नियम कर लिया था कि हममें से एक नित्य आपके पास आ जाया करेगा, पर आप ऐसा उपद्रव न करें कि एक ही दिन में ग्राम का ग्राम नष्ट कर दें और ग्रामवालों ने अपनी-अपनी बारी क्रमपूर्वक बाँध ली थी। एक दिन एक बुढ़िया ब्राह्मणी की, जिसके एक ही बेटा था बारी आई और महारानी कुन्ती उस दिवस किसी प्रयोजनार्थ बुढ़िया के यहाँ गईं। बुढ़िया को रोता देख महारानी कुन्ती ने उससे रोने का कारण पूछा। बुढ़िया ने सम्पूर्ण वृत्तान्त कह सुनाया। महारानी कुन्ती ने बुढ़िया को अत्यन्त दुखी देख कहा कि—"तेरे एक ही बेटा है पर मेरे पाँच हैं। आज मैं तेरे बेटे के बदले अपने बेटे को भेज दूँगी। तू दुःखी न हो।" पर बुढ़िया को विश्वास न आता था कि भला ऐसा कौन होगा कि जो अपने बच्चे को दूसरे के बच्चे के लिये मरवा डाले। बुढ़िया सोच ही रही थी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि इतने में महारानी कुन्ती ने अपने पाँचों पुत्रों को बुला यह वृत्तान्त कहा। पुत्रों में से प्रत्येक जाने को उद्यत था। महारानी कुन्ती ने भीम को आज्ञा दी। भीम गदा ले दो घंटे पहले से जा विराजे।

ग्रामवालों का यह भी नियम था कि जब दानव की पूजा के लिये बहुत से नर नारी घी गुड़ बताशे छोटी-छोटी पूड़ियाँ गुलगुले आदि ले जाते थे और ये भी सब-के-सब जिस जगह दानव आता था पहले ही से जाकर एकत्र हो रहते थे। भीम भी वहीं पहुँचा और उन सबसे पूछा--"यहाँ सब क्यों बैठे हो ?" लोगों ने उत्तर दिया कि -"हम लोग यह सब सामान ले दानव की पूजा करने आये हैं।" भीम ने कहा—"हम उसके खाने के लिये आये हैं सो तुम लोग क्यों व्यर्थ बैठे हो ? ये सामान सब हमें क्यों न खिला दो ? जब दानव हमें खायेगा तो यह सामान भी उसके पेट में पहुँच जायेगा।" गाँव वालों ने वैसा ही किया भीम ने सम्पूर्ण घी, गुड़, बताशे, पूड़ी, गुलगुले खाये और ज्यों ही दानव आया तो उसका एक पैर इस हाथ में, एक पैर उस हाथ में पकड़ कर उसकी टाँगे फाड़कर गदा उठा गर्जता हुआ माता के चरण कमलों को आकर प्रणाम कर कहा —"माता, उसे तो मैं जन्म भर के लिये सैंत आया।" माता ने आशीर्वाद दिया, परन्तु बुढ़िया के हृदय में यह शंका उत्पन्न हुई कि भीम मौत के भय से भाग गया है, अतः दानव कोपित आता होगा और मेरे बच्चे को खा जायेगा। महारानी कुन्ती ने कहा—"बुढ़िया तेरे ये क्या विचार हैं। ये सिंहनियों के बच्चे हैं। भला तुझे यह मान्य नहीं होता कि जो दूसरे के बच्चे के लिए अपना बच्चा भेजे उस पर कभी आँच आ सकती है ?" बुढ़िया आश्चर्य चकित रह गई।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आज कल बकरा, भेंड़ा, सुवर, मुर्गा आदि के बच्चे मरवा कर लोग अपने बच्चों का कल्याण चाहते हैं। हाय री भारत की अविद्या! कहाँ महारानी कुन्ती सरीखी मातायें, भीम सरीखे पुत्र और कहाँ आज घर घर हत्यारे पैदा हो भारत में खून खच्चर कर रहे हैं!! इन मूढ़ों को यह नहीं सूझता कि जब एक अँगुली में दर्द होता है तो चाहे कितने ही उपाय करो दूसरी अँगुली में तब्दील नहीं हो सकता, तो दूसरे के बच्चे कटाने से हमारा बच्चा कैसे अच्छा हो जायगा? अच्छा तो दरकिनार, हाँ मर अवश्य जायगा क्योंकि कहा है—

जो और को चेतै बुरा, उसका भी होता है बुरा।
जो और के मारे छुरी, उसके भी लगता है छुरा॥

२४—अहिंसा!

यूनान के बादशाह के यहाँ यह नियम था कि यदि कोई मनुष्य भारी अपराध करता था तो किसी सिंह को पिंजड़े में बन्द कर कई दिन भूखा रख उस भूखे सिंह के सामने उस पुरुष को ला सिंह उस पर छोड़, सिंह से खिला दिया जाता था। एक मनुष्य ने बादशाह के यहाँ एक बड़ा भारी अपराध किया और वहाँ से भग खड़ा हुआ और भाग कर वह एक बड़े भयङ्कर बन में जा छिपा। उस बन में एक सिंह जिसके पैर में एक बड़ा बिकराल कांटा लग जाने के कारण उसका पैर पक गया था और वह बेचारा अत्यन्त ही दुखित था पैर उठाये मुख मलीन किये खड़ा था। इस अपराधी ने चुपके-चुपके पीछे से जा शेर के पैर का काँटा निकाल दिया। शेर को इतना सुख

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ कि जैसे कोई जान निकलते हुये जान डाल दे। शेर ने आँख उठाकर उस पुरुष की ओर देखा और वह उसी के पीछे पीछे बन में फिरने लगा। एक दिन वह अपराधी उस बन से पकड़ आया! बादशाह ने कहा—"एक शेर जङ्गल से पकड़ लाओ।" दैवगति, वही शेर पकड़ आया और उसे कई दिवस भूखा रख उस अपराधी को शेर के सामने ला शेर उस पर छोड़ा गया। शेर चिग्घाड़ता हुआ अपराधी पर टूटा। पर पास जाकर जब अपराधी को पहिचाना तो शेर उसके चरणों पर लोटने लगा। धन्य हो ऋषि पातञ्जलि, आपने क्या ही सच कहा है—

अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैर भागः

२५—मांस-भक्षण।

एक चौबेजी महाराज एक मुसलमान तहसीलदार साहब के यहाँ मिलने के लिये गये। तहसीलदार साहब बहुत खुश इख़लाक़ और हँसमुख थे और मज़हबी तहक़ीक़ात में भी उनकी बड़ी रुचि थी। आपने चौबेजी से वार्तालाप करते हुये यह प्रश्न किया कि- "चौबेजी, आप अपने को देवता और हमें म्लेक्ष क्यों कहते हो?" यह सुन चौबेजी महाराज बोले कि—"जमना मैया की जै बनी रहे, यजमान तुम मिट्टी खाते हो इस लिये म्लेक्ष कहलाते हो।" तब तो तहसीलदार साहब ने हँस कर पूछा कि-"चौबेजी, मिट्टी किसको कहते हैं?" चौबेजी ने कहा—'जै हो जमना मैया की, यजमान मिट्टी गोश्त को कहे हैं।' तहसीलदार साहब ने उलटकर जवाब दिया कि—"चौबे जी, गोश्त तो तुम भी खाते हो क्योंकि शाक भाजी और अन्न

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वग़ैरह में तुम भी जीव मानते हो।" इस पर चौबेजी ने कहा कि—'यजमान की जै बनी रहे, हम जो अन्नादि खाते हैं वह शुद्ध जल से उत्पन्न होता है और तुम जो माँस खाते हो वह मूत से पैदा होता है। बस, हम में और आप में इतना ही भेद है, जितना मूत्र और जल में। इसीलिए हम देवता और आप म्लेक्ष हैं।"

२६—हिम्मत और धूर्ती।

एक बार एक सियार ने किसी को कहते हुये यह शब्द सुन लिया कि—"हिम्मत मर्दा मदद खुदा।" उसने इसे अपना आदर्श बना लिया और हर बात में वह अपनी स्त्री सियारिन से कह दिया करता था कि—"हिम्मत मर्दा मदद खुदा।" कुछ दिनों के बाद उसकी स्त्री सियारिन गर्भिणी हुई। उसने अपने पति सियार से कहा—"अब मुझे कहीं ऐसे स्थान में ले चलो जहाँ मैं अपने बच्चों को अच्छी तरह से उत्पन्न करूँ और मुझे सुख मिले।" सियार ने सियारिन को ले जाकर एक सिंह की सथरी में जहाँ सिंह ने अपने आराम के लिए फूस फास बिछा रक्खा था, ठहराया और कहा—"तू यहाँ अपने बच्चे उत्पन्न करे।" शेर कई दिन तक न आया। इतने में सियारिन ने बच्चे उत्पन्न किये। एक दिन सियार और सियारिन मय अपने बच्चों के बैठे ही थे कि इतने में सिंह डहकता हुआ आया। सियार ने शेर को आते देख अपनी स्त्री स्यारिन से कहा कि—"अपने बच्चे शीघ्र उठा कर चल, जल्दी भग चलें।" सियारिन ने कहा कि—"आज वह 'हिम्मत मर्दा मदद खुदा' कहां गया ?" सियार को बड़ी शर्म मालूम हुई और वह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने आगे के दोनों पैर ऊपर को उठा खड़ा हो गया। शेर इसे देख हैरान था कि यह कौन है। यद्यपि मैं रात दिन जंगल ही में रहता और जंगल का राजा हूँ पर ऐसा जन्तु मैंने आज तक नहीं देखा कि इतने में सियार अपनी स्त्री सियारिन से बोला कि—"अरी बनकूकरी!" सियारिन ने उत्तर दिया—"कहो, सब जग के बैरी!" यह शब्द सुन सिंह के होश हवास उड़ गये और वह सोचने लगा कि सब जग में तो मैं भी हूँ अरे यह कोई बड़ा ही बलवान् जन्तु है। ऐसा समझ सिंह भग खड़ा हुआ। सियार के सन्मुख से सिंह को भगते देख जंगल भर के जीवों को आश्चर्य हुआ कि आज ग़ज़ब हो गया कि सियारों के सन्मुख से सिंह भगने लगे। एक बन्दर जो यह चरित्र देख रहा था बनराज शेर के सन्मुख जा हाथ जोड़ बोला कि—"महाराज, यह सियार है, जिसके सामने से आप भगे जाते हैं।" शेर ने कहा—"तू बिलकुल झूठ कह रहा है, क्या सियार हमने देखे नहीं? सियार ऐसा नहीं होता।" बन्दर ने कहा—"महाराज, वह ऊपर को पैर उठाये खड़ा था। आप चलिये वह अभी भाग जायगा।" बंदर के बहुत कुछ समझाने पर शेर ने बंदर से कहा—"अच्छा तू आगे चल तो चलूं।" बंदर तो यह निश्चय जानता ही था कि वहाँ सियार है, वह निर्भय आगे चला। सियार ने जाना कि यह बंदर जान का घातक हुआ, लेकिन अपने उस वाक्य को याद कर कि—"हिम्मत मर्दां मदद खुदा।" फिर खड़ा हो गया। जब बन्दर और शेर दोनों कुछ समीप पहुँचे तब फिर सियार ने कहा—"अरी बन कूकरी।" सियारिन ने कहा—"कहो, सब जग के बैरी।" सियार ने कहा—"तेरे बच्चे क्यों रोते हैं?" सियारिन ने कहा—"मेरे बच्चे शेर खाने को मांगते हैं।" बनराज शेर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह सुन कर फिर भग खड़ा हुआ। बन्दर यह दशा देख हैरान था कि जब शेर इस सियार के सन्मुख से भागता है तो हम लोगों का कैसे गुज़ारा होगा, अतः बन्दर फिर शेर के पीछे पड़ा और हाथ जोड़ कर बोला कि "महाराज आप व्यर्थ भाग उठते हो। वह निश्चय सियार है, आपके चलने से ही भग जायगा।" सिंह ने कहा कि--"सियार के बच्चे कहीं सिंह खाने को माँगते हैं!" बन्दर ने कहा—"महाराज, यही तो गीदड़ भबकी है।" अतः शेर को बन्दर ने जब बहुत समझाया तो शेर ने कहा—'अब की बार हम तब चलेंगे जब मेरी पूंछ से तू अपनी पंछ बाँध और तू आगे चल। नहीं तू जात का बन्दर बड़ा चालाक़, तेरा क्या ठीक। मुझे वहाँ मौत के मुख में झोंक भग खड़ा हो।" बन्दर को कुछ भय तो था ही नहीं, उसने वैसा ही किया और दोनों शेर की सथरी की ओर चले। जब सियार ने इन दोनों को इस भांति आते देखा तो कहा--"अबके प्राण गये, अब नहीं बच सकता।" परन्तु इसे अपनी कहावत फिर याद आई कि--"हिम्मत मर्दां मदद खुदा।" अतः यह फिर उसी भांति खड़ा हो गया और सियारिन से बोला—"अरी बन कूकरी।" सियारिन ने कहा—"कहो, सब जग के बैरी!" सियार ने कहा—"तेरे बच्चे क्यों रोते हैं?" सियारिन ने कहा—"मेरे बच्चे शेर खाने को माँगते हैं।" सियार ने कहा—"तो तू गुस्सा क्यों होती है?" सियारिन ने कहा—"इसलिये कि बन्दर को भेजा था कि दो शेर ले आ, सो प्रथम तो वह आया ही बड़ी देर में है, दूसरे दो के बदले एक ही पूँछ में बाँध कर लाया है।" शेर इतना सुनते ही बन्दर की पूँछ तक उखाड़ कर भग खड़ा हुआ। सच है हिम्मत मर्दां मदद खुदा।

बहुत से मनुष्य आपत्ति आने पर कुएँ में गिर पड़ते, जहर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खा लेते, कोई आग लगने पर कोने में घुस पड़ते, कोई निकल कर रास्ता भूल प्राण दे देते, कितने ही शेर और भालू का नाम सुन काठ के खिलौने से खड़े रह जाते और उन्हें आकर वे खा भी जाते हैं। कितने ही घबराये पथिकों के समूह दो चार डाकुओं से लूट लिये जाते हैं, पर एक धीर पुरुष सिंह के छक्के छुड़ा देता है। किसी ने ठीक कहा है—

त्याज्यं न धैर्यं विधु रेपि काले,
धैर्यात्कदाचित् स्थिति माप्नुयात्सः।
यथा समुद्रऽपि च पात भंगो,
सायात्रिको वाञ्छति तर्तु मेव ॥

अर्थ—आपत्ति का समय आने पर भी धैर्य्य नहीं छोड़ना चाहिये, क्योंकि कदाचित् धैर्य्य से स्थित प्राप्ति हो जाय जैसे कि समुद्र में जहाज़ डूबने का समय आ जाने पर भी उद्योग करने पर बच जाता है।

२७—क्षमा।

एक रामनाथ नामक साधु ब्राह्मण अत्यन्त सदाचारी पुत्र पौत्रा से युक्त और बड़ा ही धनाढ्य किसी ग्राम में रहता था। उसके घर के पास दो चार पड़ोसी रहते थे वे सब के सभी महान् दुष्ट प्रकृति के थे और उसके धन ऐश्वर्य तथा प्रतिष्ठा को देख कुढ़ा करते थे और सदैव इसी चिन्ता में निमग्न रहते थे कि किसी न किसी भाँति रामनाथ को क्लेश पहुँचावें और कभी कभी वे अपनी आशा को पूरी भी कर लिया करते थे। विशेष कहाँ तक लिखा जाय विचारे रामनाथ की वही दशा थी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जैसी कि लंका के मध्य विभीषण ने हनुमान से अपनी दशा कही थी—

सुनहु पवन सुत रहनि हमारी।
जिमि दशनन-विच जीभ विचारी॥

इसी भाँति साधु रामनाथ रहा करते थे और वे दुष्ट इन्हें सदैव कटु वाक्य और गालि प्रदान तथा ऐसे ऐसे अड्ङ्गा लगाये रहते थे कि रामनाथ बोलें और वे इनकी पूरी पूरी खबर लें। परन्तु साधु रामनाथ का जब दुष्ट लोग गालि प्रदान करते तो वे उसके उत्तर में कहा करते थे कि—

ददतु ददतु गलिर्गालिवन्तो भवन्तो,
वयमिह तद्भावाद् गालिदानेप्यशक्ताः॥
जगति विदित मेतद् दीयते विद्यते तन,
नहि शशकविषाणं कोपि कस्मै ददाति॥

अर्थ—देव देव गाली आप गालिवन्त हैं। कोई धनवन्त होता है कोई बलवन्त होता है, आप गालिवन्त हैं। पर मेरे पास तो गालियों का अभाव है, कहाँ से दूँ। और संसार में यह बात विदित है कि जो वस्तु जिसके पास होती है। वही मनुष्य दूसरे को दे सकता है, न होने से कैसे दे? खरगोश अपने सींग किसी को क्यों नहीं देता। भाषा में भी कहा है—

जाके ढिग बहु गाली हुइहैं, सोई गाली देहै।
गालीवालो आप कहैहै, हमरो का घटि जैहै॥

परन्तु वे दुष्ट इस वाक्य के अनुसार—

मधुना सिञ्चयेन्निम्बं निम्बः किं मधुरायते।
जातिस्वभाव दोषोऽयं कटुकत्वं न मुञ्चति॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थ—जाकी जैसी टेव छुटै नहिं जीव से ।
नीम न मीठी होय सींचै गुड़ घीव से ॥

उद्योग कर टिकट भी बँधवा दी और कई बार चोरों से मिल जुल कर चोरी भी करा दी, परन्तु आप जानते हैं कि क्षमा-रहित पुरुषों का स्वभाव उस पानी भरे कटोरे के समान होता है जिसमें कुछ डालते ही उसका पानी गिरने लगता है; किन्तु क्षमावान् पुरुषों का स्वभाव समुद्र के समान गम्भीर होता है कि चाहे उसमें पहाड़ के पहाड़ आ पड़ें तो भी वह घटता बढ़ता नहीं अथवा जैसे गजराज के पीछे चाहे कितने हो कुत्ते भोंका करें तो भी वह विचलित नहीं होता।

अन्ततोगत्वा उन दुष्टों के दुष्ट कर्मों के अनुसार उनकी यह दशा हुई कि उनको दरिद्रता ने आकर ऐसा घेरा कि वे सब के सभी दाना दाना को दुखी हो गये और भूखों मरने लगे। यह दशा देख साधु रामनाथ को दया आई वे (उन महात्मा की भाँति जिनके कि एक नदी-तट पर स्नान करते समय जल में एकाएक एक बिच्छू दृष्टि पड़ा और वे दया वश उसे हाथ से पकड़ जल से बाहर करना चाहते थे कि बिच्छू अपने स्वभावानुसार उनके हाथ में डंक मार हाथ से पुनः नदी में जा गिरा और वे बारम्बार उसको जल से बाहर निकालते और वह डंक मार मार जल में जा पड़ती, इस चरित्र को देख एक ब्राह्मण ने उनसे कहा कि—"जाने दीजिये महाराज! ये दुष्ट जीव हैं।" जिसके उत्तर में महात्मा जी ने ब्राह्मण से कहा था कि—"यदि यह अपने स्वभावानुसार डंक मारना नहीं छोड़ता तो हम अपने स्वभावानुसार इसका परित्राण करना क्या छोड़ दें?") उन्हें भोजन देने लगे और कुछ धन की सहायता कर उन सबको उद्यम में लगा दिया। परन्तु इन दुष्टों

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने अपनी दुष्ट प्रकृति अब भी न छोड़ी। एक दिवस साधु रामनाथ का एक बारह वर्ष का पुत्र खेलते-खेलते एक बन में जो ग्राम के समीप ही था पहुँचा। इन दुष्ट पड़ोसियों ने उसे मार उसके सम्पूर्ण आभूषण उतार लिये। इसका पता साधु रामनाथ को पूर्णरूप से मिल गया। किन्तु जब वे दुष्ट रामनाथ जी की शरण आये और उन्होंने कहा कि हम कभी अब ऐसा न करेंगे, हमने जो कुछ किया बहुत ही बुरा किया, पर अब आप क्षमा करें। यथा इस कवि वाक्य के अनुसार—

कोहि तुला मधि रोहत शुचिना। दुग्धेन सहज मधुरेण
तृप्तं कृतं मथितं तथापि यत्स्नेहमुद्गिरति ॥

अर्थात्—सर्वथा मधुर रस के ग्रहण करने वाले महोज्वल दूध की बराबरी कौन कर सकता है? कोई नहीं! क्योंकि उसे चाहे कोई कितना ही तपावे, चाहे कितना ही विकृत करे और कितना ही मथे तिस पर भी प्रहारों को सहता हुआ प्रहार-कर्त्ताओं के लिये वह स्नेह चिकनाई घी ही देता है अर्थात् शत्रुओं पर भी वह स्नेह ही करता है, साधु रामनाथ ने उन सब पर दया की।

उन सम्पूर्ण दुष्टों ने सारी आयु साधु रामनाथ पर चोटें की, परन्तु इस कवि वाक्य के अनुसार—

अतृणो पतितो वन्हिः स्वयमेवोपशाम्यति।
क्षमा खड्ग करे यस्य किं करिष्यति दुर्जनाः ॥

वे दुर्जन उनका कुछ न कर सके।

महात्मा बुद्ध को एक पुरुष ने एक दिन आकर बहुत सी गालियाँ सुनाईं। जब महात्मा बुद्ध उस दिन गालियों को सुन न बोले तो दूसरे दिन भी उसने आकर दूनी गालियाँ सुनाईं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और जब दूसरे दिन भी महात्मा न बोले तो तीसरे दिन तिगुनी और जब उस दिन भी महात्मा जी न बोले तो चौथे दिन चौगुनी गालियाँ सुनाईं और जब महात्मा जी फिर भी न बोले तो पाँचवें दिन वह पुरुष आकर महात्मा के पास चुपके खड़ा हो गया। तब महात्मा बुद्ध ने उससे कहा कि—"बेटा, यदि कुछ और भी तेरी इस पेटरूपी थैली में हो तो उसे भी दे दे।" तब उसने कहा कि—"अब तो जो कुछ था वह सब मैंने सुना दिया पर इतनी गाली सुनाने पर भी आपने कोई जवाब नहीं दिया।" महात्मा ने कहा कि—"जवाब तो मैं पीछे दूंगा पर इससे पहले तुम मेरे एक सवाल का जवाब दे दो।" यह कह कर महात्मा ने कहा कि—"कोई किसी के पास यदि किसी वस्तु की भेंट ले जाय और वह उसे स्वीकार न करे तो उसका मालिक कौन होता है?" उसने कहा कि—"वही, जिसकी वह वस्तु है अथवा जो उसे लाया है।"

२८—दम

एक बार महात्मा जनक के पास एक ब्राह्मण ने जाकर कहा कि—"महाराज, यह पापी चञ्चल मन हमको अपने जाल में निशिदिन नचाया करता है, हम बहुत बहुत ज़ोर लगाते हैं पर यह पापी हमको नहीं छोड़ता।" महात्मा जनक ने यह सुनते ही एक बृक्ष को पकड़ लिया और बोले कि—"अगर यह बृक्ष हमें छोड़ दे तो हम आपके प्रश्न का उत्तर दे दें।" ब्राह्मण राजा जनक की यह दशा देख हैरान हो गया कि यही राजा जनक हैं जिनकी ब्रह्मविद्या में प्रशंसा है? एक बृक्ष को पकड़े हुए कह रहा है कि यदि यह छोड़ दे तो हम तुम्हारे प्रश्न का उत्तर दें। ऐसा समझ वे बोले कि—"महाराज, जड़ बृक्ष आप को क्या

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पकड़ सकता है? आप ही स्वयमेव पकड़े हुये हैं। आप छोड़ दें तो वह आप ही छूट जाय।" महात्मा जनक ने कहा— "तुम्हें दृढ़ विश्वास है कि छूट जायगा?" ब्राह्मण ने कहा— "यह तो बिल्कुल प्रत्यक्ष ही है कि आप छोड़ दें तो छूट जाय।" महात्मा जनक ने कहा—"बस, इसी भाँति मन जड़ है, यह बिचारा जीवात्मा को क्या नचा सकता है? जैसे हम वृक्ष को पकड़े थे उसी भाँति आप मन को पकड़े हुये हैं। यदि मन को आप छोड़ दें और इसके फन्दों में न आयें तो मन कुछ नहीं कर सकता, यानी इस जड़ मन को चाहे आप सुमार्ग में लगायें, चाहे कुमार्ग में। यह आप के अधीन है। यह तो सब कहने की बातें हैं कि मन बड़ा चञ्चल है, कुमार्ग में जाता है। बिना जीव के मन में संकल्प नहीं हो सकते।"

२६—एक महात्मा

एक महात्मा एक ऐसे सेवक की चिन्ता में थे जो बिना वेतन लिये उनका काम करे। यह बात प्रसिद्ध है कि "जिन खोजा तिन पाइयाँ" महात्मा को सेवक मिल गया, पर सेवक ने महात्मा जी से यह प्रतिज्ञा कराली कि "आप हमको सदैव काम बतलाते रहें, यदि आपने किसी समय काम न बतलाया तो हम आपको बिना पीटे न छोड़ेंगे।" महात्मा ने प्रतिज्ञा कर ली। सेवक ने कहा कि "महात्मा जी, काम बताइये" महात्मा जी ने कहा कि—"शौच के लिये लोटे में पानी ले आ।" सेवक ले आया। महात्मा ने कहा—हमें कुल्ला दन्त धोवन, स्नान करा।" उसने वह भी करा दिये। महात्मा ने कहा— "यह लँगोटी फींच डाल।" उसने लँगोटी भी धो डाली। लँगोटी धो सेवक ने कहा—"महात्मा जी और?" महात्मा जी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने कहा—"अब तो इस समय कोई काम दृष्टि नहीं पड़ता।" महात्मा के यह शब्द कहते ही सेवक ने सोंटा उठा धमी चौकड़ी मचानी आरम्भ की। महात्मा जी रोते हुये पूजा पाठ छोड़ भग खड़े हुये। सेवक ने सोंटा ले उनका पीछा किया। कुछ दूर चल महात्मा को एक और महात्मा मिले। इन्होंने भगते हुये ही शीघ्र शीघ्र दूसरे महात्मा को सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनाया। महात्मा ने कहा—'बस इसी लिये आप भगे फिरते हैं? जिस समय आपके यहाँ कोई काम न रहे, इससे कह दिया कीजिये कि एक लम्बा बाँस ले आ। जब ले आवे तब कहना इसे गाड़। जब गाड़ चुके तब कहना कि जब तक हम दूसरा काम न बतलावें तब तक इस पर चढ़ा उतरा कर।" महात्मा ने ऐसा ही किया। स्थान पर आ आपने सब काम करवा कर एक लम्बा बाँस मँगवा कर कहा-"जब तक हम दूसरा काम न बतलावें इसी पर चढ़ा उतरा कर।" बस,सेवक ज्यों ही दो चार बार चढ़ा उतरा कि थक कर शिथिल हो बोला—"महात्मा जी, अब तो चढ़ा उतरा नहीं जाता।"

इसका द्राष्टान्त यह है कि जीवात्मारूपी महात्मा को एक अवैतनिक सेवक की आवश्यकता होने पर इसे मनरूपी बेदाम का भृत्य मिला। परन्तु इस मन ने जीवात्मा से यह प्रतिज्ञा करा ली थी कि हमको सदैव काम बताते रहना अर्थात् सदैव काम में लगाये रखना, नहीं हम पीटेंगे अर्थात् मन जब काम से रहित हो खाली होगा उस समय कुमार्ग में जायगा और अपने साथ जीवात्मा को ले दुर्दशा करायेगा। इस प्रकार मन खाली होने पर जीव को कुमार्गों में लिये हुये खेद रहा था और जीवात्मारूप महात्मा व्याकुल था कि इतने में दूसरे महात्मा ऋषि ने उपदेश किया कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रच्छर्दन विधारणाभ्यां वा प्राणस्य ।

तुम स्वाँस प्रस्वाँस रूप बाँस गाड़ जब यह मन खाली हो चंचलता करे तो इस पर चढ़ाओ उतारो । बस, तीन चार बार प्राणायाम करने से मन शिथिल हो गया और इसका चंचलपना छूट गया ।

३०—स्तेय

आस्ते प्रतिष्ठायां सर्वरानोउपस्थानम् ।

एक बालक नित्य पाठशाला को जाया करता था । एक दिवस पाठशाले से वह किसी विद्यार्थी का पुस्तक चुरा लाया । लड़के की माता ने पुस्तक विक्रय कर उसे आम खाने को ले दिये इसी भाँति करते करते कुछ दिवस में वह चोरों का शिरमोर बन गया । एक दिन वह चोरी करते समय राजा के यहाँ पकड़ा गया । और उसको राजा के यहाँ से सूली के दण्ड की आज्ञा हुई । सूली पर चढ़ते समय कितने ही पुरुष उस बालक के अवलोकनार्थ आये और बालक की माता भी सब पुरुषों के साथ बालक को देखने आई । बालक ने अपनी माता से कुछ वार्ता करने की आज्ञा माँगी और माता के कान में वार्ता करने के समय उसके नाक कान दोनों ही काट लिये । तब तो माता बहुत ही दुखी हुई । सम्पूर्ण पुरुष यह दशा देख बालक को धिक्कारने लगे । तब बालक ने कहा कि—" आप लोग तो धिक्कारते हैं परन्तु यदि मुझे यह चोरी न सिखाती तो आज सूली का समय न आता ।"

बस, आप लोग समझ लें कि चोरी इतनी बुरी चीज़ है, इसी के त्याग को स्तेय कहते हैं ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३१—शौच

सर्वेषामेव शौचानां अर्थ शौचं परं स्मृतम् ।
योर्थे शुचिः स शुचिः नमृदवारि शुचिः शुचिः ॥

एक गाँव में दो सगे भाई प्रथक प्रथक् रहा करते थे । उनमें से एक भाई तो बाह्य शुद्धि अर्थात् शौच दन्त धावन स्नान आदि और दीन होने पर भी दूसरे तीसरे दिन अपने वस्त्र धो लिया करता था एवं जहाँ जिस स्थान में वह बैठता तो उसे अत्यन्त स्वच्छ रखता था और भीतर का भी कपटी न था जिससे कि उसकी बुद्धि भी अत्यन्त तीव्र थी बड़े से बड़े गम्भीर विषयों को सहज ही में समझने की समर्थ थी और इसका मान भी बड़े पुरुषों में था, जहाँ यह जाकर बैठता सभी प्रसन्न रहते । और दूसरा भाई यद्यपि बड़ा धनवान् था परन्तु अत्यन्त ही मलिन था, दन्त धावन स्नानादि का तो यह महीनों नाम ही न जानता, मुँह में दुर्गन्ध आती शरीर तथा पैर मैल से फट गये थे और फटे टूटे वस्त्र अति मैले जिनमें मक्खियाँ भिनक रही थीं पहिरे हुए पेट भी कपट की खानि सदैव "मनस्यन्यत् वचस्यन्यत् कर्मण्यन्यत् दुरात्मनः के अनुसार ही इसकी वार्ता भी रहती थी, यानी कहते कुछ करते कुछ जाते कहीं, इससे इनकी न तो कोई बात ही मानता था और जिसके पास ये जाकर बैठते वह इनसे अतीव घृणा करता था और बुद्धि में भी यह बुद्धू थे । इस कारण भंग, तम्बाकू आदि नशे तो आप के एक मात्र भूषण थे । इनके रहने का स्थान भी बड़ा ही भ्रष्ट रहता था इस कारण कभी इन पर घूरे दण्ड, कभी गंदवीन में दण्ड, कभी खुद इनको मैला और बुद्धू देख लोगों ने मनमानी घूस ले ले इन्हें तबाह कर दिया । कुछ इनकी रहन ठहन से इनकी अप्रतिष्ठा के कारण इनके सब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवहार बन्द होगये, अन्त में यहाँ तक हुआ कि इन बेचारे को एक एक दिन के भोजनों के लाले पड़ गये। इस लोक में तो यह दशा हुई, परलोक की ईश्वर जाने। परन्तु उक्त दूसरे भाई की सम्पूर्ण पुरुष प्रतिष्ठा करते तथा इसकी बात भी मानते थे और बुद्धि के लिये तो मैं लिख ही चुका हूँ कि विलक्षण थी, वह अपनी किसी न किसी युक्ति से एक राजा के पास पहुँच गया। और उसके ऊपर राजा अति प्रसन्न हुआ और बहुत ही चाहने लगा थोड़े ही काल में राजा ने उसे अपना मंत्री नियत किया। पुनः योगादि साधन करने से जब इसकी आत्मा में बुद्धि का प्रकाश हुआ तो राजा की नौकरी छोड़ एकान्त बन में जाकर ध्यान करने लगा। यह सब उसकी पवित्रता का कारण है।

३२—इन्द्रिय-निग्रह।

एक मियाँ किसी गाँव में सकुटुम्ब रहा करते थे और मियाँ जी झारा फूंकी अथवा नाउतों का काम किया करते थे। एक बार वर्सात में मियाँ जी की तिदरी कई दिन से टपक रही थी मियाँ की बीवी ने कहा कि—"मियाँ, ज़रा इस सूराख़ को बन्द कर दीजिये।" मियाँ जी ने कहा कि—"बन्द कर देंगे, अभी क्या भरभर है ?" इतने में मियाँ जी को कहीं से झारने का बुलावा आया और मियाँ एक बकर-क़साब की छुरी ले चल दिये और मियाँ जी की बीबी भी चुपके से पीछे पीछे इसलिये चलती हुई कि देखूं मुआ कैसे झारता है। मियाँ जी वहाँ जाकर छुरी से भूमि खोदने लगे और पढ़ते जाते थे कि "जल बाँधों जलहरि बाँधों, बाँधों जल की काई, जखै मीरा सैयद बाँधूं हनूमान की दोहाई"। तथा—'आकाश बाँधू, पाताल बाँधू, दे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तड़ाक छू।" इतने में बीबी ने पीछे से एक चपत दे तड़ाक की और कहा—"मुआं, यहाँ आकाश पाताल बाँधता है, घर में ज़रा सा सूराख़ जो तिदरी में टपक रहा था सो तो तेरे बाँधे न बँधा तब तू आकाश पाताल क्या बाँधेगा ?"

इसका दार्ष्टान्त यों है कि जब इस जीवात्मारूप मियाँ से इन्द्रियरूपी सूराख़ शरीर रूपी तिदरी के न बाँधे बँधे तो कौन आर्य्य-समाज का प्रचार करेगा ? कौन सनातनधर्म का प्रचार करेगा ? कौन देश भर में वेद प्रचार करेगा ? कौन स्वराज्य प्राप्त करेगा ? किससे आशा की जाय ?

३३—धी !

किसी एक गाँव में दो सगे भाई रहते थे उनमें से बड़ा बेचारा साधारण उर्दू वा थोड़ी अँगरेज़ी वा साधारणतः मातृ भाषा जानता था और छोटा भाई पूर्ण संस्कृतज्ञ था परन्तु बुद्धि में पूरा बुद्धू था। बड़े भाई के गौने के दिन समीप आ गये थे और उसको एक अभियोग होने के कारण न्यायालय में जाना था, अतः बड़ा भाई अपनी ससुराल नहीं जा सकता था, इस कारण उसने अपने छोटे भाई से कहा कि "तुम अमुक तिथि पर जाकर अपनी भावज को बिदा करा लाना क्योंकि मुझे उसी तिथि पर अमुक अभियोग में न्यायालय में जाना है परन्तु वहाँ जाकर ठीक तौर से बात चीत करना अर्थात् हाँ के स्थान में हाँ और नहीं के स्थान में नाहीं। इन्होंने कहा कि—"मैं क्या इतना मूर्ख हूँ कि मुझे हाँ नाहीं का भी ज्ञान नहीं ?" बड़े ने कहा—"तुम्हें ज्ञान तो है परन्तु मैं बड़ा हूँ इसलिए समझाना मेरा धर्म था, इससे समझा दिया।" परन्तु छोटे हाँ नाहीं को सिलसिलेवार लिखा यानी प्रथम हाँ पीछे नाहीं भावज को बिदा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कराने चले । ये ज्यों ही उस गाँव के धुर पर पहुँचे तो इनके भाई की ससुराल के लोग मिले और इनसे पूछा कि—"कहो तुम्हारे गाँव में कुशल है ?" कहा—"हाँ ।" पूछा—"तुम्हारे भाई जी तो अच्छे हैं ?" कहा—"नाहीं ।" पूछा—"क्या कुछ बीमार हैं ?" कहा हाँ ।" पूछा कि—"कुछ औषधि होती है ?" कहा—"नाहीं ।" पुनः कहा—"क्या बहुत बीमार हैं ?" कहा—"हाँ ।" यह सुन घबड़ा कर पूछा कि—"बचने की उम्मेद हैं या नहीं ?" कहा—"नाहीं ।" कहा कि—"क्या इतने सख़्त बीमार हैं ?" कहा—"हाँ ।" पुनः पूछा कि—"मौजूद हैं या नहीं ?" कहा—"नाहीं ।" इतना सुन सबके सब बड़े ज़ोर ज़ोर रोने लगे और सबका रोना सुन ये भी रोने लगे । अब तो सब को और भी नश्चय हो गया कि इनके भाई नहीं रहे । प्रातःकाल उन्होंने कहा कि-"क्या भावज को विदा नहीं करोगे ?" उन्होंने कहा कि—"दो चार दिन और चूरी बुछुये पहिने है फिर तो हम भेज ही जायँगे ।" ससुरालवालों का यह उत्तर सुन यह वापिस आये । जब घर में इनके बड़े भाई आए और पूछा कि—'भावज को विदा नहीं करा लाये ?' तब इन्होंने कहा कि—"भावज तो राँड हो गई उसे कैसे लिवा लाते ?" भाई ने कहा-"हैं हैं यह क्या कहता है ? हम बने ही हैं और वह राँड हो गई ।" इसने उत्तर दिया कि-"क्या तुम कहीं के नाहर हो ? तुम बने रहे, बुआ राँड हो गई तुम बने रहे मौसी राँड हो गई । तुम बने रहे, बहन राँड हो गई । तुम बने रहे, चाची राँड हो गई । भावज के लिए तुम राँड होने से कैसे रोक सकते ?" तब तो भाई ने कहा-"बताओ, वहाँ क्या क्या बातें हुई थीं ?" तब इसने सम्पूर्ण वृत्तान्त सच्चा सच्चा कह सुनाया । बड़े भाई ने अपनी ससुराल जा सब को शान्त दी सच है, बुद्धि तेरी बड़ी महिमा है । देखिये—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धिर्यस्य बलं तस्य निर्बुद्धेस्तु कुतो बलम् ।
यस्य सिंहो मदोन्मत्तः शशकेन निपातितः ॥

अर्थ—एक बार एक खरहे से सिंह ने गुस्सा हो कहा-"इतनी देर तू कहाँ रहा ?" खरहे ने कहा—"महाराज, एक दूसरा सिंह कहता था मैं इस बन का राजा हूँ तू कहाँ जाता है ?" उसने कहा—"चल दिखला ।" खरहे ने कुआ बतला दिया और कहा—"इसमें है ।" सिंह ने ज्यों ही झाँका कि उसको परछाँहीं भी मालूम हुई और डहँकने पर आवाज़ भी आई, बस वह कुएँ में कूद पड़ा ।

समुत्पन्नेषु कार्य्येषु बुद्धिर्यस्य न हीयते ।
स एव दुर्गं तरति जलस्थो वानरो यथा ॥

अर्थ—एक बार एक बन्दर एक नदी में पड़ गया । उसकी टाँग एक मगर ने पकड़ ली । दूसरे ने कहा—"क्यों, हमने कहा था" उसने कहा—"क्या हुआ, साले ने लकड़ी पकड़ी है और समझता है कि बन्दर की टाँग पकड़े हूँ ।" ऐसा सुन मगर ने टाँग छोड़ दी । बन्दर नदी के पार आया ।

३४—विद्या

एक दीन काश्तकार का लड़का नित्य पाठशाला में पढ़ने जाया करता था, परन्तु वह बहुत ही दीन था इस कारण वह अपने पढ़ने का सामान इकट्ठा नहीं कर सकता था, यहाँ तक कि लेखनी, मसीपात्र और कागज़ भी नहीं ले सकता था और भोजनों के लिये भी उसे पेट भर अन्न नहीं मिलता था जिससे वह बहुत ही कृश हो रहा था किन्तु पढ़ने का उसे इतना व्यसन था कि सामानों के न होते हुए भी वह बड़े चाव के साथ पढ़ता

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था और अपनी कक्षा के लड़कों में बड़ा ही बुद्धिमान और होनहार प्रतीत होता था। इसकी यह दशा देख अध्यापकों के चित्त में दया आई और उन्होंने आपस में सम्मति करके चन्दा बाँध लड़के के भोजन का सामान इकट्ठा करा दिया। बालक अपने सहपाठियों से बड़ा ही मेल जोल रखता था, इससे कोई कोई सहपाठी लेखनी मसीपात्र, कोई पुस्तकें भी दे दिया करते थे। पाठशाले के सिवा वह अपने घर पर भी पढ़ा करता था परन्तु कभी कभी घर में दीनता के कारण तेल का प्रबन्ध न हो सकने से यह बन में जा खद्योतों (जुगनू) को पकड़ अपनी टोपी में रख उनके प्रकाश से, और कभी कभी चांदनी में चन्द्रमा के प्रकाश से पढ़ा करता था। इस प्रकार बड़े बड़े कष्ट उठा उसने विद्या प्राप्त की और विद्या में ऐसा निपुण निकला कि जिसके कारण सरकार से पाठशाला के निरीक्षकों से कई बार अनेक प्रकार के बड़े बड़े प्रशंसनीय प्रशंसापत्र तथा पारितोषिक भी प्राप्त किये। अब तो इसकी विद्या की चर्चा चारों ओर धूम धाम के साथ विस्तृत हुई यहाँ तक कि बड़े बड़े राजाओं के भी कर्णगत हुई। तब तो इसे एक बड़े राजा ने बुला कर इसकी योग्यतानुसार अपने यहाँ मंत्री पद पर नियत किया। धन्य है महाराणी सरस्वती! तेरी अपार महिमा है। तूने कितने ही कँगलों को राजा और कितने ही मूर्खों को महात्मा योगिराज ऋषि-मुनि तपस्वी तथा देवता बना दिया और मुक्ति तक प्राप्त कराई। किसी कवि ने कहा—

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्न गुप्तंधनम्।
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरूणांगुरुः॥
विद्या बन्धु जनो विदेशगमने विद्या परं दैवतम्।
विद्या राज सुपूजितः न च धनं विद्याविहीनः पशुः॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३५—छोटों की बात का तिरस्कार न करो।

कभी अभिमान में आकर छोटों की बात का तिरस्कार न करना चाहिये क्योंकि कभी कभी छोटों के ख़्याल में वह बात आ जाती है जो बड़ों को स्वप्न में भी नहीं सूझती।

लंडन के एक महात्मा न्यूटन से ऐसा कोई शिक्षित व्यक्ति न होगा जो परिचित न हो। आपको बिल्ली पालने का बड़ा शौक था अतः आपने छोटी बड़ी दो बिल्लियाँ पाल रक्खी थीं जो दिन भर तो इधर उधर घूमा करती थीं और रात में महात्मा न्यूटन की चारपाई के नीचे आकर सो रहती थीं। इस कारण महात्मा न्यूटन जब रात में अपने कमरे में सोया करते थे तो कमरे के किवाड़ों की जंजीर न बंद करके साधारण ही किवाड़े भेड़ लिया करते थे कि जिसमें बिल्लियाँ किवाड़े खोल कर चली आयें और बिल्लियां भी जब बाहर से घूमकर आतीं तो किवाड़े खोल अन्दर तो चली आती थीं पर किवाड़ों को बन्द नहीं कर सकती थीं जिससे कि वे सारी रात जड़ाया करती थीं। यह देख महात्मा न्यूटन ने सोचा कि कोई ऐसा इन्तिज़ाम कर देना चाहिये कि जिसमें बिल्लियाँ जड़ाया न करें। इसके लिये उन्होंने यह विचारा कि अगर हम अपने कमरे के दोनों किवाड़ों में दो छेद यानी छोटी बिल्ली के लिये छोटा और बड़ी के लिये बड़ा करा दें और कमरे के किवाड़ों की जंजीर सोने के समय बंद कर लिया करें तो बिल्लियाँ ठण्ढ से बच जायें। बस यह विचार बढ़ई को बुलवा कर कहा कि—"ऐ बढ़ई! तुम सुनते हो, देखो यह जो दो बिल्लियाँ मैंने पाल रक्खी हैं सो रात में मैं तो योंही साधारण किवाड़े भेड़ कर सो जाता हूँ और बिल्लियाँ जब घूम कर बाहर से आती हैं तो किवाड़े तो खोल लेती हैं पर बंद नहीं कर सकतीं जिससे वे जड़ाया करती हैं। सो तुम

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन हमारे कमरे के दोनों किवाड़ों में दो छेद कर दो यानी छोटी बिल्ली के लिये छोटा और बड़ी के लिये बड़ा ताकि मैं शाम से किवाड़े बन्द कर सो जाया करूँ।" यह सुन बढ़ई ने कहा कि—"हजूर इसके लिये दो छेदों की दोनों किवाड़ों में करने की क्या ज़रूरत है, एक ही बड़ा छेद एक किवाड़े में करने से दोनों निकल जाया करेंगी।" बढ़ई ने बहुत कुछ समझाया पर न्यूटन ने न माना। तब तो बढ़ई ने छेद करना शुरू किया और प्रथम एक किवाड़े में बड़ा छेद करके किवाड़े भेड़ दिये और उस एक ही छिद्र से दोनों बिल्लियें निकल गईं। यह देख महात्मा न्यूटन उछल पड़े और बड़े ही प्रसन्न हुए और बढ़ई को बहुत कुछ पारितोषिक दिया। ठीक है—

बालादपि गृहीतव्यं युक्तमुक्तं मनीषिभिः।
रवेर विषयं किन्न प्रदीपस्य प्रकाशकम्॥

३६—सत्य

एक राजा की एक अत्यन्त रूपवती रानी स्नान किये हुए महल की छत पर अपने केश सुखा रही थी कि इतने में कौवे ने उसके शिर पर हग दिया। रानी को यह देख बड़ा ही क्रोध आया, और वह तुरंत जाकर कोप-भवन में लेट रही। महाराज को यह रानी बहुत ही प्यारी थी, इससे महल में आते ही रानी को न देख उन्होंने दासी से पूछा—"आज रानी जी कहाँ हैं?" दासी ने कहा—"महाराज, रानी जी आज कोप-भवन में हैं।" बस—"कोपभवन सुन सकुचे राऊ। भय बस आगे परत न पाऊँ।" परन्तु जैसे तैसे राजा ने वहाँ तक पहुँच रानी से कहा-"कहो प्यारी! क्या हुआ किसने तुम्हारे साथ अनुचित व्यवहार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया किसे काल ने आकर घेरा है ?" रानी ने कहा–"महाराज, आज मैं महलों की छत पर स्नान किये हुए केश सुखा रही थी कि एक दुष्ट कौवे ने मेरे सिर पर हग दिया, सो जब तक आप उस कौवे को न मरवा डालेंगे, मैं अन्न जल ग्रहण न करूंगी।" महाराज ने कहा--"अरे रानी, तू कैसी है, पक्षियों में क्या बोध कि यह रानी हैं या साधारण स्त्री है। उसने उड़ते हुए साधारणतः ही हगा होगा और वह तेरे सिर पर पड़ गया होगा। इससे तुझे हठ नहीं करना चाहिये।" पर रानी ने एक न सुनी और बहुत कुछ हठ किया। तब राजा ने कहा कि—"तुम उठ कर अन्न जल करो, हम कल प्रातःकाल सब कौवों को पकड़वा उनमें से उस अपराधी कौवे को मरवा डालेंगे।" रानी यह सुनते ही मुस्करा कर बड़े नाज़ नखरे के साथ आँखें मटकाती हुई उठी। राजा देख फूल गया। जब दूसरे दिन प्रातःकाल आया तो राजा ने अपने भृत्यों को आज्ञा दी कि—"जावो रे, हमारी राज्य के सब कौवों को पकड़ लाओ।"भृत्यों ने ऐसा ही किया। जब भृत्यों ने आकर यह कहा कि—"महाराज सब कौवे आ गये। तब राजा ने इन कौवों से कहा—"कहो भाई कौवो, सब कौवे आ गये ?" तब तो सब कौवों ने जाँच पड़ताल कर कहा—"महाराज, एक कौवा नहीं आया है, बाक़ी सब आ गये।"राजा ने भृत्यों से कहा—"क्यों भाई जो कौवा नहीं आया, उसे भी शीघ्र ही लाओ।"भृत्यों ने कहा—"महाराज, हम उसे कई बेर बुला आये हैं, आता ही होगा।"और कौवों ने आपस में सम्मति की कि भाई किस कौवे ने ऐसा भारी अपराध किया जिसके कारण आज बिरादरी भर को कष्ट मिल रहा है ? अन्त में यह ठहरी कि हो न हो वही कौवा अपराधी है जो अब तक नहीं आया और राजा ने भी यही सोचा कि जो कौवा अब तक नहीं आया है, शायद वही अपराधी है। ऐसा समझ राजा उस पर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अत्यन्त ही क्रोधित थे कि इतने में वह कौवा आ गया। कौवे के आते ही महाराज का उससे यह प्रश्न हुआ कि—"क्यों भाई कौवे, ये कौवे सब जभी आ गये थे; तुमने इतनी देर कहाँ की ?" कौवे ने कहा—"महाराज, अपराध क्षमा हो मेरे पास एक न्याय आ गया था, उसे चुकाने लगा, इससे देर हो गई।" राजा ने कहा—"क्या न्याय था ?" कौवे ने कहा—"महाराज, एक स्त्री अपने पति से यह कहती थी कि मैं मर्द और तू मेरी स्त्री। और मर्द कहता था मैं मर्द और तू मेरी स्त्री है। मर्द और स्त्री दोनों हमारे पास आये और मर्द ने मुझ से यह प्रश्न किया कि भाई कौवा, यह मेरी स्त्री मुझ से कहती है कि तू मेरी स्त्री और मैं मर्द हूँ, सो कभी मर्द भी स्त्री हो सकता है ? तब मैंने कहा हाँ हो सकता है जो मर्द कामवश हो स्त्री के अनुचित कहे में आजाय और उसके कहने में चले, वह स्त्री है।" राजा ने यह सुन सब कौवों से कहा—"अरे जाओ रे कौवो, तुम सब भाग जाओ।" राजा की आज्ञा पा सब कौवे चले गये। जब रानी ने वृत्तान्त सुना तो तुरन्त ही कोप भवन में जा विराजी। जब फिर राजा महल में भोजन करने गया तो रानी को न देख दासी से पूछा। दासी ने कहा—"महाराज, रानी जी कोप-भवन में हैं।" राजा ने वहाँ जा बहुत कुछ समझाया पर रानी ने कहा—"वाह! कौवे की चले, हमारी नहीं। हम चाहे यहीं मर जायँ पर जब तक आप उस कौवे को न मरवा डालेंगे तब तक अन्न जल ग्रहण न करूँगी।" राजा ने रानी का विशेष हठ देख कहा—"हम फिर सब कौवों को बुला उसे मरवा डालेंगे तुम उठकर अन्न जल करो।" रानी पुनः प्रसन्न हो उठ खड़ी हुई। दूसरे दिन प्रातःकाल होते ही राजा ने पूर्ववत् सब कौवे पकड़ मँगवाये, परन्तु वह कौवा फिर भी नहीं आया। तब राजा ने कहा कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"निश्चय वही कौवा अपराधी है, आते ही कौवे को बिना वध कराये न छोड़ेंगे।" कौवा ज्यों ही आया, राजा ने कहा—"क्यों रे कौवे, तूने इतना विलम्ब क्यों किया?" कौवे ने कहा—"महाराज, अपराध क्षमा हो, एक न्याय आगया था, उसके चुकाने में इतना बिलम्ब हो गया। दो पुरुषों में विवाद था एक एक से कहता था कि तेरा मुंह नहीं है, पाख़ाने का स्थान है, दूसरे ने कहा—मुँह कहीं पाख़ाने का स्थान हो सकता है? पहले ने कहा हो सकता है। उन दोनों ने मुझ से आकर पूछा कि क्या कभी मुँह भी पाख़ाने का स्थान हो सकता है? तो मैंने कहा हाँ हो सकता है। जो कह कर पलट जाय या झूठ बोले वह मुँह पाख़ाने का स्थान है। किसी कवि ने भी कहा है कि—

हस्तिदन्तसमानं हि निसृतं महतां वचः।
कूर्मग्रीवेव नीचानां पुनरायाति य ति च॥

अर्थ—महत् पुरूषों के वाक्य हाथी के दाँतों के सामान होते हैं यानी निकले सो निकले, पर नीचों के वाक्य कछुओं की गर्दन के सामान कभी बाहर और कभी भीतर। किसी भाषा कवि ने भी कहा है—

बातहिं से दशरत्थ मरे, अरु बातहिं राम फिरे बन जाई
बातहिं से हरिचन्द सहे दुख, बातहिं राज्य दियो मुनि राई
बातहिं बात बिचार सदा कहु, बात की गात में राखु सचाई
बात ठिकान नहीं जिनकी, तिन बाप ठिकान न जानेहु भाई

३७—अक्रोध।

एक पुरुष अत्यन्त ही रूपवान् और शरीर से भी बलवान्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पढ़ा लिखा विद्वान् अपने घर का धनवान् और माता पिता भाई बन्धुओं आदि से भरा पुरा था, परन्तु इसमें केवल दोष था तो इतना ही कि इसके स्वभाव में बड़ा भारी क्रोध था और वह यहाँ तक कि जिस समय इसे क्रोध आता था तो रुद्ररूप हो अपने आपे से बाहर हो जाता था। यद्यपि इसके माता पिता भाई सब ने समझाया कि भैया, यह अच्छी बात नहीं, क्रोध करना बड़ी बुरी बात है परन्तु इसने अपना स्वभाव न छोड़ा। कुछ तो इसका स्वभाव भी था और कुछ धन, बल, भाई बन्धुओं तथा विद्या आदि के कारण अपने घमंड के आगे किसी को कुछ समझता ही न था। अन्त में यह अपने विद्या के प्रताप से थानेदार हो गया। आप बड़े तेज़ तर्रार थानेदार थे। जहाँ जाते थे सम्पूर्ण प्रजा इनके शासन और अनुचित जुर्मों से थरथर कांपती थी और कानिष्टिविल तथा चौकीदारों के लिये तो आप काल ही थे यानी थोड़ा सा भी अपराध यदि किसी से कुछ हो जाय वा अपराध न भी हो केवल इनकी वार्ता के विरुद्ध कोई कुछ कह दे कि थानेदार साहब हंटर ले उसके चूतरों को खाल काट दिया करते थे। गाली तो आप के मुख का भूषण थीं, यानी बिना गाली बात नहीं करते थे। एक दिन एक सेवक से इन्होंने गोश्त मँगवाया और कहा इसे ज़रा ज्यादा मसाला तथा घी डाल बहुत अच्छी तरह से बनाना, परन्तु सेवक से हज़ूर की तबियत के अनुसार न बना, अतः थानेदार साहब ने गालियों के तो पुल बाँध दिये और पीटने में भी उधार नहीं रक्खा। परन्तु किसी कवि ने कहा है कि—

रोहते शायकैर्वद्धिं वनं परशुनाहतम्।
वाचादुरुक्तं वीभत्सं नापि रोहति वाक्क्षतम्॥

अर्थ—बाण का घाव पूरित हो जाता है, कुल्हाड़ा से काटा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुआ वृक्ष फिर हरित हो जाता है परन्तु कठोर वाणी का छेदा हुआ घाव पूरित नहीं होता। बस, इस कवि वाक्य के अनुसार सेवक के हृदय में थानेदार साहब के वाक्यों ने घाव कर दिये थे, अतः जब रात में थानेदार साहब सोये तो उस सेवक ने थानेदार साहब की किर्च जो पास ही रक्खी थी मियान से निकाल हज़ारों किर्चें उनके मुँह पर मारी यानी उनके मुँह को चावल चावल अलग कर दिया। थोड़े काल के बाद जब थाने के अन्य लोगों ने जाना तो वे इस सेवक को क़ैद कर ले गये और इस पर अभियोग चला। सेवक ने न्यायालय में साफ़ २ कह दिया कि हुज़ूर हमको इसने जिस मुख से गाली दी उस मुख को हमने काट दिया तथा जिन हाथों से मारा वे हाथ काटे। किसी कवि ने क्या ही सत्य कहा है—

क्रोधो हि शत्रुः प्रथमो नराणां देहस्थितो देहबिनाशनाय।
यथा स्थितः काष्ठगतोहि वन्हि स एव वन्हिर्दहते च काष्ठम्॥

अर्थ—मनुष्य के शरीर में छिपा हुआ क्रोध इस प्रकार देह के नाश का हेतु स्थित है जैसे काष्ठ के भीतर छिपी हुई आग जो प्रज्वलित होने पर उसी को नष्ट कर देती है इसी भाँति क्रोध प्रज्वलित होने पर क्रोधकर्ता को ले मरता है। दूसरे संसार में ऐसा कोई पुत्र चाण्डाल न होगा जो अपनी माता ही को खा जाय, पर यह चाण्डाल क्रोध जिस हृदय-भूमि रूपी माता से उत्पन्न होता है प्रथम उसे ही खाता है, दूसरे को पीछे। पुनः एक कवि का वाक्य है कि—

अन्धी करोमि भुवनं वधिरीकरोमि धीरं सचतेनमचतेनतां नयामि।
कृत्यं न पश्यति नयेन हितं शृणोति धीमानधीतमपि न प्रति संदधाति

———

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३८—असत्कर्म अवश्य भोगने पड़ेंगे

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम् ।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ॥

एक राजा एक हाथी पर सवार बड़ी धूम-धाम के साथ चला जाता था। परन्तु हाथी बहुत ही दुष्ट था, जिस समय किसी प्रयोजनार्थ राजा हाथी से उतरा कि हाथी बिगड़ गया और राजा के ऊपर सूँड़ प्रहार करने को दौड़ा। राजा हाथी की यह दशा देख भग खड़ा हुआ और हाथी ने राजा का पीछा किया। यहाँ तक कि राजा को एक ऐसे अंध कुएँ में ले जाकर डाला कि जिसके एक किनारे पर पीपल का वृक्ष था और वृक्ष की जड़ कुएँ के भीतर फोड़ फोड़ निकल रही थीं, जो आधे कुएँ तक फैली थीं। राजा के कुएँ में गिरते ही उसका पैर पीपल की जड़ों में हिलग गया। अब राजा का सिर नीचे और पैर ऊपर को थे। राजा की दृष्टि जब नीचे को पड़ी तो वह क्या देखता है कि कुएँ में बड़े बड़े विकराल काले काले सर्प, विसखोपरे, कछुये ऊपर को मुँह बा रहे हैं जिन्हें देख राजा कांप गया कि यदि जड़ से मेरा पैर कदाचित् छूट गया और मैं कुएँ में गिरा तो मुझे ये दुष्ट जीव उसी समय भक्षण कर जायँगे। जब ऊपर की ओर उसने दृष्टि डाली तो देखा कि दो चूहे, एक काला और दूसरा सफ़ेद जिस जड़ में उसका पैर हिलग रहा है उसे खुतर रहे हैं राजा ने विचारा कि मैं यदि जड़ पकड़ कर किसी प्रकार ऊपर निकल जाऊँ तो मतवाला हाथी ठोकर लगाने को ऊपर ही खड़ा है और नीचे सर्पादि जन्तु हैं और जड़ का यह हाल है। निदान राजा घोर विपत्ति में फँसा। परन्तु उस पीपल के वृक्ष में ऊपर शहद की मक्खियों ने एक छत्ता लगा रक्खा था जिससे एक

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक बूँद शहद धीरे २ टपकता था और वह शहद कभी कभी इन राजा साहब के मुँह में जा गिरता था जिसको कि वह ऐसा आपत्ति में होते हुये भी सारी आपत्तियों को भूल शहद चाटने लगता और यहाँ तक उस बूँद के चाटने में आसक्त हो जाता था कि उसे इन अपात्तियों का किंचित् मात्र भी ध्यान नहीं रहता कि इस जड़ के टूटते ही मेरी क्या दशा होगी।

मित्रो, दृष्टान्त तो यह हुआ पर इसका दार्ष्टान्त यों है कि यह जीवात्मारूपी राजा कर्मरूपी हाथी पर सवार है। चाहे वह इसे सुमार्ग से ले जाय चाहे कुमार्ग से। परन्तु जिस समय इस कर्मरूप हाथी से यह उतरता है उस समय कर्मरूपी हाथी इस पर प्रहार करने दौड़ता और इसे खेद कर माता के गर्भाशय रूपी अन्धे कुँए में ले जाकर डालता है उस कुँए में आयु रूपी वृक्ष की जड़ में इसका पैर हिलग रहता है और जब यह उस जड़ में उल्टा लटकता है (गर्भाशय में प्रत्येक पुरुष का सिर नीचा और पैर ऊपर होते हैं) और कुँए में नीचे संसार को देखता है तो इसमें बड़े बड़े भयङ्कर सर्प, विसखोपरे, कछुये यानी काम क्रोध लोभ मोह अहंकार ईर्षा द्वेष तृष्णा आदि सर्प कछुये मुँह फाड़े ऊपर को ताक रहे हैं कि यह ऊपर से गिरे और हम इसको अपना भक्ष्य बनावें। यह देख जीवरूप राजा अत्यन्त व्याकुल होता है और जब यह ऊपर की ओर दृष्टि डालता तो इसकी आयुरूप जड़ को दो काले सफ़ेद चूहे यानी सफ़ेद चूहा दिन और काला चूहा रात, इसकी आयुरूपी जड़ जिसमें इसका पैर हिलगा है काट रहे हैं और जब यह विचारता है कि यदि इस कुँए से मैं किसी प्रकार जड़ वड़ पकड़ कर निकल जाऊँ तो कर्मरूपी हाथी इसके ठोकर लगाने को ऊपर खड़ा है। इस दशा में जो ममाखीरूपी विषय का शहद (रूप, रस,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गन्ध, शब्द, स्पर्श) है उसका आस्वादन करने में यह ऐसा निमग्न हो जाता है कि सारी आपत्तियों को भूल जाता है। इसे यह भी स्मरण नहीं रहता कि आयुरूपी जड़ अभी कटने वाली है और अन्त में मैं गिर के इन सर्प कछुओं की खूराक बनू गा। इस लिये हम क्यों न ऐसा कर्म करें कि जिससे हाथी खेद कर हमें गर्भाशय रूप कुएँ में न डाल पाये अर्थात् हम लोग ऐसे सत् कर्म करें जिससे गर्भाशयों रूप अन्धे कुओं में हमें न आना पड़े और हम मोक्ष प्राप्त करें।

३६—ब्रह्मचर्य्य

एक माली बड़ी शीघ्रता के साथ दौड़ा जा रहा था। एक आदमी ने पूछा—"भाई, कहाँ इतनी शीघ्रता से दौड़े जा रहे हो?" माली ने कहा—"मुझे आज कई गाड़ी फूल तोड़ने हैं।" उस मनुष्य ने पूछा—"कई गाड़ी फूल तोड़ कर क्या करोगे?" इसने कहा—"इनका रस खींचेंगे।" उसने पूछा—"रस खींच कर क्या करोगे?" इसने कहा—"फिर रस का रस खींचेंगे।" उसने पूछा—"फिर क्या करोगे?" कहा—"फिर कई बार रस खींच कर इतर बनावेंगे।" उसने पूछा कि—"कई गाड़ियों में कितना इतर बनेगा?" इसने कहा—"एक शीशी।" उसने कहा—"फिर इस इतर को क्या करोगे?" माली ने कहा—"उसे किसी नरदबीन की नाली में फेंक देंगे।" उसने कहा—"भला तुझ सरीखा भी कहीं मूर्ख मिलेगा कि इतनी शीघ्रता से दौड़ा जा रहा है, किसी से बात तक करता नहीं फिर इतना सब कुछ परिश्रम कर इतर निकाल नरदबीन में फेंकेगा।

मित्रो, दृष्टान्त तो यह हुआ पर इसका दार्ष्टान्त यह है कि जीवात्मारूपी माली दिन रात बड़ी शीघ्रता से दौड़ रहा है,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परन्तु इससे जब कोइ महात्मा कहता है कि—"कहाँ जाते हो, सुनो।" तो यह कहता है—"फुरसत नहीं।" क्योंकि कई गाड़ी फूल यानी नाना प्रकार के अन्नादिक पदार्थ धन प्राप्त करना है, जिसके लिये किसी कवि ने कहा है—

नृत्यन्ति गायन्ति रुदन्ति चैव रोहन्ति वंशं च गुणे चलन्ति।
तप्तायसः पिण्ड महो लिहन्ति सर्वं कुकर्माचरितं चरन्ति॥
पतिव्रतं सत्कुलजा जहाति स्वब्रह्मचर्य्यं च पुमान् कुलीनः।
यस्य प्रभा प्रेङ्खणमात्रलेशात् द्रव्यं सदा तच्छरणं ममास्तु॥
बृत्तान्त पत्राणि परः शतानि सु प्राञ्जलैर्लेख शतैर्युतानि।
स्वाकान्यानि सदार्थयन्ति धनानि नान्यत्र न के भजन्ति॥
गतापराधानपि दण्डयन्ति कृतापराधानपि च त्यजन्ति।
यद्भ्रान्तचित्ताः किलराजकीयाः वित्ताय तस्मै प्रणतिर्मदीया॥
उपानत्प्रहारैरहोताडिताग्राः मुनिर्भर्त्सिताः कारगेहे निबद्धाः।
यदर्थं व्यथास्तस्कराः सं सहन्ते धनायाद्य तस्मै नमस्ते नमस्ते॥

बस केवल एक पेट के भरने के लिये धन के लिये लोग क्या क्या नहीं करते। तब तो इनसे महात्मा पूछता है, धन कमा कर क्या करोगे? अन्नादिक नाना प्रकार के पदार्थ खरीदेंगे। उन पदार्थों को लेके क्या करोगे॥ रस बनावेंगे। उस रस को क्या करोगे॥ रक्त बनावेंगे। रक्त बना कर क्या करोगे मांस बनावेंगे। मांस बना के क्या करोगे॥ मज्जा बनावेंगे। मज्जा बना क्या करोगे॥ हड्डी बनावेंगे। हड्डी बना के क्या करोगे॥ सार बनावेंगे। सार बना के क्या करोगे॥ वीर्य्य बनावेंगे क्योंकि शुश्रुत में लिखा भी है—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान मेदाः प्रजायते ।
मदसोस्ति ततो मज्जा मज्जा शुक्रस्य संभवः ॥

अर्थ—रस से रक्त, रक्त से मांस, से मेदा, मेदा से मज्जा, मज्जा से हड्डी, हड्डी से सार, सार से वीर्य्य बनता है। तब तो महात्मा ने कहा—गाड़ियों अन्नादिक पदार्थों में कितना वीर्य बनता है? इसने कहा-बहुत ही थोड़ा। फिर उसे क्या करोगे? कहा—रण्डियों की नरद्वीन रूपी मोरियों में फेंक देंगे।

अब आप लोग सोचें कि जिस अन्न के प्राप्त करने में कितने पाप तथा कितने कष्ट सहे, फिर उससे वीर्य बनाने में कितने कष्ट सहे. पुनः उसे इस प्रकार व्यर्थ फेंकना कितना अनुचित है?

४०—बिना परीक्षा के व्याह

पर हथ बनिज सँदेसे खेती। बिन वर देखे ब्याहें बेटी ॥

एक सेठजी ने अपनी कन्या के जिसकी अवस्था आठ वर्ष की थी, विवाह के लिये एक नाई को भेजा। नाई कुछ दूर चल कर दूसरे गाँव में पहुँचा। वहाँ एक लालाजी ने नाई को कुछ दे दिवा दही बूरा खिला व्याह निश्चय कर लौटा दिया। जब नाई लौट कर आया तो लाला जी ने कहा—"कहो नाऊ ठाकुर, विवाह कर आये?" कहा—'हाँ लाला जी, ब्याह ठीक हो गया।' लाला जी ने कहा कि—"बर की अवस्था क्या है?" नाऊ ठाकुर ने उत्तर दिया—"लाला जी, बीस बीस बीस।" लाला जी ने कहा—"और धन वन?" नाऊ ठाकुर ने कहा—"लाला जी, धन तो इतना अधाधुन्ध है कि कहीं कोई लिए जाता कहीं कोई लिए जाता! पर वह कुछ देखते ही नहीं।" लाला जी ने पूछा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"और इज़्ज़त भलमन्सी कैसी है ?' नाऊ ठाकुर ने कहा-"लाला जी चार आदमी हर समय साथ चलते हैं, इज़्ज़त मरजाद को क्या कहना।" लालाजी ने कहा-"और वर का स्वभाव कैसा है ?" नाऊ ठाकुर ने कहा—"लाला जी चहे कोई शिकायत लावे, सुनते ही नहीं। बड़ा सीधा स्वभाव है।" लाला जी के सब संदेह दूर हो गये व्याह ठीक हो गया और भी जो मध्य की रीतें थीं सब नाऊ ठाकुर कर करा आये। जब व्याह का दिन आया और लड़का भाँवरों में गया तो बरात वालों में से एक ने उसे गोद में उठा पाटे पर बिठाल दिया। तब तो लोगों ने वर को देख कहा-"नाऊ ठाकुर, यह लड़का कैसा ? तुम तो कहते थे कि बीस वर्ष का है।" नाऊ ठाकुर ने कहा—"लाला जी, आप न समझें तो मैं क्या करूँ, हमने नहीं कहा था कि—'बीस बीस बीस।' पुनः लाला जी ने कहा—"यह तो अन्धा भी है।" नाई ने कहा—"सरकार हमने तो यह भी कहा था कि उनके यहाँ से चाहे कोई कुछ ले जाय, देखते ही नहीं।" जब पण्डित ने बर से कहा-"जल ले आचमन कीजिये। वर ने सुना ही नहीं तब लाला जी ने कहा कि—"यह तो बहिरा भी है।" नाई ने कहा "लाला जी. हमने तो कहा था कि उनसे चाहे कोई शिकायत करे, सुनते ही नहीं, स्वभाव के बड़े सीधे हैं। पुनः पण्डित ने कहा—"आप उस पाटे पर जाइये। तब चार आदमियों ने उठाकर बिठाया। तब तो लालाजी ने कहा—"यह तो लँगड़ा भी है। नाई ने कहा—"लाला जी हमने नहीं कहा था कि चार आदमियों के साथ चलते हैं वह ऐसे इज़्ज़तदार हैं।

४१—जैसा करना वैसा भरना

एक वैश्य की बहू बहुत ही कर्कशा दुष्ट प्रकृतिवाली थी।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निशिदिन न कुछ काम न काज, केवल अपनी सास से लड़ने का उसका काम था और यहाँ तक अपनी सास के साथ अत्याचार करती थी कि अपने उतारन फटे पुराने वस्त्र उसके पहिनने को और एक टूटी सी खाट उसके लेटने को दे रक्खी थी और खाने को भोजन जो सब से बुरा अनाज सड़ा घुना चूनी भूसी होती थी उसकी रोटियाँ और दाल मिट्टी के कूड़ा में दिया करती थी। परन्तु इस बहू के भी एक लड़का था। जब यह लड़का सयाना हुआ और इसका व्याह हुआ और उसकी स्त्री घर आई तो वह भी अपनी सास के साथ तो दुष्ट व्यवहार करती थी, पर सास अपनी बहू को बड़े प्यार से रखती थी। परन्तु छोटी बहू अपनी सास के व्यवहार जो वह अपनी सास से करती थी नित्य देखा करती थी। यह बड़ी बहू अपनी छोटी बहू के आने पर अपनी बुढ़िया सास को इसी के हाथ कूँड़े में भोजन भेजती थी और यह छोटी बहू अपनी सास की सास यानी अजियासास को भोजन खिला कूँड़े का दीवार से ओढ़का देती थी। इस प्रकार करते करते बहुत कूँड़े जमा हो गये। एक दिन इस छोटी बहू की सास यानी बड़ी बहू ने कूँड़े देखे तो वे बहुत से जमा हो गये थे तब तो वह अपनी पतोहू छोटी बहू से बोली—'बहू ये कूँड़े क्यों इकट्ठा करती जाती है? तमाम जगह घेर रक्खो है। इन्हें फोड़ती क्यों नहीं जाती?" उसने उत्तर दिया कि—"सास जी" फिर तुम्हें आगे में काहे में भोजन दिया करूँगी, कहाँ से इतने कूँड़े लाऊँगी" यह सुन कर बड़ी बहू ने अपना दुष्ट व्यवहार छोड़ दिया। सच है किसी कवि ने कहा है—

चक्षुषा मनसा वाचा कर्मणा च चतुर्विधम्।
प्रसादयति यो लोकं तं लोकोऽनुप्रसीदति॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४२—मूर्ख

बुद्धयैव विद्या सफला फलप्रदा, अबुद्धि विद्या विफलाऽफलप्रदा।
यथाति मूढाश्चतुरोऽपि संगता, गतः प्रदेशं स्वधनाः पुरावपि।

अर्थ—बुद्धि ही से विद्या सुफल होती है और बुद्धि से रहित विद्या व्यर्थ होती है। यथा--

एक ज्योतिषी, एक वैद्य, एक नैयायिक और एक वैयाकरण ये चारों द्रव्य प्राप्ति की आशा से विदेश को निकले। ये चारों मनुष्य यद्यपि पण्डित थे तथापि बुद्धि से शून्य थे। चलते चलते जब वे बहुत दूर निकल कर एक राजा की राज्य में पहुँचे तो ग्राम के बाहर बैठ आपस में सम्मति की कि मुहूर्त पूर्वक ग्राम में चलना चाहिये, अतः सबों ने कहा—"महाराज ज्योतिषी जी, कोई ऐसा मुहूर्त निकालिये कि जिसमें चलते ही सिद्धि प्राप्त हो।" ज्योतिषी जी महाराज ने मीन मेख वृष मिथुन कर कहा—"रात में २ बजे ऐसा मुहूर्त है कि चलते ही कार्य सिद्ध होगा।" जब दो बजे रात को चलना है तो कुछ भोजनादि का प्रबन्ध करना चाहिये, अतः यह सम्मति हुई कि भोजन के लिये वैद्यजी को भेजना उचित है, क्योंकि ये सम्पूर्ण पदार्थों के गुण दोष जानते हैं, इससे ये उत्तम पथ्य रूप भोजन लायेंगे यह और भी सम्मति हुई कि साथ में नैयायिक जी को जाना चाहिये क्योंकि यदि ये साथ होंगे तो तर्क वितर्क हो भोजन ठीक आयेगा। ऐसा सोच इन दोनों महाशयों को भोजन लेने के लिये भेजा। अब तो वैद्यजी सोचने लगे कि अमुक पदार्थ ले चलें तो वह कफ़वर्द्धक है और अमुक ले चलें तो बात बर्द्धक है और अमुक ले चलें तो पित्तबर्द्धक है। यह सोचते ही थे कि वैद्यजी को याद आया 'सर्वरोग हरो निम्बः' इस लिये नैया

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यिक जी से कहा—"नीम के पत्ते सर्वरोग नाशक हैं, चलिये, उन्हें तोड़ें।" निदान दो गट्ठे नीम के पत्ते तोड़े गये, वैद्यजी ने कहा "जब तक मैं इन्हें बाँध रहा हूँ तब तक आप हाट से घृत लेते आइये" नैयायिक जी घृत लेने गये। हाट से घृत लेकर मार्ग में चले आते थे कि अनायास ही इनके मन में शंका उत्पन्न हुई कि—'घृताधारं पात्रं यादि वा पात्राधारं घृतं" अर्थात् घृत के आधार पात्र हैं वा पात्र के आधार घृत है पुनः सोचा कि—'प्रत्यक्षस्य किं प्रमाणम् ?' यह विचार कर पात्र औंधा कर दिया। सम्पूर्ण घृत भूमि पर गिर पड़ा। कोरा पात्र ले वैद्य के पास आये। वैद्यजी ने पूछा—"घृत ले आये ?" तब उन्होंने सम्पूर्ण वृत्तान्त वैद्यजी को कह सुनाया। दोनों नीम के पत्तों के गट्ठे सिर पर रक्खे हुये पूर्व स्थान पर आ बिराजे। अब तीन तो अपना अपना काम कर चुके, रहे व्याकरणीजी, उनसे कहा गया कि—"अब आप इसे पकाइये।" व्याकरणीजी कुम्हार के यहाँ से दो नाँदें लेकर और उनमें नीम के पत्ते भर चार चार घड़ा उनमें जल डाल कर उबालने लगे। जब नीम के पत्ते "बुड़ बुड़ बुड़ बुड़" चुरने लगे, तब तो व्याकरणीजी ने कहा—अशुद्धं न बक्तव्यं, अशुद्धं न वक्तव्यं"। परन्तु जड़ नाँद या जल क्या सुनता कैसे चुप होता, जब वह बड़ बड़ होता ही गया तो व्याकरणी जी ने क्रोध में आ पात्र भूमि में दे मारा और कहा—"अशुद्धं किं वक्तव्यं ?" अतः चारो तमाम दिन भूखे रहे। रात को दो बजे राजा के शहरपनाह का फाटक बन्द हो गया। दूत पहरा देने लगे। उस समय इनका मुहूर्त आया। जब ये चारो शहर को चले तो वहाँ फाटक के किवाड़े बन्द पाकर बोले कि—"फाटक की खिड़की अवश्य तोड़ना चाहिये क्योंकि इस सायत में प्रवेश करने से बड़ी सिद्धि प्राप्त

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

होगी। अतः चारों ने ज्योंही फाटक की खिड़की को तोड़ा त्योंही राजदूत उन चारों का पकड़ ले गये और राजा के यहाँ से छै छै मास का कठिन कारागार हुआ। यह सिद्धि प्राप्त हुई। कहिये, इनको विद्या पढ़ाने से क्या फल हुआ? ठीक किसी भाषा कवि ने कहा है—

एरे गन्धी सुघर नर, अतर सुँघावत काहि।
कर फुलेल को आचमन, मीठो कहत सराहि॥

तब गन्धी ने कहा—

नहिं गंगा नहि गोमती, नहीं राग संचार।
तू कित फूली केतकी, गीधी गाँव गँवार॥

४३—कभी कभी मूर्ख अपने मण्डल में विद्वानों को जीत लेते हैं।

एक पण्डितजी पच्चीस वर्ष काशीजी में पढ़ आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण कर आरहे थे। वे एक मूर्खों के गाँव में से आ निकले उस ग्राम के बासी इनकी ढीली धोती चंदन तिलक देख बोले-"क्या आप पण्डित हैं?" उन्होंने कहा—"हाँ पण्डित हूँ" कहा—"आप कहाँ से आ रहे हो?" पण्डितजी ने कहा—"काशीजी से।" पूछा-"आप कहाँ तक पढ़े हैं?" पण्डितजी ने कहा—"मैं आचार्य परीक्षा उत्तीर्ण कर आया हूँ।" ग्रामवासियों ने कहा-"आप हमारे पण्डित लठा पाँड़ेजी स शास्त्रार्थ करेंगे?" पण्डित जी ने कहा-"हाँ करूँगा, आप उनको बुलाइये ग्रामवासियों ने कहा—"भाई इस प्रकार नहीं पहले यह प्रतिज्ञा हो जाय कि यदि आप जीतें तो हमारे पण्डित लठा पाँड़े के

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्पूर्ण पोथी पत्रा ले लीजिये और यदि हमारे पण्डित लठा पाँड़े जीत जायँ तो आप के सम्पूर्ण पोथी पत्रा ले लें।" पण्डित जी ने कहा—"ऐसाही सही, आप लठा पाँड़ेजी को ले आइये।" ग्रामवासी लठा पाँड़े जी को इस श्लोक की भाँति—

बड़ा धोता बड़ा पोथा पण्डिता पगड़ा बड़ा।
अक्षरं नैव जानाति लपोड़संखाय नमोनमः॥

एक बड़ी भारी धोती काशी के पण्डित जी से चार अंगुल नीची पहिरा कर तथा बहुत कुछ चन्दन तिलक चौथिये मटके की तरह रंग पण्डित के सामने लाये। काशी के पण्डित जी ने कहा—"पण्डितजी, नमस्कार!" तब तो लठा पांड़े जी ने कहा "नमस्कार, फमस्कार, ठमस्कार, गमस्कार।" काशीजी के पण्डितजी यह सुन चुप हो गये कि यथार्थ में मैं इस मूर्ख से नहीं जीत सकता। लठा पांड़े जी ने कहा—"अच्छा आप बड़े पण्डित हो तो बताओ इसका क्या अर्थ है—

"खरुख खैरया मरया।"

पर पण्डितजी चुपके चुप ही रहे। गाँववालों ने पण्डितजी को चुप देख सब पुस्तकें छीन लीं। तब तो पण्डितजी चुपके से सोचते विचारते हुये चल दिये जब घर पहुँचे तो इनका भाई जो मूर्खता में लठा पाँड़े का बाप था, हल जोत कर आया और अपने भाई से मिल कर पूछा कि—"भाईजी, आप उदासीन क्यों हैं?" भाई ने सम्पूर्ण वृत्तान्त कह सुनाया। यह सुनते ही वह लठा पांड़े से नीची धोती, टीका पाटा, तिलक छाप लगा एक बार में पक्की ईंटें भरा एक आदमी के सिर पर रखवा अपने से एक हाथ ऊँचा लट्ठ ले लठा पांडे के गाँव में जा विराजा, परन्तु वहाँ यह दशा थी कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घर की गाय गोलैंदा खाय । बार बार महुआ तर जाय

अतः ग्रामवासियों ने आकर इनसे पूछा—"क्या आप पण्डित हैं ?" इन्होंने कहा—"हाँ ।" पूछा—"कहाँ पढ़े हो ?" कहा—"नदिया शान्ती में ।" कहा—"हमारे पण्डित लठा पांड़े से शास्त्राथ करोगे ?" कहा हाँ हाँ, और विद्या किस लिये पढ़ी है ?" तब तो गाँववालों ने कहा कि-"शास्त्रार्थ के प्रथम यह प्रतिज्ञा हो जाय कि यदि आप जीतें तो हमारे पण्डित लठा पांड़े की आप सब पोथी पत्रा ले लें और यदि लठा पांड़े जीतेंगे तो वह आपकी सब पुस्तकें ले लेंगे ।" इन्होंने कहा—"हमें स्वीकार है, आप लठा पांड़े को लाइये । तब ग्रामवासी लठा पांड़े को पूर्ववत् भेष बना लिवा लाये । आते ही लठा पांड़े ने कहा—"नमस्कार, फमस्कार, ठमस्कार, गमस्कार ।" इसने कहा—"नमस्कार, फमस्कार, ठमस्कार, गमस्कार और घमस्कार ।" बस प्रणाम होने के पश्चात् ही लठा पांड़े ने कहा-खख्ख खैया इसने कहा—"क्या मूर्ख है, पहिले ही खख्ख खैया ? पहिले जोतै जोतैया, बवै बवैया, सिंचै सिंचैया, गोड़ै गोड़ैया, कटै कटैया, मड़ै मड़ैया, उड़ै उड़ैया, पिसै पिसैया, पवै पवैया, तब पीछे को खख्ख खैया ।" बस, यह सुनते गाँववालों ने कहा "लठा पाँड़े हार गये ।" अब तो इसने लठा पांड़े के सब पोथी पत्रा ले गाँव के लोगों से कहा कि—"आज के दिन जो पंडित हारा हो यदि उसके मूछ का एक बार अपने घर ले जाय तो घरों में जितना लोहा हो सोना हो जाय ।" तब तो गाँव के सब लोगों ने दौड़ दौड़ पंडित जी की सम्पूर्ण मूछें उखाड़ लीं । अब तो पंडित जी का मुँह बिल्कुल फूल गया एक अहीर की स्त्री ने यह खबर पीछे को सुनी और वह पंडित जी के यहाँ दौड़ी गई और पंडित जी से कहा कि—"पंडित,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपने सबको अपनी मुच्छ के बार बाँटे हैं, अतः हमको भी एक बार दो।" यह सुन पंडित बेचारे का तो वहाँ मुँह फूला हुआ था, अतः पंडित ने कुछ कटु वाक्य उस स्त्री को कहे। जब उस स्त्री का पति आया तो उसने अपने पति से यह सब वृत्तान्त कहा। यह गँवार जाकर पण्डित से बोला कि—"क्या पण्डित, आज तक तू ने हमारी ही रोटी खाई और हमें एक बार भी न दिया?" और क्रोधित हो उसने पंडित की चोटी उखाड़ ली।

४४—मूर्खों के समाज में पण्डितों की दशा

एक बार एक अहीरों के ग्राम में पशुओं की बीमारी हो गई। सम्पूर्ण पशु बाँ बाँ चिल्ला चिल्ला जब मरने लगे तो अहीरों ने यत्र तत्र जा उनकी दवा पूछी। लोगों ने इनसे कहा कि—"कण्डों के बड़े बड़े अहेरा सुलगा, छै करछुले गरम करो जब करछुले खूब लाल हो जायँ तब जो पशु बीमार हो उसके उन अहरों से करछुले निकाल दो चूतड़ों पर और दो पीठ पर और दो गर्दन पर दागने से पशू न मरेगा।" अहीर ऐसा ही करते रहे। इसके कुछ दिन पीछे एक सामवेदी पण्डित ब्राह्मण बड़े सदाचारी सीधे सादे घूमते घामते अनायास उसी अहीरों के गाँव में पहुँचे और रात को एक चौधरी साहब के मकान पर सो रहे। प्रातःकाल चार बजे पण्डितजी ने उठ सामवेद सस्वर पाठ करना प्रारम्भ किया, परन्तु अहीरों को पण्डितजी को चिल्लाते देख ख्याल हुआ कि अरे राम राम, यह ब्राह्मण भी बिचारा मरा जान पड़ता है, वही पशुओं वाली बीमारी इसे भी होगई। ऐसा समझ अहीरों ने अपने बच्चों से कहा—"ओरे जल्दी से थोड़े कण्डे और ६ करछुले ले आओ। बच्चों ने ला अपने पिताओं को कण्डे करछुले दे दिये। अहीरों

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने अहरा लगा कर करछुले आग में धर दिये। पर सामवेदीजी को इस कृत्य का कुछ परिणाम ज्ञात न था, अतः वे वेचारे अपने उसी आनन्द से वेदपाठ कर रहे थे। जब करछुले लाल होगये तो उन लोगों ने पण्डितजी को एक रस्सी से बाँधा। परन्तु जब अहीर बाँधने लगे तो पण्डितजी ने कहा कि—"यह तुम लोग क्या करते हो ?" कहा--"आप की दवाई करते हैं।" कहा--"क्या हम बीमार हैं ?" कहा-"बीमार नहीं तो चिल्लाते क्यों ?" पण्डितजी ने कहा--"यह तो हम वेद पाठ करते हैं ?" कहा--"इसी भाँति तो पशू वेदपाठ करते थे, पर वे सब मर गये।" पण्डितजी ने कहा—"हम नहीं मरेंगे हमें छोड़ दो।" तब तो सब अहीरों ने कहा—"यह तो बीमारी के मारे अंडवंड बकता है अरे भाई तुम जल्दी दागो नहीं तो बेचारा ब्राह्मण मर जायगा।" अतः अहीरों ने दो लाल तपे हुये करछुले ले पण्डित जी के चूतड़ों में, दो पीठ पर और दो गर्दन पर लगा कर, सब बोले कि—"पण्डितजी, अब तो शुद्ध हो ?" पण्डित बेचारे तड़ फड़ा रहे थे। यह सुनकर उन्होंने एक अँगुली से माथा ठोंका कि हमारी तक़दीर जो ऐसे गाँव में आपड़े। परन्तु उन मूर्ख अहीरों ने समझा कि पण्डितजी कहते हैं कि माथे पर भी। उन्होंने कहा– "अरे लाओ लाओ कण्डे करछुला" और झट-पट उन्होंने करछुले तपाकर दो पण्डितजी के मस्तक में लगा दिये और फिर पूछा कि "पण्डितजी अब शुद्ध हो ?" पण्डितजी ने सोचा कि अब बोले तो ये मूर्ख दो और लगावेंगे। ऐसा समझ पण्डित बेचारे चुप रह गये। तब अहीरों ने कहा— "अब शुद्ध हो गया।"

कोलाहले काककुलस्य जाते विराजते कोकिलकूजितं किम्।
परस्परं संवदतां खलानां मौनं विधेयं सततं सुधीभिः ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक भाषा कवि ने भी क्या ही अच्छा कहा है:—

जाइये तहाँ जहाँ संग न कुसंग होय कायर के संग शूर भागे पर भागे हैं। फूलन की बासना सुहास भरे बासन पै कामिनी के संग काम जागे पर जागे हैं॥ घर बसे घर पै बसो घर वैराग कहाँ काम क्रोध लोभ मोह पागे पर पागे है। काजर की कोठरी में लाखहू सयानो जाय काजर की एक रेख लागे पर लागे है॥

४५—मूर्ख को चाहे जितना समझाओ पर वह और का और ही समझता है

एक वृद्ध पण्डित अपने पुत्र को पढ़ाते थे कि:—

मातृवत् परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत्।
आत्मवत् सर्वभूतेषु यः पश्यति स पण्डितः॥

पिता—पढ़ो बेटा पढ़ो, मातृवत् परदारेषु।
पुत्र—तो इसका क्या अर्थ हुआ?
पिता—पराई स्त्री को माता के समान जानना चाहिये।
पुत्र—तब तो पिताजी मेरी स्त्री भी आप की माता होगी।
पिता—छिः छिः छिः क्या ऐसा कहना चाहिये? पढ़ो—पर द्रव्येषु लोष्ठवत्।
पुत्र—इसका क्या अर्थ हुआ?
पिता—पराई वस्तु को मिट्टी के ढेले के समान जानना चाहिये।
पुत्र—तो अब दुष्ट हलवाई को मिठाई के दाम नहीं दूँगा,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्योंकि बरफी पेड़े आदि मिट्टी के ढेले के समान वस्तु के दाम ही क्या ?

पिता—धिक् मूर्ख ! अधिक समझ के पढ़, आगे भावार्थ में स्पष्ट हो जायगा। आगे को पढ़—"आत्मवत्सर्वभूतेषु यः पश्यति स पण्डितः।"

पुत्र—इसका क्या अर्थ है ?

पिता—जो अपने समान सबको देखता है, वह पण्डित है।

पुत्र—तब ता अच्छी बात है पर को अपने ही समान समझेंगे, पराई वस्तु और पराई स्त्री भी अपनी ही समझना चाहिये।

पिता—अरे जा मूर्ख के मूर्ख ! इसी बुद्धि पर धर्मशास्त्र पढ़ना स्वीकार किया है। इससे तो खोंनचा रखना सीख लेता तो घर का पालन तो होता ?

पुत्र—हट बे मूर्ख पाजी।

पिता ने थप्पड़ मारा और पुत्र लड़कों में खेलने भग गया।

एक नवयुवा स्त्री गङ्गाजी को घड़ा लेकर जल भरने जाती थी। इतने में वह धर्मशास्त्र-शिक्षित् बालक आया और उससे बोला कि—"अम्मा, अरी अम्मा !"

स्त्री बोली—क्यों बेटा, आ (मन ही मन) इस लड़के की कैसी प्यारी बोली है ?

बालक—क्यों री अम्मा, चीज़ खाने को एक पैसा तो दे?

स्त्री—बेटा, मैं तो आप दुखिया हूँ, पैसा कहाँ से लाऊँ, घर घर पानी भर कर पेट पालती हूँ।

बालक—अरी राँड, पैसा क्यों नहीं देती ? भला चाहती है तो जल्दी दे, नहीं तो पीटता हूँ।

स्त्री—यह कैसा बालक है जो गालियाँ देता है।

बालक—नहीं हरामज़ादी ? (लात मारी और घड़ा फोड़ डाला।)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतने में गङ्गा स्नान से लौट कर उस बालक का पिता घर को आता था, सो यह चरित्र देख कर बोला "क्यों रे बदमाश पुत्र !" पुत्र बोला—"यह मेरी माँ है, जो माँ के साथ किया करता हूँ, सोई इसके साथ करता हूँ, क्योंकि आपने सवेरे पढ़ाया ही था कि—'मातृवत्परदारेषु।" और स्त्री की तरफ़ देख कर बोला—'क्योंरी अम्मा, मेरे पिता को देखकर घूंघट नहीं काढ़ती ? क्या तू मेरी माँ है, तो मेरे बाप की भी माँ है ?"

आदमी आदमी में अन्तर । कोई हीरा कोई कंकर ॥

४६-विषयों की आसक्तता से बेसमझी

एक राजा को गाना सुनने का बड़ा ही शौक था। जो कोई उसके पास जाता या जिसे वह सुनता कि अमुक मनुष्य गाना गाता है तो उसे बुला कर गाना सुनता था। एक बार एक चमार को बुला के कहा—"अरे झुनैया कुछ गाना तो सुना ?" चमार बोला—"अरे सरकार, मैं गावुब वावुब का जानौं, मैं और जो सरकार का हुक्म होय सो खिजिमिति बजाय लावौं। सरकार मोहिका नाईं गाय आवति है।" राजा ने कहा-अबे गा, थोड़ा ही गाना।" चमार ने कहा—"महाराज मैं नाईं जानति हौं।" राजा ने कहा—"अबे साले कहना नहीं मानता ? गा; गा।" चमार ने कहा— ग़रीबपरवर, मैं नाईं जानति हौं।' राजा ने कहा—'अबे साले गायेगा या पिटेगा ?" चमार गाता है—

मोय मारि मारि ससुर गवावति है।
मोय मारि मारि ससुर गवावति है॥

इतने में उस चमार की स्त्री पहुँची और वह भी गाकर अपने पति को समझाती है कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मनमाँ है चाँदि पिटावन की।
मनमाँ है चाँदि पिटावन की॥

यह सुन चमार ने उत्तर दिया कि—

ओ ससुरा तो समझत नाहीं, तुइ ससुरी समझावति है।
मोय मारि मारि ससुर गवावति है।

राजा गाना सुन बड़े प्रसन्न हुये और दोनों को इनाम देकर विदा किया।

४७-जिन्हें भूकना सिखाओ वही काटने दौड़ते हैं

एक गड़ेरिया किसी भारी अपराध में फँस गया था जिसमें जज साहब उसे फाँसी देनेवाले थे। गड़ेरिये ने व्याकुल हो एक वकील साहब के पास जा अपना सारा वृत्तान्त कह सुनाया। वकील साहब ने कहा—"अगर हम तुझे फाँसी से बचा देंगे तो एक लाख रुपया लेंगे।" गड़ेरिये ने कहा—"आप जो चाहें वह ले लें, पर मेरी जान बचाइये।" जान के आगे एक लाख क्या चीज़ है। आप एक ही लाख ले लें, पर अब की बार बचा दीजिए।" वकील साहब ने कहा—"जब जब जज साहब तुझ से सवाल करें तब तब सिवाय 'भें भें भें' के और कुछ न कहना।" अतः दूसरे दिन जब गड़ेरिये का अभियोग प्रविष्ट हुआ और जज साहब ने कहा—"क्यों रे गड़ेरिये, तूने अमुक अपराध किया?" गड़ेरिये ने जवाब दिया—"भें" जज साहब ने कहा—"अबे भें करता है या जो हम पूछते हैं, वह बतलाता है। बोल, तूने अपराध किया?" गड़ेरिये ने फिर भी कहा—'भें।'

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जज साहब ने कहा—"वकील साहब, क्या यह पागल है?" वकील साहब ने कहा—"हुजूर बिलकुल पागल मालूम देता है।" जज साहब ने गड़ेरिये से कहा—"अबे क्या तू पागल है?" गड़ेरिये ने फिर कहा—'भें'। जज साहब ने कहा—"निकालो इसको यह पागल है।" गड़ेरिया प्रसन्न हो कचेहरी से निकल आया और वकील साहब ने भी प्रसन्न हो कचेहरी से निकल गड़ेरिये से कहा कि—"लीजिये, अब तो तुम्हारी जान बच गई। अब मेहनताना दीजिये।" गड़ेरिये ने कहा—'भें'। वकील साहब ने कहा—"अरे भाई हम से भी भें भें, अरे ऐसा क्यों करते हो?" गड़ेरिये ने फिर कहा—'भें'। पुनः वकील साहब ने बहुत कुछ कहा तो गड़ेरिये ने उत्तर दिया—"वकील साहब क्या आप पागल हुए हैं? भला जिस 'भें' ने मुझे फाँसी से बचाया क्या वह मुझे एक लाख रुपये से न बचायेगी? इसलिये जाइये, आप अपना काम कीजिये, मेहनताने का ख्याल छोड़ दीजिये।"

उपाध्याये नटे धूर्त्ते कुट्टिन्याश्च बहुश्रुते।
एषु माया न कर्त्तव्या माया तैरेव निर्मिता॥

४८—सत्य बचन महराज

एक पंडितजी सबको कथा सुनाया करते थे, परंतु लोग जो कुछ पंडित जी कहा करते थे हर बात में "सत्य बचन महाराज" कह दिया करते थे। एक दिन पंडित जी ने सोचा कि ये सब—'सत्य बचन महाराज' ही कह दिया करते हैं या कुछ संभव असंभव का भी ख्याल करते हैं? यह सोच पण्डित जी बोले—"जो है सो एक समय के बीच में एक पर्वत में छिद्र होने से सहस्त्रों मक्खियां निकलती भईं।" लोगों ने कहा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सत्य वचन महाराज।" पण्डितजी पुनः बोले कि—"यह मक्खी जो हैं सो वहां से निकल करिके एक वैश्य की दूकान पर एक २ गुड़ की भेली पर बैठ जाती भई।" लोगों ने कहा—"सत्य वचन महाराज।" पण्डितजी पुनः बोले कि—"वह मक्खियां एक एक गुड़ की भेली को जिस जिस पर बैठ रही थीं ले ले कर उड़ जाती भईं, श्री गोविन्दाय नमोनमः।" लोगों ने कहा—"सत्य बचन महाराज!" बस पण्डितजी ने यह सुन कर समझ लिया कि ये सब बुद्धि से शून्य पूरे बुद्धू हैं।

वचस्तत्रैव वक्तव्यं यत्रोक्तं सफलं भवेत्।
स्थायी भवति चात्यन्तं रागः शुक्लपटे यथा॥

४६—असंभव का संभव कर दिखाना

एक बुड्ढे काश्तकार ने जो अपने घर का अकेला ही था और घर में उसके एक घोड़ा और कुछ असबाब था अपना असबाब कोठरी में बन्द करके तीर्थ-यात्रा करने का विचार किया और अपना घोड़ा एक वैश्य को सौंप कर तीर्थ-यात्रा को चला गया। यहाँ वैश्य ने काश्तकार का घोड़ा बेंच रुपया अण्टी में किया। जब पाँच छै मास के बाद काश्तकार लौटा तो उसने सेठजी, के पास जा कहा—"सेठजी, हमारा घोड़ा कहाँ है? लाइये।" सेठ जी ने कहा-"आप का घोड़ा मर गया काश्तकार चुप रह गया। परन्तु कुछ काल के बाद काश्तकार को पता लगा कि तुम्हारा घोड़ा मरा नहीं बल्कि इसने बेंच लिया है, अतः काश्तकार ने पुनः सेठ से कहा—"दिखाओ, हमारा घोड़ा कहाँ पड़ा है?" सेठजी काश्तकार को लेकर बन में गये, वहाँ एक बैल मरा पड़ा था, उसे दिखलाकर बोले-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"देखिये, आपका घोड़ा यह पड़ा है।" उसने कहा कि—"घोड़े के सींग नहीं होते, इसके तो सींग हैं। घोड़े के दाँत तो दोनों ओर होते हैं, पर "इसके तो एक ही ओर हैं।" सेठ जी ने कहा कि—"यही तो इसे बीमारी होगई कि घोड़े से बैल हो गया।

असंभवं हेममृगस्य जन्म तथापि रामो लुलुभे मृगाय।
प्रायां समापन्न विपत्तिकाले धियोपि पुन्सां मलिनीभवन्ति ॥

५०—हमारे बाप दादे से सनातन चली आती है

एक साहूकार का लड़का खेलते खेलते एक कुएँ में गिर पड़ा। साहूकार लड़के के कुएँ में गिरने की खबर पाकर अपने घर से एक रस्सा लेकर दौड़ा और कुएँ में रस्सा लटका बेटे से कहा-"बेटा, इस रस्से को अपनी कमर में मज़बूत बांध दे।" बेटे ने रस्सा बाँध लिया और बाप ने उसे कुएँ से खींच लिया। कुछ दिन के पश्चात् एक मनुष्य एक वृक्ष पर चढ़ गया, परन्तु चढ़ने को तो चढ़ गया पर उतरना उसे कठिन हो गया। अतः उसने हल्ला मचा लोगों को बुला कहा-"भाइयो मैं इस वृक्ष पर चढ़ने को तो चढ़ गया हूँ पर उतरते नहीं बनता इससे आप लोग कृपा करके कोई ऐसी युक्ति सोचें कि मुझे कष्ट न हो और वृक्ष से उतर आऊँ।" लोगों ने अपनी अपनी युक्तियाँ बतलाईं परन्तु यह युक्तियां उस मनुष्य के जो कि वृक्ष पर चढ़ा था समझ में न आईं. लेकिन वह साहूकार का लड़का जिसके बाप ने उसे रस्सा बाँध कुएँ से निकाला था वहाँ पहुँच गया और इसने कहा कि-"एक लम्बा सन का रस्सा घर से मँगवाइये, मैं इसको अभी बिना परिश्रम के उतारे लेता हूँ।" लोगों ने इसे रस्सा मँगवा दिया। इस साहूकार के लड़के ने रस्सा हाथ में ले ऊपर को फेंक उस पुरुष से कहा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"इसे पकड़ कर तुम अपनी कमर में बाँधो।" वृक्षस्थ पुरुष ने रस्से को कमर में बाँध लिया। अब तो साहूकार का बेटा दोनों हाथों से उस रस्से को पकड़ नीचे को खींचने लगा। वृक्षस्थ पुरुष ने कहा-"यह क्या करते हो मैं गिरा।" और उसने दोनों हाथों से ऊपर वृक्ष की डाली पकड़ ली और "महाराज मैं गिरा, महाराज मैं गिरा" कह कर वह चिल्लाने लगा, परन्तु साहूकार के बेटे ने कहा कि-"आप निश्चय रखिये, गिरोगे नहीं, रस्से में बांधकर खींचना तो हमारे बाप दादे से चली आती है।" ऐसा कह वृक्ष से खींच लिया और वृक्षस्थ पुरुष नीचे गिरते ही मर गया। लोगों ने कहा— आप तो कहते थे कि यह तो बाप दादे से चली आती है, यह क्या हुआ? यह क्यों मर गया?" कहा—"अब कलयुग लग गया है।"

यस्यास्ति सर्वत्र गतिः स कस्मात् स्वदेशारागेण हयातिनाशम्
तातस्यकूपोयमिति ब्रुवाणाः क्षारं जलं कापुरुषाः पिबन्ति॥

५१—कलियुग

एक वैद्यजी बड़े ही योग्य और अपने ग्राम के चारों ओर प्रसिद्ध थे। वैद्यजी के एक पुत्र अत्यन्त ही रूपवान् और बड़ा ही चंचल था। वैद्यजी ने अपने पुत्र के पढ़ाने का बहुत कुछ प्रयत्न किया, परन्तु उसने एक अक्षर भी न सीखा। कुछ काल के पश्चात् वैद्यराज का देवलोक होगया, जिससे कि सारा व्यापार बन्द हो गया। अब तो वैद्यराज के पुत्र सोचने लगे कि इस प्रकार बैठे बैठे कैसे काम चलेगा, दादाजी वाला झोला अर्थात् औषधियों की पोटरी मौजूद ही है और गद्दी भी दादाजी वाली मौजूद और हाथ हमारे मौजूद फिर वैद्यकी क्यों बन्द कर दी जाय? यह विचार लोगों को औषधि देने लगे, परन्तु फल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उलटा होने लगा। जहाँ वैद्यराज के समय में लोग औषधि से अच्छे हुआ करते थे, वहाँ इनकी औषधि से लोग मरने लगे और यह होना ही था। तब तो लोगों ने वैद्यराज के पुत्र से कहा—"महाराज, आपके पिता के समय में तो लोग अच्छे हो जाते थे, पर जब से आप औषधि करने लगे तब से जिसकी आप औषधि करते हैं वही मर जाता है, यह क्या बात है?" वैद्यराज के पुत्र ने उत्तर दिया कि—भाई, झोला वही, औषधि वही, गद्दी वही लेकिन अब कलयुग है इसलिये लोग विशेष मरते हैं क्योंकि "न काल योगितोव्यापिनो नित्यस्य सर्वसम्बन्धात।" परन्तु याद रहे कि काल सुख दुख का कारण है, यदि काल कारण है तो उस काल में सब की एक दशा होनी चाहिये पर यह नहीं होती, इससे निश्चय है कि काल सुख दुख का कारण नहीं।

कलियुग नहीं करयुग है यां करके तजरुबा देखलो।
क्या खूब सौदा हो रहा, इस हाथ दो उस हाथलो॥

५२—गुरु सेवा

एक मौलवी साहब एक सेठ के लड़के को पढ़ाया करते थे। मौलवी साहब बच्चे से कहा करते थे-"अबे, तू कभी कुछ लाता नहीं।" बच्चा उत्तर देता था कि—"मौलवी साहब लाऊँगा।" एक दिन उस सेठ के लड़के के यहाँ खीर बनाई गई और अचानक एक कुत्ते ने आकर वह खीर जुठार डाली, अतः जब सेठ जी का लड़का मौलवी साहब के यहाँ से पढ़कर आया तो उस लड़के की माता सेठानी जी ने कहा-"आज चाहो तो अपने मौलवी साहब को खीर दे आओ।" बच्चे ने कहा-"लाओ बहुत ही अच्छा है, मौलवी साहब को खीर दे आवें।" माता ने एक

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कूँड़े में खीर परोस कर बेटे को दे दी। बच्चा खीर लेकर मौलवी साहब के यहाँ पहुँचा। मौलवी साहब खीर देखकर बहुत ही प्रसन्न हो गये और खाने के समय बोले कि-"बच्चा, क्या तुम्हारी माँ मेरे ऊपर आशिक हो गई जो ऐसी बढ़िया खार भेजी?" बच्चा बोला कि "नहीं, यह बात नहीं, बल्कि आज हमारे यहाँ यह खीर पकी थी परन्तु मेरी माँ कुछ काम करने लगी इतने में कुत्ते ने आकर इस खीर को जुठार दिया, इसलिये माँ ने कहा कि आज यह खीर मौलवी साहब को दे आओ।" यह सुनकर मौलवी साहब ने क्रोध में आ बच्चे का खीरवाला कूंडा इतने ज़ोर से फेंका कि कूँडा फूट गया, तो बच्चा ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा। तब तो मौलवी साहब ने कहा—"अबे, रोता क्यों है?" बच्चे ने कहा—"मेरी मां मारेगी।" मौलवी साहब ने कहा—"बच्चे, हम तुझे कूँड़ा मँगवा देंगे।" बच्चे ने कहा—"आप क्या मँगवा देंगे, हमारा भाई इसी में रोज़ पाखाने जाया करता था।" यह सुन मौलवी साहब बहुत शरमा गये।

गुरु सुश्रूषया स्वेवं घर्षणं न तुमृत् कणः।

५३—टेढ़ी खीर

विना जाने हितकारी वस्तु को छोड़ देना।

अहित हित विचार शून्य बुद्धे श्रुति समयैर्बहुभिस्तिरस्कृतस्य। उदर भरण मात्र केवलेच्छोः पुरुष पशोश्च को विशेषः।

एक स्थान में एक अन्धा बैठा हुआ था। लोग उसके सामने खीर की बहुत कुछ प्रशंसा किया करते थे। अन्धे ने कहा—"भाई खीर कैसी हुआ करती है?" लोगों ने उत्तर दिया कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"सफ़ेद सफ़ेद।" अन्धे ने कहा "सफ़ेद-सफ़ेद कैसी?" लोगों ने कहा "जैसे बगुला।" पुनः अन्धे ने कहा—"बगुला कैसा होता है?" लोगों ने जिस प्रकार बगुले की टेढ़ी गर्दन होती है वैसा ही हाथ कर दिया। पुनः अन्धे ने कहा—"देखें कैसी खीर होती है।" जब अन्धे ने उसका हाथ टटोला तो कहा—"यह तो टेढ़ी खीर है, यह हम कैसे खा सकेंगे? यह तो गले में हिलगेगी।"

५४—सेख चिल्ली

कर्त्तव्य रहित हो व्यर्थ मनोरथ शक्ति रहित हो।

एक सेख चिल्ली साहब एक स्टेशन पर रहा करते थे। एक दिन एक मियांजी रेल से एक राब की गगरी लेकर उतरे और सेख चिल्ली से कहा—"अबे इस घड़े को शहर ले चलेगा?" सेख चिल्ली ने कहा—"हाँ हुजूर।" मियां ने कहा—"दो पैसे मिलेंगे सेख चिल्ली ने कहा—"दोई देना।" मियां ने सेख चिल्ली के सिर पर घड़ा रखवा आगे आगे आप और पीछे पीछे सेख चिल्ली चले। अब सेख़ चिल्ली की मन्सूबे बाजी देखिये। सेख चिल्ली सोचता है कि इस घड़े की शहर में रखवाई मुझे दो पैसे मिलेंगे, उन दो पैसों की एक मुर्गी लूंगा और जब मुर्गी के अंडे बच्चे होंगे तो उन्हें बेंच कर एक बकरी लूंगा और जब बकरी के अण्डे बच्चे होंगे तो उन्हें बेच के एक गौ लूंगा और जब गऊ के अण्डे बच्चे होंगे तो उन्हें बेंच कर एक भैंस लूँगा और जब भैंस के अण्डे बच्चे होंगे तो उन्हें बेंच कर ब्याह करूँगा फिर मेरे भी बाल बच्चे होंगे और वे बच्चे जब मुझसे कहेंगे कि दादा हमको फलाँ चीज़ ले दो तो हम कहेंगे-"धा बरचोद।" इस शब्द के ज़ोर से कहने में सिर से घड़ा गिर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया और गिर कर फूट गया। यह देख मियाँजी बोले-"अबे तूने यह क्या किया, घड़ा क्यों फोड़ दिया ?" सेख चिल्ली कहता है-"अजी मियाँ, आपको तो घड़े की पड़ी है, यहाँ तो हुआ किया घर गया।"

५५—मूर्खता की छड़ी

एक बार एक राजा साहब के यहाँ एक महात्माजी पहुँचे। राजा साहब ने उनकी बड़ी सेवा की और जब महात्माजी चलने लगे तो राजा साहब ने महात्माजी को एक छड़ी देकर कहा— "महाराज, आप भ्रमण किया करते हैं, दुनिया में जो सब से अधिक मूर्ख आप को मिले, उसे ही यह मेरी छड़ी दे देना।" महात्माजी छड़ी लेकर चले गये। बहुत काल के पश्चात् जब राजा के मरण का समय आया तो उक्त महात्माजी राजा साहब के यहाँ फिर आये और राजा साहब से पूछा-"कि राजा साहब यह राज्य पाट क्या आप के साथ जायगा ?" राजा ने कहा— "नहीं।" महात्मा ने कहा—"यह महल अटारी आपके साथ जायँगी ?" राजा ने कहा-"नहीं।" महात्मा ने कहा-"धन सम्पत्ति, माणिक मोती आपके साथ जायँगे ?" राजा ने कहा- "नहीं।" महात्मा ने कहा-"यह फ़ौज फाटा हाथी घोड़े क्या आपके साथ जाँयगे ?" राजा ने कहा—"नहीं।" महात्मा ने कहा—"यह स्त्री भाई बन्धु क्या आपके साथ जाँयगे ?" राजा ने कहा—"नहीं।" महात्मा ने कहा—"यह तेरा शरीर तेरे साथ जायगा ?" राजा ने कहा—"नहीं।" महात्मा ने कहा फिर तेरे साथ भी कोई जाने वाला है ? क्या किसी साथी को तूने संसार से लिया है ?" राजा ने कहा—"नहीं।" तब तो महात्मा जी ने कहा कि— राजा साहब यह अपनी छड़ी लीजिये, आप

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से अधिक मूर्ख हमें नहीं मिल सकता।" किसी कवि का वाक्य है—

धनानि भूमौ पशवश्च गोष्ठे नारी गृहे द्वारजनः श्मशाने।
देहश्चितायां परलोक मार्गे धर्मानुगो गच्छति जीव एकः॥

५६—ईश्वर के व्यापक जानने और सच्चा विश्वास होने से कभी मनुष्य पाप नहीं कर सकता

एक गुरु के पास दो मनुष्य चेला होने को आये। गुरुजी ने कहा कि—"हम तुम दोनों को एक एक खिलौना देते हैं, सो तुम खिलौना को लेकर ऐसी जगह से जहाँ कोई न हो तोड़ लाओ, तब हम तुमको अपना चेला बना लेवेंगे।" दोनों अपना अपना खिलौना लेकर चले। एक चेले ने तो गुरुजी के मकान के पीछे जा चारों तरफ़ चकमक देखा कि अब कोई नहीं है और खिलौना तोड़ कर लाकर रख दिया और दूसरे ने खिलौने को लेकर सारा संसार ऊँची से ऊँची पहाड़ की चोटियाँ और गहरी से गहरी समुद्र की सतह और एकान्त से एकान्त अँधेरी कोठरियाँ तथा बड़े बड़े भयानक वन गोंद डाला परन्तु उसे कहीं ऐसा स्थान न मिला जहाँ खिलौना तोड़ता, अतः दूसरे ने खिलौना वैसा ही लाकर रख दिया। गुरू ने दोनों से प्रश्न किया कि—"क्योंजी, आप को कहां ऐसा स्थान मिला जहाँ से खिलौना तोड़ लाये?" उसने कहा—"गुरूजी, मैं तो आप के मकान के पीछे गया, वहाँ कोई न था, बस मैंने खिलौना तोड़ आप के आगे लाकर रख दिया।" दूसरे से कहा—"क्यों भाई तुम्हें कोई ऐसा स्थान नहीं मिला जहाँ से खिलौना तोड़ लाते? तुमने क्यों लाकर वैसा ही रख दिया?" इस दूसरे ने उत्तर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिया कि—"महाराज, मैंने ऊँची से ऊँची पहाड़ों की चोटी, गहरी से गहरी समुद्र की सतह, अँधेरी सी अँधेरी एकान्त कोठरियाँ और बड़े-बड़े भयानक जङ्गल घूमे परन्तु मुझे कहीं ऐसा स्थान न मिला जहाँ दूसरा न होता। महाराज—

एको देवः सर्व भूतेषु गूढ़ः सर्व व्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्मध्यक्षःसर्वभूतादि वासः साक्षी चेता केवलोनिर्गुणश्च॥
एकोहमस्मीत्यात्मानं यत्वं कल्याण मन्यसे।
नित्यं हृदिवसत्येष पुण्य पापेक्षितः मुनिः॥

इस लिये नहीं तोड़ा।" महात्मा ने इसे ही अपना चेला बनाया और दूसरे से कहा—"तू अभी इस योग्य नहीं।"

५७—व्यर्थ विवाद

एक ससुर दामाद दोनों किसी खेत में हल चला रहे थे। ससुर ने कहा—"अमुक ग्राम यहाँ से ४ कोस है।" दामाद ने कहा—"तीन कोस है।" ससुर ने कहा—"नहीं ४ कोस।" दामाद ने कहा—"नहीं तीन कोस।" बस दोनों में युद्धकाण्ड प्रारम्भ हो गया। युद्ध हो ही रहा था कि इतने में उसकी लड़की जो अपने दामाद से लड़ रहा था आई और बोली—"पिताजी, क्या है?" बाप बोला—"बेटी, अमुक ग्राम यहाँ से चार कोस है और यह कहता है तीन ही कोस है, एक कोस हमारा मुफ़्त ही में लिये जाता है।" बेटी ने कहा—"पिता जी, आपने तो हमें हमारे व्याह में बड़ी बड़ी चीज़ें दीं, अब क्या एक कोस भी न दोगे?" पिता बोला—"इस तरह एक कोस क्या चाहे चारों ले ले, पर यह तो मुफ़्त में ही लिये जाता था।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५८—व्यर्थ विवाद

एक बार दो काश्तकार अफीमचियों ने सलाह की कि यारो इस साल हम तुम दोनों साझे-साझे ईख बोवेंगे। दोनों ने कहा-"बहुत अच्छा।" उसमें से एक बोला कि-"यार, हमतो एक ईख उसमें से नित्य चूसा करेंगे।" दूसरे ने कहा—"यार हम दो नित्य चूसा करेंगे।" पहले ने कहा—"तो हम तीन चूसेंगे।" दूसरे ने कहा— तो हम चार चूसेंगे।" उसने कहा-"तो हम पाँच रोज चूसेंगे।" उसने कहा— हम ६ रोज़" उसने कहा—"साले, हम ५ रोज़ चूसेंगे, तू ६ क्यों चूसेगा?' उसने कहा—'साले, तूने क्यों कहा कि हम ५ रोज़ चूसेंगे?" इस प्रकार दोनों में खूब ही घोर युद्ध खून खच्चर हुआ। अब अदालत में मुक़द्दमा गया तो मैजिस्ट्रेट ने कहा—"तुम दोनों ने हमारी ज़मीन में ईख बोकर खूब ही चूसी, इस लिये बीस बीस रुपये लगान के दोनों दाखिल करो—

शतं दद्यान्न विवदति विज्ञस्य सम्भ्रमम्।
विना हेतुमपिद्वन्द्वमिति मूर्खस्य लक्षणम्॥

५९—मनुष्य पंच किस प्रकार बन सकता है?

एक महानंद नामक पुरुष कुछ थोड़ा ही पढ़ा लिखा और इतना दीन था कि उसके निज का मकान भी न था और एक शिवाले की कोठरी में किसी राज्य में जैपुर की ओर से रहा करता था। एक दिन उसके ग्राम में दो मनुष्यों में कुछ झगड़ा हो रहा था। महानंद बीच में कुछ बोल उठा तब तो उन दोनों झगड़ालुओं ने महानंद से कहा कि—"तू कहाँ का पंच है जो बीच में बोलता है?" यह सुन कर महानंद ने सोचा कि पंच

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोई बड़ी अच्छी चीज़ है, बस यहीं से उसके हृदय में पञ्च बनने का ख़्याल हुआ और यहाँ तक कि पंच बनने के लिये उसने खाना, पीना, सोना सब कुछ छोड़ दिया और उदासीन वृत्ति से वह रात दिन पंच बनने के उपाय सोचा करता था महानंद की स्त्री ने उसकी यह दशा देख कहा—"स्वामिन् आप भोजन न करने, जल न पीने वा न सोने या दिन रात शोक में रहने से थोड़े ही पञ्च बन जायँगे, इसलिये आप अच्छी तरह भोजन कीजिये और प्रसन्न रहते हुये आपको जो उपाय मैं बताऊँ वह कीजिये, तब आप पञ्च बनेंगे।" महानंद तो इस चाह में था ही इसलिये कहा—"प्रिये, बतलाइये वह क्या उपाय है?" स्त्री ने कहा—"आप अपने निज के कामों अर्थात् भोजन वस्त्र के उद्योग के इतर जितना समय आप को मिले, उस समय में आप बिना किसी अपने स्वार्थ के केवल परस्वार्थ और संसार के उपकार के लिये सब का हित किया कीजिये और वह बचा हुआ समय ग्राम के लोगों के कामों में व्यय कीजिये। बस, कुछ दिनों में आप पञ्च बन जायँगे।" महानंद ने यह व्रत धारण कर लिया। भोजन वस्त्र के उद्योग के इतर जितना समय बचता, उसमें महानंद गाँव में जिस किसी के यहाँ लड़का लड़की का विवाह होता जाकर बिना कहे उसके काम करता। जो कुछ कमाने खाने से द्रव्य बचता भूखों को दिया करता। किसी को बीमार सुनता तो उसके पास जा बैठता। उसके काम करता। कोई मर जाय तो उसके साथ जाता आदि आदि परहित किया करता था। एक दिन ऐसा समय आया कि उसी ग्राम में एक खत्रानी का बेटा, जो अपने घरकी करोड़पती थी और उसके एक ही बेटा था, बहुत ही बीमार हो गया। इस खत्रानी के पुत्र के पास जितने पुरोहितादि रहते थे उन सब की यही नियत थी अगर यह खत्रानी का पुत्र मर जाय तो द्रव्य सब हमीं लोगों को मिले।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह समाचार किसी प्रकार खत्रानी को सूचित हो गया। उसने एक बुढ़िया से यह सब वृत्तान्त कहा। बुढ़िया ने कहा—"इस ग्राम में एक महानंद नामक पुरुष रहता है जो बड़ा ही परोपकारी है, यदि उसे खबर हो जाय तो वह आपके लड़के के पास रहेगा और बड़ी अच्छी प्रकार औषधि आदि का प्रवन्ध करेगा।" खत्रानी ने उसी बुढ़िया के द्वारा महानंद को खबर करादी। महानंद आकर जब हर प्रकार से उस खत्रानी के पुत्र की औषधि आदि से सेवा करने लगा, तब खत्रानी ने पूर्व पुरोहितादि सब को निकाल बाहर किया। कुछ दिन के बाद खत्रानी का पुत्र अच्छा हो गया, तब तो उसके हृदय में यह ख़्याल पैदा हुआ कि इसने हमारे पुत्र की बहुत कुछ सेवा की है अतः इसे कुछ देना चाहिये। यह सोच वह १० हज़ार रुपया महानंद को देती रही परन्तु महानंद ने उसके बहुत कुछ प्रार्थना करने पर भी न लिया। अब उसके पुत्र के हृदय म यह भाव उत्पन्न हुआ कि यदि महानंद रुपया नहीं लेता तो इसके उपकार का कुछ प्रत्युपकार करना चाहिये। यह इस उद्योग ही में था कि उसको मालूम हुआ कि महानद के हृदय में पञ्च बनने का ख़्याल है। बस खत्रानी के करोड़पती पुत्र ने अपने मन में यह ठहरा लिया कि मैं उसे पंच बनाऊँगा। खत्रानी का पुत्र राजा की सभा का मेम्बर था। अतएव अब जितने भी मामले इस खत्री के पुत्र के यहाँ आते, सब में महानन्द को मध्यस्थ किया करता। इस प्रकार महानन्द की तमाम बस्ती में शोहरत हो गई। अबकी बार जब राज्य में पंचों का चुनाव हुआ तो महानन्द का नाम आया, परन्तु कुछ लोगों ने महानन्द के पंच बनने में बिरोध किया, इस कारण वह पंच न बन सका। तब तो लोगोंने महानन्दजी से कहा कि—"अब आप पंच बनने का उद्योग छोड़ दें, देखो आया अवाया नाम जब आप नहीं चुने

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गये तो अब आप पंच नहीं हो सकते।" महानन्द ने कहा—"जहाँ हमें कोई पूछता ही न था वहाँ हमारा नाम तो आया और इस साल यदि नाम आया तो आगे पंच भी बनजाऊँगा।" महानन्द उसी भांति अपने काम करता रहा। अगले वर्ष लोगों ने उसको पंच चुन लिया। परन्तु कुछ लोगों ने राजा के पास जाकर शिकायत की कि "महाराज, पन्च की बड़ी ज़िम्मेदारी है, और लोगों ने एक महानन्द का जिसके घर-बार कुछ नहीं और जो महा कंगाल न कुछ पढ़ा न लिखा, पंच चुना है।" राजा यह सुन कर हैरान हुआ कि जब उसमें कोई बात नहीं फिर लोगों ने उसे पंच क्यों चुना? अतः राजा ने ग्राम के लोगों को बुलाकर पूछा कि "जब महानन्द में न विद्या है, न धन है, न बल है फिर आप लोगों ने उसे पंच क्या चुना है?" लोगों ने राजा को उत्तर दिया कि विद्या तो हम तब देखते जब हम उससे पढ़ना होता और बल हम तब देखते जब हमें उससे युद्ध करना होता और धन हम तब देखते जब हमें उससे कर्ज़ा लेना होता, हमें तो ऐसा पंच चाहिये जिसमें प्रजा का हित हो, अन्याय वा जब्र किसी पर न हो, सो ये गुण महानन्द के बराबर ग्राम भर में किसी में नहीं।" राजा साहब को महानन्द के गुण सुन के बड़ा ही प्रेम हुआ। राजा ने महानन्द को बुला बड़ी बड़ी सेवा की और १० मौजे जागीर काट दिया। पर महानन्द जी जैसे पहले अपनी टूटी फूटी झोपड़ी में रहते थे और ५) रु० माहवारी में अपना निर्वाह करते थे उसी प्रकार करते रहे और और जागीरवाले १० गाँवों में जो मुनाफ़ा होता, उसे यह कह कर कि यह जागीर मुझे प्रजा हित करने से मिली है, अतः यह मेरी नहीं, किन्तु प्रजा हित की है, प्रजा हित के कामों में लगा देते। महानन्द का ऐसा बर्ताव देख अगले वर्ष में सब लोगों तथा राजा ने महानन्दजी को पंच किया बल्कि सरपंच नियत किया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पञ्चभिः सह गन्तव्यं स्थातव्यं पञ्चभिः सह ।
पञ्चभिः सह वक्तव्यं न विरोधः पञ्चभिः सह ॥

६०—स्वार्थ और परसंताप

एक वैश्य जिसका नाम लाला स्वार्थीमल था, फ़साद नामक ग्राम में रहा करते थे। लाला स्वार्थीमल 'यथा नामा तथा गुणा' ही थे। इनकी एक कपड़े की दूकान बीच बाज़ार में थी। इनका सदैव यही ख़्याल रहता था कि यदि किसी का भला हो तो मेरा नाम हो और मेरा कपड़ा बिके। इनका काम यह था कि प्रातःकाल से जाकर दूकान पर विराज जाते और हाथ में एक माला ले 'राधेश्याम राधेश्याम' जपा करते थे। जब देखते कि ग्राहक लोग जा रहे तो बड़े उच्च स्वर से 'राधेश्याम' का महामंत्र उच्चारण करते जिससे साधारण ही ग्राहकों की दृष्टि लाला स्वार्थीमल की ओर जाती थी। जिस समय ग्राहकों की दृष्टि इनकी ओर पड़ती तो ये हाथ उठा अँगुलियों के संकेत से ग्राहकों को बुला लिया करते थे। जब ग्राहक पास आते तो ये पूछा करते कि—"कहाँ चले ?" जो वे उत्तर देते—"कपड़ा लेने।" तब स्वार्थीमल कहते कि—"लीजिये, यह तो आप के घर की दूकान है और बाज़ार भर में तुम्हें ऐसा सस्ता कपड़ा नहीं मिल सकता।" इस प्रकार ये ग्राहकों को मूड़ते और जो ग्राहक दूसरी दूकानों से कपड़ा लेकर इनकी दूकान के सामने से निकला करते तो भी ये अपने महामंत्र 'राधेश्याम' को उच्च स्वर से उच्चारण करते। जब उनकी दृष्टि इनकी ओर पड़ती तो संकेत से ग्राहकों को बुला पूछते थे—"यह कपड़ा कितने गज़ लाये ?" जब ग्राहक उत्तर देते कि इतने गज़। तब लाला स्वार्थीमल बुरा मुँह बना बिचकाते

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। तब ग्राहक प्रश्न करते कि—"लालाजी, क्या है?" तो स्वार्थीमल उत्तर देते कि—"भाई तुम्हारी रुचि कि तुम यह कपड़ा चार आने गज़ ले आये। हमारे यहाँ से आप यह ≡)॥ में ले जाइये।" कपड़ा चाहे चार ही आने गज़ का हो, पर लाला स्वार्थीमल की यह युक्ति थी एक आध बार घाटा खाकर भी ग्राहक अपना बना लिया करते थे। इस प्रकार लाला स्वार्थीमल बड़े धनाढ्य हो गये। पर आप लोगों को याद रहे कि धर्म शास्त्र में लिखा है—

अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दश वर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्तेतु षोडशे वर्षे समूलं च विनश्यति॥

अधर्म से जोड़ा हुआ धन कभी ठहरता नहीं। पापों की पूंजी कभी किसी को नहीं पचती है। अतः लाला स्वार्थीमल के यहाँ कुछ तो चोरी हुई, कुछ राजा ने डाँड़ लिया, कुछ पुलिस ने हाथ साफ़ किये, रहा रहाया अग्नि ने स्वाहा कर दिया। अन्त में यह दशा हुई कि लाला स्वार्थीमल दो-दो पैसे की मज़दूरी करने लगे। परन्तु लाला स्वार्थीमलजी, 'राधाकृष्ण' के उपासक तो थे ही, एक बार राधाकृष्णजी प्रसन्न होकर बोले कि—' लाला स्वार्थीमल माँगो तुम, जो कुछ तुम्हारी इच्छा हो।" लाला स्वार्थीमल माँगने वाले तो यह थे कि—"महाराज, हम अपने पड़ोसियों से सदैव दून रहें।" पर माँग बैठे यह कि- 'हम से पड़ोसी सदैव दूने रहें।" राधाकृष्ण ने स्वार्थीमल जी को एक घंटा देकर कहा कि—"जब जब तुम्हें जिस चीज़ की आवश्यकता पड़े यह घंटा आपको संपूर्ण पदार्थ देगा और जितनी चीज़ तुम्हें देगा उससे दूनी पड़ोसियों को।" जब लाला स्वार्थीमल घंटा ले रास्ते में आये तो ख्याल हुआ— हाय! हम राधेश्याम से क्या मांग आये कि पड़ोसी सदैव दूने रहें

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ख़ैर जो कुछ हुआ। लेकिन जब हम घंटा ही न बजायेंगे, तो पड़ोसी कैसे दूने होंगे। चाहे हम, जो दो दो पैसे की मज़दूरी करते थे वही करते रहें, पर पड़ोसी कैसे दूने हो जाँय ?" यह विचार घंटा बाँध के कोठरी में बन्द कर दिया और अपनी स्त्री से कहा कि—"देख हम तो परदेश नौकरी के लिए जाते हैं पर तू कभी इस घंटे को न खोलना।" जब लाला स्वार्थीमल परदेश चले गये और लालाजी के यहाँ एक दिन खाने को कुछ न रहा, स्त्री को इस भाँति दो व्रत हुए तो तीसरे दिन उसने सोचा कि और तो मेरे यहाँ कुछ है ही नहीं, हो न हो आज जो यह घंटा पड़ा हुआ है इसे ही बेच लावें तो दो चार आने पैसे मिल जाँयगे जिससे एक आध दिन का निर्वाह होगा, फिर देखा जायगा। इस ख़्याल को लेकर स्त्री ने घंटा खोला तो घंटा बज गया, बस घंटा के बजते हो चार आने इसे मिल गये और आठ-आठ आना पड़ोसियों को मिले। इस प्रकार जब स्त्री को दो चार दिन पैसे मिलते रहे तो उसने समझ लिया कि यह घंटे में ही गुण हैं, अतः स्त्री पाँचवें दिन घंटा ले बैठी और बोली कि "घंटेश्वर आज हमको १० ग्राम मिल जाँय।" दस इसे मिलें, बीसबीस पड़ोसियों को मिले। इसने कहा—"या घंटेश्वर, हमारा तिखण्डा मकान बन जाय।" इसका तिखण्डा और पड़ोसियों के सतखण्डे बन गये। इसने कहा—"या घंटेश्वर, हमारे यहाँ इतनी फौज हो जाय।" जितनी इसके यहाँ हुई, उस से दूनी पड़ोसियों के यहां हो गई। ईसने कहा—"या घंटेश्वर, हमारे दरवाज़े इतने इतने घोड़े हाथी हो जांय।" जितने इसके यहाँ हुये उसके दूने पड़ोसियों के यहाँ हुये। अब स्त्री ने सोचा कि जब घर में इतना ऐश्वर्य है तो मेरा पति क्यों दो दो पैसे की मजदूरी करे। अतः पति को पत्री लिखी कि—"स्वामिन्, आप के घर में सब कुछ मौजूद है, आप नौकरी छोड़कर चले आइये।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लाला स्वार्थीमल को पत्री पहुँचते ही यह ख्याल हुआ कि जान पड़ता है कि इसने घंटा बजा दिया, नहीं तो इतना ऐश्वर्य इतने दिन में कहाँ से आ गया ? क्योंकि अपने घर की दशा लाला साहब भली भाँति जानते थे, परन्तु सोचा कि चलकर देखें क्या है। जब घर आये तो देखा कि हमारा तिखण्डा मकान बना है और पड़ोसियों का सतखण्डा, यह देख पत्थर में अपना सिर दे मारा और कहा—"हा ! हमारे देखते देखते पड़ोसी दूने।" इसी भाँति अपने दस ग्राम और पड़ोसियों के बीस-बीस देखकर फिर सिर पटकने लगे। इसी भाँति हाथी, घोड़ा, फौज आदि पदार्थ पड़ोसियों के दूने देख स्वार्थीमल सिर पीटते रहे और स्त्री का बड़ा फज़ीता किया कि—"तूने घंटा क्यों बजाया ?" अन्त में लाला स्वार्थीमल इस विचार में पड़े कि इन पड़ोसियों का सत्यानाश किस प्रकार हो! सोचते सोचते कुछ लाला स्वार्थीमल की समझ में आ गया और लाला स्वार्थीमल घंटा लेकर बैठे और बोले कि—'या घन्टेश्वर हमारी एक आँख फूट जाय।' एक इनकी फूटी, पड़ोसियों की दोनों गईं। इन्होंने कहा—'या घन्टेश्वर, हमारा एक कान बहरा हो जाय।" इनका एक कान बहरा हुआ, पड़ोसियों के दोनों। इन्होंने कहा—"या घन्टेश्वर, हमारी एक टांग टूट जाय।" एक टूटी इनकी, दोनों गईं पड़ोसियों की। इन्होंने कहा—"या घन्टेश्वर, एक कुआँ तो हमारे दरवाज़े खुद जाय।" एक खुदा इनके दरवाज़े, दो-दो पड़ोसियों के दरवाज़े खुद गये। अब ज्यों ही प्रातःकाल हुआ तो लाला स्वार्थीमल एक काठ की टाँग तथा पत्थर की आँख लगवा कर चले कि पड़ोसियों की दशा तो देख आवें कैसे साले आनन्द कर रहे थे। पड़ोसी बिचारे अन्धे, बहरे, लँगड़े घसिलते हुये जो दरवाज़े से पाख़ाने आदि को निकलते तो कुओं में जा डुभ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

टुम्भ गिरते थे। यह देख स्वार्थीमल की छाती ठंढी हुई। सच है, किसी जगह का वृत्तान्त है कि—

कस्त्वं भद्र खले स्वरोहमिह किं घोरे वने स्थीयते।
शार्दूलादिभिरेव हिंस्रपशुभिः खाद्योऽहमित्याशया॥
कस्मात् कष्टमिदं त्वया व्यवसितं मद्देह मांसाशिनः।
इत्युत्पन्न विकल्प जल्प मुखरैः तेघ्नन्त सर्वान् इति॥

६१—खुदग़र्ज़ी और स्वार्थ से सर्वनाश

आप लोग भली भाँति जानते हैं कि परमेश्वर ने सारे ब्रह्मांड का नक्शा यह शरीर बना रक्खा है। अगर इस शरीर में एक अंग भी खुदग़र्ज़ी करे तो शरीर भर का नाश हो जाय। कल्पना कीजिये कि किसी हलवाई की दूकान पर बहुत ही उत्तम लड्डू बने रक्खे हैं। और आँखों ने देखा कि वह लड्डू बने रक्खे हैं। अब अगर आँखें कहें कि-"हूँ, लड्डू तो हमने देखा है, काहे को किसी को बतायें" तो आँखें चल सकती नहीं, लड्डू कैसे पायें। दूसरे यदि पैर सहायता भी देदें तो आँखें लड्डुओं को खा नहीं सकतीं न उठा सकतीं और अगर आँखें उठायें भी तो आँखें फूट जाँय, अतः आँखों ने ऐसा जान पैरों को खबर दी। पैर लड्डुओं की खबर पा 'किं दूरं पञ्च योजनम्' के अनुसार फ़ौरन ही पहुँच गये। पर अब अगर पैर कहें कि-"हूँ, लड्डुओं की खबर तो हमने पाई, हम काहे को किसी को बतायें।" तो पैर उठाकर यदि हलवाई की दुकान से लड्डू उठाया जाय तो सिर के बल तड़ से पृथ्वी में गिर पड़ें। दूसरे पैर से चाहे आप लड्डू को मसल डालें पर पैर लड्डू खा नहीं सकते, अतः पैरों ने हाथों को सूचना दी। हाथों ने लड्डुओं की खबर पा चट ही

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गप्पा जमाया। अब अगर हाथ कहें कि—"हूं, हमने लड्डू पाया, हम काहे को किसी को दें।" तो जब तक जिस हाथ में लड्डू रहेगा, हाथ कुछ कर नहीं सकता। दूसरे हाथ लड्डू को तोड़ फोड़ चाहे फेंक भले ही दे पर खा नहीं सकता, अतः हाथों ने ऐसा जान मुँह को ख़बर दी। मुँह ने लड्डुओं की सूचना पा चट ही नीचे को चल कर गपक लिया। अब अगर मुँह कहे कि—"हूँ, हमने लड्डू पाया, हम काहे को किसी को दें।" तो बोलती मारी जावे। अब यदि कोई पूछे कि आपका क्या नाम है, तो मुँह सिवा गलबलाने के शब्द नहीं निकाल सकता। दूसरे मुँह सिवा दाँतों से लड्डू को चूरकर देने के खा नहीं सकता अतः ऐसा सोच मुँह ने लड्डू पेट को दिया। परन्तु यदि पेट कहे कि—"हूँ, हमने लड्डू पाया हम काहे किसी को दें।" तो पेट फूल जाय और मनुष्य टें हो जाय। नतीजा यह निकला कि यदि आँखें खुदग़र्ज़ी करतीं तो आँखें फूट जातीं, पैर खुदग़र्ज़ी करते तो पैर टूट जाते, हाथ खुदग़र्ज़ी करते तो हाथ मारे जाते, मुँह खुदग़र्ज़ी करता तो मुँह मारा जाता, पेट खुदग़र्ज़ी करता तो मनुष्य ही नाश हो जाता। परन्तु किसी अङ्ग ने खुदग़र्ज़ी न कर पेट को लड्डू दिया। पेट ने—

रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान् मेदः प्रजायते।
मदेसोऽस्थि ततो मज्जा मज्जाच्छुक्रस्य संभवः॥

इस प्रकार लड्डू को गला मल मूत्र का हिस्सा अलग कर रस, रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से मज्जा, मज्जा से हड्डी हड्डी से सार, सार से वीर्य्य बना सोचा कि सबसे पहले काम किसने किया था? पता लगा आँख ने। इस लिये सब से उत्तम हिस्सा वीर्य्य आँखों को दिया। इसी भाँति सबको बाँट दिया।

इसी भाँति संसार में यदि कोई क़ौम खुदग़र्ज़ी करे तो संसार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का नाश हो जाय और इसी से यह भी निकला कि परमेश्वर ने कुदरत में सबको एक दूसरे के परोपकार ही के लिये बनाया है। जहाँ परोपकार नहीं और खुदग़र्ज़ी है वहाँ नाश है। स्वार्थी सार्वजनिक कामों को बिगाड़ देते हैं, यथा—

तृणं चाहं वरं मन्ये नरादनुपकारिणः।
घासो भूत्वा पशून्याति भीरून्याति रणाङ्गणे॥

दीमक अपने आपके लिये अपने काम में चतुर होता है, परन्तु फलोत्पादक वा सामान्य वाटिका को वह हानि ही पहुँचाता है।

६२—शास्त्रों के अनुसार न चल कर अपना अपना मतलब निकालना

एक चिड़िया एक वृक्ष पर कुछ बोल रही थी और वृक्ष के समीप एक मेला लगा हुआ था जिसमें सभी क़ौम के लोग उपस्थित थे। लोगों ने पूछा—"भाई बोलो, यह चिड़िया क्या कह रही है?" उनमें प्रथम मुसलमान लोग बोले कि चिड़िया बोल रही है कि "सुभान तेरी कुदरत।" और हिन्दुओं ने कहा कि यह नहीं, बल्कि चिड़िया बोलती है कि "राम लक्ष्मण दशरथ।" और बनियों ने कहा वाह जनाब, यह क्या कहते हो, चिड़िया बोल रही है "हल्दी मिरचा ढक रख।" यह सुन कसरती लोग बोले कि वाह, यह आपने खूब कही, चिड़िया यह नहीं बोलती, बल्कि चिड़िया बोलती है कि "दण्ड मुगदर कसरत।" इसके बाद तँबोलियों ने कहा कि चिड़िया यह नहीं बोलती, बल्कि चिड़िया बोल रही है कि "पान पत्ता अदरख।" पुनः सूत कातनेवाली बुढ़ियों ने कहा कि चिड़िया बोलती

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है "चरखा पोनी चमरख।" पुनः माली बोले कि चिड़िया यह नहीं बोलती, बल्कि चिड़िया बोलती है "नींबू नारङ्गी कमरख" मारग सोइ जाकहँ जो भावा। पण्डित सोइ जो गाल बजावा॥

६३–आंधर–सोटा

एक बार एक पुरुष ने बहुत से स्थानों के अन्धों का निमंत्रण किया और घर में केवल एक आदमी के लायक़ भोजन बनवाया। सहस्रों अन्धे एकत्र हुये परन्तु उसने सम्पूर्ण अन्धों को पैर धुला-धुला बिठला दिया और जब परोसने खड़ा हुआ तो उसने अन्धों से कहा—"क्यों भाइयो, हम बार-बार क्यों हैरान हों कि एक बार पूड़ी परसें दूसरा दफ़े शाक लावें, तीसरी दफ़े दही लावें, इस प्रकार बहुत देर होगी, इससे तो अगर आप लोगों की सम्मति हो तो एक ही बार में सब परोसते जाँय।" अन्धों ने कहा—"बड़ी अच्छी बात है" उसने घर में जो सब सामान एक आदमी के लिये बनवाया था, एक अन्धे के आगे पूड़ियाँ, शाक, दही आदि सब परोस दिया। अन्धे ने टटोल लिया और संतोष कर गया कि सामान आ गया उस परोसने वाले पुरुष ने जब अन्धा अपने हाथ उठा कर बैठ गया तो उसके सामने से वह सम्पूर्ण सामान उठा उठा दूसरे के आगे परसा। उसने भी टटोला और जाना कि मेरे आगे भी सब सामान आ गया और वह भी संतोष कर हाथ ऊपर को उठा बैठ गया। उस परोसनेवाले पुरुष ने फिर वह सामान दूसरे अन्धे के सामने से उठा तीसरे के आगे परोसा। इस प्रकार सब को परोस गया और सबों ने यह निश्चय कर लिया कि हमारे आगे भोजन आ गया। अब परोसनेवाले पुरुष ने कहा—"अब आप लोग भोजन कीजिये।" अन्धों ने जब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने अपने आगे भोजन न देखा तो आपस में ही एक दूसरे पर दोषारोपण करने लगे। एक दूसरे को कहता था कि तूने मेरा भोजन क्यों उठा लिया? इस प्रकार खूब ही परस्पर में सोंटा चला। परन्तु यह झगड़ा जब पञ्चों में पहुँचा तो अन्धों ने कहा—"परोसने वाले ने परोसा है, इसका कुछ अपराध नहीं।"

इसका दृष्टान्त यह है कि इसी प्रकार अक़ल के अन्धों को झूठे भोजन रूप अधिकार और लालच दे दे लोग लड़ाया करते हैं, पर अन्धों को नहीं सूझता।

अविद्यायामन्तर वर्त्तमानः स्वयं धीरा पण्डिता मन्य माना।
जघन्य माना परियन्त मूढ़ा अन्धे नैव नीयमाना यथा अन्धा॥

६४—वर्तमान समय का पांडित्य

एक बार दो पण्डित १८ वर्ष काशीजी में पढ़कर अपने घर जा रहे थे। जब वे बहुत दूर निकल आये तो एक स्थान में मार्ग भूल गये। अब तो इन्हें बड़ा ही विस्मय हुआ। चारों ओर देखने लगे कि कोई मनुष्य हो तो मार्ग पूछें, पर कोई मनुष्य दृष्टि न आया तो इन्होंने सोचा कि देखें ऐसे अवसर के लिये हमारे शास्त्रों में क्या लिखा है। इन्हें याद आया कि—"महाजनो येन गतस्सपन्थाः" जिससे महाजन लोग जायँ वही पन्थ है इतने में चार मनुष्य एक मुर्दा लिये हुये निकले। इन्होंने उनसे पूछा—"भाई आप कौन लोग हैं?" उन्होंने कहा—"महाजन।" बस पण्डित लोग उन्हीं के पीछे पीछे हो लिये और जाकर श्मशान भूमि में जहाँ वे मुर्दा ले गये थे पहुँचे। वहाँ पहुँच कर सोचने लगे कि हम लोगों का क्या कर्तव्य है? देखें ऐसे अवसर के लिए हमारे शास्त्रों में क्या

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिखा है ? उन्हें याद आया कि—"राजद्वारे श्मशाने च यो तिष्ठति स बान्धवः" राजा के दरवाज़े और श्मशान भूमि में जो स्थित हो वह भाई है। इधर-उधर देखा तो वहाँ एक गदहा चर रहा था, उसे दोनों पण्डितों ने पकड़ा और कहा कि यह अपना भाई है। फिर सोचने लगे कि अब देखें शास्त्रों में क्या लेख है और हमारा क्या कर्तव्य है तो याद आया कि—"इष्टं धर्मेण योजयेत" भाई को धर्म में लगा देना चाहिये। फिर सोचने लगे कि धर्म क्या है ? तो उन्हें ख्याल आया कि—"धर्मस्य तुरिता गतिः" धर्म की ऊँट की सी चाल होती है। दैवयोग से एक ऊँट भी वहीं चुग रहा था। बस, इन दोनों ने ऊँट के गले में गधे को बाँध दिया। अब इधर तो गधा पैर फटफटा रहा था और 'हेंकों हेंकों' कर रहा था, उधर ऊँट अपनी गर्दन हिला हिला कर बल-बला रहा था और ये दोनों पण्डित यह अपूर्व दृश्य अलग खड़े देख रहे थे। अन्य लोगों ने इन दोनों से पूछा—"यह क्या आपने किया है ?" ये बोले—"भाई को धर्म में लगाया है, अब आप लोग पाण्डित्य देखिये।"

जिह्वायाश्छेदनं नास्ति न तालु पतनाद्भयम्।
निर्विशङ्केन वक्तव्यं वाचालः को न पण्डितः॥

६५—वर्तमान समय के श्रोता

एक जगह पण्डित कथा बाँच रहे थे बहुत से श्रोता सुन रहे थे परन्तु उन्हीं श्रोताओं में एक लालाजी भी थे जो क़ौम के कायस्थ थे। पण्डितजी ने कहा कि 'मुखादग्निरजायत' ब्रह्म के मुख से आग उत्पन्न होती है। पर लालाजी ने समझा कि ब्राह्मण के मुख से आग उत्पन्न होती है। अब कुछ दिन बाद लालाजी अपने घर एक दूसरे ग्राम को चले। लालाजी हुक्का

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुत पिया करते थे अतः इन्होंने तमाकू और चिलम तो लेली पर दियासलाई की डिब्बी इस लेये नहीं ली कि इन्होंने सुन रक्खा था कि ब्राह्मण के मुख से आग उत्पन्न होती है। इन्होंने सोचा कि दियासिलाई लेकर क्या करें, जहाँ ब्राह्मण मिल जायगा वहाँ पी लेंगे। लालाजी चलते-चलते दोपहर को एक कुयें के पास पहुँचे। वहाँ एक पुरुष को देख पूछा कि—"आप कौन हैं?" उसने कहा—"ब्राह्मण।" बस, लालाजी ने निश्चय कर लिया कि अब आग मिल जायगी, हुक्के पानी को आराम है, ऐसा सोच उतर पड़े। इन लालाजी से पण्डितजी ने भी पूछा कि—'आप कौन लोग हैं?" इन्होंने कहा—मैं महाराज कायस्थ हूँ।" बस इतनी पूँछ पाँछ होने पर ब्राह्मणजी तो सो गये, क्योंकि ये भोजन भाजन कर चुके थे और लालाजी स्नान भोजन करने लगे जब भोजन कर चुके तो लालाजी को हुक्के की आवश्यकता हुई। अतः इन्होंने चिलम में तम्बाकू रख, एक करण्डा ले ब्राह्मण के पास जा उसके मुँह में लगा दिया। बड़ी देर तक लगाये रहे, पर आग न निकली। तब सोचा कि यह मुँह के बाहर लगाये हैं, इसलिये आग नहीं निकलती, ऐसा विचार करण्डा ब्राह्मण के मुँह में घुसेड़ दिया। ब्राह्मण भरभरा के उठ बैठा और लालाजी से पूछा—"यह क्या करते हो?" लालाजी ने कहा—"महाराज, हमने कथा में सुना है कि ब्राह्मण के मुँह से आग पैदा होती है, सो आपके मुँह से ले रहे थे, क्योंकि ज़रा हुक्का पीनेवाले थे।" ब्राह्मण भी दूसरा परशुराम था। उसने लट्ठ उठा लालाजी की खोपड़ी में दिया। लालाजी बोले—"हैं हैं यह क्या करते हो?" ब्राह्मण ने कहा—"तुम कायथ हो, इसलिये चटनी को कैथा तोड़ते हैं।" धन्य रे श्रोताओ! बुद्धि की बलिहारी है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम् ।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति ॥

६६—बिना देश काल के विचारे काम करनेवाले की दशा

एक बार एक पुरुष कुछ बीमार था। उसने एक वैद्य के पास आकर अपना इलाज पूछा। वैद्यराज ने कहा कि—"तुम प्रथम जुल्लाब लो, तब हम तुम्हारा दवा करेंगे।" जुल्लाब की दवा देकर वैद्यराज ने कहा कि—"खाने को खिचड़ी खाना।" यह मनुष्य बेचारा साधारण ही पढ़ा लिखा था, इसने कहा—"वैद्यराज, आपने खाने का क्या बतलाया?" वैद्यराज ने कहा—"खिचड़ी।" यह जान वह बीमार पुरुष वैद्यराज को प्रणाम कर अपने घर को चल दिया, लेकिन थोड़ी दूर चलकर खिचड़ी भूल गया, फिर लौट कर वैद्यराज से पूछा— वैद्यराज आपने खाने को हमें क्या बताया था?" वैद्यराज ने कहा— खिचड़ी।" अब यह पुरुष 'खिचड़ी' शब्द को रटता हुआ घर को चल दिया और शीघ्र शीघ्र खिचड़ी, खिचड़ी' कहते जा रहा था। परंतु शीघ्र शीघ्र खिचड़ी-खिचड़ी कहने में वह पुरुष खिचड़ी के स्थान मे खाचिड़ी' रटने लगा। यह 'खाचिड़ी, खाचिड़ी' रटता हुआ जा रहा था कि मार्ग में एक काश्तकार ने जो अपने खेत से चिड़िया उड़ा रहा था इसके मुख से 'खाचिड़ी-खाचिड़ी' शब्द सुन इसे खूब ही पीटा और कहा कि—मैं तो चिड़िया उड़ा रहा हूँ और तू कहता है खाचिड़ी खाचिड़ी।" इसने कहा—"तो फिर हम क्या कहें?" काश्तकार ने कहा—"कहो उड़चिड़ी उड़चिड़ी।" अब यह पुरुष उड़चिड़ी उड़चिड़ी,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रटता हुआ आगे को चला। कुछ दूर पर एक बहेलिया चिड़िया पकड़ रहा था। यह पुरुष उधर ही से, उड़चिड़ी, उड़चिड़ी, रटता कहते हुये जा निकला। बहेलिये ने क्रोध में आकर कहा—"देखो तो इस बदमाश को, हम तो पकड़ रहे और मुश्किल से एक एक चिड़िया पकड़े मिलती है, पर यह कहता है कि उड़ चिड़ा उड़ चिड़ी।" उसने भी इसे खूब ही पीटा। इसने रोते रोते बहेलिये से पूछा कि—"भाई फिर क्या कहूँ ?" बहेलिये ने बतलाया कि कहो—"आवत जाव फँसि फँसि जाव, आवत जाव फँसिफँसि जाव।" अब यही रटते हुए यह पुरुष आगे चला कि एक स्थान में चोर चोरी कर रहे थे कि इतने में यह जा निकला और यह रटता था कि—"आवत जाव फँसि फँसि जाव, आवत जाव फँसि फँसि जाव।" चोरों ने कहा यह बड़ा ही पाजी है, देखो हम लोगों ने तो बड़ी कठिनता से सेंध लगा पाई है और यह कहता है—"आवत जाव फँसि फँसि जाव आवत जाव फँसि फँसि जाव" उन्होंने इसे बहुत पीटा, यह बिचारा फिर रोने लगा और चोरों से पूछा—"अच्छा हम अब क्या कहें ?" चोरों ने कहा—कहो लै लै जाव धरि धरि आव, लैलै जाव धरि धरि आव।" अब इसे ही रटता हुआ यह पुरुष आगे चला तो चार मनुष्य एक मुर्दा लिये हुये जा रहे थे। यह अपनी ध्वनि में रट रहा था कि—"लै लै जाव धरि धरि आव, लै लै जाव धरि धरि आव।" यह शब्द सुनते ही उन चारों पुरुषों ने मुर्दे को रख, इसे खूब ही दुरुस्त किया और कहा—"अबे उल्लू, हमारा तो नाश हो गया और तू कहता है कि—"लै लै जाव धरि धरि आव, लै लै जाव धरि धरि आव।" इस पुरुष ने रोते हुए इन चारों से पूछा—"तो महाराज फिर हम क्या कहें ?" उन्होंने कहा कि तुम कहो—"राम करै ऐसा दिन कबहुँ न होय, राम करै ऐसा दिन कबहुँ न होय।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब यही रटते हुए यह एक राजा के ग्राम से जा निकला। वहां तमाम उमर में राजा साहब के पहले हो लड़का हुआ था जिसकी प्रसन्नता में कहीं बाजे गाजे बज रहे थे, कहीं बन्दूकें तोपें छुट रही थीं, कहीं यज्ञ होम हो रहे थे, ऐसे समय में यह पुरुष यह कहते हुए कि—"राम करै ऐसा दिन कबहूँ न होय, राम करै ऐसा दिन कबहूँ न होय।" निकला और ये शब्द राजा के कान तक पहुँच गये। राजा साहब ने इसकी हड्डी हड्डी ढीली करवा दीं और कहा—"क्यों रे मक्कार, तमाम उमर में हमारे लड़का हुआ, तमाम गाँव प्रसन्नता मनावे और तू कहता है कि—"राम करे ऐसा दिन कबहूँ न होय?" इस पुरुष ने रोते हुए फिर राजा से पूछा— अच्छा महाराज तो हम क्या कहें?" राजा साहब ने बतलाया कि—"राम करै ऐसा दिन नित उठ होय, राम करै ऐसा दिन नित उठ होय।" अब इसी को रटते हुए यह पुरुष चला कि एक गाँव में आग लगी हुई थी, गाँव वाले सभी विचारे आपत्ति में थे और यह पुरुष यह कहते हुए कि—"राम करै ऐसा दिन नित उठ होय, राम करै ऐसा दिन नित उठ होय" जा निकला। लोगों ने इसे खूब मारा ग़रज़ इस प्रकार जहाँ यह गया वहां इसकी दुर्दशा हुई। किसी कवि ने सत्य कहा है—

अप्राप्त काले वचनं वृहस्पतिरपि ब्रुवन्।
लभते बहु यज्ञानं म्रियमानं च पुष्कलम्॥
अनवसरे च यदुक्तं तस्य भवति हास्याय।
रहसि प्रौढ़ बधूनां रति समये वेदपाठ इव॥

६७-शठ विना शठता के नहीं मानता

एक बाबाजी के पास कुछ सुवर्ण की अशरफ़ियां एक लोहे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के सोंटे में बन्द थीं। बाबाजी ने कहीं तीर्थ यात्रा करने का विचार किया, इस कारण बाबाजी एक सेठजी के पास जाकर बोले कि—"सेठजी ज़रा हमारा। यह सोंटा जब तक हम तीर्थ-यात्रा करके न लौटें रक्खे रहिये।" सेठजी बोले— महाराज, यहाँ सोंटा ओंटा रखने की जगह नहीं।" परन्तु जब बाबाजी ने बहुत कुछ कहा तो सेठजी ने कहा-"अच्छा महाराज जाओ उस कोने में रख दो, जब आना तब उठा लेना।" साधूजी सोंटा रख के चले गये। परन्तु यहाँ सेठानी और सेठ रोज़ उस सोंटे को उठा-उठा देखते रहे और आपस में कहते थे कि—"सोंटा भारी बहुत है, जाने क्या बात है।" सोंटे के ऊपर एक फुल्ली जड़ी हुई थी। सेठानी ने कहा—"मालूम देता है कि इस सोंटे के भीतर कुछ भरा है, हो न हो यह फुल्ली उखाड़ कर देखना चाहिये कि इसके भीतर क्या है?" सेठ ने ऐसा ही किया। जब फुल्ली उखाड़ी तो उससे पीली पीली अशरफ़ियाँ गिर पड़ीं। सेठ ने अशरफ़ियें घर में रख सोंटा फेंक दिया। जब कुछ काल के पश्चात् साधूजी लौटे और सेठ जी के पास जा सोंटा माँगा तो पहले तो सेठजी ने साधूजी को पहिचाना ही नहीं, जब पहिचाना तो बोले कि—"आप का सोंटा तो छछुन्दरी खा गई।" साधूजी चुप रह गये और सेठ जी के पास से चले गये। थोड़े दिन के बाद साधूजी आकर उसी गाँव में अध्यापकी का काम करने लगे। बहुत से गाँव के लड़के साधू जी के पास आने लगे और उन सेठजी का लड़का भी आने लगा जिन्होंने सोंटा छछुन्दरी को खिला दिया था। कुछ दिन के बाद साधू जी ने उस सेठ के लड़के से कहा कि—"देख, आज जब तुझे छुट्टी दें तो अमुक स्थान से लौट आना, अगर तू न लौटा और घर चला गया तो समझ लेना कि तेरी खाल खींच दूँगा।" सेठ का लड़का बेचारा भय से लौट आया। साधूजी ने उस लड़के को

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक कोठरी के अन्दर बन्द कर दिया और उसमें कुछ खाने को रख दिया एवं लड़के से कहा कि—"अगर तू बोला तो समझ लेना कि तू था ही नहीं।" थोड़ी देर में जब समय अधिक व्यतीत हुआ और लड़का घर न आया तो सेठजी ने अपने लड़के की तलाश की। जब लड़का न मिला तो सेठ ने आकर साधूजी से पूछा। साधूजी बोले—"भाई सब लड़कों से पूछ लो, हमने तो उसे छुट्टी दे दी, पर हम नहीं जानते कि आप का लड़का कहाँ गया ?" जब सेठजी ने लड़कों से पूछा तो लड़कों ने कहा कि—"हमारे साथ फलाँ स्थान तक गया, फिर हम नहीं जानते कि कहां गया ?" सेठजी फिर इधर उधर घूम कर साधूजी के पास आये और बोले कि—"साधूजी लड़का नहीं मिलता, न जाने कहां गया ?" साधूजी ने कहा—"यहाँ से तो हमने लड़के को छुट्टी दे दी थी परन्तु हाँ एक लड़के को एक गिद्ध उसकी चोटी पकड़े हुये ऊपर को लिये जारहा था ?" सेठजी ने पुलीस में रिपोर्ट की। थानेदार ने आकर पूछा कि—"साधूजी, सेठका लड़का कहां गया ?" साधूजी ने कहा—"हमने तो यहाँ से छुट्टी दे दी है, आप सब लड़कों से पूछ लें।" जब थानेदार ने लड़कों से पूछा तो लड़कों ने साफ कह दिया कि—"हजूर हमारे साथ वह लड़का फलाँ स्थान तक गया है, फिर हम नहीं जानते।" पुनः साधूजी बोले कि— थानेदार साहब, हाँ एक बात हमने देखी थी कि एक गिद्ध एक लड़के की चोटी पकड़े ऊपर को लिये जाता था।" थानेदार ने कहा—"कहीं गिद्ध लड़के की चोटी पकड़ के उड़ा ले जा सकता है ?" तब तो साधूजी ने कहा—

शठस्य शाठ्यं शठ एव वेत्तिनवा शठोवेत्ति शठस्य शाठ्यम्
छछुन्दरी खादति लोहदण्डं कथन्न गृद्धे न हतः कुमाराः॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महाराज ! "शठं प्रति शठं कुर्यात सादरम् प्रति आदरम्" इस कहावत के अनुसार जब तक शठ के साथ शठता न की जाय तब तक शठ नहीं मानता । महाराज, हम तीर्थ-यात्रा जाते समय इनके पास एक सोंटा रख गये थे जिसमें इतनी अशर-फियाँ थीं, जब हमने आकर इनसे सोंटा माँगा तो सेठजी बोले कि "लोहे का डण्डा तो छछुन्दरी खा गई" सो हजूर अगर छछुन्दरी लोहे का डण्डा उगिल दे तो गिद्ध भी सेठ का लड़का डाल देवे । यह सुन सेठजी ने सम्पूर्ण अशरफियाँ मय डण्डे के साधूजी के भेंट कीं और साधूजी ने सेठ का लड़का कोठरी से निकाल दिया । सच है, किसी कवि ने कहा है—

यस्मिन् यथा वर्त्तते यो मनुष्यास्तस्मिन् तथा वर्तितव्यं स धर्मः ।
मायाचारो माययावर्त्तितव्यः साध्वाचारः साधुना प्रत्युपेयः ॥

६८—श्राद्ध करना तो सहज है पर सीधा देना कठिन है

एक अहीर ने एक बार श्राद्ध करनी चाही, अतः सब सामान तैयार कर एक पण्डित को बुलाया । पण्डितजी ने कहा कि-"चौधरी साहब, जैसा हम तुमसे कहें वैसा करते जाना ।" चौधरी साहब ने कहा—"बहुत अच्छा ।" पण्डितजी ने कहा-"लेव चिरुआ में जल ।" चौधरी साहब ने लेकर कहा—"लेव चिरुआ में जल ।" पण्डितजी बोले—"हम तुम से कहते हैं ।" चौधरी साहब ने कहा—"हम तुम से कहते हैं ।" पण्डितजी ने कहा—"अबे सुनता नहीं ।" चौधरी साहब ने कहा—"अबे सुनता नहीं ।" पण्डितजी ने गुस्सा में आ एक थप्पड़ चौधरी साहब के मार दिया और कहा कि—"चिरुआ में जल लेकर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आचमन कर।" चौधरी साहब ने पण्डितजी को उठाकर देमारा और एक थप्पड़ लगा कर कहा—"चिरुआ में जल लेकर आचमन कर।" अब तो पण्डितजी को और क्रोध आ गया और वे—

लात घूँसा कमर मध्ये चटकनं मुख भञ्जनम् ।
चरणदासी सीस मध्ये बार बार धड़ाधड़म् ॥

यह श्लोक पढ़ अहीर को पीटने लगे। अहीर ने मारते मारते पण्डित की हड्डियाँ ढीली कर दीं। इस प्रकार दो घण्टे श्राद्ध हुआ। पश्चात् पण्डितजी काँखते कूँखते अपने घर पहुँचे पण्डितानीजी रास्ता देख रही थीं कि पण्डितजी श्राद्ध कराने गये हैं कुछ लिये आते होंगे। पण्डितजी की यह दशा देख पण्डितानी ने हाल पूछा। पण्डितजी ने सब हाल बताया। यहाँ चौधरीजी अपने घर आये तो चौधराइन ने पूछा कि—"श्राद्ध हो गया?" चौधरी ने कहा—"हाँ हो गया।" चौधराइन ने कहा कि—"पण्डितजी को सीधा नहीं दिया?" चौधरी बोले—'क्या बतावें श्राद्ध तो दो घण्टे तक होता रहा, पर सीधा देने का ख्याल नहीं रहा। अच्छा, अब तुम जाकर पण्डित को सीधा दे आओ।" चौधराइन आटा दाल घी लेकर ज्योंही पण्डित के मकान पर पहुँची तो वहाँ पण्डित और पंडिताइन दोनों क्रोध में जल रहे थे, अतः दोनों ने मिलकर चौधराइन को खूब पीटा पर चौधराइन जू इसलिये न बोलीं कि जानें सीधा शायद इसी प्रकार दिया जाता हो। जब चौधराइन पिट-पिटा के घर आईं तो चौधरी से बोलीं कि—"चौधरी" श्राद्ध करना तो सहज है पर सीधा देना बड़ा कठिन है, अगर तुम सीधा देने जाते तो मालूम होता।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६९—मार टोरि श्राद्ध कराना

एक पण्डित केवल श्राद्ध ही पढ़े हुए थे और जहाँ कहीं व्याह, जनेऊ मुण्डन, कर्णछेदन या भागवत आदि बांचने जाते वहां बेचारे और तो कुछ जानते ही न थे वही अपनी श्राद्ध की पोथी खोल कर बैठ जाते। एक जगह सत्यनारायण की कथा लगी। वहाँ से बुलावा आया तो पण्डितजी अपनी श्राद्ध की पोथी ले जा विराजे। वहाँ जब सत्यनारायण की कथा के स्थान में श्राद्ध का पाठ करने लगे तो एक जगह निकला कि 'अपसव्यं' लोगों ने कहा—"महाराज, यह सत्यनारायण की कथा में 'अपसव्यं' कैसा ?" तो पण्डितजी ने कहा कि "यह अध्याय की समाप्ति है, बोलो राधाकृष्ण की जै।

इति प्रथमोऽध्यायः।"

७०—अन्ध-परम्परा

एक बार एक सेठ जी के घर में व्याह होकर बरतौनी यानी मड़वा हो रहा था। लड़का लड़की गाँठ जोरे तथा सब लोग सेठजी के आँगन में बैठे हुए थे कि इतने में सेठजी के घर में एक बिल्ली मर गई। अब सेठानीजी ने सोचा कि ऐसे समय में मरी बिल्ली समिटवाकर बाहर भेजना अनुचित है, इससे सेठानीजी ने उस मरी बिल्ली को एक झावे के नीचे मूँद दिया। यह सम्पूर्ण चरित्र सेठजी की लड़की अपने आँगन में बैठी-बैठी देखती रही। जब वह लड़की अपने सासुरे पहुँची और बहुत दिन के पश्चात् उसके सासुरे में जब उसकी ननँद का व्याह हुआ और जब बरतावन होने लगी और सब लोग आँगन में आये तो उसने अपनी सास से कहा—"अम्मा, एक बिल्ली तो लाओ।" पूछा—"क्यों ?" कहा—"हमारे यहां मार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के भौवे के नीचे इस मौके पर मूँदी जाती है।" सास ने बिल्ली मँगादी। बहू ने सोटा ले बिल्ली को मारना प्रारम्भ किया। अब वहां शोर मचा। इसी भाँति हमारे बहुत से भाई बिना समझे बहुत सी बातों को सनातन समझ बैठते हैं।

दानाय लक्ष्मी सुकृताय विद्या चिन्ता परब्रह्म बिचारणाय।
परोपकाराय वचांसि यस्य धन्यस्त्रिलोकी तिलकः स एव॥

७१—क्या से किसे मान बैठे

एक ब्राह्मण की लड़की जन्म से ही बड़ी साध्वी और भक्त थी। निशि दिन भजन, ईश्वर में वृत्ति, गीता का पाठ और इस महामन्त्र का जाप किया करती थी कि—

राम कृष्ण गोपाल दमोदर हरि माधव मधुसूदननाम।
कालीमर्दन कंसनिकन्दन देवकीनन्दन त्वं शरणम्॥
चक्रपाणि वाराह महीपति जलशायक मङ्गल करणम्।
एते नाम जपौ निशि बासर जन्म जन्म के भय हरणम्॥

परन्तु जब यह लड़की कुछ बड़ी हुई तो इसका व्याह हुआ और जिस पुरुष के साथ इसका ब्याह हुआ उसका नाम भी 'देवकीनंदन' था और लौकिक प्रथा यह है कि स्त्री पति का नाम नहीं लेती है इस लिये इस लड़की का जिस तारीख से व्याह हुआ, उसके उस महामंत्र के भजन में बिघ्न पड़ गया। क्योंकि उसके महामंत्र में यह शब्द आता था कि देवकीनंदन त्वं शरणम् और यही नाम उसके पति का था, इस कारण इसने इस महामंत्र का भजन ही छोड़ दिया। परन्तु कुछ काल के पश्चात् देवकीनन्दन की स्त्री के एक लड़की उत्पन्न हुई। उसका नाम उस लड़की, देवकीनंदन की स्त्री, ने 'चम्पो, रखवाया। बस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसी तारीख से देवकीनंदन की स्त्री का महामंत्र बिना पति का नाम उच्चारण किये ही बन गया। जहाँ वह प्रथम कहा करती थी कि—

राम कृष्ण गोपाल दमोदर हरिमाधव मकसूदन नाम।
कालीमर्दन कंसनिकन्दन देवीकनन्दन त्वं शरणम् ॥

अब ऐसा कहने लगी कि—

राम कृष्ण गोपाल दमोदर हरिमाधव मकसूदन नाम।
कालीमर्दन कंसनिकन्दन चम्पो के चाचा त्वंशरणम् ॥

मित्रो, भजन तो बन गया पर उसे यह परिज्ञान न हुआ कि प्रथम मैं किन देवकीनन्दन का भजन करती थी और चंपो के चाचा कौन हैं? यानी कृष्ण भगवान् के स्थान में चंपो के चाचा के भजन होने लगे। बस, समझ लो कि हम क्या से क्या मान बैठे?

अन्धं तमः प्रविशन्ति ये सम्भूतिमुपासते।
ततोभूय इवते य ऊ सम्भुत्या ँ रताः॥

७२–खुशामदियों से दुर्दशा

एक राजा के यहाँ बहुत से खुशामदिये रहा करते थे। खुशामदियों को बहुत दिनों से कोई बग्गी नहीं जमी थी, अतः एव ये लोग आपस में सम्मति करके कि राजा साहब से अब कुछ लेना चाहिये राजा साहब के पास पहुँचे और उनसे बोले कि—"राजा साहब, और तो आपने दुनिया में आकर सम्पूर्ण ऐश आराम कर लिये, पर कभी आपने इन्द्र की पोशाक भी पहरी है ?" राजा ने कहा—"नहीं, क्या इन्द्र की पोशाक किसी प्रकार मिल भी सकती है?" खुशामदियों ने कहा—"हाँ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरकार, मिल तो सकती है पर उसमें खर्च ज्यादा है, और कठिनता से मिल सकती है।" राजा ने कहा—"इसकी कुछ परवाह नहीं, तुम बताओ तो सही कि इन्द्र की पोशाक किस प्रकार मिल सकती है?" खुशामदियों ने कहा-"महाराज, दस हज़ार रुपया हमें खज़ाने से दिया जाय तो हम लोग जाकर छै मास में लेकर लौट सकते हैं।" राजा ने उसी समय दस हज़ार रुपये का हुक्म करा दिया। खुशामदियों ने दस हज़ार रुपया तो लाकर घर में रक्खा और आप ६ मास तक इधर उधर बने रहे। जब छै मास व्यतीत हो गये तो खुशामदिये दो ताले बन्द खाली संदूकें लेकर राजा की सभा में आ बिराजे। राजा साहब इन्हें देख बड़े ही प्रसन्न हुये और बोले कि—"कहो, तुम लोग इन्द्र की पोशाक ले आये?" खुशामदियों ने उत्तर दिया कि—'हाँ सरकार, इन्द्र की पोशाक तो ले आये, परन्तु महाराज इन्द्र ने यह कह दिया है कि यह पोशाक असलों को दीख जायगी, दोगलों को कभी दीख नहीं सकती।" राजा ने कहा-"खैर अब आप इसे खोलिये।" खुशामदियों ने कहा कि-"प्रथम आप अपने पुराने कपड़े सब के सब उतार दीजिये।" राजा ने वैसा ही किया। अब खुशामदियों ने खाली सन्दूकें खोला खाली हाथ संदूक में डाल और खाली ही निकाल बोले कि—"राजा साहब, ये लीजिये इन्दर की धोती, इसे पहिनिये और इस पुरानी धोती को भी उतार दीजिये।" राजा पुरानी धोती भी खोल नंगे हो गये। सभा के लोग बोले—"वाह वाह! क्या ही अच्छी इन्द्र की कामदार धोती है।" क्योंकि सब डरते थे कि अगर हमने यह कह दिया कि धोती ओती कुछ नहीं है, राजा साहब आप तो नंगे हैं तो हमारी असलियत में फ़र्क लग जायगा और दोगले कहे जायँगे। इसी प्रकार खुशामदियों ने खाली हाथ डाल फिर कहा—"राजा साहब, यह क़मीज पहि

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निये।" फिर सबों ने कहा—"वाह वाह ! क्याही अच्छी कमीज है।" फिर खुशामदिये वाले—"राजा साहब, यह वास्कट पहिनिये।" फिर सभा के लोगों ने वाह वाह की। खुशामदियों ने कहा कि—"राजा साहब, लीजिये यह पाजामा पहिनिये।" फिर सब लोगों ने वाह वाह की। इसी भाँति सम्पूर्ण पोशाक पहिना राजा साहब से कहा—"अब आप शहर की हवा खा आइये।" राजा साहब फिटन पर सवार हो नंगे शहर घूमने निकले, परंतु शहर में राजा साहब की शकल देख लोग कहते थे कि—"राजा क्या आज पागल हो गया है जो शहर में नङ्गा घूम रहा है? जब राजा ने सुना कि शहर वाले हमें नंगा कह रहे हैं तो राजा ने कहा कि— ये सब दोगले हैं।" जब राजा साहब शहर घूम आये तो खुशामदियों ने कहा—"राजा साहब, जरा महलों में भी हो आइये ताकि इन्द्र की पोशाक सब रानियाँ भी देख लें।" राजा साहब जब महल में पहुँचे तो रानियाँ राजा को नंगा देख सब इधर उधर भगने लगीं। राजा ने कहा कि—"तुम सब क्यों भगती हो?" रानियों ने कहा--"महाराज आज आपको क्या हो गया है जो नंगे फिर रहे हो?" राजा बोले कि—"तुम सब दोगली हो। हम तो इन्द्र की पोशाक पहिर रहे हैं, सो यह असलों को ही दीखती है, दोगलों को नहीं।" रानियों ने हाथ जोड़ राजा साहब से प्रार्थना की कि—महाराज आप चाहे और सम्पूर्ण पोशाक इन्द्र की ही पहिनिये परन्तु धोती केवल अपने देश ही की रखिये।"

ऐसी ही दुर्दशा आज कल के खुशामदिये हमारे भोले भाले भाइयों की करा रहे हैं—

सचिव वैद्य गुरु तीनि जो, प्रिय बोलें भय आश।
तेहि राजा कर अवशि ही, होत वेग ही नाश॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७३—धर्मध्वजी

एक पण्डित बड़े ही भक्त और शुद्धाचारी यानी नित्य प्रातः काल उठ के शौच दन्तधावन स्नान दुर्गापाठ आदि-आदि कर्म किया करते थे। परन्तु पण्डितजी को केवल मांस खाने की आदत थी। एक दिन पण्डितजी महाराज को कहीं मांस न मिला और पण्डितजी स्नान करने जाते थे कि इतने में एक छोटी बकरी जो पण्डितजी के पड़ोसी की थी उनके घर आ गई। पण्डितजी गँड़सा ले उसे यमपुर पहुँचा, उधेड़ काटकर पण्डितानी से बोले कि—"तुम जब तक इसे बनाओ, मैं स्नान कर पाठ करने जाता हूं।" पण्डितजी स्नान कर पाठ करने लगे और वह बकरी थाल में कटी रक्खी थी और पण्डितानी मसाला बाँट रही थीं कि इतने में पड़ोसिन जिसकी कि वह बकरी थी पण्डित के घर आग लेने आई। पण्डित दुर्गापाठ कर रहे थे। पण्डितजी पड़ोसिन को देख पाठ करते हुये प्रवाह में पण्डितानी से बोले—

या देवी भूतेषु चेतनेत्यभिधीयते।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः॥

पुनः इसी प्रवाह में बोले—

झाँपनियां झाँपनियाँ जिनकी हम मारी मेंमनियाँ सो तो ठाढ़ी आँगनियाँ नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।

पंडितानीजी कुछ पढ़ी हुई थीं, यह पाठ सुनते ही उन्होंने मांस ढक दिया।

मित्रो! अब इस हिंसा कर्म को छोड़ अहिंसक बनो और वंचकता छोड़ पूरे साधु बनो।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हंसः प्रयाति शनकैर्यदि यातु तस्य नैसर्गिकीगतिरियं नहि तत्र चित्रम् । गत्या तया जिग्रमिषूर्बक एष मूढ़स्चेतो दुनोति सकलस्य जनस्य नूनम् ॥

७४–गुरू चेला

एक क्षत्री एक बार एक पंडित के चेला होने गये। क्षत्री जी लोटा, धोती खड़ाऊँ आदि-आदि सामान भेंट कर पंडितजी से 'नमो भगवते वासुदेवाय नमः।' यह मन्त्र सुन चेला हुये। परन्तु पण्डित जी ने सुन रक्खा था कि इन कुंवरजी की स्त्री बड़ी ही सुन्दर है, अतः पण्डितजी अपने नये चेले से बोले कि "आप को सपत्नीक चेला होना चाहिये, अभी तो आप आधे चेला हुये हैं।" क्षत्री बेचारे सीधे सादे थे। उन्होंने कहा–"तो पण्डितजी अब क्या हो अब तो हम चेला हो चुके।" पण्डितजी ने कहा—"सो अभी क्या हुआ, तुम अपनी स्त्री को ले आओ, उसको हम फिर मन्त्र सुना देंगे। कुँवरजी ने क्षत्राणी को ले आकर पण्डितजी से कहा–"गुरुजी महाराज, अब आप इसे भी मन्त्र सुनाइये।" गुरुजी ने कहा—"स्त्रियों को मन्त्रोपदेश इस प्रकार नहीं किया जाता। इनका मन्त्र कोई मनुष्य न सुन सकेगा, इस लिये इन्हें एकान्त में मन्त्रोपदेश करेंगे।" कुँवरजी ने यह गुरु-आज्ञा पा अपनी स्त्री को गुरुजी के साथ एक कोठरी में एकान्त कर दिया और कहा कि—"अब आप इसे मन्त्रोपदेश कर दें!" परन्तु क्षत्राणी और क्षत्री दोनों कुछ संस्कृत पढ़े हुये थे और यह बात गुरुजी को मालूम न थी। गुरुजी कोठरी में क्षत्राणीजी से बोले कि—"इमं भूमिं गोकुलं मानय" इस भूमि को गोकुल मानो। पुनः बोले कि—"अहं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कृष्णं मन्ये" और हमको कृष्ण मानो। पुनः बोले कि—"त्वं आत्मानं राधां मनयस्व" और तुम अपने को राधा मानो। पुनः बोले—विहारं कुरु" और भोग विलास करो। परन्तु यह सब वार्ता कुँवरजी सुनते जाते थे। पण्डित तो समझते थे कि कुँवर वहाँ नहीं हैं क्योंकि कह दिया था कि स्त्रियों का मंत्रोपदेश आपको नहीं सुनना चाहिये, पर कुँवर को पण्डित के वर्त्ताव से कुछ संशय हो गया था, इस लिये वे कोठरी के पास ही सुन रहे थे, बस इतना सुनते ही कुँवरजो किवाड़ों में धक्का मार जा कूदे और बोले कि—

"अहम् यमलोक समागतोहं इमं यमदंडविद्धिअनेनदुष्टा दन्याः।"

अर्थात् मैं यमलोक से आया हूँ और यह यमदण्ड है, सो इससे यम की आज्ञा है कि ऐसे ऐसे दुष्टों का नाश करो।

७५—चेले का इस्तीफा

एक पंडितजी को एक वैश्य ने अपना गुरु किया था और उनसे एक कंठी ली थी और चेला बना भक्ति किया करता था, परन्तु पण्डितजी को जहाँ-कहीं जो कुछ सामान मिलता, चेले पर ही लदवाते थे। इस प्रकार धीरे-धीरे चेले के पास बोझा अधिक हो गया था। चेला बोझे से हैरान था परन्तु पण्डितजी ने अपनी ध्वनि न छोड़ी। एक दिन चलते-चलते गुरु चेला दोनों एक कुएँ पर जा उतरे चेले की कमर बोझे से टूट रही थी, जब तक पण्डितजी को किसी ने उसी कुएँ पर आकर और एक लोटा धोती दिया। गुरूजी बोले—"चेला, ले इसे और रख ले चेले ने दाहिने हाथ से कंठी तोड़ गुरु से कहा कि—"यह लीजिये इसे लेकर आप किसी ऊँट के बाँधिये जो आपका बोझा ढोवे, हम से यह बोझा नहीं चलता।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७६—भारवाही

एक साधूजी बिलकुल मूर्ख थे, लेकिन कुछ संन्यासी महात्माओं का उपदेश श्रवण करने से उनके हृदय में यह भाव उत्पन्न हुआ कि गीता पढ़ना चाहिये। एक दिन एक राजा साहब अपने टमटम पर हवा खाने निकले। साधूजी ने राजा साहब को जा घेरा और हाथ जोड़ खड़े हो गये। राजा साहब ने कहा—"कहिये, आप क्या चाहते हैं? क्यों आप इतनी तकलीफ़ उठा रहे हैं? कहिये।" साधूजी ने कहा—"महाराज, हमें एक गीता की पोथी ले दो।" राजा साहब ने कामदारों को आज्ञा दी कि—"इस साधु को एक गीता की पुस्तक ले दो।" दूसरे दिन साधू कामदारों के पास गया तो उन्होंने बड़ी उत्तम सुर्ख जिल्द बँधी हुई गीता की एक पुस्तक उसे ले दी। यह साधू सुर्ख जिल्द गीता को पाकर कूदने लगा और बोला—"गीता गीता गीता, हमारा गीता।" और बार बार उस ज़िल्द को अपनी छाती में लगाता और कहता था कि—"गीता, बड़ी अच्छी गीता मेरी गीता।" कभी उसे चूमता और कहता—"गीता।" गीता ले जब यह मार्ग में आया तो कहा कि—"इसमें बाँधने के लिये कोई बसना यानी बस्ता होना चाहिये, नहीं तो इसकी जिल्द बिगड़ जायगी।" निदान साधु ने कपड़ा खरीद उसमें गीता लपेटकर रात को अपनी कुटी में रक्खा, परन्तु रात में चूहे आकर उसकी गीता खुतर गये। जब प्रभात हुआ तो साधूजी ने ज्योंही अपनी गीता को देखा तो देखते क्या हैं कि उसे चूहे काट गये। अब तो महात्माजी को बड़ा ही कष्ट हुआ। दूसरे दिन साधुजी ने गीता की पोथी यद्यपि बड़ी सावधानी से रक्खी, पर चूहे उसे फिर खुतर गये। अब तो तीसरे दिन महात्माजी देखकर बड़े दुखी हुये। लोगों से पूछा—"भाई, क्या करें

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारी गीता की पोथी नित्य चूहे खुतर जाते हैं।" लोगों ने कहा—"महाराज, एक बिल्ली पालिये ताकि चूहे आपकी पोथी न खुतरें।" महात्माजी ने एक बिल्ली भी पाली, परंतु चूहों का काटना न बंद हुआ। दो एक दिन उस बिल्ली ने चूहे तोड़े किंतु जब वह भूखों मरने लगी तो उसने चूहों का तोड़ना बन्दकर दिया। महात्मा ने फिर लोगों से पूछा- क्यों भाई लोगो, अब तो बिल्ली भी चूहा नहीं तोड़ती।" लोगों ने कहा—"महात्माजी बिल्ली चूहे कैसे तोड़े, कुछ खाने को भी पाती है? बिल्ली को आप गाय का दूध पिलाया करें फिर देखें कि वह कैसे चूहा नहीं तोड़ती?" अब तो महात्माजी ने बिल्ली के दूध पिलाने के लिये एक गाय मोल ली। महात्मा ने गाय इसलिये ली कि बिल्ली गाय का दूध पीकर पुष्ट हो और चूहे तोड़े ताकि चूहे गीता की पुस्तक न काटें। परन्तु गाय भी दो रोज दूध दे, तीसरे दिन लातें फेंकने लगी। महात्माजी लोगों से बोले—"भाइयो, अब तो गाय भी दूध नहीं देती कि जो बिल्ली पिये और चूहे तोड़े ताकि गीता बचे।" लोगों ने कहा—"गाय को कुछ खिलाते भी हो कि दूध ही दे! इसे हरी घास खिलाया करो।" अब महात्माजी को फिक्र हुई कि अगर एक आदमी मिल जाय तो हरी हरी घास लाया करे। इतने में एक स्त्री अतिदीन, जिसकी अवस्था चौबीस पच्चीस वर्ष की थी, महात्मा के पास भीख माँगने आई। महात्मा ने कहा—"अरी तू हमारे यहाँ रह कर इस गैया को हरी हरी घास रोज़ एक गट्ठा छील लाया कर, हम तुझे खाने भर को भोजन दिया करेंगे।" स्त्री ने स्वीकार कर लिया और रोज़ गाय को हरी हरी घास छील लाती और गाय की सेवा किया करती थी। अब तो महात्माजी की गाय खूब दूध देने लगी जिससे कि बिल्ली तो दूध पीती ही थी और महात्मा भी खूब रबड़ी उड़ाया करते थे और बचा बचाया

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्त्री भी खा लेती थी। परन्तु आप जानते हैं कि महाराज भर्तृहरि ने कहा है कि—

भिक्षाऽशनं तदपि नीरसमेक वारं,
शय्या च भूः परिजनो निजदेह मात्रम्।
वस्त्रं चजीर्ण शतखण्ड मलीनकन्या,
हाहा तथापि विषया न परित्यजन्ति ॥

भिक्षा ही जिनकी वृत्ति हो और निरस भोजन दिन भर में एक बार मिलता हो और पृथिवी ही जिनकी शय्या हो और अत्यन्त पुराने हज़ारों टुकड़ों की जुड़ी हुई गुदड़ी पहिरे हुए हों, ऐसी अवस्था में भी यह विषय-वासना नहीं छोड़ती। और भी कहा है—

कृशः काणः खञ्जः श्रवणरहितः पुच्छविकलो,
वृणी पूतिः क्लिन्नः कृमिकुलशतैरावृत तनुः।
क्षुधाक्षामी जीर्णा पिठरजकपालाऽर्पित गलः-
शुनीमन्वेतिश्वा हतमपि च हन्त्येव मदनः॥

अर्थ—महा दुबला, एक आँख फूटी, देह भर में खारिस, पूँछ कटी हुई, देह में बड़े-बड़े फोड़े जिनमें कीड़ों के परिवार के परिवार घुसे, क्षुधा से पीड़ित घड़े का घेरा गले में; ऐसा कुत्ता भी जब कुतिया के पीछे दौड़ता है, तो रबड़ी खानेवाले की तो बात ही क्या ? बस, महात्माजी उस घसियारी से फस गये। पुनः कुछ काल में उसी घसियारी से महात्माजी के एक लड़का और एक लड़की उत्पन्न हुई। कुछ दिन के बाद एक दिन महात्माजी एक लड़का इस कन्धे पर और लड़की उस कन्धे पर, गीता की पुस्तक बगल में, पीछे पीछे स्त्री और उसके पीछे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गाई और साथ ही साथ बिल्ली आदि अपने सारे सामान से चले जा रहे थे और उधर से उन्हीं राजा साहब की सवारी जिन्होंने कि महात्मा को गीता ले दी थी आ रही थी। जब राजा साहब बराबर पर आये तो उन्होंने महात्मा को पहिचाना और उनकी यह दशा देख सवारी खड़ी कर उनसे पूछा- "कहो महाराज, गीता कितनी पढ़ी?" महात्मा बोले—"महाराज, १८ अध्याय में केवल ५ अध्याय हुये हैं।" दहिने कन्धे की तरफ़ इशारा करके कि एक अध्याय यह, बायें की तरफ़ इशारा करके कि दूसरा अध्याय यह, पीछे की तरफ़ इशारा करके कि तीसरा यह, उससे पीछे की तरफ़ इशारा करके कि चौथा यह और बिल्ली की ओर इशारा करके कि पाँचवाँ यह। राजा यह सुन चले गये।

७७–अविद्या की हठ

शुक्लांबरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्।
प्रसन्नवदनं ध्यायेत सर्व विघ्नोपशान्तये॥

इस श्लोक के अर्थ में एक पंडितजी ने एक राजा सहब को 'रूपया, बतलाया और इस प्रकार अर्थ किया कि 'शुक्लांबरधरं' यानी रूपया सफेद सफेद होता है, 'विष्णु" जो चर अचर में व्यापक हो वह विष्णु कहावे, रूपये के बिना किसी का काम नहीं चलता इससे वह व्यापक है, और 'शशिवर्ण' गोल गोल चंद्रमा सा होता है, 'चतुर्भुजम्' चार चवन्नी होती हैं इस लिये चतुर्भुज भी है, 'प्रसन्न वदनं' और वह चमचमाता भी है, "ध्यायेत्" उस रूपये के धारण करने से सम्पूर्ण विघ्न शान्त हो जाते हैं। उस दिन से जो पण्डित इन राजा साहब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के पास आता तो उससे राजा साहब यही श्लोक पूछा करते थे और जब पंडित इसको विष्णु की स्तुति में ले जाता यानी ठीक-ठीक अर्थ करता तो राजा साहब कहते कि यह अर्थ ग़लत है और अपने को तथा अपने गुरू को बहुत कुछ धन्यवाद दिया करते थे। बहुत काल के बाद एक पंडित राजा के पास आये। उनके आते ही राजा ने वही प्रश्न किया। पंडितजी ने राजा का रूपये वाला अर्थ जान लिया था, इस लिये राजा के पूछते ही कह दिया कि-"महाराज, इसका अर्थ रूपया है।" राजा बड़ा प्रसन्न हुआ और कहा—"इतने दिन पर हमारे गुरू के बाद दूसरे पंडित आप ही मिले हो।" तब तो इन दूसरे पंडित ने कहा—"महाराज इसका एक अर्थ हम और आपको बतावें जो कोई न जानता हो।" राजा साहब ने कहा-"बताइये।" पंडितजी ने कहा कि—"इसका अर्थ 'दहीबड़ा' भी हो सकता है। देखो 'शुक्लांबरधरं' दही बड़ा सफ़ेद-सफ़ेद होता है, "विष्णु" व्यापक है ही यानी सब कोई खाता है, 'शशिवर्णं' गोल-गोल होता ही है, 'चतुर्भुजम्' चतुरों के खाने योग्य अर्थात् चतुर ही इसे खाते हैं, 'प्रसन्न वदनं" फूला हुआ होता ही है और इसके धारण अर्थात् खाने से सम्पूर्ण विघ्न शान्त हो जाते हैं। राजा यह अर्थ सुन बड़ा प्रसन्न हुआ और पंडित को बहुत कुछ दक्षिणा दे विदा किया। परन्तु यह 'बड़े' का अर्थ करने वाला पंडित विद्वान् था, उसके हृदय में यह शोक हुआ कि देखो यह राजा कैसी मूर्खता में फँसा है अतः इससे इसे निकालना चाहिये। ऐसा विचार राजा के यहाँ ठहर कर राजा साहब को पढ़ाने लगा। थोड़े काल में राजा साहब को अष्टाध्यायी महाभाष्य और कुछ काव्य पढ़ा कर एक दिन राजा साहब से कहा कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'शुक्लांबरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम् ।
प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्व विघ्नोपशान्तये ॥

इसका क्या अर्थ है ? "रुपया या दहीबड़ा ?" राजा साहब ने कहा—"महाराज, इसका असली अर्थ तो इन दोनों में एक नहीं ।" पंडित ने कहा--"हम प्रथम यदि इसका और और अर्थ बतलाते तो क्या आप कभी मानते ?"

७८—कृतघ्नता ।

एक ग्राम में दो पुरुष पास ही पास रहते थे, उनमें एक का नाम मिट्ठनलाल और दूसरे का दीपचन्द था। इनमें मिट्ठनलाल की स्त्री पढ़ी लिखी, बड़ी ही चतुर और सुशीला थी और दीपचंद की स्त्री यद्यपि कुछ कम पढ़ी थी पर चालाकी और चतुराई में कम न थी। दीपचंद की स्त्री मिट्ठनलाल की स्त्री से हर बात को इस प्रकार चतुराई से पूछती थी कि इससे सीख तो लेऊँ ही पर इसे यह न मालूम पड़े कि यह सीखती है और हर बात के पूछने पर जब वह बतला देती तो यह कह दिया करती कि "यह तो हमें पहले ही से मालूम था।" मिट्ठनलाल की बिचारी सीधी स्त्री यह तो जान ही लेती थी कि यह चतुराई करती है पर कुछ कहती नहीं थी। इस प्रकार बहुत काल तक दीपचंद की स्त्री मिट्ठनलाल की स्त्री से धूर्तता करती रही। परन्तु एक दिन मिट्ठनलाल की स्त्री को क्रोध आया और उसने कहा कि दीपचन्द की स्त्री हमीं से सीख जाती है और मानती नहीं इस लिये इसे इसकी कृतघ्नता का फल देना चाहिये। मिट्ठनलाल की स्त्री यह सोच ही रही थी कि इतने में दीपचन्द की स्त्री आ पहुँची, तब तो मिट्ठनलाल की स्त्री

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोली—"बहिन कल अमुक त्योहार है इस लिये कल पूरनपूरी हुआ करती है, सो तुम भी अपने घर करना।" दीपचन्द की स्त्री ने पूछा—"बहिन पूरनपूरी किस तरह हुआ करती हैं ? उसके बनाने की क्या विधि है ?" मिट्ठनलाल की स्त्री ने कहा—"बहिन जिस दिन पूरनपूरी करना हो सुबह से उठ के झाड़े जंगल हो, नाई से सब बाल बनवाडाले और फिर कोयला पीस कर सारी देह में लगावे और जूतियों का माला बना के पहिरे फिर नंगे होकर नंगे २ दूध में कुछ घी डाल के आटा माड़े, फिर नंगे नंगे ही करे और किसी से बोले नहीं।" दीपचंद की स्त्री बोली—"यह तो मैं पहले ही से जानती थी।" मिट्ठनलाल की स्त्री ने मन में कहा—'जा रांड, तुझे यह तो मैं पहले से ही जानती थी का फल कल मिलेगा।" अब दीपचन्द की स्त्री ने घर में आकर अपने पति से कहा—'कल हमारे यहाँ अमुक त्योहार है, सो मुझे अमुक २ वस्तु ला दो और दुपहर तक घर न आना क्योंकि मैं पूरनपूरी करूँगी।" दीपचन्द ने सामान ला दिया और प्रातःकाल से वे अपने काम में चले गये। यहाँ इनकी स्त्री ने झाड़े जगल हो, नाई को बुला सब शिर घुटा दिया, फिर नहाकर कोयला पीस सारे शरीर में लगाया, पुनः जूतियों की माला पहिन नंगी हो दूध में आटा सान नंगी २ पूड़ियाँ बना रही थी कि इतने में इसे सुबह से तीन बज गये और इसका पति आ गया। यह घर के किवाड़ बन्द किये पूरनपूड़ियाँ बना रही थी। पति ने दर्वाज़े से कई बार बुलाया पर इसने किवाड़े न खोले। इसे संदेह हुआ कि जाने मेरी स्त्री मर गई या उसे सर्प ने काटा या कोई अन्य पुरुष मेरे घर में है, मेरी स्त्री जाने किवाड़े क्यों नहीं खोलती ? ऐसा सोच एक पड़ोसी के मकान से होकर जिसकी कि छत इसकी छत से मिली थी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने घर पहुँचा तो देखता क्या है कि वह नंगी सिर मुड़ाये सारे शरीर में कोयला लगाये, जूतियों का हार पहने पूरनपूड़ी कर रही है। प्रथम तो पति को देखते ही यह सूख गई, पुनः पति ने कहा—"क्योंरी चूड़यल, यह क्या शकल बनाई है?" किन्तु यह पूरनपूरी के ध्यान में मस्त थी, इस कारण न बोली पति ने कोड़ा ले इसकी खाल खींच दी। तब तो बोली कि मुझे यह सब मिट्ठनलाल की स्त्री ने बतलाया था।

अब आप सोचें कि कृतघ्नता ने क्या २ दुर्दशा कराई और और अन्त में यह खुल ही गया कि मैं मिट्ठनलाल की स्त्री से सीख आई थी।

७६—अमल के बिना लोग पीछे नहीं चलते

एक नदी के तट पर एक अन्धा और लँगड़ा बैठे हुये थे। एक पथिक नदी के समीप पहुँचे और अन्धे से पूछा कि "नदी कितनी है?" अन्धे ने कहा—"मोटी जाँघ से।" पथिक ने कहा—"तुमने देखी?" कहा—"मैं तो अन्धा हूँ मैं कैसे देखता?" लँगड़े से पूछा—"नदी कितनी?" लँगड़ा बोला—"कमर से।" पथिक ने पूछा—'तुमने मँझाई?" इसने कहा—"मैं तो लँगड़ा हूँ, कैसे मँझाता।" यह सुन पथिक संशय में था कि नदी के पार कैसे जाऊँ? जाने नदी कितनी गहरी, कहाँ से कैसा रास्ता हो? पथिक यह विचार ही रहा था कि इतने में एक ऐसा पुरुष जो नदी के समीप ही रहता था तथा उसके आँखें और पैर दोनों थे और कई बार उसकी नदी मँझाई हुई थी आया और बेडर नदी मँझाने लगा और उस पुरुष से जो संशय में खड़ा था कहा—"कि तुम भी मेरे पीछे बेडर चले आओ।" संशयात्मा पुरुष उसके पीछे चल पड़ा और नदी को पार कर गया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी प्रकार जिनके बुद्धिरूप चक्षु हैं और कर्म करने की शक्तिरूप पग हैं और आचरण के द्वारा नदीरूप वेदों को जिन्होंने मँझाया है उन्हीं के पीछे मनुष्य चल सकते हैं और जिन्होंने केवल सुना ही है और बुद्धिरूप नेत्रों से अन्धे हैं उनकी बात कोई नहीं मान सकता ; और न उन्हीं की बात कोई मान सकता है जिन्होंने बुद्धिरूप चक्षुओं से देखा तो है पर जो कर्म करने रूप पगों से लँगड़े, आचरण शून्य एवं भ्रष्टाचारी हैं इसलिये अगर हम दुनियाँ को सुधारना या अच्छे आचरणों पर लाना चाहते हैं तो आवश्यकता है कि प्रथम हम सुधरें और हम अपने आचरणों को अच्छा बनावें।

विदुषी जनता शृणुते कलति ह्यपि नाचरणं विधिवत् कुरुते ।
कलिपीड़ित भारत दुःख विनष्टि र्थो भविता कथमित्यनघे ॥

८०—मेल से लाभ

एक पुरुष के चार बेटे थे। जब वह पुरुष मरने लगा तो उसने अपने चारों बच्चों को बुला एक रस्सी दी और एक-एक बेटे से पृथक पृथक कहा कि तुम इसे तोड़ो, पर वह किसी से न टूट सकी। फिर पिता ने कहा कि तुम चारों मिलकर इसको तोड़ो। पर वह फिर भी न टूट सकी। फिर उसने कहा अब इस रस्सी को उधेड़ डालो और इसकी एक-एक लर को तोड़ो। बच्चों ने ज़रा ही देर में रस्सी के टुकड़े टुकड़े कर दिये। तब पिता ने कहा कि देखो एक तिनका तुम्हें वर्षा में पानी से नहीं बचा सकता परन्तु जब तुम बहुत सा फूस इकट्ठा करके छप्पर छा लेते हो तो वह बड़ी-बड़ी जल-वृष्टि से भी बचाता है। इसी प्रकार जब तक तुम आपस में मिले रहोगे तब तक कोई तुम्हारा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ नहीं कर सकता पर जहाँ तुम अलग हुये वहाँ रस्सी की तरह टुकड़े-टुकड़े कर दिये जाओगे। किसी कवि ने कहा है—

अल्पानामपि वस्तूनां संहतिः कार्य्यसाधिका।
तृणैर्गुणत्वमापन्नैर्बध्यन्ते मत्त दन्तिनः॥
बहूनां चैव सत्वानां समवायोऽपि दुर्जयः।
वर्षं धाराधरो मेघस्तृणैरपि निवार्यते॥
संहतिः श्रेयसी पुंसां स्वकुलैरल्पकैरपि।
तुषेणापि परित्यक्ता न प्ररोहन्ति तण्डुलाः॥
एकस्मिन्पक्षिणि काके यदा विज्ञायते विपत्।
ते काका मिलिताः सन्तो यतन्ते तन्निवृत्तये॥
वानराणां यथा दृष्ट्वा ह्यन्योन्यस्य सहायताम्।
मनुष्यैरपि कर्त्तव्यं न विरोधः कदाचन॥

८१—अदालत से नाश

एक बार दो बिल्लियाँ कहीं से चार खोये की लोइयाँ उठा लाईं, परन्तु उनके परस्पर बाँटने में झगड़ा हुआ, अतः दोनों ने निश्चय कर एक बन्दर के पास जा कहा कि—"आप चल कर हमारी खोये की लोई बाँट दें।" बन्दर ने कहा—"अच्छा, तुम कहीं से तराज़ू ले आओ।" जब बिल्लियाँ तराज़ू ले आईं तो बन्दर ने दो लोइयाँ एक तराज़ू के पलड़े पर रक्खीं और दो लोइयाँ दूसरे पलड़े पर रक्खीं। परन्तु एक पलड़े की लोइयाँ बनिस्बत दूसरे पलड़े की लोइयों के कुछ भारी थीं, इस कारण जब बन्दर ने तराज़ू उठाई तो भारी लोइयों वाला पलड़ा नीचे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को लचक गया। बन्दर उसमें से एक हौकला मार खा गया बिल्लियों ने कहा—"यह तू क्या करता है, खाता क्यों है?" बन्दर ने कहा कि—"यह कोर्टफ़ीस-है।" जब बन्दर ने फिर तराज़ू उठाई तो अब वह पलड़ा जिसमें हौकला नहीं लगा था नीचा हो गया। बस बन्दर ने फ़ौरन ही उसमें भी एक हौकला लगाया। बिल्लियों ने कहा—"यह क्या करता है?" बन्दर ने कहा कि—"यह तलबाना है।" अब पहले वाला पलड़ा फिर नीचा हो गया, तो बन्दर पुनः उससे हौकला मार खा गया" बिल्लियों ने कहा कि—"तू यह बार-बार क्या करता है?" बन्दर ने कहा—"यह हर्जाना है।" अब एक पलड़ा तो बिल्कुल साफ़ हो गया और दूसरे में कुछ खोया रह गया। बन्दर ने अब की बार बिना ही तराज़ू उठाये वह शेष खोया भी खा लिया। बिल्लियों ने कहा—"यह क्या?" बन्दर ने कहा—"यह शुक-राना है।"

बस, यारो समझ लो कि अदालत सबका सभी साफ़ कर देती है, वहाँ दोनों के दोनों नाश हो जाते हैं। इस लिये आप लोगों के यहाँ जैसी पुरानी प्रथा थी कि गाँव में पञ्च नियत थे और वही सब न्याय किया करते थे वैसे ही पञ्च नियत कर अपने झगड़े घर के घर ही में निपट लिया करो, कभी भूलकर भी अदालत में न जाओ।

८२—भेड़िया धसानी

एक महात्मा के पास कुछ ताँबे के बर्तन थे। महात्मा जब बाहर भ्रमण को जाने लगे तो सोचा कि ये बर्तन कहाँ लादे २ फिरेंगे, इसलिये इन्हें कहीं रख दें। यह सोच महात्मा ने बर्तन

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जंगल में एक स्थान पर गाड़ दिये और उसके ऊपर एक कूरी बाँध रहे थे जिसमें चिह्न बना रहे और लौट कर वे अपने वर्तन खोद लें कि इतने में गाँव के कुछ लोगों ने महात्मा को जंगल में कूरी बनाते देखा। महात्मा तो बाहर भ्रमण को चले गये और गाँव वालों ने यह निश्चय किया कि गाँव से जो कोई बाहर जाय वह फलाँ-फलाँ जंगल में एक कूरी अवश्य बना जाय, इससे बड़ी सिद्धि प्राप्त होती है। बस, गाँव से जब कोई कहीं जाता तो वहीं जहाँ कि महात्मा कूरी बना गये थे, एक कूरी बना देता। इस प्रकार थोड़े ही दिनों में वहाँ तमाम कूरी ही कूरी हो गईं। कुछ काल के बाद जब महात्मा जी लौटे और अपने बर्तन खोदने के लिये उस जंगल में गये तो वहां देखते क्या हैं कि तमाम कूरी ही कूरी बनी हैं। महात्मा यह चरित्र देख बोले—

गतानुगतिका लोको न लोकः पारमार्थिकः।
पश्य लोकस्य मूर्खत्वं हृतं मे ताम्र भाजनम्

अर्थ—लोक बड़ा ही गतानुगतिक अर्थात् भेड़ियाधसान है, लोग परमार्थ नहीं विचारते कि क्या है? लोगों की मूर्खता तो देखो कि हमारे बर्तन हो ले डाले अब क्या जान पड़े कि कौन सी कूरी के नीचे हमारे बर्तन हैं?

८३—संखेश्वर

एक ब्राह्मण बेचारे बड़े ही सीधे सादे, ईश्वरभक्त, नित्य पूजा पाठ किया करते थे। उनके मकान के पीछे एक धोबी का मकान था, अतः पंडितजी जब दिन में पूजा किया करते और अपना संख बजाते तो साथ ही उनके मकान के पीछे जिस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धोबी का घर था उसका गधा भी इन पण्डितजी के संख के साथही नित्य बोला करता था। पण्डितजी ने गधे को नित्य अपने संख के साथ बोलते देख सोचा कि यह कोई पूर्वजन्म का महात्मा जीव है, इस कारण पण्डितजी ने उस गधे का नाम संखेश्वर रख छोड़ा था। एक दिन अनायास महाराज संखेश्वर का देवलोक हो गया। जब पण्डितजी ने उस दिन दोपहर को पूजा की और संखेश्वर साथ न बोले तो जाकर धोबी से पूछा कि—"आज महात्मा संखेश्वर कहाँ गये।" पण्डितजी को पता लगा कि संखेश्वरजी का देवलोक हो गया। पण्डितजी ने सोचा कि खैर यदि हम से और कुछ नहीं हो सकता तो लाओ महात्मा संखेश्वर के शोक में बाल ही बनवाडालें। बस पण्डितजी अपनी मूँछ, दाढ़ी, सिर सब घुटवाकर स्नानकर बनिये की दूकान पर कुछ सौदा लेने पहुँचे। बनिये ने पूछा—"महाराज, आज बाल कैसे बनवाये हो?" पंडित जी ने उत्तर दिया कि—"एक महात्मा संखेश्वर थे, उनका स्वर्गलोक हो गया तो हमने कहा कि महात्माओं के शोक में यदि और कुछ नहीं हो सकता तो बाल ही बनवाडालें, इस लिए बाल बनवाये हैं।" बनिये ने कहा—"तो महाराज, कहिये तो महात्मा के शोक में हम भी बाल बनवाडालें?" पण्डितजी ने कहा—"इस से उत्तम क्या बात है?" बस, सेठ जी भी घुटा बैठे। दूसरे दिन बज़ार के लोगों ने सेठजी से पूछा —"सेठजी आपने बाल कैसे बनवाये?" सेठ जी ने कहा—"एक महात्मा संखेश्वर थे, उनका देवलोक हो गया तो हमने सोचा कि अगर महात्मा के शोक में हम से और कुछ नहीं हो सकता तो बाल ही बनवा डालें।" बाज़ारवालों ने सेठ से कहा कि—"तो लाओ हम सब लोग भी महात्मा के शोक में बाल बनवा डालें।" सेठ ने कहा—"बड़ी अच्छी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बात है !" अब तो सब बाज़ार की बाज़ार घुटा बैठी। तीसरे दिन पल्टन के लोग बाज़ार में रसद लेने आये। उन्हों ने बाज़ारवालों से पूछा कि—"क्यों भाई, आज तुम सब लोग बाल कैसे बनवाये हो ?" बाज़ारवालों ने जबाब दिया कि—"एक महात्मा का जिसका कि नाम संखेश्वर था, देवलोक हो गया है, हम लोगों ने सोचा कि महात्माजी के शोक में हम लोगों से और कुछ नहीं हो सकता तो बाल ही बनवा डालें !" पल्टनवालों ने कहा—"अगर हम लोग भी महात्माजी के शोक में बाल बनवा डालें तो क्या बुरा है।" बाज़ार वालों ने कहा वाह वाह महाराज, बुरा कि बहुत अच्छा है ?" बस उन लोगों ने जाकर अपनी पल्टन भर में यह खबर करदी। फिर क्या था पल्टन की पल्टन सिर घुटा बैठी। चौथे दिन जब कप्तान साहब क़वायद लेने आये तो पल्टन की यह शकल देख पल्टन के लोगों से पूछा—"वेल, टुम लोगों ने क्या किया ! क्यों एक दम सब लोगों ने अपना अपना बाल बनवा दिय ?" लोगों ने जवाब दिया कि—"हुज़ूर, यहाँ एक महात्मा शंखेश्वर रहते थे, वह मर गये, इस लिये हम लोगों ने उनके रंज में बाल बनवाये हैं।" कप्तान साहब ने पूछा—"अच्छा, वह महाट्मा कहाँ रहटा ठा और कौन ठा।" लोगों ने कहा—"हुज़ूर, हम नहीं जानते ?" हम लोगों ने बाज़ार में सुना।" कप्तान ने झिड़क कर कहा—'वेल टुम लोग बड़ा बेवकूफ़ डेम है, जब टुम उसे जानटा नहीं फिर क्यों बाल बनवाया ? अच्छा चलो, हम टुम्हारे साथ चलेगा।" जब कप्तान साहब बाज़ार पहुँचे तो बाज़ारवालों से कहा कि-"टुम लोगों ने जो हमारी पल्टन के लोगों से कहा है वह संखेश्वर महाट्मा कौन है और कहाँ रहटा ठा ?" बाज़ारवालों ने कहा-"हुज़ूर, हम से इस बनिये ने कहा।" कप्तान साहब उस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनिये के पास पहुँचे और उससे पूछा कि-"तुमने जो बाल बनवाया है और सब लोगों से कहा है, तुम जानता है कि संखेश्वर महात्मा कौन है ?" बनिये ने कहा—"हुज़ूर, हमने अमुक पंडित से सुना है।" कप्तान बोला-"आइया डैमफूल, तुमने बिना जाने बाल क्यों बनवाया और दूसरों से क्यों कहा ?" निदान कप्तान साहब उस पण्डित के पास पहुँचे और पूछने पर मालूम हुआ कि महात्मा संखेश्वर एक धोबी का गधा था। कप्तान बड़ा गुस्सा हो बोला-"आइया काला, डैमफूल, तुम लोग बिलकुल उल्लू है।" अब तो सब के सब बिल्कुल शर्मिन्दा हो गये।

भाइयो अब तो भेड़ियाधसानी छोड़ो। हम अब भी देखते हैं कि जहाँ रेल में एक किवाड़ी खुली उसी में सब घुसते चले जाते हैं, चाहे पास ही दूसरा डब्बा खाली क्यों न पड़ा हो।

८४—मालिन का देवता

एक बार एक स्थान में बड़ा भारी मेला हुआ था। मेले का प्रबन्ध हमारी गवर्नमेन्ट ने पुलिस वगैरा भेज कर बहुत उत्तम कर रक्खा था। कहीं भी चोरी बदमाशी न होने पाती थी। स्थान स्थान पर पुलीसमैन मौजूद थे। सड़कों पर कोई पाखाना पेशाब मेले के अंदर नहीं करने पाता था, परन्तु एक मालिन जो मेले के अन्दर ही एक जगह अपनी फूलों की दूकान रक्खे थी उसे सुबह को ऐसा ज़ोर पाखाना लगा कि वह सड़क पर अपनी दूकान के पास ही पाखाना फिरने लगी। यह चरित्र देख पुलीस के सिपाही मालिन को पकड़ने दौड़े। मालिन ने देखा कि मुझे पुलिस के सिपाही पकड़ने आते हैं उसने झट एक कटोरा फूलों का ले अपने पाखाने पर डाल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिया और उसकी तरफ अपने हाथ जोड़ बैठ गई। जब पुलीस के सिपाही उसके पास आ पहुँचे और उससे पूछा कि -'तू यहाँ क्या करती थी?' उसने कहा कि-"यहाँ एक बड़े भारी देवता रहते हैं, इनकी पूजा करने से इनसे जिस प्रकार का फल चाहो, पुत्र पौत्र धन बल विद्या सम्पूर्ण मनोकामनायें ये पूरी करते हैं।' यह सुन कर पुलिस के सिपाहियों ने भी मालिन से एक एक पैसे के फूल और हलवाई के दूकान से कुछ बताशे तथा कुछ पैसेचढ़ा किसी ने स्त्री किसीने लड़का, किसी ने तरक्की माँगी। इस प्रकार पुलिसवालों का देख मेले के और लोगों ने, और औरों को देख और लोगों ने, गरज़ कि तमाम मेले ने वहाँ रयोड़ी, बताशे पैसों और फूलों के ढेर कर दिये। यह दशा देख हिन्दू बोले कि यह हमारा देवता है, मुसलमान बोले कि यह हमारा देवता है। जब दोनों में बड़ा झगड़ा हुआ तो राजा के पास यह न्याय पहुँचा। राजा ने कहा-"वहाँ चल कर देखो अगर वहाँ कुछ पत्थर वग़ैरा रक्खा है तब तो वह हिन्दुओं का देवता है और लम्बी लम्बी क़बर सी बनी हों तो मुसलमानों का देवता।" राजा ने दोनों दलों को साथ ले मौक़े पर पहुँच कर कहा—"इस के ऊपर से सब ये फूल बताशे, रयोड़ी हटाओ।" लोगों ने हटाना शुरू किया। हटाते हटाते वहाँ जो कुछ असली माल था वह निकल आया। यह देख सब शरमा गये और दोनों ने इनकार किया कि हमारा देवता नहीं।

८५—सुभाई का सुभाव

एक राजा साहब को गाली देने की बड़ी आदत थी। एक बार राजा साहब एक बड़ी भारी सोसाइटी (सभा) के प्रधान

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बनाये गये और उनसे कहा गया कि—"राजा साहब! आज से आप इस सभा के प्रधान बनाये जाते हो, इस लिये अब किसी को गाली न देना।" राजा साहब ने कहा—"आज से हम किसी साले को गाली नहीं देंगे!"

८६—नीच की नीचता

यः स्वभावोही यस्यास्ते स एव दुरतिक्रमः।
श्वा यदि क्रियते राजा किंनाश्नात्युपानहम्॥

एक बार एक चमार के धनिक होने के कारण एक पण्डित जी से यहाँ तक दोस्ती हो गई कि रात दिन दोनों हमेशा साथ ही रहा करते थे। एक बार एक क्षत्री के यहाँ से उन पण्डित जी के यहां निमन्त्रण आया पण्डित जी उस चमार को भी अपने साथ क्षत्रीजी के यहाँ भोजन कराने लगे और यह नहीं बतलाया कि यह चमार है, पर मौक़ा ऐसा आया कि सबसे पहले पैर धो क्षत्री जी के आंगन में यही पहुँचा और आसन पर बिठा दिया गया। अब इसके पीछे जितने पैर धुला धुला अन्दर जाते थे, यह चमार जिस पुरुष को आते देखता था तो सकिलता जाता था क्योंकि उसकी यह आदत पड़ी हुई थी, यहाँ तक सकिलते रहा कि सकिलते सकिलते नर्दवीन पर पहुँच गया। जब लोगों ने इसे बहुत ज्यादा सकिलते देखा तो लोग बोले—"तुम कैसे चमार की तरह सकिलते हो?" यह शब्द सुन चमार पण्डित से बोला कि—"पण्डितजू ई जानिगे।" तब तो लोगों को ज्ञान हुआ कि यह असल में चमार है। बस क्षत्रीजी ने उसकी पूरी खबर ले बाहर निकाला।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

८७—जाति कभी नहीं छिपता

जिस समय शिवाजी महाराज का मुसलमानों से युद्ध हो रहा था तो शिवाजी अपने सरदारों और सिपाहियों को यह हुक्म दिया था कि—"जहाँ मुसलमान देखो मार दो।" यह ख़बर पा बहुत से मुसलमानों ने चन्दन टीका पाठा जनेऊ भी पहिर लिये थे। एक बार एक मुसलमान शिवाजी के सामने पड़ा। शिवाजी ने पूछा-"तू कौन है?" इस ने कहा-"बरेहमन।" पूछा—"कौन बरेहमन?" कहा-"गौड़।" शिवाजी ने पूछा—"कौन गौड़?" यह बोला-"या अल्ला, गौड़ों में भी और?" शिवाजी ने कहा-"अरे मार-मार, यह ब्राह्मण नहीं तुर्क है।"

सुचिरं हि चरन्नित्यं क्षेत्रे सस्य स बुद्धिमान्।
द्वीपि चर्म परिच्छिन्नो वाग्दोषाद् गर्दभो हतः॥

८८—ठनगन (तकल्लुफ़)

दो मुसलमान साहब कहीं जारहे थे, अतः स्टेशन पर टिकट ले प्लेटफारम पर दोनों साहब गाड़ी आने की बाट देखने लगे। जिस समय प्लेटफारम पर गाड़ी आई और चढ़ने का समय आया तो एक साहब ने कहा—"चलिये, आप सवार हूजिये।" दूसरे ने कहा—"चलिये चलिये, आप सवार हूजिये।" पहले ने कहा—"अजी वाह, इसमें क्या, आप सवार हो जाइये।" दूसरे ने कहा—"क़िबला, आप सवार हूजिये।" बस इतने में गाड़ी सीटी दे चल पड़ी, ये दोनों साहब क़िबला में ही रह गये। किसी शायर ने क्या ही सच कहा है—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है यार तकल्लुफ़ में तकलीफ़ सरासर।
आराम से वे हैं जो तकल्लुफ़ नहीं करते॥

८६—दिल्लगी मखौल

एक मुतलक़ ज़ाहिल मुसलमान साहब एक मौलवी साहब से मिलने गये। मौलवी साहब इनके पहुँचते ही उठकर खड़े हो गये और कहा—"वालेकुम सलाम, आइये क़िबला" और इन्हें मोढ़े पर बिठाल के इनके तथा और जो मौलवी लोग मौलवी साहब के पास बैठे थे, उनके लिये पान लेने घर गये। इतने में दूसरे मौलवियों ने मखौल से इस मुतलक़ जाहिल से कहा कि—"अभी जो मौलवी साहब ने आप से कहा था कि "आइये क़िबला, आप इसके माने भी समझे?" इन्होंने कहा—"हम ससुर माने क्या जानें, माने वाने आप जानते होंगे। भला, क्या माने हैं?" उन्होंने कहा कि—क़िबला माने बेटीचोद।" अब तो ज्योंही मौलवी साहब पान लेकर घर से निकले बस इस मुतलक़ जाहिल ने कहा—'मौलवी साहब, आप ने आज तो क़िबला कहा, अगर दूसरे रोज़ क़िबला कहोगे तो मारे लट्ठों के सिर तोड़ दूँगा और क़िबला तू और तेरी माँ क़िबिलिया और तेरा बाप किबिलवा।" मौलवी साहब ने कहा— भाई, आप क़िबला लफ़्ज़ के माने क्या समझे? क़िबला लफ़्ज़ के माने तो बड़े के हैं।

यह दशा देख और मौलवी हँस रहे थे। इस मुतलक़ जाहिल ने कहा-"बस अब बात न बनाइये। तुम अपने दरवाज़े मुझे चाहे कुछ क़िबला बिबला कह लो, जनाब देखूँगा।" यह कह कर चल दिया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६०—कष्ट आने के भय से ऐश्वर्य की निन्दा

एक गाँव में एक ऐसा दरिद्री रहता था कि जिसके घर में खाली एक मूसल के और कुछ न था एक बार अनायास समय ऐसा आया कि उस गाँव में आग लग गई। अब तो यह दरिद्री अपना मूसल ले घर से निकल रास्ते-रास्ते नाचने लगा और बोला कि—"आज दलिद्दर कामे आओ, आज दलिद्दर कामे आओ।" यह गाता हुआ कूदने लगा।

ऐसों को ही मूसरचन्द कहा करते हैं कि आग के भय से सामान ही न जोड़े। पाखाने की दिक्कत से भोजन ही न करें, क्या यह अक्लमन्दी की बात है?

नरत्न प्राप्नोतिहि निर्मलत्वं शाणोपनारोपणमन्तरेण।

६१—विद्या की निन्दा

एक संतजी एक पण्डितजी के द्वार पर भिक्षा माँगने आये। पण्डितजी ने कहा—"कहो सन्तजी, कुछ पढ़े लिखे हो?" सन्तजी ने कहा—"अरे बच्चे, पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं न पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं, फिर दन्त कटाकटेति किं कर्त्तव्यं?" तो पण्डितजी ने कहा कि—"यदि यही माना जाय तो, खातव्यं तदपि मर्त्तव्यं, न खातव्यं तदपि मर्त्तव्यं, फिर अन्न भसाभसेति किं कर्त्तव्यं?" सन्तजी क्रोधित होकर चल दिये।

६२—विद्या-दम्भ

विद्यादम्भ क्षणस्थायी धनदम्भ दिनत्रयम्।

एक साहब केवल दो शब्द सीख आये थे, एक 'वलें दूसरा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नमे गोयम्' बस अब तो इनसे जो कोई बोलता था ये अपने इन्हीं दो शब्दों का इस्तेमाल किया करते थे और अपने गाँव में इन्हीं दो शब्दों की बदौलत मौलाना साहब बन रहे थे। एक दिन एक अरब के रहने वाले मौलाना साहब का ऊँट खो गया था और वह अपना ऊँट ढूँढ़ते ढूँढ़ते इन दुलफ़्ज़ी पास मौलाना के गाँव से आ निकले और अरब के मौलाना साहब ने इन दुलफ़्ज़ी पास मौलाना से पूछा कि—"शतुर में दीदि=" मेरा ऊँट देखा है?" इन्होंने कहा—'बले=हाँ देखा है।" अरब के मौलाना ने कहा—"कुजा रफ्त?"=किधर गया?" इन्होंने कहा—'नमे गोयम्=न बताऊँगा।" तब अरब वाले मौलाना ने कहा—'जब तू ने देखा है तो क्यों नहीं बतायेगा?' और अरब के मौलाना को बड़ा गुस्सा आगया कि देखा है और कहता है नहीं बताउँगा। बस गुस्से में आ अरब के मौलाना ने दुलफ़्ज़ी मौलाना को खूब पीटा और ये वहीं लफ्ज़ मार खाने में भी रटने जाते थे—"बले नमे गोयम्, बले नमे गोयम्=देखा है, नहीं बतावेंगे।" तब अरब के मौलाना ने जान लिया कि यह दोही लफ्ज़ जानता है।

६३—एक आर्य्य और उसकी पौराणिक भावज की वार्त्ता

एक आर्य्य पुरुष किसी ग्राम में रहते थे। दैवगति उनके जेठे भाई का देवलोक हुआ। इनकी भावज अर्थात् उस जेठे भाई की स्त्री, जिसका कि देवलोक हुआ था, पौराणिका थी। इन्होंने कहा—"हम भाई की अन्त्येष्टि वैदिक रीति से करेंगे।" पर भावज ने गरुडपुराण सुन रक्खी थी, उसने कहा—"यह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कभी नहीं हो सकता, हमारा पति मार्ग में कष्ट भोगेगा, इसलिये हम पौराणिक रीति से ही करेंगी।" भाई बिचारा चुप हो गया। भावज ने पौराणिक रीति से ही उसकी क्रिया वैतरणी, गोदान आदि प्रारम्भ किया। भाई ने अपनी भावज से कहा— 'क्या भावज, गरुड़ पुराण में तो अंगुष्ठ प्रमाण शरीर लिखा है तो फिर उसी अंगुष्ठ प्रमाणवाले शरीर के ही अनुसार भाईजी के हाथ होंगे, तो जो गऊ तुमने इस ख्याल से दान की है कि इसकी पूँछ पकड़ कर वह वैतरणी पार होंगे, सो उस अंगुष्ठ प्रमाणवाले शरीर के अनुसार भाईजी के छोटे छोटे हाथों में इतनी मोटी पूँछ कैसे पकड़ी जायगी ?"

पुनः जब दशगात्रादि के बाद एकादशाह का दिन आया तो भावज ने सम्पूर्ण वस्त्र अङ्गा, कुरता, धोती, साफ़ा, रजाई गद्दा, पलङ्ग, बर्तन, हाथी, घोड़ा, सब कुछ महापात्र को देने को एकत्र किया। भाई ने अपनी भावज से कहा—"जब अंगुष्ठ प्रमाण जीव का शरीर गरुड़पुराण में लिखा है तो उसके लिये आपने ये साढ़े तीन हाथ की चारपाई क्यों दी ? इस पर वह अंगुष्ठ प्रमाण कहाँ लोटा लोटा फिरेगा ? और यह पाँच हाथ की रज़ाई गद्दा क्यों दिया ? इसमें तो अंगुष्ठ प्रमाण शरीर दब जायगा और निकल भी नहीं सकेगा। जिस दिन जहाँ यह ओढ़ कर पड़ेगा वहीं दबा पड़ा रहेगा और इसे उठा कर उसके साथ कौन चलेगा ? कुली कितने दान किये जो रथ पर उठा उठा रक्खेंगे और सिर भी गोल मटर जितना होगा, फिर ये दस गज़ का साफ़ा कैसे बाँधेंगे ? और पैर भी छोटे-छोटे होंगे फिर यह तेरह अंगुल का जूता वह कैसे पहिनेंगे ? वह तो मये शरीर के जूते के पंजे ही में पड़े रहेंगे।"

भावज ने कहा—"भाई, हम से बहस न करो, हमें करने दो।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनः भाई ने अपनी भावज से कहा—"ये रथ, हाथी घोड़े, बर्तन, वस्त्र और भोजन जो आपने महापात्र को कराये ये तो सब भाईजी को पहुँचेंगे ही परन्तु हमारे भाईजी अफ़ियून भी खाते थे सो आधपाव अफ़ियून भी इन महाराज महापात्र जी को घोल कर पिलाओ जिसमें उन्हें अफ़ियून भी पहुँच जाय क्योंकि बिना अफ़ियून के उन्हें बड़ा कष्ट होगा, यहाँ तक कि उनसे तो उठा-बैठा न जायगा।" भावज ने कहा—"यह तो ठीक है।" उसने आधपाव अफ़ियून मँगाकर महापात्र से कहा 'महाराज, इसे खाइये, क्योंकि इसके बिना मेरे पति को बड़ा कष्ट होगा नहीं तो मैंने जो कुछ दिया है सब फेर लूंगी।" पुनः भाई ने कहा—"भौजाई, तुम तो भाईजी को बहुत प्यारी थीं, यहाँ तक कि तुम एक क्षण भी भाईजी से अलाहिदा हो जाती थीं तो भाईजी को बड़ा कष्ट होता था, इसलिये तुम भी महापात्र के साथ जाओ, जिसमें उन्हें स्त्री भी मिल जाय, क्योंकि स्त्री के बिना भाईजी को बड़ा कष्ट होगा।"

भावज की समझ में यह सब आडम्बर आ गया और उसने महापात्र से वापिस लिया।

६४—एक आर्य बहू

एक आर्य बहू एक पौराणिक महाशय के घर व्याह कर गई तो पौराणिक महाशय के यहाँ पौराणिक प्रथा के अनुसार (जैसे कि अब भी देवियों में प्रायः प्रत्येक स्थानों पर परछन होती है) परछन होती थी, अतः उस बहू की सास मुहल्ला की स्त्रियों को बुलावा दे अपने बेटे और बहू की गाँठ जोर सम्पूर्ण स्त्रियों के सहित गाते बजाते हुये बेटे बहू को लेकर देवी के

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन्दिर में पहुँची। परन्तु देवी का मन्दिर विचित्र बना हुआ था, यानी देवी के मन्दिर के आगे दो पत्थर की बिल्लियों की तसवीरें अत्यन्त ही खूबसूरत बनी हुई थीं। ऐसा मालूम होता था कि मानो दोनों आपस में लड़ रही हैं। उससे कुछ ही दूर पर दो पत्थर के कुत्तों की तसवीरें उनसे भी अनोखी बनी थीं और ऐसा जान पड़ता था कि मानो कुत्ते अभी काटने को दौड़े उठते हैं। उससे कुछ ही पीछे दो पत्थर हो के शेरों की तसवीरें सब से निराली और बड़ी ही मनोहर बनी हुई थीं। शेर पूँछ ऊपर को उठाये हुए इस भांति खड़े थे मानो टूट कर आदमियों को अभी भक्षण किये लेते हैं। उस मन्दिर के बाहर बिल्लियों की तसवीरों के पास ज्यों हो यह आर्य्य बहू पहुँची तो अपने पति का डुपट्टा जिसमें कि इसकी गाँठ जुड़ी थी पकड़ कर खड़ी होगई और भयभीत हो रोकर अपनी सास से बोली कि—"हू हू अम्मा, बिल्लियाँ खा जायँगी।" यह सुन सास ने उत्तर दिया कि—"बहू, तू कैसा लड़कपन करती है, पत्थर की बिल्लियाँ कहीं काटती हैं?" बहू चुप हो कुछ आगे बढ़ी, त्योंही उसे दो कुत्तों की तसवीरें नज़र आईं। बस बहू फिर गाँठ-जुरे डुपट्टे को पकड़ कर खड़ी होगई और पहले से भी विशेष डर कर सास से बोली—"अरी अम्मा, कुत्ते फाड़ खाँयेंगे।" सास ने कहा—"बहू, क्या तू पगली है, भला कहीं पत्थर के कुत्ते भी काटा करते हैं?" यह सुन चुपकी हो बहू कुछ आगे बढ़ी कि कुछ ही दूर पर उसे दो शेरों की तसवीरें दृष्टि पड़ीं, अतः बहू पुनः अपने पति का गांठवाला डुपट्टा पकड़ कर खड़ी हो डर कर ज़ोर-ज़ोर रोने लगी और अपनी सास से कहा कि—"अरी अम्मा, ये शेर मुझे खा जायेंगे।" इस पर सास ने बहू को डाँटा और कहा कि—"तू बड़ी पागल है मैं दो बेर कह चुकी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि पत्थर की तसवीरें हैं, ये काट नहीं सकतीं और न ये शेर खा सकते हैं।" सास बहू में यह झंझट होते हुआते बहू जब मन्दिर के भीतर देवियों के पास पहुँची तो उसकी सास ने देवियों की पूजा कर अपने बेटे और बहू से कहा कि—"इन देवियों के पैरों गिरो, यही तुम्हें बेटा देंगी।" यह सुनकर आर्य बहू से न रहा गया और वह अपनी सास से बोली कि—"माँ, जब कि पत्थर की बिल्लियों ने मुझे बिल्ली बनकर नहीं काटा, और पत्थर के कुत्तों ने कुत्ते बनकर नहीं काटा और न पत्थर के शेरों ने शेर ही बनकर खाया तो यह पत्थर की देवी मुझे कैसे बेटा देंगी जो हम इनके पैरों गिरें?" ठीक है—

जटिल्ली पिलिल्ली ने ऐसा किया।
कि मक्खी को मलमल के भैंसा किया॥

६५—अल्लामियां अकेले

एक बार एक पण्डितजी एक मुसलमान साहब को अपनी कथा वार्त्ता सुनाकर उससे बोले—"चलो यार, तुम्हें हम बैकुण्ठ का तमाशा दिखा लावें।" मुसलमान साहब ने कहा—"चलिये।" तब तो पण्डितजी ने मुसलमान साहब से कहा—"मीचो अपनी आँखें" और पण्डितजी भी आँख मीच कुछ जपते रहे कि थोड़ी ही देर में पण्डितजी साहब मये उस मुसलमान भाई के बैकुण्ठ पहुँचे। ये दोनों बैकुण्ठ में एक स्थान पर खड़े थे कि थोड़ा देर के बाद वहाँ से एक सवारी करोड़ों आदमियों के साथ बड़ी धूम धाम से निकली। एक पुरुष सिंहासन पर बैठा हुआ था, ऊपर चँवरें हिल रही थीं, बाजे-गाजे घंटा घड़ियाल आदि साथ बजते चले जाते थे। मुसलमान

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहब ने कहा—"यह क्या है ? ये कौन साहब गये ?" पण्डित जी ने कहा—"यह रामचन्द्र जी महाराज हैं।" पुनः थोड़ी ही देर के बाद एक और सवारी निकली। इसके साथ भी लाखों आदमी थे और कई आदमी बीच में तख्त पर सेहरा डाले सुथन्ना पहिरे हुये बैठे थे, ऊपर से चँवरें हिल रही थीं। यह देख मुसलमान साहब ने पूछा—"पण्डितजी ये कौन हैं?" पण्डितजी ने कहा—"यह आप के हज़रत मोहम्मद साहब और गाज़ीमियाँ हज़रत मूसा वग़ैरा हैं।" पुनः थोड़ी ही देर के बाद एक और सवारी निकली और इसके साथ भी हज़ारों आदमी थे। यह भी एक तख्त पर सवार, चँवरें हिलती हुई चले गये। मुसलमान साहब ने कहा—"पण्डितजी, ये कौन थे?" पण्डितजी ने कहा—"यह हज़रत ईसा मसीह हैं।" इसके बाद एक बुड्ढा सा मनुष्य दाढ़ी रखाये हुये एक मरी हुई दुबली घुड़िया पर सवार अकेला निकला। जब यह भी निकल गया तो मुसलमान साहब ने पूछा—"पण्डितजी साहब ये कौन थे ?" पण्डितजी ने उत्तर दिया—"अल्लामियाँ थे।" मुसलमान साहब ने कहा—"यह कैसा कि रामचन्द्र के साथ इतने आदमी और हज़रत मोहम्मद साहब के साथ इतने और हज़रत ईसा मसीह के साथ इतने और अल्लामियाँ अकेले ?" पण्डितजी ने उत्तर दिया—"भाई साहब, दुनिया मर्दुम-परस्त हो गई, दुनिया के जितने आदमी थे वे सब उनके साथ हो गये, इसलिये अल्लामियाँ अकेले रह गये।"

मर्दुम-परस्ती के कारण परमेश्वर की इबादत वा प्रार्थना या परमेश्वर को सबों ने भुला दिया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६६—तत्त्वपदार्थ की पुड़िया।

एक पण्डित १६ वर्ष काशीजी में अध्ययन करते रहे। एक दिन पण्डितजी एक वैद्यराज के पास पहुँचे और कुछ देर बैठे रहे तो बैठे बैठे क्या देखते रहे कि वैद्यराज के पास जितने रोगी आते हैं, वैद्य प्रायः सभी को प्रथम जुल्लाब दिया करते हैं। पण्डितजी ने सोचा कि अगर संसार में कोई तत्त्वपदार्थ है तो यही जुल्लाब है। बस पण्डितजी वैद्यराज से दो तीन जुल्लाब कोई सनाय का, कोई अरण्डी के तेल का, कोई जमालगोटे का सीख अपने घर को चले आये। इनके गाँव में आते ही यह हल्ला मच गया कि अमुक पण्डित १६ वर्ष काशी से पढ़ कर लौटा है और इधर पण्डितजी ने भी ग्राम वालों से यह कह दिया कि हम एक ऐसी तत्त्वपदार्थ की पुड़िया सीख आये हैं कि उससे दुनिया के सभी काम सिद्ध हो जाते हैं। अतः ग्रामवासियों ने यह भी जान रक्खा था। एक दिन उसी ग्राम के एक धोबी का गदहा खो गया था, धोबी बड़ा हैरान था, इतने में उस धोबी की स्त्री ने कहा कि—"तू इतना क्यों हैरान होता है, क्यों नहीं उस पण्डित के पास जाकर, जो काशी में १६ वर्ष पढ़ा है, एक तत्त्वपदार्थ की पुड़िया ले आता है?" धोबी ने वैसा ही किया। धोबी पण्डितजी के पास जा हाथ जोड़ बोला कि—"महाराज, मेरा गदहा खो गया है।" पण्डितजी बोले—"तू क्यों नहीं हमारे पास से एक तत्त्वपदार्थ की पुड़िया ले जाता है कि जिससे तेरा गदहा मिल जाय?" पण्डितजी ने धोबी को सनाय के जुल्लाब की एक पुड़िया दी। धोबी को पुड़िया खाने के कुछ देर बाद पाखाना लगा और धोबी अपने गाँव में एक तालाब पर जो गाँव के मकानों के पीछे था, पाखाने गया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहाँ उसका गदहा चर रहा था। धोबी गदहा पा बड़ा प्रसन्न हो गया और उसको सच्चा विश्वास हो गया कि तत्त्वपदार्थ की पुड़िया बड़ी अच्छी है। कुछ दिन के बाद उस गाँव के राजा के ऊपर एक फ़ौज़ चढ़ी आती थी। राजा साहब इस दुःख से बहुत ही दुःखित थे और यह विचार नित्य ही राजसभा में प्रविष्ट रहता था। एक दिन धोबी राजा साहब के कपड़े धो कर ले गया और बहुत काल तक बैठा रहा। किसी ने इससे कपड़े न लिये तो धोबी ने राजा साहब के खिदमतगारों से कहा कि—"भाई साहब, कपड़े ले लो, मुझे और काम है।" राजा के भृत्यों ने कहा— तुझे कपड़ों की पड़ी है, राजा साहब के ऊपर अमुक राजा की फ़ौज चढ़ी आती है सो यहाँ आफ़त मची है। तू अपनी निराली गाता है।"

तब तो धोबी ने कहा— राजा साहब उस पंडित को जो कि १८ वर्ष काशी में पढ़ा है बुलवा कर क्यों नहीं तत्त्वपदार्थ की पुड़िया ले लेते, जो दुश्मन की सेना अपने आप फ़तेह हो जाय।" भृत्यों ने जाकर राजा से कहा कि एक धोबी यह कहता है। राजा ने धोबी को बुलाकर पंडितजी की व्यवस्था पूछी। धोबी ने कहा— अन्नदाता, पंडितजी के पास एक तत्त्वपदार्थ की ऐसी पुड़िया है कि उससे सब काम सिद्ध हो जाता है। एक बार मेरा गदहा खो गया था, मैं पंडितजी के पास जाकर तत्त्वपदार्थ की पुड़िया ले आया और उसे खाई कि फ़ौरन् ही गदहा मिल गया।" राजा को निश्चय आ गया, अतः राजा साहब ने पण्डितजी को बुलवा बड़ी प्रतिष्ठा की और पीछे हाथ जोड़ कर पूछा कि—"महाराज पण्डितजी हमारे ऊपर अमुक राजा की फ़ौज चढ़ी आती है और उस राजा की सेना बड़ी प्रबल है, सो क्या उपाय करें ?" पण्डितजी ने कहा—"महाराज

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम आपकी सेना को एक ऐसी तत्त्वपदार्थ की पुड़िया देंगे जिससे कि शीघ्र ही शत्रु का पराजय और आपका विजय होगा लेकिन आप हमें दो मन जमालगोटा मँगा दीजिये।" राजा साहब ने वैसा ही किया। पण्डितजी ने उसे कूट पीस कर तैयार कर रक्खा। जब राजा पर शत्रु की सेना चढ़ आई और इस राजा की सेना भी लड़ाई के लिये वर्दी पहिन शस्त्र ले तैयार हुई, तब राजा साहब ने काशी के पण्डित को बुलवा कर कहा— महाराज, अब आप अपनी सेना को तत्त्वपदार्थ की पुड़िया दीजिये।" पण्डितजी ने सम्पूर्ण सेना को मये राजा के जुलाब दे दिया। जिस समय इस राजा की सेना शत्रु सेना के सन्मुख पहुँचा तो सारी सेना को दस्त आने शुरू होगये और यह दशा हुई कि कोई कहीं, और कोई किसी नदी, और कोई किसी नाले में धोती पतलूनें खोलें पाखाना फिर रहा है। दूर से यह दृश्य देख शत्रु-सेना के अफ़सर बड़े विस्मित हुये कि यह क्या कोई नई क़वायद है। कभी हम लोगों ने किसी शत्रु-सेना को इस भाँति लड़ते नहीं देखा। यह सोच शत्रु के अफ़सरों ने एक अपना जासूस इस राजा की सेना की यह नई क़वायद देखने को भेजा। जासूस ने आकर देखा कि सबों ने जुलाब ले रक्खा है और सबों को दस्त आरहे हैं। जासूस ने जाकर अपने दल में ज्योंही यह वृत्तान्त कहा त्योंही उस सेनाने चढ़कर इसको विजय किया।

सच है अन्ध विश्वास से नाश होता। हमारे यहाँ भी सोमनाथ पट्टन को विदेशियों ने तत्त्वपदार्थ की पुड़िया के ही निश्चय से तोड़ा। किसी कवि ने सच कहा है—

न भूत पूर्वं न कदापि दृष्टा न श्रूयते हेममयी कुरंगी।
तथाऽपि तृष्णा रघुनंदनस्य विनाशकाले विपरीत बुद्धिः।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६७–परिहास से दुर्दशा

एक ब्राह्मण अपने घर में तीन भाई थे। उनमें जेठा भाई कुछ पढ़ा लिखा था, इसलिये कचेहरी का काम किया करता था, और दो भाई कुछ पढ़े लिखे न थे इससे ये काश्तकारी का काम किया करते थे। एक दिन इन मूर्ख दोनों भाइयों ने परस्पर सलाह की कि—'भाईजी बड़े चालाक हैं, आप तो दिन भर कचेहरी का काम करते, साया में रहते हैं और हम से तुमसे खेतों का काम लेते हैं। अब कल से हम तुम कचेहरी चला करेंगे और भाई साहब से कहेंगे कि तुम हल जोतने जाओ।" जब सायंकाल को ये दोनों मूर्ख जङ्गल से आये और बड़ा भाई कचेहरी से आया तो दोनों ने बड़े भाई से कहा—"भाई साहब, कल आप हल ले जायँ और कल से हम में से एक कचेहरी जायगा।" बड़े भाई ने बहुत कुछ समझाया और कहा कि-"तुम एक अक्षर पढ़े नहीं, कचेहरी जाकर क्या करोगे?" इन्होंने कहा—"कुछ हो, हम में से एक कचेहरी जायगा।" बड़े भाई ने बहुत समझाया पर ये दोनों दूसरे दिन हल न ले गये, जब बड़े भाई ने बैल बँधे देखे तो वह बेचारा बैल जोत हल चलाने चला गया। अब इन दोनों में मँझला भाई आज अपने बड़े भाई की पोशाक पहिन कचेहरी पहुँचा। वहाँ बादशाह मुसलमान था और उस समय बादशाह साहब बाल बनवा रहे थे। यह मूर्ख बादशाह को देख खूब ही खिलखिला कर हँसने लगा। बादशाह ने अपने आदमियों से कहा—"यह कौन शख्स है? इसको यहाँ लाओ।" और बादशाह ने उससे पूछा-"तुम एकाएक क्यों हँसे? इसने कहा कि—"हमें तुम्हारा कलिंदा सा सिर देख यह ख्याल हुआ कि अगर आप का कोई सिर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काट डाले तो क्या पकड़ के उठावे, क्योंकि आप के चोटी चोटी तो है ही नहीं।" बादशाह ने यह गुश्ताखी देख उसे उसी समय जेल भेज दिया और कहा इसका मुक़द्दमा दूसरे दिन करूँगा परन्तु दूसरे दिन इस मूर्ख का छोटा भाई भी पहुँचा। जब यह पहुँचा तो बादशाह ने पूछा—"तुम कौन हो ?" इसने कहा—"हुज़ूर हम उसके भाई हैं जिसको आप ने कल क़ैद किया है।" तब तो बादशाह ने कहा- क्यों जी तुम्हारा भाई बड़ा ही बेवकूफ़ है मैं कल हज़ामत बनवा रहा था कि इतने में तुम्हारा भाई आया और एकाएक खड़ा होकर हँसने लगा। हमने उसे बुलवाकर पूछा कि तुम क्यों हँसे ? उसने जवाब दिया कि मैं इसलिये हँसा कि अगर आपका कोई सिर काट डाले तो चोटी तो आप के है ही नहीं क्या पकड़ के उठावे।" यह सुन वह दूसरा मूर्ख बोला कि—"हुज़ूर वह था मूर्ख अगर सिर में चोटी नहीं तो मुँह में लाठी घुसेड़ के उठाले ?" बादशाह ने इस बेवकूफ़ को भी उसी के साथ जेल भेज दिया। अब तो तीसरे दिन उन दोनों मूर्खों का बड़ा भाई जो रोज़ कचेहरी में जाया करता था पहुँचा और बादशाह को सलाम करके और बातचीत करके मौक़ा पा बोला कि-"हुज़ूर, आपके यहाँ हमारे दो बैल क़ैद हैं, जिनसे दो हल बन्द हैं।" बादशाह ने कहा कि आज, क्या आप भी पागल हो गये हैं, कैसी बात करते हो ? कहीं दो बैलों से दो दो हल बन्द हुआ करते हैं ?" इन्होंने कहा "हुज़ूर, वह इसी क़िस्म के बैल हैं।" तब तो इन्होंने उनकी मूर्खता का सारा समाचार वर्णन किया कि इस इस तरह उन दोनों मूर्खों ने मुझे हल जोतने को भेजा और उन दोनों ने आप की ख़िदमत में आकर यह गुश्ताख़ी की। बादशाह ने उन्हें मूर्ख जान छोड़ दिया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मूरख का मुख बम्ब है, निकसत बचन भुअङ्ग ।
ताकी औषध मौन है, विष नहिं व्यापत अङ्ग ॥

६८—बहुत चालाकी से सर्वस्व नाश

एक स्थान से चार आदमी बाहर व्यापार के लिये निकले। कुछ दिन बाहर रहकर चारों ने अच्छा धनोपार्जन किया। जिस समय वे चारों घर को लौटे तो मार्ग में एक स्थान पर वे रात में ठहर गये। अब जिस समय भोजन भाजन की फिकर हुई तो चारों की यह सम्मति पड़ी कि दो आदमी जाकर भोजन ले आवें। अतः उनमें से दो आदमी भोजन लेने गये और दो स्थान पर असबाब ताकने में रहे। परन्तु अब वहाँ यह दशा हुई कि जो दो आदमी भोजन लेने गये उन्होंने तो यह सम्मति की कि— यार ऐसा भोजन ले चलो कि जिसमें उस भोजन को खाकर वे दोनों आदमी मर जायँ और उनका द्रव्य हम तुम आधा-आधा बाँट लें।" यह सोच विष के लड्डू ले आये और इन स्थानिक दोनों ने यह सम्मति की कि—"वे ज्योंही भोजन लेकर आवें, दोनों को जान से मार दो और दोनों का द्रव्य हम तुम दोनों बाँट लें।" निदान उन दोनों के आते ही इन स्थानिक दोनों ने उन्हें तलवार से मार दिया और उनका द्रव्य ले चलने की तैयारी की। जब चलने लगे तो सोचा कि यार यह भोजन जो वे दोनों लाये थे रक्खा है, इसलिये आओ प्रथम भोजन कर लें, फिर चलें। परन्तु भोजन में तो वहाँ विष के लड्डू थे। ज्योंही उन दोनों ने वे लड्डू खाये कि कुछ देर के बाद दोनों सो गये।

अब आप सोच लें कि चालाकी से क्या परिणाम निकला?

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६६—अभ्यास

एक गड़रिये के पास दो बड़े शिकारी कुत्ते थे। गड़ेरिया रोज़ उन्हें दो चार कोस दौड़ाता था और खाने को उन्हें साधारण ही बेझड़ की रोटी और मट्ठा दिया करता था। एक साहब बहादुर के पास भी दो कुत्ते थे जिनको कि साहब बहादुर रोज़ क़लिया मँगा-मँगा खिलाया करते थे और उनको बड़ी सजावट के साथ रक्खा करते थे। एक दिन गड़ेरिये के कुत्तों की प्रशंसा सुनकर कि बड़े शिकारी हैं, साहब ने गड़रिये को बुला कर कहा कि—"शिकार खेलने में टुम अपने कुट्टे हमारे कुट्टों के साठ छोड़ोगे?" गड़रिये ने कहा हाँ और अपने कुत्ते ला साहब बहादुर के कुत्तों के साथ छोड़ दिया। गड़रिये के कुत्ते साहब बहादुर के कुत्तोंसे आगे निकल गये। यह देख साहब बहादुर बड़े शरमाये और गड़रिये से बोले कि "वेल् गड़रिया, टुम अपने कुट्टों को क्या खिलाटा है?" गड़रिये ने जवाब दिया कि-"बेझड़ की रोटी और मट्ठा।" साहब बहादुर ने जाँच करके देखा तो गड़ेरिया वास्तविक बेझड़ की रोटी और मट्ठा ही खिलाता था। साहब बहादुर ने गड़रिये से कहा कि— टुम अपने कुट्टे हमको डेडे?" गड़रिये ने कहा-'हम अपने कुत्ते हुज़ूर को कभी नहीं दे सकते।" तब साहब बहादुर ने कहा—"अच्छा, अगर टुम दोनों कुट्टे नहीं देटा टो एक कुट्टा हमारे कुट्टे के साठ बडल डो।" गड़रिये ने एक कुत्ता बदल दिया। साहब का ख़्याल था कि यह कुत्ता जब गड़रिये के यहाँ केवल बेझड़ की रोटी और मट्ठा पाता है तब तो इतना शिकारी है और जब रोज़ क़लिया पायेगा तो बड़ा शिकारी हो जायगा बस, साहब बहादुर कुत्ते को ले जाकर क़लिया खिलाने लगे, लेकिन कुत्ता साहब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहादुर के यहाँ जँजीर में बँधा रहता था और गड़रिया साहब बहादुर के कुत्ते को अपने कुत्तों के साथ रोज़ दो चार कोस दौड़ना और शिकार को तोड़ना सिखलाता रहा। कुछ अरसे के बाद साहब बहादुर ने गड़रिये से कहा कि—"अब टुम हमारे कुट्टों के साठ अपने कुट्टे छोड़ो।" गड़रिये ने कुत्ते छोड़े तो गड़रिये के कुत्ते फिर आगे निकल गये। साहब फिर भी बड़े शरमिन्दा हुए और गड़रिये को कुछ देकर उसका दूसरा कुत्ता भी उन्होंने ले लिया और दोनों कुत्तों को खूब क़लिया वग़ैरा खिला तैयार किया। लेकिन गड़रिया साहब के कुत्तों को ले रोज़ दौड़ाना और शिकार को दबोचना सिखाता रहा। कुछ दिन में साहब ने गड़रिये को बुला कहा—"अच्छा टुम अब अपने कुट्टों को हमारे कुट्टों के साठ छोड़ो।" परन्तु फिर भी गड़रिये ने ज्यों ही अपने कुत्ते छोड़े, तो इसके कुत्ते आगे निकल गये। सच है—

अभ्यास सदृशं नैव लोकेऽस्मिन्हितसाधनम्।
अतः स एक कर्तव्यः सर्वदा साधु वर्त्मना॥

१००—यथा राजा तथा प्रजा

एक राजा के यहाँ एक बार एक पण्डित कहीं से पधारे। राजा ने पण्डितजो से पूछा—"महाराज, इस समय हमारी एक घोड़ी और एक गाय दोनों गर्भिणी हैं, आप बतावें कि दोनों क्या ब्यायेंगी?" पण्डित ने उत्तर दिया कि—"महाराज, गाय बछड़ा और घोड़ी बछेड़ा ब्यायेगी।" पण्डित उनके ब्याने के समय तक राजा के ही यहाँ ठहरे रहे। जिस समय वे दोनों ब्यायीं तो राजा के कर्मचारियों ने बछेड़े को उठा कर गौ के नीचे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और बछड़े को उठाकर घोड़ी के नीचे कर दिया और राजा साहब को खबर दी कि —"महाराज, आप की गाय बछेड़ा और घोड़ी बछड़ा ब्याई है, आप चलकर देख लें।" राजा ने जाकर देखा तो गाय के नीचे बछेड़ा और घोड़ी के नीचे बछड़ा था। राजा ने पंडितजी से कहा—"पण्डितजी, आप तो कहते थे कि गाय बछड़ा और घोड़ी बछेड़ा ब्यायेगी किंतु यहाँ तो उल्टा हुआ। अतः अब आपको एक कौड़ी भी नहीं दी जायगी और आप अब हमारे राज्य से निकल जाइये।" पण्डितजी ने सोचा कि आखिर तो अब हम राज्य से जाते ही हैं, लाओ हमारे कपड़े बहुत मैले हो गये हैं, उन्हें तो धुलालें। अतः उन्होंने अपने कपड़े धोबी के यहाँ धुलने को डाले। धोबी कई दिन तक कपड़ा ही देने न आया। जब पण्डितजी उस धोबी के यहाँ अपने कपड़े माँगने गये तो उसने कहा—"महाराज, वे कपड़े तो मैं नदी में धोने गया था सो पानी में आग लगने से जल गये।" यह सुन पण्डित ने राजा के यहाँ फ़रियाद की। राजा ने धोबी को बुला कर कहा—"क्योंरे तू पण्डित जी के कपड़े क्यों नहीं देता?" धोबी ने कहा—"सरकार, मैं पण्डित के कपड़े नदी में धोने गया था सो नदी के पानी में आग लगने के कारण कपड़े जल गये।" राजा ने कहा—"क्यों रे, कहीं पानी में आग लगती है?" तब तो धोबी ने कहा—

अश्वन्यां जायते बच्छा कामधेनु तुरङ्गमा।
नद्यां जायते वन्हिः यथा राजा तथा प्रजा॥

"महाराज, अगर घोड़ी बछड़ा ब्या सकती है और गौ बछेड़ा ब्या सकती है तो नदी में भी आग लग सकती है।"

बस, राजा ने समझ कर पण्डित को प्रतिष्ठापूर्वक विदा किया और धोबी ने उनके कपड़े भी दे दिये।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१०१–किसी पुरुष की कुछ आशा रख सेवा करना और पीछे कौड़ी भी प्राप्त न होना

एक पुरुष सन के वृक्षों को बड़ा सुहावना और उनके पुष्पों को सुवर्ण-कान्ति देख इस प्रयोजन से उनकी सेवा करने लगा कि जब ये वृक्ष इतने खूबसूरत हैं और इनके पुष्पों की कान्ति सुवर्ण के समान है तो जाने इनके फल कैसे होंगे ? परन्तु वहाँ जब सन के वृक्षों के फल पुष्ट हुये तो हवा चलने पर वे छुन-छुनाने लगे। यह देख उस पुरुष ने कहा—

सुवर्णं सदृशं पुष्पं फलं रत्नं भविष्यति।
आशया सेवते वृक्षं पश्चात् छुनछुनायते॥

१०२—बुद्धि और भाग्य

एक बार बुद्धि और भाग्य में झगड़ा हुआ। बुद्धि कहती थी मैं बड़ी और भाग्य कहती थी मैं बड़ी। बुद्धि ने भाग्य से कहा कि—"यदि तू बड़ी है, तो यह गड़रिया जो बन में भेड़ें चरा रहा है, इसे बिना मेरी सहायता के तू बादशाह बनादे तो मैं मान लूँगी कि तू बड़ी है।" यह सुन भाग्य ने उसको बादशाह बनाने का प्रयत्न प्रारम्भ किया। भाग्य ने एक बहुमूल्य खड़ाऊँ का जोड़ा जिसमें लाखों रूपये के जवाहिरात जड़े हुये थे लाकर गड़रिये के आगे रख दिया। गड़रिया उसको पहिनकर फिरने लगा। फिर भाग्य ने एक सौदागर को वहाँ पहुँचा दिया। सौदागर उन खड़ाउवों को देख चकित हो गया और गड़रिये से बोला—"तुम यह खड़ाऊँ का जोड़ा बेचोगे ?" गड़रिये ने

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहा—"ले लो।" सौदागर ने कहा—"क्या दाम लोगे?" गड़रिये ने कहा— दाम क्या बताऊँ मुझे रोज़ रोटी खाने के लिये गाँव जाना पड़ता है, अगर तुम दो मन भुने चने इस खड़ाऊँ के जोड़े की क़ीमत दे दो तो मैं चने चबाकर भेड़ों का दूध पी लिया करूँगा और गाँव में जाने के दुःख से छूट जाऊँगा।" अभिप्राय यह कि इस दुर्बुद्धि गड़रिये ने ऐसीबहु मूल्य खड़ाऊँ जिसमें एक-एक हीरा लाखों रूपये का था दो मन भुने चनों में बेच डालीं। यह देखकर भाग्य ने और बल दिया, उस सौदागर को एक बादशाह के दरबार में पहुँचा दिया जिस समय वहाँ सौदागर ने खड़ाऊँ बादशाह के आगे रक्खीं, बादशाह देखकर चकित हो गया और उसने सौदागर से पूछा कि—"तुमने यह खड़ाऊँ का जोड़ा कहाँ से लिया?" सौदागर ने जवाब दिया—"एक बादशाह मेरा मित्र है, उसने ये खड़ाऊँ मुझे दी है।" बादशाह ने पूछा—"क्या उस बादशाह के पास ऐसी और खड़ाऊँ हैं?" सौदागर ने उत्तर दिया कि—"हाँ हैं।" बादशाह ने पूछा—"क्या उस बादशाह के कोई लड़का भी है?" सौदागर ने कहा—"हाँ उसके लड़का भी है।" यह सुनकर बादशाह ने कहा—"जनाब, मेरी लड़की की सगाई उस बादशाह के लड़के से करादो।" यह सब बातें तो भाग्य के बल से हुईं किन्तु सौदागर को बादशाह की पिछली बात सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ, क्योंकि उसे ज्ञात था कि खड़ाऊँ की जोड़ी तो मैंने गड़रिये से लिया है, न कोई बादशाह है, न बादशाह का लड़का। परन्तु इस झूठ बात के मुँह से निकल जाने से उसने सोचा कि अगर इस समय मैं अपने झूठ का भेद खोलता हूँ तो बादशाह न मालूम क्या दण्ड देवेगा। यह ख़्याल कर उसने विचार किया कि जिस तरह हो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सके बादशाह के शहर से निकल चलना चाहिये। अतः उसने बादशाह से कहा—"मैं आप की लड़की की सगाई करने के लिये जाता हूँ।" कहकर जिस ओर से वह आया था उसी ओर को पुनः रवाना हुआ। जब वह उस स्थान पर पहुँचा जहाँ उसने गड़रिये को देखा था तो क्या देखता है कि वह गड़रिया उससे विशेष मूल्य का खड़ाऊँ का जोड़ा पहिन रहा है। सौदागर यह देख हैरान हो गया। उसने सोचा कि यह कोई सिद्ध पुरुष है जिसको इस प्रकार की वस्तुयें क़ुदरत से प्राप्त हो जाती हैं। उसने सोचा कि यहाँ ठहरकर इसका हाल मालूम कर लेना चाहिये। यह सोच कर उसने वहाँ डेरे लगा दिये उसके पास ताँबा लदा हुआ था, उसे उतार कर उसने वृक्ष के नीचे एक ओर रख दिया। जब दोपहर हुई तो गड़रिया धूप का मारा उस वृक्ष के नीचे आया जहाँ ताँबे के ढेर पड़े हुये थे। वह उस ढेर के सहारे अपना सिर लगा कर सो गया। उस के तकिया लगाने से भाग्य ने उस ताँबे को सोना कर दिया। जब सौदागर ने यह देखा तब उसे ख़याल आया कि जिस मनुष्य के सिर लगाने से ताँबा सोना हो जाता है, उसको बादशाह बनाना कौन बड़ी बात है। यह सोच कर सौदागर ने कुछ गाँव मोल ले लिये और उन गाँवों में दुर्ग बनाना प्रारम्भ कर दिया और कुछ सेना भी रख ली। जब सब सामान तैयार हो गया तब उस गड़रिये को पकड़ कर दुर्ग में ले गया और उसे अच्छे बादशाही कपड़े पहना दिये। मन्त्री, सेवक आदि सभी रख दिये। पुनः उस बादशाह को चिट्ठी लिखी कि—"हमारे बादशाह ने आपकी लड़की की सगाई स्वीकार कर ली है, जो तिथि आप नियत करें, बरात उसी दिन पहुँच जाय।" बादशाह ने तिथि नियत कर लिख भेजा। इधर ब्याह की तैयारियाँ होने

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगीं। एक दिन जब दर्बार लगा हुआ था, सारे मंत्री आदि बैठे हुए थे, गड़रिया बादशाही तख़्त पर तकिया लगाये बादशाह बना बैठा था, उस समय गड़रिये ने सौदागर से कहा कि—"तुम मुझे छोड़ दो, देखो मेरी भेड़ें किसी के खेत में चली जाँयगी तो वह मुझे पीटेगा।" यह सुनकर सब लोग हँस पड़े और सौदागर दिल में सोचने लगा, इसका क्या इलाज किया जाय। जो कहीं उस बादशाह से इसने ऐसा कह दिया तो मैं बे प्रयोजन मारा जाऊँगा। पुनः सौदागर ने उस गड़रिये से कहा—"अगर तुम फिर कभी ऐसे शब्द कहोगे तो तुम्हें तलवार से मार दूँगा, जो कुछ कहना हो मेरे कान में कहना। निदान ब्याह की तिथि समीप आगई। सौदागर बरात लेकर रवाना हुआ। जब बादशाह के शहर के समीप आ गया और उधर से बादशाह का मन्त्री बहुत से कामदारों और सेना के सहित अगवानी (पेशवाई) को आया तो उन्हें देखकर गड़रिये को ख़याल आया कि शायद मेरी भेड़ें उनके खेत में जा पड़ीं और ये मेरे पकड़ने को आये हैं परन्तु बात कान में कहे जाने के कारण किसी को विदित न हुई और लोगों ने सौदागर से पूछा कि—"शाहज़ादे साहब क्या कहते हैं?" सौदागर ने जवाब दिया—"जितने मनुष्य अगवानी के लिये आये हैं सबको पांच २ लाख रुपया दिया जाय।" और सबको पाँच २ लाख रुपया दिया गया। शहर में प्रसिद्ध हो गया कि एक बड़े भारी बादशाह का लड़का ब्याह के लिए आया है जो प्रत्येक पुरुष को लाखों रुपये इनाम देता है, सैकड़ों हज़ारों का नाम ही नहीं जानता बादशाह भी डरा कि मैंने बड़े भारी बादशाह से सम्बन्ध जोड़ लिया है, परमेश्वर प्रतिष्ठा रक्खे। उस गड़रिये का ब्याह बादशाह की लड़की से हो गया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यहाँ तक तो बुद्धिमान सौदागर के सिलसिले से भाग्य कृत-कार्य हुई। परन्तु रात को जब गड़रिया अकेला बादशाही महल में सोया और वहाँ झाड़ फ़ानूस लैम्प जलते देखे तो इसको ख़्याल आया कि जङ्गल में जो भूतों की आग सुनी थी, वह यही है। मैं इसमें जलकर मर जाऊँगा। वह गड़रिया यह सोच ही रहा था कि इतने में बादशाह की लड़की गड़रिये की तरफ़ आई और जब उसने जेवरों की आवाज़ सुनी तो उसे ख़्याल आया कि कोई चुड़ैल मेरे मारने के वास्ते आ रही है। यह सोचकर झटपट एक दर्वाज़े की ओट में छिप गया। शाहज़ादी ने देखा कि शाहज़ादा यहाँ नहीं है, वह दूसरे कमरे में चली गई। उसके जाते ही इसे ख़्याल आया कि अभी एक चुड़ैल से बचा हूँ न मालूम यहाँ कितनी-कितनी और चुड़ैलें आवें, इसलिये यहाँ से भग चलना चाहिए। यह सोच ही रहा था कि उसे एक ज़ीना ऊपर की तरफ़ देख पड़ा। वह झट ऊपर चढ़ गया और उसने एक तरफ़ छज्जे को हाथ डालकर नीचे कूदकर भागने का इरादा किया। उस समय अक़्ल ने भाग्य से कहा कि—"देख, तेरे बनाने से यह बादशाह न बना बल्कि अब गिरकर मरेगा।"

समाने हस्त पादादौ दैवाऽधीने च वैभवे।
यो निन्दां विन्दते नित्यं स मूर्ख इति कथ्यते॥

१०३—नाक की ओट में परमेश्वर

दक्षिण देश की ओर प्रथम राजाओं के यहाँ नाक, कान, हस्त, पदादि छेदन का दण्ड दिया जाया करता था। इसी प्रथा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अनुसार एक बार वहाँ के एक अपराधी को नासिका-छेदन का दण्ड दिया गया। वह अपराधी राजा के फाटक से निकलते ही कूद कूद कर नाचने और तालियाँ पीट पीट बड़ा ही प्रसन्न होने लगा। लोगों ने पूछा—"तू इतना क्यों प्रसन्न होता है ?" उसने कहा—"नाक की ओट में परमेश्वर था, सो मुझे तो नाक कटने से परमेश्वर दीखने लगा।" इस प्रकार नाच २ कर इसने नाक कटाने पर कई मनुष्यों को तैयार किया। इसने कहा—"जिस समय तुम नाक कटा लोगे तुम्हें परमेश्वर दीखेगा। लोगों ने विश्वास पर आ नाकें कटा लीं। इस एक नकटे नाचने वाले ने उन लोगों से कहा—"आखिर तो अब आप लोगों की नाकें कट ही गईं, इसलिये तुम भी नाचने लगो और कह दो कि हमें भी परमेश्वर दीखने लगा, नहीं तो लोक में बड़ी निन्दा होगी।" यह सुन वे कई मनुष्य नाचने और यह कहने लगे कि हमें भी नाक कटने से परमेश्वर दीखने लगा। इस प्रकार होते होते चार हज़ार नकटे मनुष्यों का समुदाय बन गया। एक बार ये नकटे नाचते-नाचते एक राज्य में पहुँचे तो राजा को खबर मिली कि चार हज़ार नकट्टों का झुण्ड इस भाँति नाचता फिरता है और वे कहते हैं कि नाक की ओट में परमेश्वर था सो अब दीखने लगा है, अतः राजा ने उन सब को बुलाया और पूछा तो वे सब राजा के सामने भी वैसे ही नाचने लगे और बोले—"महाराज, हमें परमेश्वर दीखता है।" राजा ने कहा—"अगर ऐसा है तो हम भी नाक कटावेंगे।" अपने ज्योतिषी जी से राजा बोला कि—"ज्योतिषी जी, आप पत्रा में देखिये कि हमारे नाक कटाने का मुहूर्त्त कब बनता है ?" ज्योतिषी जी ने पत्रा निकाला और मीन मेष कर कहा—"आपके नाक कटाने को माघ बदी द्वीज को प्रातःकाल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुत ही अच्छा है।" धन्य ज्योतिषी जी, आपके पत्रे में नाक कटाने का भी मुहूर्त्त निकला। इसके बाद वे नकट्टे चले गये। राजा के दीवान ने घर जा यह बात अपने बाप से कही। उसकी उमर अस्सी वर्ष के क़रीब थी और वह ४० वर्ष तक राजा के यहाँ दीवान भी रह चुका था। बुड्ढा यह सुन दूसरे दिन राजा के यहाँ जाकर राजा को अभिवादन कर नाक कटाने का सम्पूर्ण वृत्तान्त पूछा और बोला—"अन्नदाता, मैंने आपका नमक पानी तमाम उमर खाया है और बुड्ढा भी हूँ इसलिये आप प्रथम मुझे नाक कटाकर देख लेने दीजिए, अगर मुझे नाक कटाने पर परमेश्वर दीखें तो आप नाक कटावें नहीं तो आप न कटावें।" राजा के यह बात मन आ गई, अतः उसने ज्योतिषी जी से कहा कि—"ज्योतिषी जी, अब आप हमारे पुराने दीवान जी के नाक कटाने का मुहूर्त्त देखिये। ज्योतिषीजी ने पुनः पत्रा निकाल मीन, मेख, वृष, मिथुन कर कहा कि—"पुराने दीवानजी के नाक कटाने का मुहूर्त्त पौष सुदी पूर्णिमा को अच्छा है। राजा ने पौष सुदी पूर्णिमा को नकट्टों को बुला एकत्र किया और दीवानजी को बुलवा उनसे कहा—"लो, इनकी नाक काटो और परमेश्वर दिखाओ।" उनमें से एक ने बहुत तीक्ष्ण छुरा ले दीवानजी की नाक काट ली। दीवानजी बेचारे को बड़ा ही कष्ट हुआ। दीवान हाथ से कटी नाक पकड़कर रह गये पुनः नकटों ने दीवानजी की नाक काट उनके कान में कहा कि—"अब आपकी नाक तो कट ही गई है, इसलिये तुम भी नाचने कूदने लगो और यह कहने लगो कि हमें परमेश्वर दीखता है, नहीं तो लोक में बड़ी निन्दा होगी।" दीवानजी ने राजा से साफ़ कह दिया कि—"ये सब बड़े ही धूर्त्त हैं, इन्होंने हज़ारों आदमियों की व्यर्थ नाकें कटा डालीं,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाक कटाने पर परमेश्वर परमेश्वर कुछ खाक नहीं दीखता बल्कि अभी नाक काटकर हमारे कान में इन्होंने ऐसा ऐसा कहा।" राजा ने यह भेद जान उन सब को पकड़वा २ उचित दण्ड दे उस गिरोह को तोड़ा।

आप लोग दुनिया का प्रवाह देखिये कि ऐसे-ऐसे मतों ने भी प्रचार पाया।

हरित भूमि तृण संकुलित, समुझि परै नहिं पन्थ।
जिमि पाखण्ड विवाद से, लुप्त होत सद् ग्रन्थ॥

१०४—प्रकृति ही परमेश्वर के प्राप्त कराने में साधन है

एक बार एक ब्राह्मण के पच्चीस वर्ष की उम्र में लड़का पैदा हुआ, परन्तु लड़का पैदा होने के दूसरे ही दिन ब्राह्मण जीविकार्थ विदेश चला गया और पच्चीस वर्ष पर्यंत यह ब्राह्मण विदेश में रहा, जब तक यहाँ इसका पुत्र पूर्ण युवा हो गया, उसके दाढ़ी मूछें सभी निकल आईं। लड़के के बाप की चिट्ठी पत्री यद्यपि आया करती थी पर यह अपने बाप को पहिचानता न था, क्योंकि इसके जन्म के दूसरे ही दिन बाप विदेश चला गया था और न बाप ही इसे पहिचानता था। एक दिन यह युवा लड़का अपने किसी कार्य के लिये किसी गाँव को गया और जब उस कार्य को करके लौटा तो दूर होने के कारण रात को किसी गाँव में एक वैश्य के घर पर टिक रहा। इतने में इसका बाप भी जो पच्चीस वर्ष बाहर रहा था, आकर उसी वैश्य के घर पर ठहर गया और रात भर ये पिता पुत्र एक

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साथ लेटे रहे, परन्तु एक दूसरे को न पहिचान सके। लड़का प्रातःकाल उठकर घर चला आया और बाप झाड़े जङ्गल कुल्ला दन्तधावन करके कुछ देर में चला, इस कारण लड़के से कुछ देर बाद में आया। लड़का मकान के अन्दर खड़ा था। लड़के ने इसे देख कहा—"यह कौन हमारे घर में घुसा आता है?" माता ने पुत्र से कहा—"बेटा, यह तो तुम्हारे पिता हैं।" पुत्र ने यह सुन पिता को प्रणाम किया और कहा-"माँ, हम और पिताजी तो रात भर एक ही स्थान पर लेटे रहे, पर एक दूसरे को न पहचान सके, आप के बतलाने से अब जाना है।" और ये ही शब्द बाप ने कहे।

इसका दार्ष्टान्त यह है कि इस जीवात्मा रूप पुत्र के जनमते ही पिता परमात्मा अलग हो जाते हैं और यह सांसारिक प्रयत्नों में फँसा रहता है, परन्तु जिस प्रकार माता ने पुत्र को पिता का ज्ञान कराया था, इसी भाँति जब प्रकृति माता पुत्र जीवात्मा को पिता परमात्मा का बोध कराती है तो यह तुरन्त उसे पहिचान लेता है जिसके लिये उपनिषद् तथा शास्त्रों में कहा है—

अनित्यैर्द्रव्यैः प्राप्तवानस्मि नित्यमपितापुत्राद्भयो दृष्टत्वात्

१०५—आज कल तो कलियुग है अधर्म करने से ही उन्नति होती है। देखो, धर्मात्मा दुःखी हैं और अधर्मात्मा सुखी हैं

एक शहर में एक वैश्य की दूकान थी। वैश्य बेचारा बड़ा ही धर्मात्मा, सीधा और सच्चा तथा ईश्वर भक्त था। प्रातःकाल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से उठ अपने नियम धर्मों का पालन, सत्य बोलना, धर्म से जीविका करनी आदि-आदि सेठजी में विचित्र गुण थे, परन्तु इस प्रकार के व्यवहार से सेठजी को पैदा तो बहुत थोड़ी थी लेकिन सेठ अपनी सद्वृत्ति और संतोष से सुखी रहा करते थे। कुछ काल के पश्चात् एक अहीर ने आकर सेठजी की दूकान के सामने जो एक दूसरी दूकान गिरी हुई थी उसे किराये में ले ली। अहीर के पास उस समय केवल १।।) की कुल पूजी थी। अहीर उसी दिन दो चार पैसे के बरतन भाँड़े कुम्हार के यहाँ से ला १।) रुपये का दूध लाकर उसमें उतना ही पानी मिला दूध बेचने लगा। इस प्रकार चौधरी साहब के तो उसी दिन दूने हुये। तीसरे दिन चौधरी साहब ने २।।) रुपये का दूध ला उतना ही पानी मिला दूध बेच डाला। अब तो चौधरी साहब के फिर भी दूने हुये। इस भाँति कुछ ही दिन में चौधरी साहब मालामाल हो गये और थोड़े ही दिन पहले जहाँ चौधरी एक लँगोटी लगाये फिरते थे वहाँ अब उनके ठाठ ही निराले हो गये, यहाँ तक कि उस गिरी हुई दूकान को मोल ले चौधरीजी ने तिखण्डा खड़ा कर दिया और उनके बहुत से नौकर चाकर भी रहने लगे। सेठजी यह दृश्य देख बड़े ही विस्मय को प्राप्त हुये और मन में कहने लगे कि लोग जो कहा करते हैं, क्या सच-मुच कलियुग में अधर्म ही करने से सुख मिलता है ? सेठजी इन संकल्प विकल्पों ही में थे कि इतने में एक बड़े विद्वान् महात्मा उस ग्राम में पधारे। सेठजी ने, जब सुना कि यहाँ एक बड़े विद्वान् महात्मा आये हुए हैं तो सेठजी ने महात्मा की शरण में आ उनको दण्ड प्रणाम कर कहा कि—"महाराज, क्या कलयुग में अधर्म ही करने से सुख मिलता है ? देखो हम नित्य प्रातःकाल उठ कर शौच

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दन्तधावन, पञ्चयज्ञ का सेवन, कभी किसी जीव को दुःख न देना, सत्य बोलना आदि-आदि नेम धर्मों में ही दिन व्यतीत करते हैं। सो हमें तो खाने भर को भी कठिनता से पैदा होता है और एक अहीर ने हमारी दूकान के आगे अभी थोड़े ही दिन से दूकान रक्खी है, जिस समय उसने दूकान रक्खी थी, उसके पास कुल १॥) था, लेकिन ज्योंही उसने दूध में आधा पानी मिला-मिला बेचना प्रारम्भ किया कि लाखों रुपये का धनी हो गया। इससे ज्ञात होता है कि आज कल अधर्म से ही उन्नति होती है।" महात्मा ने कहा—"सेठ, हम इसका उत्तर तुम्हें आठ रोज़ के बाद देंगे।" और महात्मा ने सेठजी से आठ हाथ का गहरा गढ़ा खोदवा कर सेठजी को उसके भीतर खड़ा किया और लोगों से कहा कि तुम लोग कुएँ से पानी भर-भर ज़रा इस गढ़े में तो डालो, जिस समय जल सेठजी के गाँठों तक आया तो महात्मा ने पूछा—"कहो सेठजी, आप को कुछ कष्ट तो नहीं मालूम होता?" सेठजी ने कहा—"महाराज अभी तो कोई कष्ट नहीं मालूम देता। पुनः महात्मा ने उस गढ़े में दस बीस घड़े पानी और छुड़ाया, जब जल सेठजी के कमर तक आया तो महात्मा ने सेठजी ने कहा—"कहो सेठजी, आप को कोई कष्ट तो नहीं?" सेठजी ने कहा—"कोई कष्ट नहीं!" पुनः महात्मा ने फिर गढ़े में और जल छुड़वाया। जब जल सेठ की छाती तक आया तो फिर उनसे पूछा, पर सेठ ने फिर भी यही उत्तर दिया कि—"कोई कष्ट नहीं।" महात्मा ने फिर कुछ जल छुड़वाया। जब सेठजी के कण्ठ तक जल आया तो महात्मा ने पूछा—"सेठजी अब कहिये कोई कष्ट तो नहीं?" सेठजी ने कहा—"महाराज महाराज कोई कष्ट नहीं।" अब आप लोग विचार लें कि कण्ठ तक जल से डूबा सेठ खड़ा है

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और कहता है कि—"कोई कष्ट नहीं।" परन्तु अब की बार महात्मा ने ज्योंही दस बीस घड़े गढ़े में और डलवाये कि त्योंही सेठ डूबने लगे और ऊवासाँसी ले बोले-"महात्माजी हमें शीघ्र इस गढ़े से निकालो नहीं तो दम निकलती है।" महात्मा जी ने सेठ को निकाल कर उनसे कहा—"आप अपने प्रश्न का उत्तर समझ गये ?" सेठजी ने कहा--"महाराज, नहीं समझे।" महात्माजी ने कहा—"जब आपकी गाँठों तक पानी आया और मैंने पूछा तो आपने कहा—"मुझे कोई कष्ट नहीं।" पुनः जब आपके कमर तक जल आया और मैं ने पूछा तब आपने कहा 'मुझे कोई कष्ट नहीं' यहाँ तक कि आपके कण्ठ तक जल आ गया और १० ही घड़े की कमी थी कि आप डूब जाते, पर आपने कहा 'मुझे कोई कष्ट नहीं।" इसी भाँति उस अहीर के अब कण्ठ तक पाप भर आये हैं, अब डूबने में कमी नहीं, परन्तु तुमको वह सुखी मालूम पड़ता है और उसे भी नहीं जान पड़ता है।" किसी कवि ने क्या ही सत्य कहा है—

अन्यायोपार्जितं द्रव्यं दशवर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्ते एकादशे वर्षे समूलञ्च विनश्यति॥
अधर्मेणैधते तावत् ततो भद्राणि पश्यति।
ततः सपत्नां जयति समूलस्तु विनश्यति॥ मनु०॥

१०६–खूबसूरती और बुद्धि

एक तहसीलदार बड़े ही बुद्धिमान थे यहाँ तक कि उनसे बड़े बड़े अफ़सर बड़े-बड़े मामलों में राय लिया करते थे, लेकिन वे कुछ बदसूरत थे। यह देख साहब कलेक्टर ने उनसे एक

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिन मखोल किया कि—"क्यों तहसीलदार साहब जिस समय खुदा के यहाँ खूबसूरती बँट रही थी तब आप कहाँ थे ?" तहसीलदार ने उत्तर दिया—"उस समय मैं जहाँ बुद्धि बँट रही थी वहाँ था।" यह सुन कलेक्टर शरमिन्दा हो गये।

१०७—बच्चों को हमीं बुरा बनाते हैं

पैदा होने के समय सम्पूर्ण बच्चों की आत्मायें शुद्ध और पवित्र हुआ करती हैं माँ बाप ही चाहे बच्चों को सत्यवक्ता चाहे झूँठा, चाहे चोर, चाहे साह, चाहे व्यभिचारणी, चाहे सदाचारी बना दें। यथा—

एक मनुष्य को कुछ झूठ बोलने तथा चाल से बात करने की बान थी, अतः उसके बच्चे की भी आदत वैसी ही पड़ने लगी। बाप ने सोचा कि बच्चा भी हमारा वैसा ही हुआ जाता है इस भय से उसने उसे, उसकी ननसाल भेज दिया। जब कुछ दिन के बाद यह पुरुष अपनी सुसराल बच्चे के पास गया तो इसने सोचा कि भला बच्चे की परीक्षा तो लें कि इसका झूँठ बोलना कहाँ तक छूटा है ? अतः इसने कहा कि-"बेटा, आज गंगाजी में एक बड़ी भारी पहाड़ी फट गिरी।" बच्चा बोला कि—"दादा, छीटें तो मेरे ऊपर भी आई थीं।"

१०८—काठ का उल्लू

एक सेठ ने एक लोधे के हाथ अपना गाड़ी बैल अपने लड़के की सवारी के लिये किसी गाँव को भेजा। वह गाँव सेठ के गाँव से २० कोस की दूरी पर था और रास्ता १० कोस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कच्चा और १० कोस पक्का था। गाड़ी बहुत दिन से ओंगी हुई न थी इस कारण बोलती थी। पक्की सड़क पर तो गाड़ी बराबर बोलती चली गई परन्तु कच्ची पर पहुँची तो गाड़ी का बोलना बन्द होगया। यह देख लोधे ने गाड़ी फ़ौरन ही खड़ी कर दी और गाड़ी का बाँस पकड़कर रोने लगा। बोला-"हाय, तुमका का होइगा? अबहीं तक तो तुम ब्यालति बतलात अच्छी भली चली आइव, अब न जानै तुमका का होइगा।" अतएव लोधे ने गाँव के लोगों से पूछा कि—"क्यों भाई, कोई वैद्य भी इस गाँव में रहता है?" लोगों ने कहा—"हाँ, उस तरफ़ रहते हैं।" यह जाकर वैद्यराज के पास रोने लगा और बोला कि—"महाराज, मैं फलाने गाँव से गाड़ी लैकै चलो, सो १० कोस पक्की सड़क-सड़क तो नीके बोलति बतलात चली आई, पर अब न जानै का होइगा जो वहिका बचन बन्द होइगा।" वैद्यराज ने कहा कि—"नाटिका दिखाई भी कुछ है?" उसने कहा—"महाराज, मोरे पास तो गाड़ी बैलवा का छाँड़ि और कुछ नहीं है।" तब वैद्यराज बोले कि—"अच्छा यदि हमने नाटिका भी देख दी तो जब तेरे पास पैसा नहीं तो दवा काहे से करेगा? इस से तू एक बैल अपना बेच डाल कि जिस में दवा के लिये भी दाम हो जाँय और हमारा नज़राना भी हो जाय।" इस प्रकार एक बैल तो वैद्यराज ने बेचवा डाला और गाड़ी के पास जाकर कहा कि आपकी गाड़ी मर गई। सो कुछ गोदान वैतरणी कराके लिया और थोड़ा सा फ़ूस नीचे रख गाड़ी की भस्म क्रिया कराई पुनः वहाँ के पण्डितों ने दूसरा भी बैल बिकवा कर दशगात्र एकादशाह कराकर सब ले लिया और लोधजी तेरहीं का डुपट्टा सिर में बाँध आ विराजे। उसे देख सेठजी ने पूछा-"गाड़ी बैल कहाँ छोड़ा?" लोधा बोला-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"लालाजी, मैं हियाँ से गाड़ी लैकै चल्या, सो १० कोस पक्की भर तौ नीके ब्वालति बतलात उई चली गई, जो कच्ची पर पहुँच्यो, सोई उनका बचन बन्द होइगा सो बैद का लइकै देखा-यऊँ सो एक बैल बेंचि कै तौ गाड़ी की दवादारू औ बैद के नजराने माँ दीन्ह्यौं औ दुसरे से गाड़ी कै भस्मक्रिया कै दश-गात्र एकादशाह कै आइ गयउँ।"

१०९—एक के करने से क्या होगा ?

एक बार एक बादशाह ने अपने गाँव में एक पक्के तालाब में जो बहुत पाक और साफ़ पड़ा था दूध भराने के लिये गाँव भर के लोगों को जिनके यहाँ दूध होता था आज्ञा दी कि एक-एक घड़ा दूध अपने-अपने घर से भरकर उस तालाब में सब डाल आओ। सब लोगों ने अपने-अपने घरों में यह ख़्याल किया कि अगर हम एक घड़ा पानी का डाल आवेंगे तो तालाब भर में क्या जान पड़ेगा। निदान सब के सबों ने दूध के बजाय पानी ही छोड़ा और तालाब पानी से भर गया। जब बादशाह ने देखा तो लोगों की दशा देख चकित हो गया। इसी भांति यदि लोग कह दें कि एक से क्या होगा, और इसी प्रकार दूसरा कह दे एक से क्या, और इसी प्रकार तीसरा कह दे एक से क्या, ग़रज कि सभी इस भांति कह दें तो कभी कोई काम हो ही नहीं सकता।

११०—पल्लड़ झाड़

एक वैश्य रोज़ कथा सुनने को जाया करते थे। एक रोज़

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेठजी को कोई आवश्यकीय कार्य लगा इस कारण वे कथा में न जा सके, अतः उन्होंने अपने पुत्र से कहा—"बेटा, आज फलाँ जगह जाकर कथा सुन आना।" लड़का कथा सुनने गया तो कथा में निकला कि यदि कहीं गौ खाती हो तो उसे न मारे। दूसरे दिन सेठ का लड़का दूकान पर बैठा था और अनायास गौ भी आकर सेठ की दूकान पर जो पलरे में चावल रक्खे थे खाने लगी, लेकिन लड़के ने गौ को न मारा। इसलिये चावल कुछ बिखर गये और कुछ गौ खा गई। थोड़ी देर में सेठ आया और अपने बेटे से बोला—"क्यों रे, ये चावल कैसे बिखरे पड़े हैं?" उसने कहा—"आपही ने तो कल कथा सुनने भेजा था, उसमें निकला था कि अगर गौ कहीं खाती हो तो उसे न मारे।" बाप ने कहा—"अरे बेवक़ूफ़, अगर हम ऐसी कथा आज तक सुनते तो काहे को घर रहता और मूर्ख, जब कथा सुनने गये तो चादर का कोना फैला दिया और जब चलने लगे तो वहीं झाड़ दिया और कह दिया कि पण्डितजी यह लो अपनी कथा।"

मुक्ता फलैः किं मृगपीक्षणश्च मिष्टान्न पानं किमु गर्दभानाम्।
अन्धस्य दीपो बधिरस्य गानं मूर्खस्य किं शास्त्रकथाप्रसङ्गः॥

१११—आज कल का तमस्सुक और ईमानदारी

मैं कि मीर शक्की वल्द मीर झक्की साकिन मौज़े ला मकान का हूँ जो कि मुबलिग़ रुपया एक हज़ार अज़ राह जूती पैज़ार लाला रामऔतार से क़र्ज़ लेकर बज़रूरत वा वाहियात खुराफ़ात नेकजात आतिशबाज़ी में सर्फ़ कर डाले, लिहाज़ा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क़रार वसद न क़रार बल्कि इन्कार उलटी क़लम से लिखे देता हूँ कि सनद रहे और वक्त ज़रूरत के काम न आवे जिस की सचाई इस तरह से लगादी कि रुपये के बारह आने भी न जानें दूंगा, लाला साहब मौसूफ सख़्त बेवकूफ़ का रुपया वसूल न हो तो उसकी हिरासत से वसूल किये जावें।

मसला।

धीके पूत किया व्योपार। सोलह सै के रहे हज़ार, उसको बन्दा बैठा मार। जिसकी मियाद इस तरह क़रार दी है कि माह गये और सन् रहे जिसके कातिब फ़रजात राम नाम ख़्वांदा जिसके कि गवाह सुलतान खाँ व बेईमान खाँ मुशफ़िक मेहरबान चूहे के क़दरदान करमफोड़ कमबख़्ती के निशान दाम पिल्लहू।

११२–मुड़िया भाषा

एक बार एक वैश्यजी ने शहर में रुई का भाव तेज़ होने के कारण एक चिट्ठी अपने घर को इस मज़मून की लिखी कि—"लाला तो अजमेर गये हमहूँ रुई लीन तुमहूँ रुई लेव और बड़ी बही को भेज देव।" लोगों ने वहाँ इस चिट्ठी को पढ़ा कि—"लाला तो आजु मरि गये हमहूँ रोय लीन तुमहूँ रोय लेव और बड़ी बहू को भेज देव।" बस यह पढ़ बड़ी बहू को भेज दिया। बहू रोती हुई दूकान के आगे आ खड़ी हुई। सेठजी ने कहा—"यह क्या, यह क्या?" तब तो जो लोग बहू के साथ थे उन्होंने कहा—"लालाजी का तो देवलोक हो गया।" लोगों ने कहा—"यह क्या बकते हो?" तो बहू के साथ के लोगों ने कहा—"यह लो अपना पत्र पढ़ो।" उन्होंने कहा—"हमने तो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह लिखा था।" उन्होंने कहा—"हमने तो यह समझा था।" सच है—"कराक्षरा निष्ठुरा।"

११३—अँग्रेज़ी की लियाक़त

एक गाँव के एक बे पढ़े ज़िमींदार ने जिसके कुछ सीर· वीर भी थी अपने लड़के को औरों की देखा देखी अँगरेज़ी पढ़ाई परन्तु आप जानते हैं रईसों के लड़के भला ऐसे मन लगा कर कब पढ़ते हैं। इन्होंने कुछ पढ़ा और कुछ शहरों की हवा खाते रहे। थोड़े दिन में यह बाबू साहब जब अपने घर आये तो वही अँगरेज़ी ठाट कोट, पतलून, बूट, सिगरट पीते हुए रहने लगे। एक दिन इस ज़िमीदार के पास कुछ पढ़े लिखे मनुष्य और कुछ बे पढ़े इसके मित्र गण बैठे थे इतने में ज़िमींदार के बेटे ने ज्योंही आकर 'गुड मौर्निङ्ग' किया कि ज़मीदार बोला कि-"भाई हमारो लल्ला तो खूब अँगरेज़ी पढ़ि आओ।" इसके पास के बैठनेवाले मनुष्य ने कहा कि—"जब आप एक अक्षर भी अँगरेज़ी नहीं पढ़े तो आप को क्या मालूम कि यह लड़का खूब अँगरेज़ी पढ़ आया।" ज़िमीदार ने कहा कि—"हम तो यहि सों जान्ति हैं कि बहु एकु तौ कोट और पतलून पहिरे है, दुसरे मुण्डा जूता पहिरे है, तिसरे फकाफक्क सिगरट्ट पियत है, चौथे ठाढ़े मूतति है, पँचये जूता पहिरे चौकै चलो जाति है, हम तौ जहाँ यहु पढ़ति रहै सबु देखि आये हैं, छठै नै संध्या, नै गायत्री, नै होम, नै यज्ञ, नै देव, नै पितर, सतैं कहति है कि परमेसुर के ह्वै बे मा का सबूतु है, परमेसुर हैं यैं नांई, अठैं गिट-पिट गिटपिट बोलति है, नवैं गाँव वालेन केहू की तीर नाई बैठति है, दसैं बिसकुट खाति हैं, यहि सों हम जान्ति हैं कि जहु एम० एलल्ल० बी० पासु है।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोटश्च बूटं पतलून दिव्यं चुरटा मुखे चश्चलंमद्वितीयम् ।
लेडी गुलामं शुभकर्महीनं बाबू भयं मद्यं मांस स्लीलम् ॥

११४—उर्दू बीबी

एक तहसीलदार के नाम एक बार कलेक्टर साहब ने अपने पेशकार से एक हुक्मनामा लिखवाया कि—"फुलाँ तारीख़ को गंगा दरिया पर बीस या पचीस किश्तियें तय्यार रक्खें और मल्लाहों के झोपड़े जो दरिया के किनारे हैं उनको वहाँ से फेंकवा दें।" यहाँ तहसीलदार साहब ने उसे पढ़ा कि "बीस या पचीस क़स्बियें फलाँ फलाँ तारीख़ को दरिया के किनारे तय्यार रक्खो और दरिया के किनारे जो मल्लाहों के झोपड़ों हैं फुकवा दो।" बस तहसीलदार साहब बीस पचीस रंडियाँ बुलवाकर उन्हें साथ ले उस तारीख़ को दरिया के किनारे हाज़िर हुये और दरिया के किनारे के सब मल्लाहों के झोपड़े को फुकवा दिया। इधर जब कलेक्टर साहब आये तो देखते हैं कि एक नाव पर तहसीलदार साहब बीस पचीस क़स्बियें लिये खड़े हैं। साहब ने पूछा—"वेल तहसीलदार, यह क्या ?" तहसीलदार ने कहा— "हुजूर का हुक्म था कि फलाँ तारीख़ को बीस या पच्चीस क़स्बियाँ दरिया के किनारे तैय्यार रक्खें।" साहब ने कहा—"पेशकार तुमने तहसीलदार को क्या लिखा था ?" पेशकार साहब बोले कि—"मैंने तो लिखा था कि बीस या पच्चीस किश्तियें तैयार रक्खो।" साहब बोला—"फिर आपने ऐसा क्यों किया?" पेशकार ने कहा—"हुज़ूर, उर्दू में क़िश्तियें का कस्बियें भी पढ़ा जा सकता है।" थोड़ी देर में साहब के आगे मल्लाह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हाथ जोड़ आ खड़े हुए और बोले—"हुजूर, हम लोगों के झोपड़े तहसीलदार साहब ने फुकवा दिये।" साहब कलेक्टर ने कहा—"तहसीलदार, तुमने इनके झोपड़े क्यों फुकवाये?" तहसीलदार ने कहा—"हुज़ूर, आप ने हुक्म दिया था।" पुनः साहब ने पेशकार से पूछा तो पेशकार ने कहा—"हमने तो हुज़ूर यह लिखा था कि मल्लाहों के झोपड़े फेकवा दो, पर उर्दू में वैसा भी पढ़ा जा सकता है।" साहब ने कहा—"उर्दू बड़ी ख़राब ज़बान है।" संस्कृत में भी कहा है—

अव्यक्ते शब्दे म्लेक्षे

शोक है कि आज लोग सम्पूर्ण ज़बानों की माँ और सब से शुद्ध और पवित्र भाषा को छोड़ इस वाक्य के रूप बने हैं कि-

ईश गिरजा को छोड़ ईसू गिरजा में जाय शंकर स्वदेशी लोग मिष्टर कहावेंगे। बैंधि कोट पैण्ट कम्फाटर टोपी कोट जाकट के पाकट में वाच लटकावेंगे॥ फिरेंगे घमंडी बने रण्डी को पकड़ हाथ पीकर बरण्डी मीट होटल में खावेंगे। फ़ारसी की छारसी उड़ाय अँगरेज़ी पढ़ि मानो देवनागरी को नाम ही मिटावेंगे॥

११५—फूट से हानि

एक ब्राह्मण, एक क्षत्री और एक नाई तीनों कहीं को जा रहे थे। सफ़र लम्बा था रास्ते में तीनों को क्षुधा ने सताया और एक चने का फला हुआ खेत भी इन तीनों के दृष्टि आया। इन तीनों ने सोचा कि प्रथम तो इस समय इस जङ्गल में कोई है भी नहीं जो हम लोगों को इस खेत से चने उखाड़ते हुए देख ले

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दूसरे यदि कोई देख भी लेगा, तो हम लोग उससे कह देंगे कि भाईजी हमने भूख के कारण थोड़े थोड़े चने उखेड़े हैं। वह खेत एक जाट का था और दुपहर का समय था। जाटजी ने सोचा कि दुपहर का समय है हो न हो चलो एक चक्कर खेत ही की ओर कर आयें कि जिससे कोई नुक़सान न करे। जाट जी काँधे पर कुल्हाड़ा धर खेत की ओर को पधारे। वहाँ जा कर क्या देखते हैं कि हमारे खेत में तीन जवान चने उखेड़ रहे हैं। जाट ने सोचा कि अगर तुम एकाएक इन तीनों से कुछ कहते हो तो प्रथम तो यह जङ्गल, यहाँ कोई है नहीं दूसरे हम अकेले और ये तीन हैं, इसलिये युक्ति से काम लेना चाहिये, अतः जाटजी ने तीनों के पास जा प्रथम द्विज महाराज से पूछा कि—"आप कौन हैं?" इन्होंने उत्तर दिया कि—"हम ब्राह्मण हैं।" तब तो जाटजी ने कहा—"महाराज, आप तो परमेश्वर की देह हैं, आपने बड़ी दया की, भला आप काहे को कभी हमारे खेत में आते। धन्य हो महाराज, हमारा तो खेत पवित्र हो गया। यदि आपको और दो चार गट्ठे चनों की आवश्यकता हो तो उखेड़ लीजिये। आपका तो खेत ही है।" इसके पश्चात् जाटजी ने कुँवरजी से पूछा कि—"महाराज, आप कौन हैं?" इन्होंने कहा—"हम तो क्षत्री हैं।" जाटजी बोले—"धन्य हो महाराज कुँवरजी, आपने तो हमारे ऊपर बड़ी ही दया की। भला आप कभी हमारे खेत में काहे को आते। इत्तिफ़ाक की बात है। आपको यदि और दो चार गट्ठे चनों की आवश्यकता हो तो घोड़ों वग़ैरः के लिये उखड़वा मँगाइये। आप का तो खेत है।" अब इसके पश्चात् जाटजी ने तीसरे यानी हज्जामजी से पूछा—"आप कौन हैं?" यह बोला मैं तो आपका हज्जाम हूँ।" जाटजी बोले कि—"भला अगर इन ब्राह्मण जी ने चने उखेड़े

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो यह हमारे पूजनीय ठहरे और कभी कथा वार्त्ता सुना देते, कभी व्याह काज करा देते, और कुँवरजी ने उखेड़े तो यह तो हमारे राजा ठहरे और फिर कभी हम लोगों पर आमदनी ही में दया करते, हमारी रक्षा करते, पर तूने साले चने क्यों उखेड़े ? गधे के खाये, न पाप में न पुण्य में।" ऐसा कह जाटजी ने उतार जूता हज्जाम की चाँद काट दी। अब तो ब्राह्मण और क्षत्री दोनों बोले कि—"अच्छा हुआ जो यह नय्या पीट गया, यह कुछ बदमाश भी था। इस साले को जब कभी घर से बाल बनवाने को बुलाओ तो घंटों नहीं निकलता था, चलो आज ठीक होगया।" उधर नाई सोचने लगा कि मैं पिट गया और ये बच गये ये लोग जाकर गाँव में कहेंगे कि देखो नय्या पीटा गया। परमेश्वर, कहीं इन दोनों के भी चाँद में दस-दस जूते लग जाते तो ठीक हो जाता। जब नय्या पिट पट के कुछ दूर गया तो जाटजी बोले कि—"क्यों कुँवरजी, यह खेत कोई माफ़ी है, या मुफ़्त में तय्यार हुआ था ? भला ब्राह्मणजी ने उखेड़े तो वह तो हमारे माननीय ठहरे, पर आपने चने क्यों उखेड़े ?" ऐसा कह जाटजी ने उतार जूता इनकी भी खोपड़ी लाल कर दी और मारे बेंतों के चूतर लालकर दिये।" अब तो ब्राह्मणजी बोले कि—"अच्छा हुआ, यह भी बड़ा टर्रबाज़ था, कभी सीधा बोलता ही न था, हमेशा अकड़ के चलता था, आज सारी अकड़ निकल गई।" उधर क्षत्री मन में सोचने लगा कि देखो हम दो पिट गये पर यह ब्राह्मण बच गया। यह गाँव में जाकर कहेगा कि नाई और क्षत्री दोनों खूब पिटे, परमेश्वर कहीं इसके भी सिर में १० जूते लग जाते तो ठीक हो जाता इस प्रकार जब कुँवर जी पिट कुटकर चले और कुछ दूर पहुँचे तब जाटजी पूज्यमान की पूजा के हेतु उनकी ओर मुख़ातिब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हुए और ब्राह्मणजी से कहा—"क्यों महाराज, यह खेत ऐसे ही तय्यार हो गया था इसमें मिहनत नहीं पड़ी थी ? क्या आप संस्कारों या कथा वथा में अपने टके छोड़ देते हो ? अरे भाई, ये चने क्यों उखेड़े ?" यह कह कर जाटजी ने उतार जूता इनकी भी खोपड़ी साफ़ करदी। नाई की कभी ज़रूरत ही न रक्खी।

अब आप लोग नतीजा निकालें। अगर ये तीनों आपस में न फूटते तो तीनों की चाँद न काटी जाती। मित्रो, ठीक यही हमारी आपकी सबकी हालत है। क्या इस पर आप लोगों को अफ़सोस नहीं जो आपस में हमेशा अंगुल-अंगुल जगह पर एक एक पनाले पर, एक एक खूँटे पर निष्प्रयोजन रात दिन बैर बिरोध किया करते हैं। अब आप ज़रा समझ सोच भारत पर कृपा कीजिये।

११६—उजबक

एक बार एक उजबकजी को यह सूझी कि किसी प्रकार रामचन्द्र के दर्शन करना चाहिये। उजबकजी इस ख़्याल में थे कि हमें कोई ऐसा गुरू मिल जाय कि जो सहज में ही कोई साधारण युक्ति बता दे ताकि बिना परिश्रम ही राम-दर्शन हो जायँ। उजबक ऐसे गुरू की तलाश में ही थे कि इनको 'यादृशी शीतला देवी तादृशः खर वाहनः' के अनुसार एक घोंघा बसंत मिल गये। इन्होंने घोंघाबसंतजी से कहा—"महाराज, हमें कोई ऐसी युक्ति बताओ कि सहज में ही राम-दर्शन हो जायँ ?" घोंघाबसंत ने उपदेश किया कि–"आज से आप जब प्रातःकाल पाख़ाने जाया करें तो अपने लोटे में जो जल भर कर पाख़ाने के लिये ले जाते हो उसमें का कुछ आबदस्त लेने से बचा रक्खा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करो और उसे तुम नित्यप्रति बबूल पर चढ़ा दिया करो। इस प्रकार करने से तुम्हें प्रथम हनुमानजी के दर्शन होंगे, पश्चात् वे तुम्हें रामचन्द्र के दर्शन करायेंगे।" उजबकजी ने वही व्रत धारण किया। उस दिन से वे पूरे तौर से आबदस्त भी न लेते थे पर बबूल पर चढ़ाने के लिये जल अवश्य बचा रखते और रोज़ जल चढ़ाया करते थे। एक दिन एक बुड्ढा पुरुष जिसकी लम्बी-लम्बी दाढ़ी थी, प्रातःकाल पाखाने गया और वह उस बबूल के उस तरफ़ बबूल की जड़ से मिलकर पाखाने बैठ गया। माघ पूस का महीना था। जाड़ा खूब पड़ रहा था। इतने में यह उजबक पाखाने गया। यह झटपट पाखाने हो जल चढ़ाने के कारण पूरे तौर से आबदस्त भी न ले लोटे में आधा पानी बचा उसी बबूल पर इस ओर से जा और आधा लोटा जल ज़ोर से फेंक दिया। जल बहुत ही ठंढा था और ज्योंही उस बूढ़े के ऊपर जो कि बबूल की जड़ से भिड़ा हुआ उस ओर पाखाने बैठा था पड़ा तो जल पड़ते ही बुड्ढा भरभरा के उठ बैठा। यह दृश्य इस उजबक ने ज्योंही देखा तो इसे क्या मालूम पड़ा कि यह बबूल के अन्दर से निकला है और हो न हो यही हनूमान् हैं। बस उजबक ने वहाँ से लौट कर जाकर उस बुड्ढे के पैर पकड़ लिये। यह बेचारा पाखाना फिरे हुए था इस कारण बोलने से लाचार था और यह उजबक बोला कि—"महाराज, बहुत दिन के बाद आपके दर्शन मिले।" बेचारा बुड्ढा बोलने से तो लाचार ही था परन्तु हाथ हिलाता था और संकेतों से कहता था कि—"तुम अलग जाओ।" परन्तु यह उजबक कहता था—"वाह महाराज, खूब रहे बारह वर्ष हमने जब बबूल पर जल चढ़ाया है तब बाद मुद्दत के आपके दर्शन मिले हैं, सो आप अलग-अलग करते हैं। भला मैं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आपको छोड़ सकता हूँ ? आप तो हनूमान् हैं।" यह बुड्ढा फिर हाथ हिला कर संकेत से बोला कि—'हूं हूँ, ऊँ हूँ, ऊँ हूँ' यानी मैं हनूमान् नहीं हूँ, तुम अलग हटो। परन्तु इसने कहा—"अरे जाव महाराज, अब एक नहीं चलने की, हमने बहुत दिन में आपके दर्शन पाये हैं, आप तो भक्तों से पहले ऐसा कहा ही करते हैं।" बेचारे बुड्ढे को आबदस्त लेना मुहाल हो गया। इस प्रकार जब बुड्ढे ने देखा कि इससे पीछा छूटना कठिन है तो बोला कि—"अच्छा मैं हनूमान हूँ, तुम अपना अभिप्राय कहो, क्या है ?" इसने हाथ जोड़ कहा—"महाराज, हमें राम के दर्शन कराओ।" बुड्ढा यह सुन हैरान हुआ कि मैं इसे रामचन्द्र के दर्शन कहाँ से कराऊँ, परन्तु अनायास उसी समय चार सवार घोड़े पर किसी राजा के पास डाक लिये जाते थे, जब बुड्ढे ने देखा कि यह किसी प्रकार न मानेगा तो उसने कहा—"देखो वे चारों भाई जा रहे हैं और बोला कि—

आगे आगे राम जात हैं पीछे लछिमन भाई।
उसके पीछे भरत जात हैं, पीछे शत्रुघ्न दिखाई॥

यह सुनते ही उजबक बुड्ढे को छोड़ सवारों की ओर दौड़ा उनमें तीन सवार तो आगे निकल गये थे, पीछे वाले सवार के साथ यह उजबक जा चिपटा और बोला कि—"बहुत काल के बाद दर्शन हुये।" सवार ने कहा—"क्या है क्यों चिपटता है, तू कौन है ?" यह बोला—"महाराज मैं आपका भक्त हूं, कृपानाथ १२ वर्ष तो मैं ने बबूल पर जल चढ़या, तब तो हनूमानजी ने आपको बताया है।" सवार ने कहा अरे भाई, हम सरकारी सवार हैं, डाक लिये जाते हैं, हमें तुमने क्या समझ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रक्खा है।" इसने कहा—"महाराज, दास को क्या धोखा देते हो ? आप राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न चारो भाई हो।" सवार ने कहा—"नहीं हम सवार हैं।" उसने कहा—"आप तो प्रथम भक्तों से ऐसा ही कहा करते हैं कि जिसमें हमें छोड़ दें, सो हम आप को छोड़ने वाले नहीं।" सवार ने जब देखा कि यह इस प्रकार पीछा न छोड़ेगा और डाक को मुझे देर होती है तो ले हण्टर पीटने लगा और यह गिर पड़ा। पीछे बोला कि—

मारे गये चहे पीटे गये, दर्शन तो करही लिया।

सम्पादिता सपदि दुर्दुर दीर्घ नादा यत्कोकिला कल रुतानि निराकृतानि। निष्पीतम्बु लवणं ननु देवनद्याः पर्जन्य तेन भवतां विहितो विवेकः।

११७-स्त्रियों के परदे से हानि

एक बार एक कलकत्ता के निवासी सेठजी अपनी बहू को बिदा कराये बम्बई से आरहे थे और दूसरे सेठ कानपुर निवासी अपनी बहू को बिदा कराये दक्षिण हैदराबाद से आरहे थे। दोनों का इलाहाबाद स्टेशन पर संगम हो गया और दोनों बहुयें एक ही बिस्तर पर बैठ गईं, परन्तु अब बात यह थी कि परदा के कारण न तो कानपुरवाले सेठ अपनी बहू को पहचानते थे और न कलकत्तावाले सेठ अपनी बहू को पहचानते थे। थोड़ी देर के बाद दोनों ओर की जानेवाली गाड़ियों का मिलान वहीं पर हुआ। सेठों ने बहुओं से काहा कि—"बहुओ, तुम ज़रा अलग खड़ी हो जाओ तो हम असबाब सम्हाल लें।" प्रतिफल यह हुआ कि कलकत्ता के सेठ की बहू कानपुरवालों के साथ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चली आई और कानपुरवालों को वहू कलकत्ते वालों के साथ चली गई। जब ये वहुयें कलकत्ता और कानपुर चार चार दिन रह चुकीं तो पीछे मालूम हुआ कि कलकत्ते की बहू कानपुर और कानपुर की बहू कलकत्ता चली गई। अन्त में यह हुआ कलकत्तावाला कानपुर अपनी वहू को लेने आया और अपनी स्त्री को रास्ते ही मे मार दिया। दूसरे ने कलकत्ते से कानपुर आकर यहीं उसे छोड़ दिया कि तू हमारे काम की नहीं।

११८—वर्तमान स्त्रियों की विद्या

एक लड़की ने अपने मायके मे रहकर विचारी ने एक-एक पैसा जोड़ हर प्रकार की तकलीफ़ सह कर सौ रुपये जोड़े। जब यह बिचारी अपने सासुरे गई तो इसे सौ तक गिनती तो आती ही न थीं, इस कारण अपने रुपयों को दो दो बराबर कर लिया करती थी और जब दो दो बराबर हो जाते थे तो समझ लेती थी कि अब मेरे रुपये पूरे हैं। परन्तु निकालने वाली भी बड़ी ही चतुर थी, यह भी दो ही दो निकाला करती थी। यहाँ तक कि निकलते-निकलते इसके पास केवल चौबीस रुपये रह गये। परन्तु जब भी यह अपने बराबर कर लेती और कहती चली आई कि मेरे पूरे हैं। एक दिन निकालने वाली चुट्टी इस के रुपये निकाल रही थी कि यह आगई, इस कारण निकालने वाली ने एक ही रुपया निकाल पाया। इसने फ़ौरन् ही अपने रुपयों को दो दो बराबर किया परन्तु एक घट रहा। तब इसे मालूम हुआ कि मेरी आज चोरी हो गई। तब तो इसकी सास ने कहा—"ला मैं तेरे रुपये गिन दूँ।" यह दो दो बराबर कर बोली—"१) रुपया तो बढ़ता है तू किसका चुरा लाई ?" अब आप लोग सोच लें कि इनके सिपुर्द हमारा सब घर का कार-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खाना और बाल बच्चे हैं, ऐसी स्त्रियों की सन्तानें जितनी मूर्ख न हों उतना ही थोड़ा है।

११९—बेवा स्त्रियों का मुख्य धर्म

एक बार झाँसी की रानी महारानी लक्ष्मण बाई किसी स्थान पर एक पण्डित की कथा श्रवण करने गईं। कथा में पण्डितजी ने एक दृष्टान्त कहा कि—"इन बेवा स्त्रियों के मकर देखो कि जब तक तो इनका पति जीवित रहता है तब तक तो काँच की कच्ची चूरियाँ चार चार या छै छै पैसे की पहनती हैं और जब पति मर जाता है तो सोने या चाँदी का गहना या पतरिया दस दस बीस बीस, पचास पचास रुपये की पहनती हैं।" महारानी लक्ष्मण बाई ने पण्डितजी को उत्तर दिया कि "महाराज क्षमा कीजिये, आपने इस महत्त्व को नहीं समझा। इसका मतलब यह है कि जब तक इनका रिश्ता अपने पति से है तो ये समझती हैं कि पति का पाञ्चभौतिक अनित्य क्षणभंगुर शरीर काँच की कच्ची चुरियों की तरह ज़रा से धक्के में कुट्ट से हो जाने वाली है, इसलिये ये जब तक इनका रिश्ता कुम्हार के कच्चे घड़े की तरह फूटनेवाली पति के शरीर से रहता है तब तक काँच की कच्ची चूरियाँ पहनती हैं और जब पति मर गया तो अब संसार में इनका एक उस पक्के परमात्मा से जो कभी भी टूटने फूटने वाला नहीं सम्बन्ध हो जाता है, इसलिये ये सोना चांदी को पक्की चूड़ियाँ पहिर ईश्वर-भक्ति में अपने जन्म को बिता देती हैं।"

१२०—असम्भव बात कभी सच नहीं होती

एक बार एक जगह गप्पें उठ रहीं थीं, तब तक एक दूसरे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गप्पी आ गये। अब क्या था 'गप्पी के घर गप्पी आये' के अनुसार जब गप्पियों के यहाँ गप्पी आये तो गप्प मारने की क्या कमी। यह बोला कि "हमारे गुरू तो अपना सिर काट के अपने सिर के जूँ बीन लिया करते हैं।" दूसरे ने कहा—"आँखे तो सिर के साथ कट जाती है फिर सिर के जूँ कैसे देखते हैं?" इसने अपने मुँह में अपने ही हाथ से एक थप्पड़ मारा और कहा—"बस, इतनी ही तो झूठी निकल गई, नहीं तो सब सच्ची ही थी।"

१२१—तन बदन का होश नहीं

एक बढ़ई अपने बसूले को कंधे पर रक्खे हुए उसे ढूँढ़ता फिरता था कि बसूला कहाँ गया और इधर-उधर बिलबिलाता हुआ व्याकुल हो रहा था। किसी ने कहा—"कन्धे पर क्या है?" वह झट उस पुरुष के पैरों गिर पड़ा और बोला कि—"आप न बता देते तो हमारा बसूला गया ही था।"

१२२—चोर की दाढ़ी में तिनका

एक बार एक मनुष्य के यहाँ चोरी होगई थी। उसका पता लगना कठिन हो गया था। उस पुरुष ने जाकर बादशाह के यहाँ प्रार्थना की। बादशाह का वज़ीर बड़ा ही चतुर था। वह तमाम बदमाशों और चोरों को इकट्ठा कर बोला कि—"चोर की दाढ़ी में तिनका है।" अब तो जिस मनुष्य ने चोरी की थी, वह अपनी दाढ़ी देखने लगा। बस, वज़ीर ने समझ लिया कि इसने चोरी की है।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१२३—आज कल की सती

किसी स्त्री ने अपनी सास से पूछा कि—"सती के क्या माने हैं?" उसने जवाब दिया कि—"जिसने सात सात खसम किये हों, उसको सती कहते हैं।" इस पर उसने कहा कि—"तेरा लड़का मेरा अठवां खसम है।" सास ने जवाब दिया कि—"तूने अब दूसरे सत पर क़दम रक्खा है।"

१२४—बिना सम्बन्ध के वार्ता

एक वैद्य जी रोगी को देखने लगे और उनके साथ उनका एक मूर्ख शिष्य भी गया। वैद्यजी ज्योंही रोगी के पास पहुँचे तो चने के छिलके इधर उधर पड़े देख उसकी बदपरहेज़ी पर चिढ़ कर बोले कि—"तुम्हारी नाटिका में तो आज चने उछल रहे हैं।" रोगी हाथ जोड़ बोला—"महाराज, आज भूल होगई, मैंने दो झोंक चाब लिये, पर आइन्दा ऐसा कभी न होगा।" थोड़ी देर में वैद्यराज चले आये। रास्ते में शिष्य ने पूछा—"महराज, आपने यह कैसे जान लिया, कि इसकी नाटिका में चने कूद रहे हैं? वैद्यजी ने कहा कि—"चनों के छिलके उसकी चारपाई के पास पड़े थे, इसलिए ऐसा कह दिया।" दूसरे दिन जब उस रोगी के घर के मनुष्य फिर लिवाने गये वैद्यराज तो रोगी की बदपरहेज़ी से चिढ़े थे, इस कारण आपने अपने उसी शिष्य को भेज दिया कि जाओ उस रोगी को देख आओ। इतने में रोगी के घर कोई उसका मेहमान ऊँट पर आया और ऊँट की काठी रोगी की चारपाई के पास रख बैठ गया। जब तक वैद्यराज के शिष्य रोगी को देखने पहुँचे। यह ऊँट की काठी पास रक्खी देख रोगी की नाटिका

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पकड़ के क्या बोले कि—"आज तो यह ऊँट खा गया है, इस की नाटिका में ऊँट कूद रहा है।" रोगी के घर के लोगों ने कहा—"महाराज, क्यों पागलपन करते हो? ले यहाँ से अब आप रवाना तो हूजिये।"

अमन्त्रणमक्षरं नास्ति नास्ति गूलमनौषधम्।
अयोग्य पुरुषो नास्ति योजकस्तत्र दुर्लभाः॥

१२५—बिना योग्यता के काम

एक वैद्यराज अपने नौकर को साथ ले बाहर वैद्यकी के निमित्त चले, परन्तु उस देश की प्रथा यह थी कि अगर कोई रोगी मर जाता था तो वैद्यजी ही को उठाना पड़ता था। वैद्यराज बड़े चतुर और चालाक थे। हर बार शव उठाने में अपने नौकर को रोगी के सिर की ओर और आप पैरों की ओर रहा करते थे। वैद्यराज जहाँ-जहाँ दवा करने जाते थे वे प्रायः सभी मर जाया करते थे। अब की बार वैद्यराज एक रोगी की दवा करने गये तो नौकर ने कहा कि—"महाराज, नाटिका पीछे पकड़ो, पहले यह ठहरा लो कि अब की हम पैरों की ओर रहेंगे।" यह सुन वहाँ से दोनों लोग निकाले गये।

लोभात् क्रोधा प्रभवति क्रोधात् द्रोहा प्रवर्त्तते।
द्रोहेति नरकं यान्ति शास्त्रज्ञोऽपि विचक्षणा॥

१२६—अत्यन्त लोभ से हानि (बड़े कंजूस)

एक बार एक सेठजी का बहुत दिन से यह इरादा हो रहा था कि अगर कोई सब से थोड़ा खाने वाला ब्राह्मण मिले तो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक ब्राह्मण खिलावें। यद्यपि सेठजी अपने घर के बड़े मालदार थे परन्तु अत्यन्त लोभी होने के कारण उनकी यह दशा थी कि वे बहुत दिन तक ऐसे ब्राह्मण की खोज में रहे। सेठजी के बहुत दिन यह विचार रहने के कारण गाँव वाले ब्राह्मणों ने समझ लिया था कि सेठ वज्र लोभी हैं और सेठजी का ऐसा विचार है। एक दिन सेठजी से एक गाँव वाले ब्राह्मण से वार्त्ता हुई। सेठजी ने पूछा—"आप कितना खाते होंगे?" ब्राह्मण ने कहा—"एक छटाँक भर के क़रीब।" यह सुन सेठजी ने उसी समय उस ब्राह्मण को दूसरे दिन के लिए न्योता दिया और ब्राह्मण से बोले कि—"पण्डितजी मैं तो कल फ़लाने स्थान में सौदा तुलाने जाऊँगा आप मेरे घर जाकर भोजन कर आवें।" ब्राह्मण ने कहा—"बहुत अच्छा, लालाजी की जै बनी रहे हम तो हमेशा आपही लोगों का खाते हैं।" यही समाचार सेठ ने अपने घर जाकर सेठानीजी से कह दिया कि हम अमुक ब्राह्मण को कल के लिये न्योत आये हैं, सो मैं तो कल फ़लाँ स्थान में सौदा तुलाने जाऊँगा और तुम जो जो ब्राह्मण माँगे सो दे देना, क्योंकि सेठजी ने यह तो जान ही लिया था कि जब पण्डितजी की छटाँक भर की ख़ूराक है तो माँगेंगे ही क्या? दूसरे दिन सेठ तो सौदा तुलाने चले गये और ब्राह्मण ने आकर सेठानी को आशीर्वाद दिया। सेठानी वैसी लोभिनी न थी और बड़ी साध्वी, पतिव्रता, ब्राह्मण भक्त थी। उसने पूछा—"बोलिये पण्डितजी, आपको क्या २ चाहिए?" इन्होंने कहा—"१० मन आटा, २ मन घी, ४ मन शाक, २ मन शकर, पाँच सेर नमक, २ सेर मसाला तो घर के लिये।" सेठानीजी ने पति की आज्ञानुसार सब निकलवा दिया और पण्डितजी ने इस सामान को घर भेज सेठानीजी से कहा कि—"ले हमारे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लिये जल्दी चौका लगवाओ।" सेठानीजी ने चटपट चौका लगवा पण्डितजी को भोजन बनवाये। भोजन करने के बाद पण्डितजी बोले कि—"सेठानीजी, अब हमारी १०० अशर्फ़ियाँ जो दक्षिणा की चाहियें वह भी मिल जायँ तो हम तो आशीर्वाद दे घर चलें।" सेठानीजी ने १०० अशर्फ़ियाँ भी दे दीं। ब्राह्मण आशीर्वाद दे विदा हुआ और अपने घर में जा पिछौरा ओढ़ पड़ रहा और अपनी स्त्री (ब्राह्मणी) से बोला कि-"अगर सेठ आवें तो तू रोने लगना और कहना कि पं० तो जब से आपके घर से भोजन करके आये हैं तब से ही बहुत सख़्त बीमार हैं, बल्कि बचने की आशा नहीं। न जाने आपने क्या खिला दिया।" इधर जब शाम हुई तो सेठ दिन भर के भूखे (यहाँ तक कि ये कभी लोभ से कँकड़ी भर गुड़ खाकर पानी भी बाहर नहीं पी सकते थे) घर में आये तो सेठानी से पूछा-"ब्राह्मणजी भोजन कर गये?" सेठानी ने कहा कि-"हाँ, पं० जी ने इतना इतना सामान घर के लिये माँगा और ५ सेर तक की पूड़ियाँ यहाँ बना खाकर १०० अशर्फ़ियाँ दक्षिणा की भी ले गये।" सेठ यह सुन मूर्छित हो गया। थोड़ी देर में जब सेठ को होश आया तो वह उस ब्राह्मण के घर पहुँचा। ब्राह्मणी दरवाज़े पर बैठी थी। सेठ ने पूछा कि—"ब्राह्मण कहाँ हैं?" यह सुनकर ब्राह्मणी फूट फूट कर रोने लगी और बोली-"उनको तो जब से आपके यहाँ से भोजन कर आये हैं, न जाने क्या हो गया, बहुत सख़्त बीमार हैं, बल्कि बचने की आशा नहीं न जाने आपके घर में क्या खिला दिया?" सेठ ब्राह्मणी के हाथ जोड़ने लगे और बोले कि-"चिल्लाओ मत, हम २००) तुमको और दिये जाते हैं, सो उनकी दवा दारू करो, पर यह मत कहना कि सेठजी के घर खाने गये थे सो न जाने क्या खिला दिया।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१२७—कर्कशा

एक कर्कशा स्त्री हमेशा उलटा वर्ताव किया करती थी। जो पति के मुख से निकले उसके विरुद्ध करना ही इसका काम था। यदि पुरुष कहे कि इस साल एक यज्ञ कराऊँगा तो यह कहती कि यज्ञ तो कभी न होगा और चाहे कुछ हो। अगर पति कहता कि इस साल ब्रह्मभोज कराऊँगा, तो यह कहती थी कि ब्रह्मभोज तो कभी न होगा और चाहे कुछ हो। पति ने जब जान लिया कि स्त्री का यह स्वभाव ही है तो वह युक्ति से काम लेने लगा, यानी जो जो कुछ इस पुरुष को कर्त्तव्य होता, सदैव उसका उलटा कहा करता था। यदि इसे यज्ञ करना होता तो कहता था इस साल मैं यज्ञ, ब्रह्मभोज कुछ न करूँगा। तब स्त्री कहती कि और चाहे कुछ न हो पर यज्ञ और ब्रह्मभोज तो इस साल अवश्य होगा।

इस दृष्टान्त के लिखने का प्रयोजन यह है, कि अगर मनुष्य बुद्धिमान् और युक्तिवान् है तो दुष्ट से दुष्ट और विरोधी से विरोधी मनुष्य भी उसका कुछ नहीं कर सकता।

१२८—ग़र्ज़वन्दा बावला

एक सेठजी ने एक बदमाश को एक हज़ार रुपये क़र्ज़ दे दिये। जब सेठजी उस बदमाश से विशेष तक़ाज़ा करने लगे तो उसने एक वैद्यराज से जो उसके पड़ोस में रहा करते थे सलाह पूछी। वैद्यराज ने कहा कि—"तुम बीमारी का बहाना कर अपने घर लोट रहो, तो हम सेठ का दो चार सौ रुपया बिगड़वा दें।" बदमाश ने ऐसा ही किया और गाँव में वैद्यराज ने यह प्रकट कर दिया कि अमुक बदमाश बहुत सख़्त बीमार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, आज ही कल में मरने वाला है। अब सेठजी विचारों का तक़ाज़ा तो भूल गया और वे दुवक्ता उसे देखने आते थे और इसी फिक्र में पड़े कि किसी तरह यह अच्छा हो जाय। सेठजी ने वैद्यराज से पूछा कि—"किसी युक्ति से यह अच्छा भी हो सकता है?" वैद्यराज ने कहा कि—"अगर अमेरिका का उल्लू कहीं मिल जाय और उसका कलेजा निकाल कर इसकी दवा बनाई जाय तो यह आराम हो सकता है। लेकिन अमेरिका का उल्लू ५००) रुपये में आता है।" सेठजी ने सोचा कि अगर यह मर गया तब तो एक कौड़ी वसूल न होगी और इस प्रकार अगर ५००) उल्लू में चले जायँगे, तो ५००) तो मिलेंगे अतः उन्होंने यह खर्च स्वीकार कर लिया। थोड़ी देर में वैद्यराज ने उसी बदमाश के किसी सम्बन्धी को उल्लू लेकर बाज़ार में बेचने के लिये भेज दिया और यह कह दिया कि बाज़ार में कहना कि—"लो अमेरिका के जंगल का उल्लू।" सम्बन्धी बाज़ार में जा बोलने लगा कि—"लो अमेरिका के जंगल का उल्लू।" सेठजी बिचारे तो आसामी की बीमारी से घबड़ा ही रहे थे, उन्होंने पुकारा—"ओ अमेरिका के जंगल के उल्लू वाला! उल्लू यहाँ ले आ।" जब वह पास लाया तो सेठजी ने उसकी क़ीमत पूछी। उल्लूवाले ने कहा पाँच सौ रुपया।" सेठजी ने फौरन ही ५००) उल्लूवाले को दे और उल्लू ले बदमाश के दर्वाजे पहुँच कर वैद्य से कहा—"लो हम अमेरिका के जंगल का उल्लू ले आये।" तब तो वैद्यराज ने कहा कि—"रोगी तो अच्छा होगया, अब आप के उल्लू की क्या आवश्यकता है. आप अपना उल्लू ले जाइये।" अब तो सेठजी ने इस को एक पिंजड़े में रख अपनी दुकान के सामने टाँग दिया और जो कोई ग्राहक आकर कहता था—"सेठजी, हरदी, है?"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तो सेठ जी कहते थे कि—"हरदी है, मिरच है, धनिया है, उल्लू है।" कोई पूछे "ली लाची है?" तो जवाब देते—"लौंग है, मिर्च है, लाची है, उल्लू है।" ग़रज़ जो कोई कुछ पूछे तो दो एक और चीज़ों के नाम ले पीछे कह दिया करते थे "उल्लू है।"

यावत् प्रीतिर्भवत लोके यावत् स्वार्थं सुसिद्ध्यति।
वत्सः क्षीरमयं दृष्ट्वा परित्यजति मातरम् ॥

१२६—दो ब्याह करनेवाले की दुर्दशा

एक सेठ के घर में कुछ चोर चोरी करने के निमित्ति बैठे, परन्तु उस सेठ के पास दो औरतें थीं और उसका घर दुखंडा बना हुआ था, एक औरत नीचे सोती थी और एक ऊपर सो रही थी। परन्तु नीचे से ऊपर जाने के लिये पास ही एक खिड़की थी, सेठ नीचे सोते थे। जब रात को नीचे से उठ कर ऊपर जाने लगे तो नीचे की औरत ने तो उनके पैर पकड़ लिये और ऊपर वाली ने चोटी पकड़ ली और दोनों अपनी अपनी ओर खींचने लगी, स्त्रियें रात भर खींचती रहीं चोर रात भर तमाशा देखते रहे। प्रातःकाल चोर पकड़ लिये गये और सेठजी उनको राजा के पास ले गये। राजा ने कहा—"चोरों को क्या सज़ा होनी चाहिये?" सेठजी ने कहा कि—"इनके दो ब्याह कर दो।" चोर बोले—"हुजूर, चाहे हमें फाँसी दे दी जाय, पर दो ब्याह न किये जायँ।" राजा ने कहा—"क्यों?" चोरों ने कहा—"सेठ से पूछ लीजिये।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३०—रण्डीबाज़ को उपदेश

एक रण्डीबाज़ ने एक बार कुछ रुपया एक रण्डी के यहाँ रक्खा। उसने ख़र्च कर डाला। रण्डीबाज़ रण्डी से माँग रहा था और रण्डी कहती थी कि मेरे पास रुपया कहाँ?" तब तक एक भले आदमी पहुँच गये और उस रण्डीबाज़ से बोले कि—"भाई, तुमने कभी इसके नाम से नहीं विचारा? अरे भइया, जोड़नेवाली तो जोड़ू हुआ करती है और जोड़ू ही जोड़ा करती है, यह तो है आसना। अफ़सोस आप आसना से आस रखते हैं।"

वेश्यासौ मननज्वला रूपमेन्धन समेधिना।
कामिभिर्यत्र हूयन्ते यौवनानि धनानि च॥

१३१—चार श्रोता

एक पंडितजी ने एक बार एक दृष्टान्त दिया कि श्रोता चार प्रकार के हुआ करते हैं एक गपुआ, दूसरे तकुआ, तीसरे लखुआ, चौथे भकुआ। पंडितजी बोले कि गपुआ श्रोता वे कहलाते हैं जो कथा में गप्पे लगावें, और तकुआ वे जो यह ताके रहते हैं कि अब के अच्छी वार्ता आवे तो सुनें और लखुआ वे जो अर्थ लखा करते हैं, और भकुआ वे जो कथा में सो रहा करते हैं। एक कवि का वाक्य है—

अप्रतिबुद्धे श्रोतरि वक्तुर्वाक्यं प्रयाति वैफल्यम्।
नयनविहीने भर्त्तरि लावण्यंविमेह खञ्जनीक्षाणाम्॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३२–जिसको एक बार नियत वरगिस्ता देखे उसके पास दुबारा न खड़ा हो

एक बेर ठगावे सो बावन वीर कहावे।
बेर बेर ठगावे सो गप्पूनाथ कहावे ॥

एक कुएँ में बहुत से मेंढक, एक गोह और साँप रहा करते थे। मेंढकों के प्रधान का नाम था गंगदत्त और साँप का प्रियदर्शन तथा गोह का भद्रा। प्रियदर्शन और गंगदत्त में अज़हद दोस्ती थी, लेकिन प्रियदर्शन उन कुओं के मेंढकों में से एक मेंढक रोज़ खा लिया करता था। होते-होते उस कुएँ के सब मेंढक प्रियदर्शन ने खा लिये और एक दिन समय ऐसा आया कि प्रियदर्शन के खाने को कुछ न रहा। प्रियदर्शन ने सोचा कि हो न हो तो आज गंगदत्त ही को अपने खाने के काम में लाऊँ। आप जानते हैं कि मन को मन समझ जाता है, गंगदत्त ने समझ लिया कि इसने हमारे सब भाइयों को तो खा ही डाला और लाख दर्जे आज मुझ पर हाथ साफ़ करने का विचार किया होगा। अतः गंगदत्त कुएँ में गश्त लगाकर ज्योंही प्रियदर्शन के पास पहुँचे तो बोले—"मित्र, आज हमें एक बात का बड़ा अफ़सोस है कि हमारे सब भाई तो निपट गये और अब केवल हम ही रह गये हैं सो यदि आप आज हमको भी खा लेंगे तो कल से आप क्या खायँगे ? इसलिए यदि आप एक बात करें तो आप को बहुत दिन के खाने का प्रबन्ध हो जाय।" प्रियदर्शन ने कहा—"वह क्या ?" गंगदत्त बोला कि—"बाहर एक तालाब में मेरे बहुत से भाई रहते हैं सो यदि आप भद्रा को आज्ञा दें। तो वह अपनी पीठ पर चढ़ाकर मुझे बाहर उतार आवे और

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैं उस ताल के सब मेंढकों को लिवा लाऊँ।" ऐसा ही हुआ। प्रियदर्शन ने फ़ौरन् ही भद्रा को आज्ञा दे दी कि—"तुम गंगदत्त को अपनी पीठ पर चढ़ाकर बाहर उतार आओ।" भद्रा ने पीठ पर चढ़ा गङ्गदत्त को बाहर उतार दिया। उस समय गंगदत्त बोला कि—

विभुक्षितः किन्न करोतिपापं क्षीणा जनाः निष्करुणा भवन्ति।
एवं गच्छ भद्रे प्रियदर्शनाय न गंगदत्तः पुनरेति कूपम्॥

अर्थ—भूखा क्या पाप नहीं करता उस क्षीण पुरुष में दया कहाँ? सो हे भद्रे! तुम तो प्रियदर्शन के पास जाओ, अब गंगदत्त फिर कुएँ में न जायँगे।

नोट—इन दृष्टान्तों को देख कहीं आप लोग यह कुतर्क न उठाने लगे कि साँप और गोह और मेंढक भी कहीं बोला करते हैं? नहीं, वास्तव में यह केवल मनुष्यों के समझाने के लिये साँप, गोह मेंढकों के नाम ले ले अलंकार बाँध कहे गये हैं। इसलिये कोई दोष नहीं। यदि मैं लिखता कि यह सच्चा वाकिया है तो बेशक झूँठा था।

१३३—जिसको परमेश्वर बचाने वाला है उसको कोई नहीं मार सकता

एक वृक्ष के ऊपर एक कबूतरी और कबूतर बैठे हुए थे। इतने में एक बहेलिया धनुष बाण लिये हुये शिकार को पहुँचा और इस कबूतरी और कबूतर को बैठा देख अपना धनुष बाण चढ़ा इसकी ओर पूरा निशाना लगा दिया। इतने में ऊपर की ओर एक उड़ता हुआ बाज कहीं से आ रहा था,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसने भी अपनी घात लगाई कि इस पर धावा करना चाहिये। यह दशा देख—

कान्तं वक्ति कपूतिका कुलतया नाथान्तकालेऽधुना।
व्याधोऽधाधृतचापसन्धितशरः शेनस्तु खे दृश्यते।
एवं सत्यऽहिना सदृष्ट इषुना शेनात् तेना हता।
तूर्णं तौ तु गतौ यमालय महो दैवी विचित्रागतिः॥

अर्थ—अपने पति से कबूतरी व्याकुल होकर बोली कि हे नाथ, काल सिर पर आगया। देखो नीचे दुष्ट बहेलिया धनुष बाण चढ़ाये पूरा-पूरा निशाना लगाये हुये ऊपर की ओर ताक रहा है और धनुष से बाण छोड़ने ही वाला है और ऊपर की ओर देखो वह बाज जो उड़ रहा है वह भी पूरी-पूरी घात लगाये हुए है यहाँ तक कि झप्पा मारने ही वाला है। परन्तु होता क्या है कि बहेलिये ने ज्योंही अपना बाण छोड़ना चाहा, त्योंही उसके पैर में एक सर्प चिपट गया और उसने बहेलिये को काट खाया जिससे उसका निशाना तिरछा हो गया और उसका बाण ऊपर वाले बाज के लगा जो कबूतर कबूतरी पर झप्पा मारने के लिये समीप आ रहा था। बस बाज तो ऊपर मरा और बहेलिया नीचे मर गया।

परमेश्वर तेरी महिमा धन्य है!

१३४—बिना परीक्षा कोई काम न करना चाहिये

एक ब्राह्मणी ने एक न्योला पाल रक्खा था जिसको वह बड़े प्यार से रखती थी। नित्यप्रति अच्छी से अच्छी वस्तुयें

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उसे खिलाया करती थी। एक दिन ब्राह्मणी अपने छै मास के नन्हें बालक को एक खटोले पर लिटाकर गंगा-जल भरने चली गई। न्योला लड़के के खटोले के पास बैठा था कि इतने में एक सर्प उस लड़के के काटने के निमित्त आया। न्योले ने सर्प को कुछ तो खा लिया और कुछ तोड़ फोड़ वहीं रख दिया। अब न्योला यह अपना कर्त्तव्य ब्राह्मणी को जताने के लिये उसके पास को चला। न्योला मार्ग में ब्राह्मणी को मिला। ब्राह्मणी ने उसके मुँह में खून भरा हुआ देख ख्याल किया कि यह मेरे पुत्र को काट आया है। यह ख्याल करते ही उसको क्रोध आ गया और उसने न्योले को वहीं मार डाला। पश्चात् जिस समय ब्राह्मणी अपने स्थान पर पहुँची तो क्या देखती है कि मेरा बालक आनन्द से चारपाई पर खेल रहा है और उस बालक के खटोले के पास ही एक सर्प खुतरा हुआ पड़ा है। ब्राह्मणी ने जान लिया कि यह सर्प मेरे लड़के को काटने आया था और न्योला इसे तोड़ फोड़ मुझे यह दिखाने गया था कि देख तेरे लड़के को सर्प काटने आया था, उसे मैं तोड़ फोड़ के रख आया हूं। पुनः ब्राह्मणी को यहाँ तक पश्चाताप हुआ कि जब ऐसा अपना हितैषी न्योला मर गया तो अब प्राण रखने से क्या? इसीलिये कहा है कि—

अपरीक्षिता न कर्त्तव्या, कर्त्तव्यं सुपरीक्षितम्।
पश्चात्भवति संतापो, ब्राह्मण्यां नकुलार्तथः॥

अर्थ—बिना परीक्षा किये कभी कोई काम न करना चाहिये बल्कि हर काम को भली भाँति परीक्षा कर करना चाहिये, नहीं तो इसी प्रकार का पश्चाताप प्राप्त होगा जैसा कि न्योला मारने से ब्राह्मणी को हुआ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३५—बिना बुद्धि के विद्या निष्फल है

एक जंगल में एक महा बलवान सिंह रहता था और सिंह जंगल के जानवरों में बड़ा उपद्रव किया करता था, यहाँ तक कि खाता तो एक ही आध जानवर था और तोड़-फोड़ दस पाँच को डालता था। अतः जंगल के सम्पूर्ण जानवरों ने सम्मति की कि हम तुम सब मिल कर वनराज के पास चल कर यह प्रार्थना करें कि ऐसा करने से आप को क्या फल कि आप खावें तो एक और मारें दस को। इस प्रकार हम सब बहुत जल्द निबट जायँगे, इसलिये अगर आप की राय हो तो हम लोग अपनी-अपनी ओसरी बाँध लें और एक रोज़ आपके पास चला आया करे। इस भाँति हम सब भी कुछ दिन जीवित रहेंगे और आप को भोजन भी बहुत दिन तक मिलता रहेगा। सिंह ने जानवरों की यह राय स्वीकार कर ली और ऐसा ही होने लगा, यानी उन जानवरों में से एक रोज़ चला जाता था और सिंह अपनी तृप्ति कर लिया करता था। एक दिन एक खरगोश की बारी आई और यह खरहा सिंह के पास बहुत बिलम्ब से पहुँचा। सिंह बड़ा ही क्षुधित और गुस्से से जला भुजा बैठा था। ज्योंही उसके सामने खरहा पहुँचा तो तड़प के बोला कि—"क्यों रे दुष्ट, तू इतनी देर तक कहाँ रहा?" खरहे ने उत्तर दिया—"महाराज मैं तो आपकी सेवा में बड़े सवेरे आता था लेकिन मुझे दूसरा सिंह मिल गया और वह बोला—"क्यों रे खरहे, तू कहाँ जाता है?" मैंने कहा—'कि उस वनमें जो हमारा बनराज रहता है, मैं उसके पास जाता हूँ।" तब तो सिंह ने कहा कि—"चल, उस सिंह को दिखला कि वह कहाँ है?" खरहे ने थोड़ी दूर ले जाकर सिंह को एक कुआँ बतला कर कहा कि इसमें है। सिंह ने ज्यों ी तड़प कर कुएँ में आवज़

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगाई कि कुएँ में से भी आवाज़ आई। सिंह को यह निश्चय हो गया कि इसके भीतर सिंह अवश्य है, बस यह समझ सिंह कुएँ में कूद पड़ा और खरहे ने अपनी राह ली। सच—

वरं बुद्धि न साविद्या, विद्यायां बुद्धिरुत्तमम् ।
बुद्धि विद्या विनस्यैव, यथाते सिंह कारका ॥

१३६—भेषधारी

एक बिल्ली बड़ी ही दुष्ट और रात-दिन चूहे तोड़ा करती थी, इस कारण इससे चूहे भी होशियार हो गये थे और इसके सामने कभी कोइ चूहा बिल के बाहर नहीं निकलता था। जब बिल्ली ने देखा कि अब मेरा गफ्फ़ा नहीं जमता तो उसने यह आडम्बर रचा कि कुछ दिन उसने चूहा तोड़ना छोड़ दिया और इधर-उधर से लोगों के घरों में जा कहीं दूध, कहीं रोटी कहीं कुछ कहीं कुछ उठाकर खाया करती थी। कुछ दिन के बाद बिल्ली एक घड़े का घेरा अपने गले में पहिर चूहों के पास आकर बोली—"मैं केदारनाथ को गई थी, सो यह केदार कंकण पहिर आई हूँ और वहाँ रहकर मैंने बड़ा तप किया और यह प्रतिज्ञा की कि मैं कभी 'हिंसा' न करूँगी और न कभी किसी जीव को सताऊँगी सो अब तुम हम से बे फिकर रहो मैं अब तुमको नहीं सताऊँगी।" चूहे यह सुन बेखटके हो गये और अब सब चूहे बिल्ली के सामने निकलने लगे, परन्तु बिल्ली जिस समय सब चूहे आते थे तो चुपचाप सीधी सादी खड़ी रहती थी और जब चूहे निकल जाते थे तो पीछे से एक उड़ा लिया करती थी। एक दिन चूहों ने अंतरङ्ग की कि—"क्यों भाई, यह बिल्ली तो तीर्थ वासिनी और तपस्विनी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है तथा केदार कंकण भी पहिरे हुये है, पर हम लोगों की तादाद नित्य कम होती जाती है, इससे आज एक काम करो कि आज कल क़ौमी तरक्की के लिए हर क़ौमों के बड़े-बड़े लोग अपनी २ कुर्बानी कर रहे हैं, सो (उन चूहों में से एक बाणा चूहा था) बाणे चूहे से कहा गया कि आज जिस समय हम लोग बिल्ली के सामने से चलने लगे तो पीछे आप रह जायँ ताकि पता लग जाय कि बिल्ली हम लोगा को खाती है या नहीं ?" बाणे ने स्वीकार कर लिया और ऐसा ही हुआ। जब बिल्ली के सामने सब चूहे चले गये और बाणे राम पीछे रह गये तो बाणे को बिल्ली शीघ्र ही निगल गई। पुनः दूसरे दिन बिल्ली के सामने आते ही चूहे बोले—

केदार कंकण कण्ठं तीर्थवासी महातपः।
सहस्र मध्य शतं हन्ति वण्डपुच्छं न दृश्यते॥

अर्थ—कि तू कण्ठ में तो केदार कंकण पहिरे है और तीर्थवासिनी तथा महा तपस्विनी भी है, पर हम सब एक हज़ार थे उनमें से तू ने १०० उड़ा लिये और उसका प्रमाण यह है कि आज बणऊँ नज़र नहीं आते।

१३७-जो जिसके पास रहता है वही उसके गुण दोष जानता है

एक बार महाराज रामचन्द्र तथा लक्ष्मणजी दोनों चले जा रहे थे। महात्मा रामचन्द्रजी पम्पासर तालाब को देख बोले कि—

पश्य लक्ष्मण पंपायां, वकःपरम धार्मिकः।
मन्दं मन्दं पदं धत्ते, जीवायां वधशंकया॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थ—हे लक्ष्मण ! इस पम्पासर तालाब को देखो। इस में यह बगुला कैसा धार्मिक है देखो कैसे धीरे-धीरे टपा टपा पैर रखता है कि कहीं कोई जीव न मर जाय। यह सुन मछली बोली कि—

बकः किं वर्णिते रामं, तेनाहं निष्कुली कृतः।
सहवासी विजानीयातु, चरित्रं सहवासिनां॥

अर्थ—हे राम ! बगुले की आप क्या प्रशंसा करते हो, इस ने तो हमें निर्वंशी कर दिया। भगवन् आप क्या जानें जो जिसके पास रहता है वह उसके गुण अच्छी तरह जानता है। महाराज, इस बगुले को हम अच्छी तरह जानती हैं।

१३८—डपोल संख

एक बार एक ब्राह्मण घर से धन की खोज में निकले। परन्तु चारों ओर संसार पर्यटन कर आये, पर कहीं धन का ठीक न लगा। अनायास एक महात्मा से इनकी मुलाक़ात हो गई और इन्होंने दण्ड प्रणाम के बाद अपनी सारी व्यवस्था कह सुनाई। महात्मा ने ब्राह्मण को विशेष दुःखी देख इन्हें एक इस प्रकार को काञ्चनीमुद्रा दी, जो रोज़ एक अशरफ़ी दिया करती थी और पण्डितजी से कहा—"अब आप इसे ले जाइये, यह नित्य एक अशरफ़ी आप को दिया करेगी, जिससे आपका दुःख दूर हो जायगा।" ब्राह्मण उस काञ्चनीमुद्रा को लेकर चल दिये परन्तु उनके दिल में पूर्ण रूप से यह विश्वास न था कि यह काञ्चनीमुद्रा रोज़ एक अशरफ़ी देगी, इसलिये चित्त में यह लगी थी कि कहीं उतरें और स्नान पूजन करके इससे अशरफ़ी माँगें, फिर भला देखें कि यह देती है या नहीं?

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मदेव ने ऐसा ही किया। मार्ग में एक गाँव मिला जहाँ एक शिवालय और कुँवा बड़ा अच्छा बना था और पास में ही बनिये की दुकान थी। यह देख ब्रह्मदेवजी शिवाले में उतर पड़े और कुएँ पर स्नान कर शिवाले में पूजन करने लगे। वहीं पास की दूकानवाला बनिया भी बैठा था। ब्रह्मदेव ने पूजा कर उस काञ्चनीमुद्रा से कहा-"या काञ्चनीमुद्रा महाराणी! अब एक अशरफ़ी दीजिये।" यह सुनते ही काञ्चनीमुद्रा ने एक अशरफ़ी दे दी। बनिया देखकर दंग हो गया और मन में सोचने लगा कि हम दिन भर मेहनत करते हैं जब बमुश्किल तमाम दो आने पैसे पैदा होते हैं और यह काञ्चनीमुद्रा तो बहुत ही अच्छी है कि बिना मेहनत एक अशरफ़ी दिया करती है। यह समझ बनिये ने ठान ली कि ब्रह्मदेव की यह कञ्चनीमुद्रा किसी प्रकार लेनी चाहिये। अतः दोपहर के बाद जब ब्रह्मदेवजी वहाँ से चलने लगे तो उस बनिये ने ब्रह्मदेवजी से बहुत कुछ लल्लो चप्पो की कि—"महाराज, अभी धूप है और दिन थोड़ा है, कहाँ कुकुर बसेर करते फिरोगे और यह तो आपका घर है, आप हमारे पूज्य हैं, आप की सेवा करना हमारा धर्म है. भला आप लोगों की सेवा हमें कहाँ मिल सकती है, आप को यहाँ कोई तकलीफ़ न होने पावेगी, अतएव आप प्रातःकाल उठ कर चले जाइयेगा।" यह सुन उन्हें, आखिर ब्राह्मण ही ठहरे दया आ गई और ब्रह्मदेवजी ठहर गये। बनिये ने ब्रह्मदेव की बड़ी सेवा की और जब रात को वे सो गये तो सेठ जी ने उनकी काञ्चनीमुद्रा तो निकाल ली और उसकी जगह एक दूसरी बटिया रख दी। ब्रह्मदेवजी प्रातःकाल उठ कर चल पड़े, लेकिन इनके मन में अभी यह शंका लगी थी कि काञ्चनीमुद्रा ऐसा न हो कि एक ही दिन अशरफ़ी देकर रह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाय और दूसरे दिन न दे, सो नहा डालें और पूजा करके अशरफ़ी माँग, देखें यह रोज़ की अशरफ़ी देने वाली है या नहीं ? अतः ब्रह्मदेव नदी में स्नान कर और पूजा कर बोले कि—"या काञ्चनी मुद्रा ! ले अब एक अशरफ़ी दीजिये।" परन्तु अब वहाँ दे कौन ? काञ्चनीमुद्रा जो थी वह तो सेठ के पास गई, उसके स्थान में एक पत्थर की बटिया थी, भला वह अशरफ़ी कब दे सकती थी। जब काञ्चनीमुद्रा ने उस रोज़ अशरफ़ी न दी तो ब्रह्मदेव ने समझा कि महात्माजी ने हमारे साथ बड़ा धोखा किया। कहा था कि यह काञ्चनीमुद्रा तुमको रोज़ एक अशरफ़ी देगी, सो यह एक ही दिन देकर रह गई। यह सोच ब्राह्मण फिर महात्मा के पास पहुँचा और महात्मा से हाथ जोड़ बोला कि–"महाराज, आपने हमको बड़ा धोखा दिया। आप कहते थे कि यह काञ्चनीमुद्रा आपको रोज़ एक अशरफ़ी देगी, सो महाराज इसने तो सिर्फ एक ही दिन अशरफ़ी दी, दूसरे दिन इससे हम बहुत कुछ माँगते रहे पर इसने अशरफ़ी न दी।" महात्मा यह सुनकर हैरान हो गये और सोचने लगे कि कारण क्या है जो ऐसा हुआ। पुनः महात्मा ने ब्राह्मण से पूछा कि "तुम कहीं रास्ते में भी ठहरे थे ?" ब्राह्मण ने सारा मार्ग का क़िस्सा महात्मा को कह सुनाया महात्मा ने सब रहस्य जान लिया और ब्राह्मण को एक संख दिया और कहा कि इसे ले जाओ और जहाँ जिस शिवाले पर उस दफ़े ठहरे थे वहीं फिर ठहरना और वैसे ही पूजा करना और इस संख से अशरफ़ी माँगना और रात को उस बनिये के यहां ठहर जाना। यह संख तुमको वह काञ्चनीमुद्रा जो बनिये ने तुम्हारी बदल ली है दिला देगा और फिर तुम जब काञ्चनीमुद्रा पा जाना तो सिवा घर के और कहीं न ठहरना।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्राह्मण ने वैसाही किया। चलते चलते उसी शिवाले पर आ कर ठहरा और कुएँ पर स्नान कर ब्राह्मण पूजा करने लगा और फिर वही बनिया ब्राह्मण के पास आ कर बैठ गया और पूजा देखने लगा। ब्राह्मण पूजा कर संख से बोला कि—"संख महाराज, अब दो अशरफ़ी दीजिये।" संख बोला—"कल चार इकट्ठी दो रोज़ की दे दूँगा।" पुनः जब ब्रह्मदेव चलने लगे तो बनिये ने अपने मन में सोचा कि काञ्चनी मुद्रा तो एक ही अशरफ़ी रोज़ देती है यह तो दो रोज़ देता है, इस कारण ब्राह्मण को रखना चाहिये। अतः बनिये ने ब्राह्मण की खुशामद दरामद कर फिर रख लिया और उसकी बड़ी सेवा की। जब रात को ब्राह्मण सो गया तो सेठ ने पहिले की कांचनी मुद्रा तो उसके पास रख दी और संख उठा लिया। अब प्रातःकाल ब्राह्मण तो काञ्चनी मुद्रा ले रवाना हुआ, रहे सेठ सो नहा धो जब संखजी से बोले कि—"संखजी कल चार देने को कहते थे, अब आज चार दीजिये।" संखजी बोले—"कल आठ।" जब दूसरे दिन सेठ ने कहा—"महाराज संखजी, अब आज आठ दीजिये।" तब संखजी ने कहा—"कल सोलह।" जब तीसरे दिन सेठ ने कहा कि—"संखजी, अब आज १६ दीजिये।" तो संखजी बोले कि—

जालाट काञ्चनी मुद्रा सा गतो पद्मसंखिनी।
अहं डपोल संखस्य न ददामि वदाम्यहम्॥

अर्थ—जो वह काञ्चनी मुद्रा पद्म और संखों की देनेवाली थी सो तो गई, और मैं तो डपोलसंख हूं, कहता जाऊँगा, पर दूँगा एक कौड़ी नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१३९—अनधिकार चेष्टा

एक जंगल में एक बार दो बढ़ई एक शीशम की सिल्ली चीर रहे थे। बढ़ई प्रायः जब लकड़ी चीरा करते हैं तो आरे के कुछ आगे एक छोटा काष्ठ का खूँटा सा ठोंक दिया करते हैं जिसको खटखिल्ली कहते हैं। दोपहर को लकड़ी चीरना बन्द कर बढ़ई रोटी खाने चले गये। शीशम की सिल्ली में खट-किल्ली ठुकी हुई थी जिससे कि सिल्ली फैली हुई थी। इतने में एक बन्दर सिल्ली पर आगे की ओर आकर बैठ गया।

बन्दर के अण्डकोष सिली को दराज़ के भीतर हो गये और वह उस खटकिल्ली को पकड़ कर हिलाने लगा, इस लिये खटकिल्ली बाहर निकल पड़ी और सिल्ली के दोनों पल्ले जो फैले थे परस्पर मिल गये; अतः बन्दर के अण्डकोष जो उस सिल्ली के दराज़ के भीतर थे दब गये जिससे कि बन्दर उसी समय मर गया सच कहा है कि—

अव्यापारेषु व्यापारं यो जनःकर्त्तुमिच्छति ।
सखलु निधनं याति कीलोत्पाटीव वानरः ॥

अर्थ—जो मनुष्य अनधिकारी हो उस काम करने की इच्छा करता है उसकी यही दशा होती है जैसे जंगल की सिल्ली से कील उखाड़ने में बन्दर की हुई।

१४०—जिसकी बुद्धि आपत्ति आने पर ठीक रहती है वह बड़े-बड़े दुखों से तर जाता है

एक बन्दर एक बार एक दरिया में तैर रहा था कि इतने में उस दरिया के रहनेवाले घड़ियाल ने इसकी टाँग पकड़ ली

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तब तो दूसरा बन्दर जोकि दरिया के किनारे बैठा था इस बन्दर को पैरने से ठहरा हुआ देख बोला कि—"क्या हुआ, क्यों रुक गया ?" बन्दर ने जवाब दिया कि—"क्या बतावें, एक घड़ियाल ने एक लकड़ी को अपने मुँह में दबाये समझ रक्खा है कि मैंने बन्दर की टाँग पकड़ ली।" यह सुन घड़ियाल ने बन्दर की टाँग छोड़ दी। सच है—

उत्पन्नेषु विपत्तेषु, बुद्धिर्यस्य न हीयते।
स एव दुर्गं तरति, जलस्थो वानरो यथा॥

अर्थ—आपत्ति के उत्पन्न होने पर भी जिसकी बुद्धि नहीं बिगड़ती वह बड़ी बड़ी कठिनाइयों से तरता है जैसे कि दरिया से बन्दर तर आया।

१४६—टकेटके की चार बातें

एक बादशाह शिकार खेलने गया। लौटते समय देर हो जाने के कारण एक स्थान पर ठहर गया। थोड़ी देर में क्या देखता है कि एक बान बटनेवाले का बान उरझ गया है। उस बानवाले ने अपनी स्त्री से कहा कि—"अगर यह मेरा बान तू सुरझा दे तो मैं तुझे टके-टके की चार बातें सुनाऊँ।" स्त्री ने बान सुरझाकर कहा कि—"अब आप वे चार बातें सुनाइये।" पुरुष ने कहा कि—"पहिली एक टके की बात तो यह है कि अपना काम किसी दूसरे के भरोसे न छोड़े और दूसरी बात यह है कि अपनी स्त्री को कभी मायके में न रक्खे तीसरी बात यह है कि कमीने की नौकरी न करे और चौथी बात यह है कि अपनी धरोहर कभी दूसरे के पास छिपा कर न रक्खे। इन चारों बातों को बादशाह ने ध्यान से सुनकर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मन में सङ्कल्प किया कि इन चारों बातों की परीक्षा अवश्य करनी चाहिये। यह सोच आते ही अपने राज्य का सम्पूर्ण काम मंत्री आदि के सुपुर्द किया और कह दिया कि—"अब छै मास तक मैं राज्य का काम बिल्कुल न करूंगा, यहाँ तक कि मैं हस्ताक्षर भी न करूँगा।" यह कहकर बादशाह महल में रहने लगा। परन्तु बादशाह की बीवी बादशाह की ससुराल में ही थी, इसलिये बादशाह ने सोचा कि अपनी ससुराल चल स्त्री का भेद देखना चाहिये कि मायके में रहने से क्या हानि होती है ? ऐसा विचार बादशाह ने एक हज़ार अशरफ़ी नक़द और एक लाल अपनी जाँघ के अन्दर रख भेष बदल ससुराल का मार्ग लिया। वहाँ पर पहुँचकर सराय में जा ठहरा और अपनी एक हज़ार अशरफ़ी चुपके से भठियारिन के पास रखदीं और उस से कहा कि आवश्यकता पड़ने पर मैं तुमसे ले लूँगा और आप एक महान् दीन का भेष बना यानी केवल एक लँगोटी लगा मैली देह ले शहर के कोतवाल के पास जाकर हुक्का भरने में केवल रोटियों ही पर नौकरी कर ली। उस कोतवाल के पास बादशाह की स्त्री (जिसने कि हुक्का भरने में नौकरी की थी) आया जाया करती थी। एक रोज़ का वृत्तान्त है कि दोनों यानी वह औरत और कोतवाल एक ही चारपाई पर लेटे हुये थे। इतने में कोतवाल ने उस हुक्केवाले से कहा—"अबे हुक्केवाले, ज़रा हुक्का भर कर रख जा।" और यह हुक्का भरकर रखने गया कि बादशाह की स्त्री इसकी सूरत देखकर समझ गई कि हो न हो यह मेरा पति बादशाह है, मेरा हाल जानने के लिये इसने ऐसा स्वाँग रचा है। अतः उस औरत ने कोतवाल से पूछा कि—"यह आदमी आपने कब से नौकर रक्खा है ?" कोतवाल साहब ने उत्तर दिया कि—"इसको रक्खे हुये अभी तो दस पन्द्रह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिन हुये होंगे।" तब तो उस औरत ने कहा कि—"इसे आप मरवा डालिये।" कोतवाल ने बहुतेरा कहा कि इस बेचारे ने तुम्हारा क्या लिया है, खाली रोटियों पर सारे दिन मिहनत किया करता है, यह बेचारा बोलना भी तो नहीं जानता है क्योंकि बौरा है और न कुछ सुनता ही है क्योंकि बहरा है।" परन्तु बादशाह की स्त्री के बहुत हठ करने पर कोतवाल साहब ने विवश होकर हुक्केवाले को जल्लादों के हवाले किया और जल्लादों से कह दिया कि इसे जङ्गल में मार कर डाल आओ। जल्लाद उसको लेकर जङ्गल में पहुँचे और अपने हथियार निकाल उन्होंने उसे मारने का इरादा किया। इतने में इस हुक्के भरनेवाले ने कहा कि—"आप लोग मुझ से एक हज़ार अशरफ़ियाँ ले लीजिये और मुझे छोड़ दीजिये।" बहुत वाद विवाद के पश्चात् जल्लादों ने आपस में यह निश्चय कर कहा कि—"एक हज़ार अशरफ़ियाँ लाइये, हम आपको छोड़ देंगे।" हुक्के वाला जल्लादों को ले सराय में गया और भठियारिन से अपनी धरोहर यानी एक हज़ार अशरफ़ियें माँगी। तब तो भठियारिन ने डपट कर कहा—"चल बे भँडुये, कल तक तो हमारे कोतवाल साहब के यहाँ रोटियों पर नौकर रहा और लँगोटी लगाये घूमता रहा, तेरे पास अशरफ़ियाँ कहाँ से आईं?" तब यह बेचारा लाचार हो अपनी जाँघ से लाल निकाल जल्लादों को दे अपनी जान बचा घर आया और यहाँ से कुछ दिन के बाद अपने ससुर को पत्र लिखा कि—"फ़लाँ मिती को बिदा कराने आवेंगे।" यह समाचार सुन बादशाहज़ादी को ज्ञात हुआ कि हमारे बादशाह वह नहीं थे कि जिसको हमने शुभा से मरवा डाला। बादशाह ने बिदा का पत्र स्वीकार कर लिया। बादशाह नियत तिथि पर बिदा कराने पहुँच गया और

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दो तीन दिन बादशाह ने अपने दामाद की बड़ी खातिर की, परन्तु दामाद कुछ गुम सुम सा उदासीन वृत्ति धारण किये रहा क्योंकि इसके पेट में तो और ही बात समाई हुई थी। उसके ससुर ने पूछा कि—"आप उदासीन क्यों हैं? और आपने इस दफ़े हम से कोई चीज़ नहीं माँगी, सो जो आपकी इच्छा हो सो माँगिये।" अपने ससुर बादशाह का विशेष आग्रह देख इस बादशाह ने कहा कि—"हमारे शहर का प्रबन्ध ठीक नहीं है, इस लिये आप अपने शहर के कोतवाल को हमारे यहाँ प्रबन्ध करने के लिये हमें दे दीजिये, दूसरे हमारे शहर की सरायों में बड़ी गड़बड़ी मची रहती है इस लिये आप अपने यहाँ की फ़लाँ भठियारिन को भी दे दीजिये।" बादशाह का दामाद इन दोनों को दहेज में ले विदा करा कर रुख़सत हुआ और कोतवाल तथा भठियारिन दोनों रस्ते में बड़े प्रसन्न होते चले जाते थे कि अब तो हमारी खूब बन आई, वहाँ जाकर सैकड़ों हमारी मातहती में रहेंगे और हमारी बड़ी इज़्ज़त तथा तरक्की होगी। इधर बादशाह ने अपने शहर में पहुँचकर दूसरे ही रोज़ आम दरबार किया और उन बान बटनेवाले दोनों स्त्री पुरुषों को बुलवा कर पूछा कि—"फ़लाँ तारीख़ को फ़लाँ महीने में, फ़लाँ वक्त जब तुमने अपना बान उरझने पर अपनी स्त्री से बान सुरझा देने के एवज़ में चार टके की चार बातें बतलाई थीं वे कौन सी बातें हैं?" यह बेचारा डर के मारे कुछ बतला नहीं सकता था। पुनः बादशाह ने उसे धीरज देकर कहा—"तुम घबड़ाओ नहीं, बल्कि प्रसन्नता पूर्वक अपनी बातें कहो।" बानवाले ने कहा कि—"हुज़ूर पहली बात तो एक टके की यह थी कि अपना काम किसी के भरोसे पर न छोड़े। पुनः बादशाह ने जब अपने दफ़्तर की जाँच की तो बड़ा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही उलट-पुलट और बड़ी ग़लतियाँ पाई यहाँ तक कि करोड़ों रुपया लोग ग़बन कर गये थे। बादशाह ने उन सबको उचित दण्ड दे बानवाले से कहा कि—"तुम्हारी यह बात एक टके की नहीं किन्तु एक लाख की थी।" पुनः बादशाह ने कहा कि—"आप अब अपनी दूसरी बात सुनाइये"। तब तो बानवाले ने कहा कि—"हुजूर, दूसरी बात यह है कि अपनी स्त्री को कभी मायके में न रक्खे।" तब तो बादशाह ने अपनी बेगम को दरबारे आम में बुलाकर कहा-"क्यों हरामज़ादी! तू मायके में रह कर कोतवाल से मोहब्बत करते हुये मुझ से इतनी विरुद्ध हो गई थी कि मेरे मार डालने का हुक्म दे दिया था?" इतना कह बादशाह ने गरम तेल कराकर उसकी मूत्रेन्द्रिय में डलाकर उसे मरवा डाला। और बानवाले से कहा—"तुम्हारी दूसरी बात एक टके की नहीं बल्कि दो लाख रुपये की थी अब आप कृपा कर अपनी तीसरी बात सुनाइये।" बानवाला बोला कि—"सरकार, तीसरी बात यह थी कि कमीने की नौकरी कभी न करे। यह बात सुन बादशाह ने कोतवाल साहब को बुला कर कहा—"क्यों जी, जब मैं आपके यहाँ रोटियों पर नौकर था और हुक्का भरता था तो आपने इस हरामज़ादी के कहने पर मुझे जल्लादों के सुपुर्द किस अपराध पर किया था?" कोतवाल उत्तर ही क्या देता, अतः बादशाह ने कोतवाल साहब को भी जहन्नुम रसीद किया और बानवाले से कहा कि—"यह तुम्हारी तीसरी बात एक टके की नहीं बल्कि तीन लाख की थी और अब कृपाकर अपनी चौथी बात सुनाइये। बानवाले ने कहा—"महाराज, चौथी बात यह है कि अपनी धरोहर किसी के पास छिपाकर न रक्खे। इस बात को सुनकर बादशाह ने भठियारिन को बुलाकर कहा-"क्योंरी, हमने जो तेरे पास एक

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हज़ार अशरफ़ियाँ इस शर्त पर रक्खी थीं कि समय पड़ने पर ले लूँगा, पर जब मैं जल्लादों के साथ तेरे पास अशरफ़ियाँ माँगने गया तब तू साफ़ इनकार कर गई और ऊपर से मुझे अण्ड बण्ड बातें सुनाईं।" भठियारिन हाथ जोड़ क्षमा माँगने लगी। तब बादशाह ने कहा—"उस समय तुझे मेरी जान नहीं प्यारी थी, तो इस समय मुझे तेरी जान क्योंकर प्यारी हो सकती है, अतः बादशाह ने भठियारिन को कमर तक गड़वाकर शिकारी कुत्ते उस पर छोड़ उसे नोचवा डाला और बानवाले से कहा कि—"तुम्हारी यह चौथी बात भी एक टके की नहीं बल्कि चार लाख की थी।" इस प्रकार बानवाले को १० लाख दे बिदा किया।

हारं वक्षसि केनापि दत्तमज्ञेन मर्कटः।
लेढि जिघ्रति संक्षिप्य करोत्युन्नत माननम्॥

१४२—राजा भोज का विद्या का शौक

यह बात भली भाँति प्रसिद्ध है कि राजा भोज के यहाँ जो कोई नई कविता करके ले जाता था उसको महाराज बहुत धन दिया करते थे। एक बार चार मूर्खों ने यह विचार किया कि बहुत से लोग कुछ न कुछ कविता बना जब महाराज भोज के यहाँ से पुष्कल धन ले आते हैं तो हम तुम भी कोई कविता बनावें। सबों ने कहा, बात तो बड़ी अच्छी है। अब सबके सब कविता बनाने में प्रवृत्त हुए कि उन में से एक बोला कि—"मुनुन मुनुन रहँटा मुन्नाय।" लो हमारा तो बन गया। दूसरा बोला कि—"तेली का बैल खरी भुस खाय।" मेरा भी बन गया। तीसरा बोला—"डगर चलन्ते तरकस बन्द।" मेरा भी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बन गया। चौथा बोला कि—"राजा भोज हैं मूसर चंद।" तुम्हारा सबका बन गया तो मेरा भी बन गया।" अब तो चारों की यह सम्मति पड़ी कि यह कविता चल कर महाराज भोज को सुनावें और यह विचार कर चारों महाराज भोज की ड्योढ़ी पर पहुँचे। परन्तु महाराज भोज की ड्योढ़ी पर प्रायः महा कवि कालिदास भी रहा करते थे। इन चारों ने कालिदास से कहा कि—"हम लोग कुछ कविता बना कर लाये हैं सो महाराज को सुनाना चाहते हैं।" परन्तु कालिदास इनकी शकल देख बोले—"क्या कविता बना लाये हो जो महाराज को सुनाना चाहते हो? प्रथम हमें तो सुनाओ।" यह सुन उन में से एक बोला कि—"मुनुन मुनुन रहँटा मुन्नाय।" कालिदास ने कहा—'तुम्हारी कविता अच्छी है।" दूसरा बोला—"तेली का बैल खरी भुस खाय।" कालिदास ने कहा—"तुम्हारी भी अच्छी है।" तीसरा बोला कि—"डगर चलन्ते तरकस बन्द।" कालिदास ने कहा—"तुम्हारी भी अच्छी है।" चौथा बोला कि "राजा भोज है मूसरचन्द।" कालिदास ने कहा कि—"तुम्हारी कविता अच्छी नहीं, इस लिये तुम ऐसा कहना कि—'राजा भोज जैसे शरद के चन्द।" चौथे मूर्ख ने मान लिया और चारों महाराज भोज के पास पहुँचे और महाराज को दण्डप्रणाम कर बोले कि—"महाराज, हम लोग आप को कुछ कविता सुनाने आये हैं।" महाराज इनकी शकल देख और इनके मुख से शब्द सुन बड़े प्रसन्न हो इनकी ओर मुखातिब हो बोले कि—"तुम लोग अपनी कविता सुनाओ।" उनमें से एक बोला कि—"मुनुन मुनुन रहँटा मुन्नाय।" महाराज ने इस विचारे की यह रुचि और साहस देख कि यद्यपि पढ़ा नहीं है पर इसकी इस ओर रुचि और इतना साहस तो हुआ जो इतने अक्षर जोड़

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमारे पास तक आया अतः महाराज ने कहा कि १००) इसे पारितोषिक दिये जायँ। दूसरा बोला कि—"तेली का बैल खरी भुस खाय।" महाराज ने इसे भी १००) रुपये की पारितोषिक की आज्ञा दी। तीसरा बोला कि—"डगर चलन्ते तरकस बन्द।" महाराज ने इसे भी १००) रुपये पारितोषिक देने की आज्ञा दी। चौथा बोला कि-"राजा भोज जैसे शरद के चंद।" राजा भोज ने यह सुन विचारा कि इसका साथ तो इन तीन मूर्खों का है और यह भी कुछ पढ़ा लिखा नहीं मालूम पड़ता है। यह शब्द कहीं से पा गया या किसी से पूछ आया है, नहीं तो ऐसे शब्द यह कभी नहीं बना सकता, अतएव राजा भोज ने कहा कि—"इसे एक कौड़ी भी न दी जाय।" तब यह मूर्ख बोला कि- महाराज हमारा छन्द कलिदसवा ने बिगाड़ डाला। महाराज भोज ने कहा कि—"अच्छा जो तुम बना लाये हो वह कहो।" तब वह बोला कि महाराज पहले हमारा छन्द ऐसा था कि—"राजा भोज हैं मूसरचन्द।" महाराज ने कहा कि—"अब ठीक है। अब इसे २००) पारितोषिक दिये जायँ।" धन्य है महाराज भोज को। अभागे भारत! तेरे वे दिन अब कहाँ गये?

१४३—पुराने काल में यज्ञ का प्रचार

जिस समय महाराज रामचन्द्र और लक्ष्मण बन को जा रहे थे और प्रयाग कुछ ही दूर रह गया था तो लक्ष्मण ने महाराज रामचन्द्र से पूछा कि—

किमयं दृश्यते तात धूमपुञ्जोयमग्रतः।
प्रयागो दृश्यते तात यजन्तेत्र महर्षयः॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाईजी, यह धुएँ की गुबारी जो आगे उठ रही है सो क्या दिखलाई पड़ता है ? महात्मा राम ने उत्तर दिया कि भाई लक्ष्मण, यह प्रयाग दिखलाई पड़ता है यहाँ महर्षि लोग यज्ञ कर रहे हैं, उसका यह धुआँ है, बल्कि प्रिय लक्ष्मण, इसका प्रयाग नाम ही इस लिये पड़ा है—"प्रकृष्टेन यजते यस्मिन् असौ स प्रयागः।" जिसमें प्रकृत रूप से यज्ञ हो वह प्रयाग कहलावे।

पुनः किसी कवि ने कहा है—

यदि कदाऽपि पुरा पतिता अश्रुवः श्रुतिगताहि द्विजानचवाऽन्यथा
परमियं वसुधाऽत्र विना कृतं परिव्रताऽश्रुजलैरिति चित्रताम् ॥

पुराने ज़माने में यदि कभी किसी के आँसू निकलते थे तो केवल यज्ञ के धुयें से नहीं तो प्रजा की आँखों से कभी आँसू नहीं निकलते थे।

१४४—पूर्वकाल में हमारे यहां अधर्मी न थे

एक महात्मा को एक ब्राह्मण निमंत्रण देने गये तो महात्मा ने इन्कार किया। पुनः ब्राह्मण ने कहा कि—

नमे स्तेनो जनपदे न कदर्यो न मद्यपो।
नानाहिताग्निर्नाविद्वान्न स्वैरी न च स्वैरिणी ॥

अर्थ—महाराज! न हमारे यहाँ कोई चोर है न कोई कदर्य्य अर्थात् कंजूस, न शराबी और न अग्निहोत्र से रहित, न मूर्ख न पर स्त्री-गामी और न स्त्रियें ही पर-पुरुष-गामिनी हैं, फिर आप हमारे यहाँ भोजन करने क्यों नहीं चलेंगे ? यह वाक्य सुन महात्मा ने निमंत्रण स्वीकार कर भोजन किया

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और जाकर यह देखा कि सम्पूर्ण मनुष्यों के घरों में उनके मकानों की धन्नियाँ धुएँ से काली हो रही थीं।

१४५—बाल विबाह

जातोवा न चिरंजीवेत् जीवे वा दुर्बलेन्द्रियः।
तस्मादत्यन्तबालायां गर्भाधानं न कारयेत्॥

एक ब्राह्मण ने अपनी कन्या का व्याह आठ ही वर्ष में कर दिया। ब्राह्मण अपने घर का धनवान् था और कुछ पढ़ा लिखा भी था, इस कारण यह अपनी कन्या को भी पढ़ाया करता था और ब्राह्मण का समधी और दामाद दीन होने के कारण कलकत्ता में नौकर थे। ब्राह्मण का दामाद बड़ाही छैल और ग़रीब गुन्डा तथा उजड्ड भी था। अपने बाप को बिल्कुल नहीं दबता था। व्याह होने के बाद सोलह वर्ष मुतवातिर यह परदेश में रहा और ब्राह्मण की कन्या यहाँ पढ़ लिख कर बहुत कुछ योग्य हो गई। सोलह वर्ष के बाद जब ब्राह्मण का दामाद आया तो ब्राह्मण ने इसकी बड़ी ख़ातिर की। जब रात का समय आया तो ब्राह्मण की लड़की से उसकी सखी सहेलियों ने कहा कि— तुम्हारे पति आये हैं, जाकर उनकी सेवा करो।" उसने उत्तर दिया कि- 'किसका पति? मेरा पति वह हर्गिज़ नही है।" सखियों ने कहा-"क्यों? क्या तुम्हारे माँ बाप ने तुम्हारा व्याह उसके साथ नहीं किया?" लड़की ने कहा—"तो वह मेरे मा बाप के पति होंगे, माँ बाप उनकी सेवा करें। मैंने उसके साथ कोई प्रतिज्ञा नहीं की।" सखियों ने कहा-"तुम छोटी थीं, तुम्हें याद नहीं, तुमने छोटेपन में प्रतिज्ञा की है।" लड़की ने कहा— "जब कि मैं अपने ठीक ठीक होशहवाश में ही न थी तो प्रतिज्ञा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कैसी !" पुनः जब ये समाचार ब्राह्मण और उसकी स्त्री को मालूम हुआ तो उन दोनों ने अपनी लड़की को बहुत समझाया और बोले कि-"वह विदा कराने आये हैं, तू ऐसा कहती है ?" लड़की ने बाप से कहा कि—"तो आप ही बिदा होके उसके साथ चले जाइये, क्योंकि आपने व्याह किया और आप ही का वह पति है।" आखिर यह मुक़दमा अदालत तक पहुँचा, वहां साहब मजिस्ट्रेट के पूछने पर लड़की ने कहा कि—"मेरा व्याह मुझे मालूम भी नहीं कब हुआ और किसने प्रतिज्ञा की।" अब यह न मालूम कौन कहाँ से आ गया। मेरा बाप कहता है कि तुम इसके साथ जाओ मैंने तुम्हारा इसके साथ व्याह किया है। तो मैंने बाप से कहा कि जब तुमने बिवाह किया तो तुम्हीं इसके साथ बिदा हो के चले जाओ, मैंने इसके साथ कोई इक़रार नहीं किया।" आखिर मुक़दमा ख़ारिज हो गया और लड़की को हुक्म हुआ कि तुम अपना व्याह अपनी मर्ज़ी के मुआफ़िक़ कर सकती हो।

१४६—पूर्व स्त्रियों की विद्या और योग्यता

पूर्व स्त्रियों की विद्या और योग्यता के ग्रन्थ के ग्रन्थ भरे हुए हैं और ऐसा कौन व्यक्ति होगा जो भारत की देवी गार्गी मैत्रेय, कात्यायनी, सुलभा आदि की ब्रह्म विद्या तथा कैकेई, दुर्गावती, ताराबाई, संयोगिता, लक्ष्मीबाई की वीरता, पद्मावती सीता आदि का सतीत्व न जानता हो। परन्तु हमें तो दिखलाना यह है कि अभी गये गुज़रे समय में आपके यहाँ एक एक स्त्री इतनी योग्य और बिदुषी होती थी कि जिसके लिये मैं आप के सामने महाराणी विद्योत्तमा का चरित्र उपस्थित करता हूँ।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्योत्तमा एक बड़ीही सुयोग्य और विदुषी कन्या थी। उस ने एक विद्या का संग्रामरूपी यज्ञ रच रक्खा था अर्थात् संसार भर में यह विज्ञापन दे रक्खा था कि जो कोई मुझे शास्त्रार्थ में आकर जीत ले उसी के साथ मैं अपना व्याह करूँगी रूप में भी एक ही रूपवती थी, इस कारण बड़े बड़े विद्वानों ने आ आ कर इसके साथ शास्त्रार्थ किये, परन्तु वे संग्राम में पराजित हो अपना सा मुँह ले ले चले गये विद्योत्तमा इस शोक में थी कि क्या संसार में मुझे कोई वर न मिलेगा ? उन परास्त पण्डितों ने यह सम्मति की कि इसका व्याह ऐसे मूर्ख के साथ करना चाहिये कि जो एक अक्षर भी न जानता हो। अतः वे मूर्ख की खोज करने लगे। एक जगह एक पुरुष एक वृक्ष पर जिस डाली पर बैठा था उसे ही काट रहा था। पण्डितों ने यह दृश्य देख विचार किया कि इस से बढ़ कर मूर्ख शायद अब संसार भर में न मिलेगा, अतः विद्योत्तमा का व्याह इसी से कराना चाहिये। बस पण्डितों ने विद्योत्तमा के सामने उस मूर्ख को लाकर खड़ा कर दिया और कहा—"आप इससे शास्त्रार्थ कीजिये।" विद्योत्तमा ने एक अँगुली उठाई जिसके माने यह थे कि ब्रह्म एक है या दो ? पण्डितों ने इसे समझाया कि यह कहती है कि मैं तेरी एक आँख में अँगुली घुसेड़ कर फोड़ दूँगी। तब तो वह दो अँगुली उठा मन में बोला कि अगर तू मेरी एक आँख फोड़ेगी तो मैं तेरी दोनों फोड़ दूँगा, जिसका अभिप्राय पण्डितों ने यह समझाया कि कहता है कि दो हैं एक जीव और एक ब्रह्म। पुनः विद्योत्तमा ने पाँच अँगुलियें उठाईं जिसका मतलब यह था कि पाँचों इन्द्रियें तुम्हारी बस में हैं ? पण्डितों ने इस मूर्ख से कहा कि कहती है कि थप्पड़ मारूँगी। इस मूर्ख ने मूठी बाँध के घूँसा उआया और मन में

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बोला कि अगर तू थप्पड़ मारेगी तो मैं घूँसा मारूँगा। इसका अभिप्राय पण्डितों ने विद्योत्तमा को समझाया कि कहता है पाँचों इन्द्रियाँ मेरे मूठा में हैं। आखिर विद्योत्तमा का व्याह उस मूर्ख कालिदास से हो गया। जब रात में ये दोनों स्त्री पुरुष इकट्ठे हुये तो अनायास एक ऊँट उस समय किसी का छुटकर बलबलाता जा रहा था। मूर्ख कालिदास बोला कि उट्ठ उट्ठ उट्ठ। यह सुन विद्योत्तमा ने समझ लिया कि यह मूर्ख है। महाराणी विद्योत्तमा ने उस भेड़ों के चराने वाले गड़रिये मूर्ख कालिदास को इस प्रकार पढ़ाया कि वही कालिदास रघुवश और मेघदूत सरीखे काव्यों का रचयिता हुआ और संसार में उसने महाकवि की उपाधि प्राप्त की। यह सब उसकी स्त्री का ही प्रताप था। एक भाषा कवि का वाक्य है कि—

दमयन्ति सीता गार्गी लीलावती विद्याधरी।
विद्योत्तमा मदालसा थीं शास्त्रशिक्षा से भरीं॥
ऐसी विदुषी स्त्रियें भारत की भूषण हो गईं।
धर्मब्रत छोड़ा नहीं गो जान अपनी खो गईं॥

१४७—अन्धेर नगरी अनबूझ राजा

एक ग्राम बड़ा ही रमणीक और सुन्दर था। वहाँ प्रायः सभी चीज़ सदैव टके सेर बिका करती थी। एक गुरु और उनके दो चेले एक बार चलते-चलते उसी गाँव में पहुँच गये गुरु ने गाँव के लोगों से पूछा—"भाई, ग्राम का क्या नाम है ?" लोगों ने कहा—"अन्धेर नगरी चौपट्ट राजा, टके सेर भाजी टके सेर खाजा।" गुरु ने कहा कि चलकर देखें कैसी अन्धेर नगरी है जहाँ सब चीज़ टके सेर ही बिकती है। जब गाँव में

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जा बाज़ार में पहुँचे तो अनाजवालों से पूछा—"भाईजी कितने सेर ?" दूकानदार ने कहा—"टके सेर और गेहूँ टके सेर, और चावल टके सेर और सरसों टके सेर ।" पुनः हलवाइयों के पास जाकर पूछा—"अरे भाई हलवाई, बरफ़ी कितने सेर ?" हलवाई ने कहा—"टके सेर और पेड़ा टके सेर और बताशा टके सेर ।" पुनः बजाजों से पूछा—"भाई बजाज, मारकीन क्या भाव ?" बजाज बोला टके सेर, मलमल टके सेर, रेशम टके सेर ।" पुनः काछियों के पास जा पूछा—"पालक क्या भाव ?" काछी बोले—"टके सेर, बैंगन टके सेर ।" गुरु ने यह दशा देख चेलों से कहा—"अरे भाई चेलो, सुनो—

छेदश्चंदन चूत चम्पक बने रक्षा करीर द्रुमे ।
हिंसा हंस मयूर कोकिल कुले काकेषु नित्यादरः ॥
मातङ्गेन खरक्रयः समतुला कर्पूर कार्पासयो ।
एषायत्र विचारणा गुणिजनो देशाय तस्मै नमः ॥
सेत सेत जहँ एक से, दधि अरु दूध कपास ।
ताहि राज्य में ना करिय, भूलि के कबहूँ वास ॥

इसलिए चलो यहाँ से भाग चलें उन दोनों चेलों में से एक चेला बोला—"गुरुजी हम तो यहाँ से न जायँगे, मज़े से टके सेर मलाई ले ले उड़ावेंगे।" गुरूजी ने कहा—"अच्छा बेटा मत चलो, पर एक बात हम कहे जाते हैं कि शायद तुम्हें कोई कभी आपत्ति आ पड़े तो हम अमुक शहर में रहेंगे, तुम हमें बुला लेना ।" पुनः गुरूजी एक चेला को लेकर चले गये और यह दूसरा चेला टके सेर मलाई खा-खा कर ख़ूब मोटा हुआ क्योंकि गाँव के लोग तो विचारे बहुत ही दुबले और टके सेर की बिक्री से हैरान थे, पर इन चेलाजी की तो यह दशा थी कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन कै फ़िकिरि न धन कै ख्वाट। ई धमधूसर काहे म्वाट॥

परन्तु कुछ दिन के बाद जब बरसात आई तो एक तेली की दीवार गिर पड़ी कि जिससे एक गड़रिये की भेड़ कुचल गयी। दीवारवाले ने राजा के यहाँ जाकर नालिश की कि—"हुज़ूर गड़रिये की भेड़ ने मेरी दीवार को कुचल डाला।" राजा ने गड़रिये को तलब किया और पूछा—"क्योंरे गड़रिये, तेरी भेड़ ने तेली की दीवार को किस तरह कुचल डाला?" गड़रिया बोला—"हुज़ूर राज ने दीवार ही इस प्रकार की बनाई कि जो भेड़ ने कुचल डाला, इसलिए राजका क़सूर है।" अब गड़रिया गया और राज आया। राजा ने उससे पूछा-"क्योंरे राज तू ने तेली की दीवार किस तरह की बनाई जो दीवार को भेड़ ने कुचल डाला और दीवार गिर गई?" राज बोला—"हुज़ूर, गारेवालों ने गारा ढीला कर दिया, इस लिये गारे वालों का क़सूर है।" अब राज गया और गारे वाले आये। राजा ने पूछा—"क्यों रे गारे वालो, तुम लोगों ने गारा क्यों ढीला किया कि जिससे दीवार राज से कमज़ोर बनी और दीवार को भेड़ ने कुचल डाला?" गारेवालों ने कहा—"हुज़ूर, हम क्या करें, भिश्ती ने पानी ज्यादा डाल दिया, इसलिये भिश्ती का क़सूर है।" गारेवाले गये भिश्ती आया। राजा ने पूछा—"क्योंरे भिश्ती, तूने गारे में पानी ज्यादा क्यों डाला जिससे गारेवालों से गारा ढीला हो गया और राज से दीवार कमज़ोर बनी कि जिससे गड़रिये की भेड़ ने तेली की दीवार कुचल डाली?" भिश्ती बोला—"हुज़ूर हम क्या करें, मशकवाले ने मशक बड़ी बना दी कि जिससे पानी ज्यादा आ गया इसलिये मशकवाले का क़सूर है।" अब भिश्ती गया मशकवाला आया। राजा ने पूछा—"क्योंरे मशक-वाले, तूने इतनी भारी मशक क्यों बनाई कि जिससे भिश्ती से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पानी ज्यादा गिर गया और गारेवालों से गारा ढीला हो गया और राज से दीवार कमज़ोर बनी कि जिससे गड़रिये की भेड़ ने तेली की दीवार को कुचल डाला ?" मशकवाले ने कहा कि-"हुज़ूर, मैं क्या करूँ, अबकी दफ़े शहर कोतवाल ने शहर की सफ़ाई अच्छी तरह नहीं कराई कि जिससे बड़े बड़े पशु मर गये और मशक बड़ी बन गई, इसलिये कोतवाल का क़सूर है।" अब मशकवाला गया कोतवाल आया। राजा ने पूछा—"क्योंजी कोतवाल, तुमने इस साल शहर की सफ़ाई क्यों नहीं कराई कि जिससे बड़े-बड़े पशु मर गये और मशकवाले से मशक बड़ी बन गई और भिश्ती से पानी ज्यादा गिर गया जिससे गारेवालों से गारा ढीला हो गया और राज से दीवार कमज़ोर बनी कि जिससे गड़रिये की भेड़ ने तेली की दीवार कुचल डाला।" कोतवाल कुछ न बोला। राजा ने कोतवाल को एकदम सूली का हुक्म दिया। जब जल्लादों ने कोतवाल को ले सूली पर चढ़ाया और कोतवाल के बहुत दुबले होने के कारण फाँसी ढीली हुई तो जल्लादों ने राजा से आकर कहा—"हुज़ूर, कोतवाल को ले जाकर सूली पर चढ़ाया, लेकिन सूली ढीली होती है।" यह सुन राजा ने कहा-"ओ, हमारी फाँसी मोटा माँगती है, अच्छा शहर भर में जो मोटा आदमी मिले, कोतवाल के बदले में चढ़ा दिया जाय।" यह आज्ञा पा राजदूत शहर में मोटा आदमी ढूँढ़ने निकले, परन्तु उस नगर में मोटा आदमी कहाँ। अब तो वही गुरू के चेले जो गुरू के कहने पर नहीं गये थे और गुरू से कहा था कि हम तो यहाँ टके सेर मलाई ले लेकर उड़ायेंगे और मज़े करेंगे, राजदूतों को मिल गये। राजदूतों ने इन्हें पकड़ कहा-"चलिये, आपको राजा का फाँसी का हुक्म है।" इन्होंने कहा—"मेरा अपराध क्या ?" दूतों ने कहा—"अपराध कुछ

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं राजा की फाँसी मोटा माँगती है।" अब तो इन्होंने फ़ौरन् ही गुरू को खबर दी। जिस दिन ये सूली पर चढ़ने लगे कि त्योंही गुरूजी आगये। इनसे पूछा गया कि—"तुम किसी से मिलना चाहते हो?" इन्होंने कहा कि—"हम अपने गुरू से मिलना चाहते हैं।" अतः इन्हें गुरू से मिलने की इजाज़त दी गई जब ये गुरू से मिलने गये तो गुरू ने इनसे चुपके से कह दिया कि-"तुम कहना हम फांसी चढ़ेंगे और हम कहेंगे हम चढ़ेंगे, इस तरह तुम हम से झगड़ना तो हम फांसी से तुम्हें बचा लेंगे।" बस ऐसा ही हुआ। वहीं फ़ौरन् दोनों झगड़ने लगे। चेला कहता था कि मैं फांसी चढ़ूंगा, गुरू कहता था कि मैं फाँसी चढ़ूंगा, यह झगड़ा राजा के पास गया राजा ने पूछा कि—"भाई, तुम लोग क्यों परस्पर लड़ते हो?" गुरू बोले—"हुज़ूर, आज ऐसा मुहूर्त है कि आज जो फाँसी पर चढ़ेगा वह उस जन्म पृथिवी भर का राजा होगा और अन्त में मुक्ति पद प्राप्त करेगा।" तबतो राजा ने कहा—"हटाओ इनको, हमीं चढ़ेंगे।" और राजा स्वयं सूली पर चढ़ गया।

१४८—अयोग्य श्रोता

एक स्थान पर एक पण्डित बाल्मीकीय रामायण सुना रहे थे। जब रामायण समाप्त हो गई तब श्रोताओं ने कहा कि—"पण्डित जी, रामायण तो आपने सुनाई, परन्तु हम अब तक यह न समझे कि राम राक्षस थे या रावण?" तब तो पण्डित जी ने उत्तर दिया कि—"भाई, न राम राक्षस थे न रावण, राक्षस तो हम हैं जिन्होंने तुम सरीखे श्रोताओं को कथा सुनाई।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१४६–उल्लू बसंत

एक उल्लू बसंत का बाप बहुत सा द्रव्य छोड़कर मरा था परन्तु इसने अपने उल्लूपने में अपनी द्रव्य का नाश कर दिया यहाँ तक कि इसकी स्त्री और बच्चे भूखों मरने लगे। स्त्री ने दुखी होकर कहा कि—"कुछ ब्योपार किया करो, इस प्रकार कैसे पार होगी?" यह बोला—"अच्छा आज तो आटा उधार ले आओ, कल ब्योपार करुँगा।" इसी प्रकार यह नित्य किया करता था। एक दिन उसकी स्त्री बैठ रही कि अब पड़ोसी भी नहीं देते, मैं कहाँ से उधार ले आऊँ? और वास्तव में यही दशा थी, अतः उल्लूबसंत विवश हो बोला कि—"मुझे एक खुरपा लादे तो मैं घास छील लाऊँ और उसे बेच लाऊँगा।" स्त्री ने किसी पड़ोसी की खुरपी माँगकर ला दी। यह खुरपी ले प्रातःकाल से इधर-उधर घूमता-घामता गया और मरता हुआ १० बजे वन में पहुँचा। वहाँ एक स्थान पर खड़े होकर खुरपी से अपने नख काटने लगा कि इतने में एक बटोही आ निकला और उसने कहा कि—'भैया, खुरपी से नख क्यों काटते हो? वह खुरपी तुम्हारे हाथ में कहीं लग जायगी।' यह बोला—"ऊँह ऐसे कहीं हाथ कटा करते हैं?" बटोही थोड़ी दूर गया था कि इतने में इसका हाथ कट गया और हाथ के कटतेही खुरपी डाल कर बटोही की ओर दौड़ा और हाथ जोड़ कर उसके चरणों में गिर पड़ा और कहा कि—"महाराज, आप तो साक्षात् परमेश्वर हो।" उसने कहा—"भला क्यों?" उल्लू बसंत बोला—"यदि आप परमेश्वर न होते तो यह कैसे आगे से जान लते कि मेरा हाथ कट जायगा, अतएव अब आप कृपा कर हम यह बता दें कि हम कब मरेंगे?" बटोही ने यह सुन

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर समझ लिया कि यह कोई पक्का उल्लू ही है। उसने कहा कि—"जब तक तेरा डोरा नहीं टूटता तब तक तू नहीं मरेगा और जिस दिन तेरा डोरा टूट जायगा उसी दिन तेरी मौत है।" बस यह उल्लूबसंत उसी समय अपने घर आया और अपनी स्त्री से एक डोरा ले अपनी कमर में बाँध समझ लिया कि जब तक यह डोरा नहीं टूटता तब तक मेरा जीवन है। पश्चात् जिस पड़ोसिन ने इस उल्लूबसन्त की स्त्री को अपनी खुरपी माँगने में दी थी, वह खुरपी माँगने आई। उल्लूबसन्त की स्त्री ने उल्लूबसन्त से कहा—"महाराज, वह खुरपी कहाँ है?" इसने कहा—"वह तो हम जंगल में डाल आये।" स्त्री ने कहा—"तो मैं अब इसे क्या दूं।" उल्लू बसन्त ने कहा—"हेंहेंहेंहेंहेंहें हम क्या जानें स्त्री ने कहा—"और घास नहीं छील लाये, खाओगे क्या?" इसने कहा—"तूही ले आ कहीं से।" यह बिचारी हैरान थी, क्या करती। फिर भी ला के खिलाया। एक दिन स्त्री ने व्योपार को कहा और इसने इनकार किया। पुनः दोनों में बड़ा ही धक्कम-धक्का हुआ और इसका डोरा टूट गया तब तो इसने कहा—"अरे सुसरी, हमारा डोरा टूट गया, हम तो मर गये। अब देखु किस से नाज मँगावेगी।' और पैर फैलाकर सो गया और चिल्ला २ कर कहने लगा—"अबे कुनबे वालो, हमको कफ़न ले आओ हम मर गये।"सब लोग बोले—"साला यों ही बका करता है, कहीं मरे भी बोलते हैं।" अतः कोई पास तक नहीं आया। उल्लू बसंत बोला कि—"कुनबा, तो कुनबा, साले पड़ोसी भी नहीं सुनते हैं कि मुहल्ले में मुर्दा पड़ा है और सब लोग रोटी पानी खाते पीते हैं। यहाँ के लोग बड़े बदमाश हैं, मेरे पास भी नहीं आते हैं कि यह मुर्दा क्या कहता है। खैर, हम अपने लिये कफ़न आप ले आवेंगे।" अतः बाज़ार में जाकर कफ़न-फ़रोश

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यानी बजाज़ से बोला कि—"भाई साहब, हम मर गये हैं, मेहरबानी करके हमें कफ़न दे दो, ताकि हम दफ़न हो जायँ।" बजाज़ ने समझ लिया कि यह पूरा उल्लूबसन्त है। बजाज़ ने कहा—"अच्छा दाम लाओ।" यह बोला-"किसी दिन दे जायँगे बजाज़ बोला—"फिर किस दिन दे जाओगे, तुम तो दफ़न हो जाओगे, मैं किससे दाम पाऊँगा।" यह बोला-"अरे यार, दफ़न होके क्या नहीं आते ?" बजाज़ बोला-"मरे हुये नहीं आते।" इसने कहा—"ख़ैर वैसे ही गड़ जायँगे।" इतना कह मरघट में जा एक क़बर खोद उल्लूबसंत उसमें जा सोये। थोड़ी देर बाद जब भूख ज़्यादा लगी तब लगे घबड़ाने। दैवयोग, उधर से एक आदमी पीठ पर गठरी बाँधे और एक लड़का कंधे पर बिठाले चला आता था। उसको देख उल्लू ने सोचा कि इसके पास रोटी ज़रूर होगी, इससे माँगनी चाहिये, जब वह आदमी पास आया तो यह क़बर से उठकर एक साथ खड़ा हो उसके आगे आकर रोटी माँगने लगा। वह आदमी पहले तो डरा, फिर उसने सोचा कि यह तो मुर्दा है नहीं, कोई उल्लू है और बोला "अच्छा रोटी हम दे देंगे पर इस लड़के को कंधे पर रखकर ले चल।" उल्लू बोला—"अच्छा ला भाई, पर रोटी दे दे।" उसने रोटी दे दी। अब ये रास्ते में चलते जाँय और कहते जाँय कि—"देखो, मरने पर भी सुख नहीं, यहाँ भी मजूरी करनी पड़ी। लोग कहा करते हैं, जीने से मरजाना भला है, यह सब झूठ है, इससे तो जीना ही अच्छा है। ले भइया हम अब तक मरे सो मरे, अब नहीं मरेंगे। जो मजूरी मरे पर यहाँ करी सो घर ही में करेंगे जिसमें आनन्द से घर तो रहें, यहाँ तो क़बरों में सोना पड़ता है। यहाँ इतने मरे हुये आदमी हैं कोई किसी से नहीं बोलता। सो अपना लड़का ले हमको रुख़सत

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करो हम मजूरी करेंगे और खायँगे।" बटोही ने लड़के को उतार लिया और इसको रुख़सत कर दिया।

हे भाइयो, जो लोग माया के माते होते हैं, उनके लड़के ज्यादा बिगड़ते हैं वे मजूरी के लायक़ भी नहीं रहते।

१५०—उल्लू का दादा उल्लूसिंह

एक उल्लू का दादा उल्लूसिंह करके ज़ाहिर था। उसका रोज़गार कहीं नहीं लगता था। एक वकील साहब को नौकर की चाहनां हुई। देवयोग से उल्लूसिंह को तलाश कर उन्होंने नौकर रख लिया। वकील साहब ने कहा—"यह वर्दी पहले सिपाही की रक्खी है सो तुम पहन लो।" और कोट, पायजामा साफ़ा तथा एक तलवार भी उसे दे दी और कहा-"मेरे सामने पहनकर दिखाओ।" उस उल्लू ने कोट की बाहें पैरों में चढ़ाईं और साफ़ा कमर में बाँध लिया, पैजामा हाथों में पहन लिया, म्यान फाड़ के गले में डाल ली और तलवार को पूछा—"इससे क्या करते हैं?" वकील बोला—"यह उस वक़्त काम आवेगी जब कोई हमसे बोलेगा उसी वक्त साले को मार देना, यही तुम्हारा काम है।" उल्लू के पहनावे को देख वकील साहब ख़ूब हँसे और उसे पहनना सिखाया। एक दिन उस वकील का साला आया और वकील से बातें करने लगा। उल्लू ने तलवार को निकाल कर एक ऐसा हाथ मारा कि साले साहब के दो टुकड़े हो गये। वकील बोला—"अबे यह क्या?" वह बोला—"मेरा क्या क़सूर है। आपने कहा कि कोई साला हम से बोले, उसे मार देना, जो साला तुमसे बोला था मैंने मार दिया।" फिर तो पुलिस ने मुक़दमा क़ायम किया। वकील ने उल्लू से कहा—"क़लमदान उठा ला अर्ज़ी लिखूँगा।" यह उल्लू इधर-उधर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देख बोला कि—"हुज़ूर, क़लमदान न हो तो फुकनी उठा लाऊँ।" वकील और पुलिस के लोग हँसने लगे और मुक़द्मा खारिज कर दिया।

१५१—दुनिया में सब से बड़ी बात

एक राजा ने अपने दीवान के मरने के पश्चात् नियमानुसार दीवान के लड़कों के पढ़ने का पूर्ण प्रबन्ध कर दीवान का स्थानापन्न दूसरा दीवान उस समय तक के लिये नियत किया, जब तक पूर्व दीवान के लड़के पढ़ लिख कर योग्य न हो जायँ। कुछ काल के पश्चात् जब पूर्व दीवान के लड़के पढ़ लिख कर योग्य हुए तब इस स्थानापन्न दीवान ने ६६ सहस्र मुद्रा पूर्व दीवान के नाम राजा के खाते में डाल दिये और जब राजा पूर्व दीवान के लड़कों को दीवान पद देने लगे तब इस दीवान ने राजा के सामने खाता ले जाकर रख दिया और कहा कि—"अन्नदाता, इन बच्चों के बाप के नाम ९६ सहस्र मुद्रा आपका पड़ा हुआ है जब तक यह सम्पूर्ण रुपया आपका न चुका दें तब तक यह पद इन्हें न दिया जावे।" राजा की भी समझ में ऐसा ही आ गया, अतः राजा ने लड़कों से कहा—"जब तक तुम हमारा सब रुपया न दे दोगे, तब तक तुम्हें यह पद न मिलेगा।" पूर्व दीवान के लड़के तो बड़े ही चतुर और बुद्धिमान थे, अतएव बच्चों से कहा— श्रीमान्, यदि हम दीवान पद नहीं दिया जाता तो जब तक हम दोनों को कोई अन्य काम दिया जावे, जिससे हमारे पेट का पालन हो और आपका रुपया भी पटे।" राजा ने बच्चों की प्रार्थना सुन एक बच्चे को अपनी ड्योढ़ी पर दरवानी का काम और दूसरे को बगीचे में माली का क़ाम दे दिया। बच्चे बहुत दिन तक यह काम करते

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहे, परन्तु इन कामों में बच्चों को वेतन केवल उतना ही मिलता था कि जितने से उनके पेट का पालन हो सके, अतः लड़कों ने सोचा कि इस प्रकार तो हम लोगों से ९६ सहस्र रुपया नहीं दिया जा सकता है और न दीवान का पद ही मिल सकता है, इस लिये कोई ऐसी युक्ति सोचनी चाहिये कि जिससे राजा के ऋण से शीघ्र उऋण हो दीवान पद प्राप्त करें। अतः लड़कों ने आपस में कुछ सम्मति कर दूसरे दिन जब राजा साहब बाहर निकले तो बड़े लड़के दरवान ने पूछा कि—"महाराज, दुनिया में सब से बड़ी चीज़ क्या है?" राजा ने कहा—"मैं इसका उत्तर कल दूँगा।" दूसरे दिन राजा ने प्रातःकाल दरबार में आते ही इस बात को सम्पूर्ण सभा के लोगों से पूछा कि—"भाई, सभा के लोगो, दुनिया में सब से बड़ी चीज़ क्या है?" किसी ने कहा—"अन्नदाता, सब से बड़ा हाथी।" किसी ने कहा—"सब से बड़ा ऊँट।" किसी ने कहा—"सब से बड़ी खजूर।" किसी ने कहा—"सब से बड़ा ताड़।" किसी ने कहा—"सबसे बड़ा पहाड़।" किसी ने कहा—"सबसे बड़ा रुपया।" किसी ने कहा—"सब से बड़ा बल।" ये सब उत्तर राजा ने दर्वान को दिये पर दर्वान ने इनमें से एक को भी न माना जब राजा के राज्य के सम्पूर्ण मनुष्य उत्तर दे चुके तो राजा ने सोचा कि अब केवल हमारे बगीचे का माली शेष है, उसे भी बुलाकर पूछना चाहिये। देखें वह क्या उत्तर देता है। अतः राजा ने पूर्व दीवान के छोटे पुत्र माली को बुला कर पूछा कि—"दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ क्या है?" उसने कहा—"यदि मेरे बाप के नाम से ३२ सहस्र रुपया काट दिया जावे तो मैं आपके प्रश्न का उत्तर दूँ।" माली की यह बात सुन राजा तथा सम्पूर्ण सभा के लोग चकित हो गये। अन्त में राजा ने कहा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"तुम्हारे बाप के नाम से ३२ सहस्र रुपया काट दिया जावेगा, तुम बताओ कि दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ क्या है ?" माली ने कहा-"दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ है बात।" यह उत्तर सुन राजा के भी मन में निश्चय हो गया कि ठीक है और दरबान ने भी मान लिया। पुनः दरबान ने पूछा कि—"महाराज, सब से बड़ी चीज़ बात तो है पर वह रहती कहाँ है ?" राजा ने फिर दरबान से यही कहा-"मैं इसका उत्तर कल दूँगा।" और राजा ने सभा में आकर उसी भाँति पूछा कि-"दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ बात तो है, पर वह रहती कहाँ है ?" किसी ने कहा—"अन्नदाता, धनवानों के पास।" किसी ने कहा-"बलवानों के पास।" किसी ने कहा—"विद्वानों के पास।" राजा पूर्व की भाँति ये सब उत्तर दरबान को दिये, पर दरबान ने एक भी उत्तर स्वीकार न किया। पुनः राजा ने बग़ीचे से माली को बुलवा यह प्रश्न किया कि-"दुनिया में सब से बड़ी चीज़ बात है पर वह रहती कहाँ है ?" इसने कहा—"महाराज, ३२ सहस्र फिर निकलवा दीजिये।" राजा ने यह सुन तुरन्त ही आज्ञा दी कि—"आप उत्तर दें ३२ सहस्र और निकाल दिये जावेंगे।" माली ने उत्तर दिया—"दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ बात है और वह रहती है असीलों के पास।" उत्तर सुन कर राजा ने मान लिया और राजा ने दरबान को यही उत्तर दिया, दरबान ने भी स्वीकार किया। पुनः दरबान ने राजा साहब से प्रश्न किया कि—"दुनिया में सबसे बड़ी चीज़ बात, रहती तो है असीलों के पास और खाती क्या है ?" राजा ने कल का वादा कर पुनः जाकर दूसरे दिन अपनी सभा में यह प्रश्न किया। प्रश्न सुन सब सभा चकित हो गई और कुछ काल तक सब के सभी मौन साध गये पश्चात् कुछ आदमियों ने सलाह कर कहा कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"महाराज, कहीं बात भी खाया करती है।" राजा ने माली को बुला कर पूछा—"दुनिया में सब से बड़ी चीज़ बात, रहती तो असीलों के पास है और खाती क्या है।" इसने कहा कि—"६२ सहस्र रुपया जो मेरे पिता के नाम बाक़ी हैं यदि वह भी कटा दें तो मैं बता दूँ कि वह खाती क्या है?" राजा ने उसी समय स्वीकार कर कहा—"आप उत्तर दीजिये।" इसने कहा कि—"महाराज दुनिया में सब से बड़ी चीज़ बात है जो रहती है असीलों के पास, पर खाती है ग़म।" राजा ने मान लिया और यही उत्तर दरबान को दिया दरबान ने भी मान लिया। पुनः दरबान ने राजा से प्रश्न किया कि—"दुनिया में सब से बड़ी चीज़ बात, रहती तो है असीलों के पास और खाती है ग़म, पर करती क्या है?" राजा ने फिर भी कल कह कर दूसरे दिन अपनी सभा में यह प्रश्न किया। सभा के लोग थोड़ी देर तो चुप रहे और फिर बोले—"महाराज, बात भी कहीं काम किया करती है?" राजा ने पुनः बाग़ीचे से माली को बुला, उससे इस प्रश्न का उत्तर पूछा। उसने कहा—"महा-राज, अबके हमारे बाप का दीवान पद हम दोनों भाइयों में से किसी को दिया जावे क्योंकि आप का ऋण भी पट गया, और यह दीवान जो मेरे बाप के स्थान पर है इसने मेरे बाप के नाम ६६ सहस्त्र रुपया बिल्कुल भूठा डाला है, इसलिये यह जहन्नुम रसीद किया जावे तो मैं आप के प्रश्न का उत्तर दे सकता हूँ।" राजा ने सच्चा हाल समझ स्वीकार किया और कहा—"आप उत्तर दीजिये, ऐसा ही होगा।" माली ने कहा—"महाराज, दुनिया में सब से बड़ी चीज़ बात है और वह रहती है असीलों के पास तथा खाती है ग़म और करती है वह वह काम जो धन, बल, विद्या किसी से न हो।" राजा ने उत्तर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वीकार किया और इन बच्चों को दीवान पद दे झूठे दीवान को जहन्नुम रसीद किया।

लक्ष्मी वृषीति जिह्वाग्रे जिह्वाग्रे मित्र बान्धवः।
जिह्वाग्रे बन्धनं प्राप्तं जिह्वाग्रे मरणं ध्रुवम् ॥

१५२—रमखुदैया

एक हिन्दू और एक मुसलमान साहब गंगा पार को जा रहे थे। रास्ते में जब गंगाजी पड़ी तो घाट पर नाव न होने के कारण दोनों सोच रहे थे क्या करना चाहिये, परन्तु कुछ विचार में न आया। थोड़ी देर में हिन्दू ने तो कहा कि जै रामचन्द्रजी की, मैं तो अपने एक तरफ़ से मँझाता हूँ, और वह ऐसे उथले ओर से गया कि पार हो गया। अब मुसलमान साहब सोचने लगे कि मैं कैसे पार जाऊँ ? राम को सुमिरूँ या खुदा को यह सोचते सोचते मझाना प्रारम्भ कर दिया और यह मझाने में भी यह विचार करता जाता था कि—"राम को याद करूँ या खुदा को ?" इस रमखुदैया के कारण इसका ध्यान बट गया और यह गहरे में जाकर डूब गया।

बस, समझ लो कि रमखुदैयावालों की यही दशा होती है कि थोड़ा यह कर लें थोड़ा वह, यह करें या वह ?

१५३-एक पतिव्रता

एक साहब किसी गाँव में रहा करते थे। उनकी स्त्री तो बड़ी चतुर और पतिव्रता थी किंतु वह अत्यन्त ही निकम्मा और मूढ़ थी यहाँ तक कि कुछ कमाता धमाता न था दिन भर पड़े पड़े बातें बनाया करता था। औरत बिचारी इसे जहाँ तहाँ से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उधार पुधार लाला खिलाया करती थी। यह पुरुष एक दिन बाज़ार में टहलने गया। वहाँ एक यवन से बहुत सी बात चीत होने के बाद यवन से किसी ने कह दिया कि इसकी औरत बड़ी खूबसूरत है, अतः यवन ने इससे कहा कि—"अगर तू अपनी औरत को मेरे पास सुलादे तो मैं १००) रूपये तुझे दूँगा।" यह पागल यवन को अपने घर ले आया और अपनी औरत से कहा कि—"अगर तू आज इसके साथ सो रहे तो ये सौ रूपये देगा, इसी लिए मैं इसे लिवा लाया हूँ।" यह सुन औरत उससे बहुत ही अप्रसन्न हुई। तब इसने कहा—"अच्छा तू प्रथम इसे दो रोटी बना के खिला दे, फिर देखा जायगा।" औरत ने कहा-"रोटी मैं दो क्या चार बना कर खिला दूँगी।" परन्तु औरत अपने पति की बद हरकत को भली भाँति जानती थी, इस लिये बड़े ही असमंजस में पड़ गई कि ऐसे समय में इस दुष्ट से बच कर कैसे पतिव्रत की रक्षा हो अतः औरत ने अपने पति से कहा-"आप कृपा करके एक रस्सा चारपाई में दावन लगाने के लिये और एक मूसल पीसना छरने के लिये ले आइये क्योंकि घर का मूसल टूट गया है जब तक मैं इस मुसाफ़िर के लिये रोटी का सामान लगाती हूँ।" औरत पाव भर मिरचे निकाल सिल पर पीसने लगी और इस का पति रस्सा और मूसल लेने बाज़ार को चला गया। थोड़ी देर में यह औरत रोने लगी। मुसाफ़िर ने पूछा—"तू क्यों रोती है?" औरत ने कहा—"जनाब रोती इस लिये हूं कि यह मेरा पति बड़ा ही बदमाश है और इसको ऐसी बद आदत है कि यह रोज़ बाज़ार से किसी न किसी मुसाफ़िर को ले आता है और अपने घर में उसके हाथ पैर रस्से से बाँध उसके पाखाने के मुक़ाम में मिरचे भरा करता है और पीछे मूसल घुसेड़ देता है,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सो देखिये कि मिरचे तो मुझ से बँटवा गया है, मैं पीसती हूँ और रस्सा और मूसल टूट गया था, उसे लेने बाज़ार गया था, सो देखो वह लिये आ रहा है।" यवन यह दशा देख कि वह वास्तव में रस्सा और मूसल लिये आता है।वश्वास मान चल पड़ा। जब वह पुरुष अपने घर आया तो अपनी स्त्री से पूछा कि—"मुसाफ़िर क्यों चला गया?" औरत ने कहा—"मैं मिरचे पीस रही थी तो मुसाफ़िर कहने लगा कि ये मिरचे जो तू पीस रही है मय सिल के मुझे ऐसे ही दे दे। मैंने कहा—"ऐसे मिरचे लेकर आप क्या करेंगे, आप ही के लिये पीसती हूँ रोटी बनाऊँगी तब खाना। बस इसी से ग़ुस्सा होकर जाते हैं।" पुरुष ने कहा—"अरे तूने मय मिरचों के क्यों न ऐसी ही सिल दे दी? अच्छा अब ला मैं दौड़ कर दे आऊँ।" और यह पुरुष मय मिरचों के सिल लेकर दौड़ा और पुकारा कि—"ओ मियाँ! ये लिये जाओ।" मियाँ ने जाना कि यह मेरे पाख़ाने के मुक़ाम में मिरचे भरने आता है, इस लिये मियाँ भागे और यह पीछे दौड़ा। तब तो मियाँ को और निश्चय हो गया और वे प्राण छोड़ भग गये।

१५४—ग़मखाना

एक बार किसी शख़्स ने प्रश्न किया कि—"ये बनिये इतने मोटे क्यों होते हैं?" दूसरे ने जवाब दिया कि—"ये ऐसी वस्तु खाते हैं, जिसे संसार में कोई नहीं खाता है और न मान तो चल मैं तुझे दिखलाऊँ।" अब वह उस शख़्स को लेकर गया तो क्या देखता है कि एक पुलिसमैन ने बनिये की दूकान पर आटा लिया और अच्छे आटे को कहता था कि साले तूने इसमें चपड़ी मिलाई है और बहनचोद ने जुआर का आटा भी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिलाया है, ग़रज़ यह कि पुलिसमैन ने सैकड़ों गालियाँ दीं, पर बनिया न बोला। तब उसने उस शख़्स से कहा—"क्यों साहब! समझ गये?"

१५५—बेरहमी

एक क़ाबुली बहुत ही दीन और अत्यन्त बेवक़ूफ़ इस देश में आया और दिल्ली को बाज़ार में उसने जामुन बिकते हुए देख लोगों से पूछा कि—"यह क्या है?" लोगों ने कहा-"यह हिन्दुस्तान की मेवा है।" बेचारा क्या करे, पैसा पास न था इसलिये विवश हो चला गया। पश्चात् घूमते-घामते कुछ काल में एक बग़ीचे में पहुँचा तो बाग में केतकी के वृक्षों तथा अन्य फूले हुए वृक्षों पर भौंरे गूँज रहे थे। इसने समझा कि ये उसी हिन्दुस्तान की मेवे के वृक्ष हैं और इन में ये फूल फल लग रहे हैं। अतः इसने भौंरों को पकड़ पकड़ कर खाना आरम्भ कर दिया। परन्तु जिस समय यह भौंरों को पकड़ता था तो भौंरे ची ची करते थे। काबुली बोला कि—"चाहे चें करो या में, काले काले साले एक नहीं छोड़ूँगा।"

१५६—निन्यानवे का फेर

एक सेठजी बहुत धनवान एक शहर में रहते थे और सेठ के तिखण्डे मकान के समीप ही दीवार से दीवार मिली हुई-एक दूसरे सेठ जो बहुत ही दीन थे, रहा करते थे। धनाढ्य सेठ अपने घर में ख़राब से ख़राब नाज की रोटी बनवाते और केवल नमक के साथ खाया करते थे और दीन सेठ नित्य अपने घर खीर पूड़ी हलुआ अच्छी २ चीज़ें बनवाते थे। अभिप्राय यह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि दीन सेठ जो कमाते थे वह खा पी डालते थे धनाढ्य सेठ की स्त्री यह चरित्र देख हैरान थी और कहा करती थी—"हाय हमारे बाप ने क्या धनाढ्य के यहाँ व्याह किया। ऐसे धन से क्या, जो न भोगा गया, न दान दिया गया। इससे तो ये कंगाल ही अच्छा।" एक दिन उस धनाढ्य सेठ की स्त्री ने अपने पति से कहा कि—"आप के धनी होने से क्या लाभ? न आप खा ही सकते हैं और न किसी को दे सकते हैं, आप से तो यह कंगाल ही अच्छा जिसके यहाँ रोज़ हलुआ पूड़ी और खीर बना करती है।" सेठने कहा-"यह अभी निन्यानवे के फेर में नहीं पड़ा है, अच्छा आज मैं तुझे निन्यानवे रूपया देता हूँ और तू कल यह रूपया एक कपड़े में बाँध इस दीन सेठ के घर डाल देना।" धनाढ्य सेठ की स्त्री ने वह रूपया एक कपड़े में बाँध दूसरे दिन दीन सेठ के यहाँ डाल दिया। दीन सेठ की स्त्री ने वह रूपयों की पोटरी पा अपने पति को दे दी। पति ने गिने तो रूपये निन्यानवे थे। उसने सोचा कि अगर मैं दो दिन हलुआ पूड़ी खीर न खाऊँ तो ये पूरे सौ हो जायँ। ऐसा ही हुआ, दूसरे दिन से ही हलुआ पूड़ी खीर का होना बंद हो गया और अब दो दिन में सौ हो गये। अब इसने सोचा कि दो दिन और न खाऊँ तो १०१ हो जायँ। जब दो दिन में १०१ हो गये तो सोचा कि दो दिन और न खाँऊ तो १०२ हो जायँ। बस यह दशा देख धनाढ्य सेठ ने अपनी स्त्री से कहा कि देखो अब यह भी निन्यानवे के फेर में पड़ गया और इसी को 'निन्यानवे का फेर' कहते हैं। परमात्मा न करे इस निन्यानवे के फेर में कोई भी पड़े।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५७—एक तपस्वी और चार चोरों का साथ

एक महात्मा किसी वन में तप कर रहे थे। एक दिन रात को चार चोर पहुँचकर महात्मा से बोले कि—"महाराज, आप तो परोपकारी हैं, इसलिए हमारे साथ चलकर परोपकार कीजिये।" तपस्वीजी चोरों के साथ चल दिये और मन में यह सोचा कि इन दुष्टों को आज अपने परोपकार का परिचय दे देना चाहिये। जब यह महात्मा और चारों चोर एक धनिक के मकान पर पहुँचे तो चोरों ने धनिक के मकान में नक़ब लगा महात्मा से कहा—"महाराज, अब आप आगे आगे चलिये।" महात्मा और चारों चोर अन्दर पहुँच गये और जब चोर कोठों के अन्दर घुस माल निकालने लगे तब महात्मा ने बाहर से कोठों की ज़ंज़ीरें चढ़ा दीं। पास ही एक दालान में बाहर एक थाल में कुछ बर्फ़ियाँ रक्खी थीं और वहीं दीपक जल रहा था। महात्मा बर्फ़ियाँ देखकर ललचाये और इनकी जीभ लुपलुपाने लगी। इसलिये महात्मा ने थाल की बर्फ़ियाँ उठा सोचा कि पहले ठाकुरजी की नैवेद्य लगा लूं, पीछे बर्फ़ियाँ खाऊँ, अतः धनिक के मकान की भीतरी चौक में आ थाल के चारों ओर पानी फेर अपना संख बड़े ज़ोर से बजाने लगे। इतने में घर के सब लोग जग पड़े और मंदिर की ओर कान लगाने लगे कि आज रात को मंदिर में क्यों नैवेद्य लगाई जाती है। जब कुछ और ध्यान करके देखा तो घरवालों को मालूम हुआ कि यह तो हमारे घर ही में नैवेद्य लग रही है। पुनः घरवाले उठकर गये और महात्मा से कहा—"तुम कौन ?" इन्होंने कहा—"हम अमुक वन में रहते हैं और इस प्रकार हमें चोर ले आये और चोरों ने आपके मकान में नक़ब कर हमें भी घुसेड़ा और जब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और इस कोठरी से आपका माल निकालने लगे तो हमने बाहर से ज़ंज़ीर चढ़ा दी। आप के थाल में बर्फ़ियाँ रक्खी देख मुझे खाने की इच्छा चली तो मैंने कहा कि पहले ठाकुरजी को नैवेद्य लगा लूँ फिर बर्फियाँ खाऊँ, सो अब नैवेद्य लग गई, अब आप भी प्रसाद लीजिये और चारों चोरों को कोठरी से निकाल प्रसाद दीजिये।" धनिक अपने घर कई आदमी रखते थे, अतः चोरों को कोठरी से निकाल एक-एक चोर को हज़ारहा जूतों का प्रसाद दिया और अन्त में उनको पुलीस के हवाले कर तीन तीन वर्ष की क़ैद दिलाई। पुनः महात्मा ने चोरों से कहा—"कहो हम परोपकारी हैं या नहीं?"

१५८—पांच ठगों की ठगी और उसका फल

एक पुरुष किसी साहूकार के यहाँ नौकर था। बहुत काल तक नौकरी करने पर जब उसने वेतन माँगा तो साहूकार ने कहा कि—"अगर तुम यह बैल लेना चाहो तो ले जाओ, वरना इसके सिवा मेरे पास कुछ नहीं है।" अतः साहूकार ने वह बैल अपने नौकर को तेरह रुपये में दे दिया। नौकर बैल लेकर घरको चला और मार्ग में एक ठगों के गाँव में जा निकला। एक जगह चार ठग बैठे हुये थे और उन चारों का बुड्ढा बाप अलग बैठा था। इन चारों ठगों ने उस बैल वाले को बुला कहा—"अबे बैल वाले! क्या यह बैल बेचेगा?" बैलवाले ने कहा—"हाँ हाँ! लो अगर आप को लेना हो?" ठगों ने कहा—"बैल की क्या क़ीमत लोगे?" इसने कहा—"जो दो भलेमानुस कह दें।" ठगों ने कहा—"तुम दो भलेमानुसों की मानोगे?" इसने कहा—"दो भलेमानुसों की नहीं मानेंगे तो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिर किसकी मानेंगे।" यह प्रतिज्ञा करो ये चारों ठग बैलवाले को अपने बाप के पास ले गये और कहा—"इनकी मानोगे।" बैलवाले ने कहा—"हाँ हाँ मैं मानूँगा।" बुड्ढे ने कहा-"सच सच पूछो तो बैल तो तीन रुपये का है।" बैलवाले ने बैल दे दिया और अपने घर को चल पड़ा। पर मार्ग में उसे मालूम होगया कि वे चारों ठग थे और बुड्ढा ठगों का बाप था, अतः यह बैलवाला थोड़े दिन बाद स्त्री का रूप बना कर एक डोली में उसी गाँव में, ठगों के मकान के सामने जो कुआँ था, वहाँ आकर उतर पड़ा और रोने लगा। इतने में ये ठग निकले और कहा—"क्या है ?" इसने कहा—"मेरे पति ने मुझे नाराज़ होकर निकाल दिया है।" ठगों ने कहा—"अच्छा तुम हमारे यहाँ बनी रहो।" इसने स्वीकार कर लिया। अब तो उन चारों ठगों में बड़ा झगड़ा होने लगा। एक कहता था इसे मैं रक्खूँगा, दूसरा कहता था मैं रक्खूँगा। यह झगड़ा देख बाप बोला कि—"तुम चारों क्यों लड़ते हो ? इसको मैं स्त्री बना रक्खूँगा और यह तुम चारों की माँ बनी रहेगी।" चारों ठगों ने मंज़ूर कर लिया और वह बैलवाला स्त्री रूप में ठगों के घर रहने लगा। अब बुड्ढे को यह पड़ी कि अगर मेरे लड़के इधर उधर जायँ तो मैं ख़ूब विषय भोग करूँ। अतः लड़कों को इधर उधर भेज दिया। उस दिन बुड्ढे ने ख़ूब हलुवा पूड़ी खीर बनवा भोजन किया और यह मना रहा था कि किसी प्रकार रात आये। स्त्री भी (बना हुआ बैलवाला) ख़ूब शृङ्गार कर बैठ रही थी। जब रात हुई तो स्त्री ने किवाड़े मार एक रस्सा ले बुड्ढे को चारपाई से बाँध गला दबा पूछा कि—"बता तेरा धन कहाँ गड़ा है ?" बुड्ढे ने जान के भय से सब बता दिया। उसने सबको खोद बहुत सा धन बाँध एक सोंटा ले बुड्ढे को

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बहुत ही पीटा और कहता जाता था,—"क्यों रे मक्कार! तेरह का बैल तीन का!" और इसे पीट-पाट धन ले बैलवाला चल दिया। जब दो दिन बाद उस बुड्ढे के लड़के आये तो बुड्ढे को बँधा हुआ, सब देह फूली हुई और सब घर खुदा हुआ देख बड़े दुःखी हुए और बापसे बोले—"यह क्या हुआ।" बुड्ढे ने कहा कि—

वह औरत न थी बल्कि था बैलवाला।
मुझे बाँध कर ले गया है धन साला॥

चारों ने अपने बाप को खोल दवा इलाज किया और फिर माल जमा करने लगे। कुछ दिन बाद वह बैलवाला वैद्य का भेष धर फिर उसी गाँव में आ बिराजा। ये चारों ठग फिर उन वैद्यराज के यहाँ पहुँचे और दो रूपये नज़र कर कहा—"महाराज, हमारे बाप बहुत बीमार हैं, आप कृपा कर उन्हें चलकर देख लीजिये।" वैद्यराज ने जाकर देखा, पर इसको तो सब हाल मालूम था, अतः इसने बुड्ढे के लड़कों से कहा—"जब मैं १५ दिवस ठहरूँ तब इसे आराम हो सकता है।" बुड्ढे के लड़कों ने वैद्यराज के आगे बहुत कुछ हाथ पैर जोड़े और कहा कि—"आप कृपा कर १५ दिवस ठहर जाइये, हम आपकी जो फ़ीस होगी देंगे और आप की सेवा करेंगे।" वैद्यराज का तो यह अभिप्राय ही था, अतः वे ठहर गये। दूसरे दिन उन्होंने बुड्ढे के चारों लड़कों को दूर दूर अंट संट की दवायें बता कर इधर उधर भेज दिया और जब बुड्ढा अकेला रह गया तो उसे उसके घर में एक खम्भे से बाँध उसका गला दबा कर पूछा कि—"बता, अब बचा बचाया धन कहाँ रक्खा है?" बुड्ढे ने प्राण जाते देख बचा बचाया धन भी बता दिया। इस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वैद्य (बने हुए बैलवाले) ने सब धन खोद और एक सोंटा ले पुनः बुड्ढे को खूब पीटा और कहता था—"क्यों रे मक्कार, तेरह का बैल तीन का ?" और सारा धन लेकर चला गया। जब बुड्ढे के चारों लड़के दवा लेकर आये तो बाप की यह दशा देख बड़े शोकित हुए और अन्त में सोच समझ उसी तारीख से ठगी छोड़ दी।

१५६—लाल बुझक्कड़

किसी गाँव से होकर एक हाथी निकल गया और उसके गोल गोल चकले पैर भूमि में बन गये। गाँववालों ने कहा—"यार ये काहे के चिन्ह हैं ?" सबों ने अपनी समझ के अनुसार विचारा, पर कोई विचार निश्चय न हुआ। अन्त में सबकी यह राय ठहरी कि लालबुझक्कड़ को बुलाना चाहिये और उनसे पूँछें कि ये काहे के चिन्ह हैं। जब लालबुझक्कड़ आये तो सबों ने कहा—"गुरू ! बताओ, ये काहे के चिन्ह हैं ?" लालबुझक्कड़ यह सुन कर बहुत हँसे। सबों ने कहा—"महाराज ! इस समय आप क्यों हँसे ?" लालबुझक्कड़ ने कहा कि—"हम हँसे इस लिये कि आप लोग हमारे शिष्य होकर भी यह ज़रा सी बात न जान सके।" पुनः लालबुझक्कड़ बहुत रोया। सबों ने कहा—"महाराज, आप रोये क्यों ?" लालबुझक्कड़ बोले कि—"रोये इससे कि हमारे बाद तुम्हें कौन ऐसी ऐसी बातें बतावेगा ? लो अब सुनो, भूलना नहीं—

जानै बात बुझक्कड़ और न जानै कोय।
पग में चक्की बाँध के, हिरना कुद्दा होय॥

सबों ने कहा—"ठीक है।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसी प्रकार उस गाँव वालों ने कभी कोल्हू नहीं देखा था। एक आदमी अपना कोल्हू लादे जाता था, लेकिन उसकी गाड़ी के बैल न चलने से वह उस कोल्हू को मये गाड़ी के छोड़ गया। अब गाँव वाले उसी भाँति फिर हैरानी में पड़े। अन्त में उन्हीं लालबुझक्कड़ को बुला कर पूछा—"महाराज, यह क्या है ?" लालबुझक्कड़ ने कहा—

जानै बात बुझक्कड़ और न काहू जानी।
पुरानी होकर गिर गई ये ख़ुदा की सुरमादानी॥

सबों ने कहा—"ठीक है महाराज, ठीक है।"

१६०—परम लालची

एक सेठजी बड़े ही लालची थे, यहाँ तक कि अपने पेट भर भली भाँति खा पी भी नहीं सकते थे। पर उनके कुटुम्बवाले उनके इस स्वभाव को अच्छा नहीं समझते थे और अपने आप सब अच्छी प्रकार खाया पिया करते थे। एक दिन सब लोग अच्छे अच्छे पदार्थ, कोई हलुआ, कोई पूड़ी, कोई लड्डू, कोई खीर कोई रबड़ी, कोई मलाई वग़ैरः उड़ा रहे थे, इतने में सेठ जी घर आ पहुँचे और यह दशा देख नाँद के नीचे से मट्ठा निकाल कर पीने लगे और बोले कि— भरभर है तो भरभरै सही, हम भी आज मट्ठा ही पियेंगे।"

मक्खी बैठी शहद पर पंख गये लपटाय।
हाथ मलै औ शिर धुने लालच बुरी बलाय॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६१—खुश-क़िस्मत कौन है ?

एक बार यूरोप के किसी बादशाह ने एक आदमी से जिस का कि नाम सालिन था पूछा कि शायद मेरे बराबर तो दुनिया में कोई खुशक़िस्मत न होगा। सालिन ने एक महा कंगाल का नाम ले कहा-"हुज़ूर! उससे ज़्यादा खुशक़िस्मत दुनिया में और कोई नहीं है।" बादशाह ने कहा—"क्यों?" सालिन ने कहा—"उसने अपनी सारी आयु सदाचार ही में व्यतीत की है और उसमें किसी प्रकार के किसी कलङ्क का धब्बा नहीं और संसार में उसका यश है और जिस समय वह मरा दुनिया उसके लिये रोती थी।" बादशाह ने समझा कि अगर यह सब से ज़्यादा खुशक़िस्मत है तो दूसरा नम्बर मेरा ही होगा, यह समझ कर पूछा कि—"उसके बाद फिर कौन खुशक़िस्मत है?" इसने एक दूसरे कङ्गाल का नाम ले कहा—"हुज़ूर! यह उससे ज़्यादा खुशक़िस्मत है।" उसने कहा-"क्यों?" सालिन ने उत्तर दिया कि—"इसने जिस हैसियत में अपने बाप से गृहस्थी पाई थी, हूबहू वैसी ही गृहस्थी रखता हुआ, पुत्र पौत्र भ्राता आदिकों को छोड़ता हुआ, परमेश्वर का भजन करता हुआ, संसार की सम्पूर्ण आपत्तियों को झेलता हुआ आज प्राण छोड़ता है। बस इसी प्रकार यदि आपकी बादशाहत अन्त तक बनी रहे और उसमें कोई आपत्ति न आये तो मैं आपको भी खुशक़िस्मत कहूँगा।" बादशाह ने यह सुनकर सालिन पर क्रोधित हो राज्य से निकलवा दिया। पुनः थोड़े ही दिन में अनायास उस बादशाह के ऊपर एक बादशाह चढ़ आया और उसने सारा राज पाट छीन लिया और उसे क़ैद कर अपने राज्य में ले गया और थोड़े दिन में उसे सूली का हुक्म दिया। जब यह बादशाह सूली

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर चढ़ने लगा तो इसने बड़े ज़ोर से पुकारकर कहा—"सालिन ! सालिन ! सालिन !" तब तो यह वाक्य सुन उस बादशाह ने कि जिसने इसको सूली दी थी इसको अपने पास बुला कर कहा कि—"आप क्या कहते हैं ?" उसके पूछने पर इसने सारा क़िस्सा सालिन और अपनी बात चीत का वर्णन किया और कहा कि—"सालिन ठीक कहता था, देखिये। थोड़े दिन हुये मैं बादशाह था और आज सूली पर चढ़ रहा हूँ। इस लिये मैं सालिन का नाम बार-बार पुकार रहा हूँ।" यह सुन कर बादशाह के होशहवास ठीक हो गये और उसने इसको सूली से मुक्त कर सारा राजपाट लौटा दिया।

१६२—अयोग्य मन्त्री

एक बादशाह के यहां एक बड़ा ही सुयोग्य मन्त्री था। परन्तु वह अपनी स्त्री के विशेष वशीभूत था और उस स्त्री का भाई बिल्कुल बेकार था, अतः स्त्री ने बादशाह से कहकर उस योग्य मन्त्री को हटा कर अपने भाई को नियत कराया और अपने भाई को यह समझा दिया कि तुम बादशाह की आज्ञा को कभी न तोड़ना, जैसा वे कहें वैसा ही करना। बादशाह ने एक बार इस नये मन्त्री से कहा कि—"आप १०००) रु० का एक नोट बाज़ार से ले आइये।" ये जब नोट लेने गये तो बैंक के मैनेजर ने कहा कि—"१००० का एक तो नहीं है, पाँच पाँच सौ के दो चाहो तो ले जाओ।" ये वहाँ से लौट आये और बादशाह से कहा कि—"१००० का एक तो नहीं मिलता था पाँच पाँच सौ के दो मिलते थे, इस लिये मैं नहीं लाया।" बादशाह ने कहा कि—"मतलब तो एक ही था, आप क्यों न

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेते आये ?" कुछ दिन के बाद बादशाह की लड़की ब्याह के योग्य हो रही थी, इसलिये बादशाह ने अपनी कन्या के विवाहार्थ एक राज्य में इन मन्त्रीजी को भेजना चाहा और मन्त्रीजी से कहा कि—"आप एक ऐसा वर ढूँढ़ें जिसका कुल, शील, समानता, वित्त आदि बातें योग्य हों और उमर २२ वर्ष से कम न हो।" तब तो इन मन्त्री महाराज ने कहा कि—"हुज़ूर, अगर ग्यारह ग्यारह वर्ष के दो हों ?" बादशाह ने समझ लिया कि यह मूर्ख है और उसको उसी समय निकाल बाहर किया।

मुकुटेरोपितः काँचश्चरणाभरणे मणिः।
नहि दोषो मणेरस्ति किन्तु साधारविज्ञता॥

१६३—भारत के शूरवीर

एक बार किसी गाँव में दो दर्ज़ियों में परस्पर लड़ाई हुई। एक ने अपनी सुई उठाई और दूसरे ने अपनी सुई उठाई। वह उसके सामने सुई उठाकर कहता था—"क्या साले नहीं मानेगा ?" और वह उससे कहता था-"क्या साले नहीं मानेगा ?" इतने में एक स्त्री आगई और बोली कि—"परमेश्वर ख़ैर करे, आज शूरों ने शस्त्र उठाये हैं।" वाहरी शूरवीरता और वाह रे शस्त्र। एक समय था कि—

ललाटदेशे रुधिरं स्रवत्तु शूरस्य यस्य प्रविशेच्च वक्त्रे।
तत्सोमपानेन समंभवेच्च संग्रामयज्ञे विधिवत्प्रवेष्टुम्॥

१६४—आय फँसे

एक बार मुसलमानों के ताजिये हो रहे थे। वहाँ पर इस

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रकार भीड़ हो रही थी कि निकलने तक का मार्ग न था। इतने में उनके गोल में एक हिंदू भाई जा पहुँचे। वहाँ गोल में सब मुसलमान थे और वे सब के सब छाती पीट पीट कर यह कह रहे थे कि—"हाय हुसेन! हाय हुसेन!" यह देख हिन्दू भी अपनी छाती पीट पीट यह कहने लगा कि— आय फँसे, आय फँसे।"

१६५—भारत

एक सन्यासी एक महा सुन्दर वन में अकेला रहता था। वह वन नाना प्रकार की औषधियों और हरी-हरी घास से उपवन सा बन रहा था। सन्यासी उसी वन में निःसन्देह और निडर सुखपूर्वक अपने दिवस व्यतीत करता था। उसी वन में एक अति मनोहर तालाब स्वच्छ जल से पूरित था। एक दिन वह सायंकाल के समय तृषित हो तड़ाग पर गया, वहाँ जल पान करके तालाब की मनोहर शोभा को अवलोकन करने लगा तो क्या देखता है कि भाँति-भाँति के पक्षी तड़ाग के तट के वृक्षों पर नाना प्रकार की सुहावनी सुहावनी वाणियों से चहकार मचा-मचा वन को गुँजा रहे हैं। और अपने दिवस भरके छूटे हुये बच्चों से मिल बड़े हाव भाव से प्यार कर कर सारे दिन के वियोग के दुःख को मिटा रहे हैं। दूसरी ओर वन का रङ्ग आकाश की लालिमा से अपूर्व रङ्ग का हो रहा है। सन्यासी इन सब पदार्थों को विलोकता और इस शोभा को देख हर्षित हो रहा था, इतने में आकाश पर अचानक चन्द्रमा अपनी नक्षत्रों की सेना ले बड़े दल-बल के साथ आकर प्रकाशित हुआ और उसने सम्पूर्ण आसमान पर अपना अधिकार जमाया और अपनी मन्द मन्द किरणों द्वारा पृथ्वी को आलोकित किया।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सांसारिक जन अपने-अपने कार्यों को त्याग सुखपूर्वक हर्षित हो अपनी स्त्री सहित एकत्र हो आनंदित हुये और सारे दिन की थकावट को शान्त करने लगे। अब दो घण्टे के समीप रात्रि व्यतीत हुई, सब लोग अपने अपने शयन करने के प्रबन्ध में हैं। जहाँ तहाँ मनुष्य मण्डली अभी तक नहीं सोई है, कोई खेल और कौतुकों में मस्त है, कोई भ्रष्ट पुस्तकों का पाठ कर रहा है, कोई ईश्वर को त्याग प्रकृति की उपासना में निमग्न है और उस समय के विद्वान् तत्वज्ञान और परोपकार त्याग केवल अपने स्वार्थ में आ इस वाक्य के अनुसार कि—"स्वार्थी दोषं न पश्यति" कर्म अकर्म, सत्य असत्य कुछ नहीं देखते।

महाशयो! इसी अवसर में वह सन्यासी भी विचार रूपी समुद्र में ग़ोते लगा रहा था कि यकायक उसका ख़्याल एक बाग़ीचे की ओर पहुँच गया। उसने वहाँ जाकर देखा कि यह कोई अपूर्व वाटिका है, क्योंकि इसमें बहुत से रंग बिरंगे पुष्प फल आदि विद्यमान हैं और चित्र विचित्र भूषणों से भूषित शोभा दे रहे हैं। विचारा तो ज्ञात हुआ कि यह वाटिका किसी बड़े ही बुद्धिमान की सुसज्जित की हुई है। इस वाटिका की शोभा देख सन्यासी का चित्त चाहा कि इसे अवश्य देखना चाहिये। वह सन्यासी उसी मनोहर वाटिका की ओर देखने की लालसा से जाकर वाटिका के पास पहुँचा। वहाँ क्या देखता है कि वाटिका की चारदीवारी बहुत ही ऊँची है और उसकी दृढ़ता तथा सुन्दरता भी विलक्षण ही है।

यह सब देख सन्यासी महाराज का चित्त अन्दर जाने को चाहा, इस लिये सन्यासीजी वाटिका का दर्वाज़ा ढूँढ़ने लगे, परन्तु उन्होंने दर्वाज़ा न पाया। कुछ देर के बाद उनको एक नहर देख पड़ी कि जिससे उस वाटिका में पानी जारहा था। यह

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बेचारा उसी नहर के तट पर बैठ गया और अन्दर पहुँचने का यत्न सोचने लगा इसी विचार में था कि यकायक उसे एक मित्र मिल गया जिसका नाम बुद्धि था। सन्यासी ने अपने मित्र से निवेदन किया कि मुझे इस वाटिका के देखने को इसका दर्वाज़ा बताइये। सन्यासी ने अपने मित्र की बहुत काल तक सेवा की, तब उस मित्र ने उसका फाटक बतलाया। सन्यासी उस फाटक की सुन्दरता देख महा सुखी हुआ। उसके मेहराब की वक्रता ऐसी बुद्धिमता से बनाई गई थी कि जिसकी बनावट एक अपूर्व शोभा दिखला रही थी और उस मेहराब में नाना प्रकार के बहुमूल्य चमकीले पत्थरों से चित्रकारों ने ऐसी चित्र विचित्र रचना की थी कि जब दिवाकर की किरणें उस पर पड़ती थीं, तो ऐसा ज्ञात होता था कि मानों दूसरा सूर्य इस मेहराब में चमक रहा है। सन्यासी इस शोभा को देख कर आश्चर्य में था। उसके मित्र ने कहा—"चलिये, अब मैं तुमको वाटिका दिखलाऊँ।" सन्यासी मित्र के साथ अन्दर गया पर फाटक की अपूर्व छटा उसे बार-बार याद आती थी। कुछ देर में वह वाटिका में पहुँचा तो वाटिका की अनुपम छटा देख अत्यन्त प्रफुल्लित हुआ। पुनः अपने मित्र के साथ इधर उधर घूम वाटिका को देखा और उसकी विचित्रता से सन्यासी दंग था। इस लिये कि उसके सम्पूर्ण पदार्थ ऐसी बुद्धिमता के साथ चुने थे कि एक-एक को देख सन्यासी चकित था और जब वह उनकी बनावट पर अपनी बुद्धि दौड़ाता, तो बाग़ के पेड़ों का मन्द-मन्द उन्मत्तता से झूमना और पक्षियों का नाना प्रकार की प्यारी-प्यारी आवाज़ों का करना, बुलबुलों का फूलों पर गिरना, फूलों का खिलना, नरगिस की नज़रबाज़ी आदि विचित्र तमाशे देख सन्यासी अपने आपे में न रहा। थोड़े दिन वह उस बाग़

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में रहा, पुनः बाहर निकल भ्रमण करने लगा। बहुत दिन बाद उसे पूर्व की दिशा में एक चार दिवारी नज़र आई जैसी कि उसने उस बाग़ में देखी थी। चश्मा और नहर उससे बहुत कम चौड़ी थी परन्तु दर्वाज़ा खुला हुआ था और दीवार गिरी पड़ी और टूटी फूटी थी। चारों ओर से नये-नये क़िस्म के पशु पक्षी आदमी आदि आ-आ कर अपने मन चाहे हुये पदार्थ निर्भयता से बैठे खा रहे थे और कोई तोड़ तोड़ ले जा रहे थे और वाटिका के बाग़बान सब गाढ़ निद्रा में सो रहे थे। सन्यासी ने अपने मित्र से पूछा—"यह तो मुझे वही वाटिका ज्ञात होती है परन्तु नहीं मालूम कि इसकी यह दशा क्यों हो गई? न तो दीवार ही में वह सुन्दरता देख पड़ती है न दर्वाज़े ही में वह शोभा है, नहर का पानी भी वैसा स्वच्छ नहीं देख पड़ता बल्कि उसके स्थान पर गँदला और महा मटमैला जल बह रहा है। इस पर उसके मित्र ने बतलाया कि यह वह वाटिका नहीं है बल्कि दूसरी है यह पतझाड़ में ऋतु से शुष्क हो रही है और समय के हेर-फेर यानी परिवर्त्तन से बर्बाद हो गई है। यह सुन संन्यासी उस बाग़ के अन्दर जो गया तो उस को बाग़ के कुछ चिन्ह दिखलाई दिये, मगर न वह स्वछता थी, न वह चहल-पहल ही थी। नहर में कुछ पानी बह रहा था, मगर वह सफ़ाई और सुन्दरता न थी। फूल जितने थे सब कुम्हिलाये और मुरझाये हुए पड़े थे। जहाँ घास अपनी हरियाली से तरह-तरह की सुन्दरता दिखलाती थी वहाँ अब शुष्क हो हो कर काली हो रही है। जहाँ सुन्दर विविध समीप शीतल मंद सुगन्ध मनको प्रफुल्लित करती थी वहाँ अब आँधी ज़ोर से हाहाकार उठा रही है। जहाँ पिक और कोयल आदि अपने अपने प्यारे स्वरों से चित्त को आनन्दित करते थे, वहाँ अब नीच

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

काक और उलूक घृणित स्वरोंसे चित्त को दुखित कर रहे हैं। वह सन्यासी यह सब देखता हुआ नहर के तट पर पहुँचा। वहाँ क्या देखता है कि थोड़े से महा स्वरूपवान नवयुवक पुरुष आकर उसी नहर में डुबकी लगाकर नहाने और पानी पीने लगे। जब वे वहाँ से निकले तो उन लोगों की शकल पलटी हुई थी। न वह धर्म कर्म, न वह बल बुद्धि, न वह शील स्वभाव ही था और सब के दो दो सींग निकल आये और एक दूसरे से इस कवि वाक्य के अनुसार कि—

लोकानन्दनचन्दन द्रुमसखे नास्मिन्वने स्थीयताम्।
दुर्वंशैः पुरुषैरसार हृदयैराक्रान्त मेतद्वनम् ॥
ते ह्यन्योन्य निघर्षजातदहन ज्वालावलिसंकुलाः।
न स्वान्येव कुलानि केवल महो सर्वं दहेयुर्वनम् ॥

लड़ने लगे। किसी का हाथ किसी का पैर आदि टूटे, यानी इसी प्रकार असभ्यता का संग्राम करते करते जा रहे हैं।

सन्यासी भारतरूपी उपवन की यह दुरव्यवस्था देख दुःखी हुआ और उनमें सुखपूर्वक रमण करनेवाली भारत-सन्तान की वह दुर्दशा देख उसका दिल भर आया और ठंढी आह भर कर बोला—"क्या इस उपवन का सुधारक कोई मालिक ईश्वर भेजेगा ?"

१६६—शील

एक ग्राम में दो भाई रहा करते थे। उनमें से एक अत्यन्त ही विद्वान, मधुरभाषी, सरल और शांत तथा किसी दूसरे के विशेष क्रोध करने या साधारण दबाने पर बेचारा तत्काल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही दब जाता था और सदैव ऐसे स्थान में बैठता था कि जहां से कोई न उठा सके। और दूसरा निरक्षर भट्टाचार्य्य, अत्यन्त कटुवादी लकड़ी सी तोड़नवाला और दूसरे के किंचित् क्रोध पर उसका सिर फोड़ देने वाला था इन दोनों में पहला भाई अपने ग्राम में जिस किसी काम के लिए किसी के पास जाता तो लोग तुरन्त ही इसकी सहायता करते थे और जब यह दूसरा किसी के पास जाता तो लोग इससे बात भी नहीं करते थे। अतः इसने एक दिन अपने भाई से पूछा कि-"भाई, तुम्हारे पास ऐसी कौन सी युक्ति है कि जिससे तुम से सब से मेल रहता है और आप सब जगह से अपना काम कर लाते हैं, पर हम जहाँ जाते हैं वहाँ लोग हमसे बात भी नहीं करते।" भाई ने उत्तर दिया-"सब जगह से काम कर लाना तो क्या बल्कि—

वन्हिस्तस्य जलायते जलनिधिः कुल्यायते तत् क्षणात्।
मेरुः स्वल्प शिलायते मृगपतेः संघः कुरंगायते॥
व्यालो माल्य गुणायते विषरसः पीयूषवर्षायते।
यस्यांऽगेऽखिल लोकवल्लभतमं शीलं समुन्मीलति॥

अर्थ—अग्नि उस पुरुष को जल के समान जान पड़ती है, और समुद्र स्वल्प नदी सा तथा मेरु पर्वत स्वल्प शिला के तुल्य जान पड़ता है और सिंह शीघ्र ही उसके आगे हरिन बन जाता है, सर्प उसके लिये फूल की माला बन जाता है, विष-रस उस पुरुष को अमृत की वृष्टि के समान हो जाता है जिस पुरुष के अंग में समस्त जगत का मोहने वाला शील (नम्रता) प्रकाशमान है। बस, यही युक्ति है, सो आप भी धारण कीजिये। किसी भाषा कवि का वाक्य है—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोहा—गिरि ते गिरि परबो भलो, भलो पकरिबो नाग।
अग्नि माहिं जरिबो भलो, बुरो शील को त्याग॥

१६७—सन्तोष

एक सेठ जी बड़े धनाढ्य और अत्यन्त पुरुषार्थी, कुटुम्ब से भरे पुरे एक ग्राम में रहा करते थे और उनके समीप ही उसी ग्राम में एक अति दीन, पढ़ा लिखा विद्वान् ब्राह्मण रहा करता था। यह ब्राह्मण बड़ा ही सहनशील और सन्तोषी था, जो कुछ अपने परिश्रम से उपार्जन करता उसी में आनन्दित रहता, परन्तु सेठजी सदैव तृष्णा की तरङ्गों में ही गोते खाया करते थे। इस कारण सेठजी यद्यपि ब्राह्मण से बहुत धनवान् और परिश्रमी थे तथापि इस कवि वाक्य के अनुसार—

निःस्वो वष्टि शतं, शती दशशतं, लक्षे सहस्राधिपो।
लक्षेशः क्षितिपालतां, क्षितिपतिश्चक्रश्वरत्वं पुनः॥
चक्रेशः पुनरिन्द्रतां, सुरपति ब्रह्मास्पदं वांछति।
ब्रह्मा विष्णुपदं पुनः पुनरहो तृष्णवाधि को गतः॥

अर्थात्—निधन मनुष्य सौ रुपये चाहता है, सौ वाला सहस्र, सहस्रवाला लक्ष, लक्ष वाला राज्य, राजा चक्रवर्ती होना चाहता है, चक्रवर्ती इन्द्र पदवी और इन्द्र ब्रह्मा पद, ब्रह्मा विष्णु पद अतः इस तृष्णा का अन्त किसने पाया है ? इसकी अवधि को किसने प्राप्त किया है ? इसी प्रकार सेठ को भी दिन रात यही पड़ी रहती थी कि अब सौ के दो सौ और दो सौ के चार सौ कर लें। इस से सेठजी खाना पीना सोना, अच्छे वस्त्र

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पहनना आदि सभी तृष्णा की तरंगों में भूले रहते और दिन रात इसी हाय हाय में लगे रहते थे। एक दिन पड़ोसी ब्राह्मण सेठजी को समझाने लगा—"सेठजी, देखो संसार दुःखों का मूल है, इसमें मनुष्य को कभी सुख नहीं मिल सकता है, हां यदि कुछ सुख मिल सकता है तो केवल एक सन्तोषी पुरुष ही को। आप भली भांति जानते हैं कि विशेष ख़्वाहिशों का बढ़ना ही मनुष्य के लिये महान् दुःख और बन्धन का हेतु है। मनुष्य की जैसे जैसे ख़्वाहिशें बढ़ती जाती हैं वैसे ही वैसे वह उनके पूरा करने के प्रयत्न में लगता है और उनके पूरा हो जाने पर सुख और अधूरा रहने में मनुष्य को दुःख हुआ करता है।" परन्तु सेठजी का मन उस समय इन बातों पर न बैठा। एक बार सेठजी अपने घर के द्वार पर बैठे थे कि उनको एकाएक यह सूचना मिली कि आपके लड़के के लड़का उत्पन्न हुआ। सेठजी यह सूचना पा अत्यन्त हर्षित हो रहे थे। नाना प्रकार के उत्साह सेठजी मना रहे थे कि इतने ही में घर से दूसरी ख़बर आई कि जो लड़का उत्पन्न हुआ था वह और उसकी माता दोनों का देवलोक हो गया। सेठजी यह ख़बर सुनते ही महान दुःख सागर में डूब गये और सिर पटक पटक कर रोने लगे। इस विकलता में सेठजी पड़े ही थे कि अनायास थोड़ी ही देर में एक दूत ने आकर यह कहा कि अमुक वर्ष में जो आपने अमुक माल पर एक चिट्ठी डाली थी वह माल आप ही के नाम पड़ गया और एक लाख का माल लदा हुआ आपका जहाज़ आ रहा है। सेठजी पुनः उस पौत्र तथा उसकी माता के कष्ट को भूल एक लाख के माल की प्राप्ति की प्रसन्नता में निमग्न हो गये और दूत से प्रश्नोत्तर करने लगे कि वह जहाज़ अब कहाँ तक आया होगा, तुमने कहाँ छोड़ा था। यह कह ही

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रहा था कि थोड़ी ही देर के बाद एक दूसरे दूत ने आकर यह संदेशा दिया कि वह जहाज़ जो आप चिट्ठी में जीते थे, आ रहा था, लेकिन फ़लाँ बन्दर पर तूफ़ान के आने से डूब गया। सेठ सुन फिर उसी दुःख सागर में पड़ गये और सोचने लगे कि यथार्थ में सांसारिक ख़्वाहिशों को बढ़ा उनकी पूर्ति के लिये तृष्णा की तरङ्गों में पड़ना दुःख ही का कारण है। सेठजी ने उसी दिन से तृष्णा पिशाचिनी को त्याग संतोष साधु की शरण ली। किसी कवि ने सच कहा है कि—

> सन्तोषः परमं लाभः सन्तोषः परमं धनम्।
> सन्तोषः परमं चायुः सन्तोषः परमं सुखम्॥

अर्थ—सन्तोष ही परम लाभ है, सन्तोष ही परम धन है, सन्तोष ही परम आयु है, सन्तोष ही परम सुख है।

१६८—अत्यन्त दब्बू रहने से हर क़ौम अपने स्वरूप और बल तथा अधिकारों का भूल जाती है

एक बार एक शेर के बच्चे को एक गड़रिया जंगल से उठा लाया और उसको अपनी भेड़ों के साथ रखने लगा। शेर का बच्चा भेड़ों की ही रहन सहन की भाँति रहा करता, भेड़ों ही के साथ चरा करता, जहाँ वे बैठतीं वहीं वह बैठा रहता, जहाँ से उठ कर वे चल देतीं वह भी चल देता जैसे वे घुटने तोड़कर पानी पीतीं वैसे ही पानी पीता, जैसे वे मिमियातीं वैसे ही वह भी बोला करता। गड़रिया जिस प्रकार अपनी भेड़ों पर शासन रखता था इसी प्रकार शेर पर भी शासन रखता था यानी जिस समय गड़रिया दूर ही से शेर को डाँट बतलाया करता तो शेर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहीं से वापिस आ बेचारा दीन हो चुपचाप खड़ा हो जाता था। एक दिन ऐसा हुआ कि एक दूसरा बड़ा बलवान शेर जंगल में जहाँ गड़रिया भेड़ें चरा रहा था आया और आकर इतनी ज़ोर से गरजा कि गड़रिये की सारी भेड़ें भग गईं और गड़रिया मारे डर के एक वृक्ष के ऊपर चढ़ गया। उस बलवान शेर ने उन भगी हुई भेड़ों का पीछा किया। उन्हीं के झुण्ड में वह शेर भी भगा जा रहा था जो कि बचपन से गड़रिये के दबाव में भेड़ों के साथ रहता था। थोड़ी ही दूर के बाद एक जलाशय पड़ा। शेर उसे उल्लङ्घन कर जलाशय के उस किनारे पर खड़ा हो रहा और पीछे की ओर देखने लगा कि इतने में वह दूसरा बलवान शेर भी जलाशय के इधर के किनारे पर पहुँचकर दहाड़ने लगा। भेड़ों के साथ के रहने वाले शेर ने जल में उस सिंह की और अपनी दोनों की एक ही प्रकार की परछाहीं देख सोचा कि मैं भी तो वही हूँ जो यह है। मैं क्यों भागता हूँ। बस, मैं भी तो वही हूँ यह ध्यान आते ही इसे अपने भूले हुए स्वरूप, बल और अधिकार का ज्ञान आ गया और इसने भी दहाड़ मारी। इसके दहाड़ मारते ही वह बलवान शेर तो ढीला पड़ वहाँ से लौट गया, क्योंकि उसने समझ लिया कि यह भेड़ों का समुदाय नहीं किन्तु सिंहों का समुदाय है और भेड़ें भी इसकी दहाड़ सुन इसके साथ से भग खड़ी हुईं और गड़रिया भी वैसा ही भय करने लगा जैसा इस बलवान शेर से करता था। कहाँ तो इस पर शासन करता था और अपनी डाट के साथ इसको इधर उधर घुमाता था, कहाँ फिर उसके पास भी जाने में भयभीत होने लगा।

पदस्थितस्य पद्मस्य मित्रे वरुणभास्करौ।
पदच्युतस्य तस्यैव क्लेशदाह करावुभौ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६६–शांति से लाभ

सिकंदर यूनान का एक बड़ा ही दिग्विजयी और प्रसिद्ध बादशाह था। उसने सुना कि अमुक स्थान में एक बड़े ही पहुँचे हुए प्रसिद्ध महात्मा रहते हैं, सिकंदर उन महात्मा की परीक्षार्थ वहाँ गया और समीप के ग्राम में ठहर कर एक दूत के हाथ कहला भेजा कि जाओ उस साधु से कह दो कि—"दिग्विजयी सिकन्दर बादशाह आया है और उसने आप को बुलाया है, अगर आप नहीं चलेंगे तो आपको मरवा देगा।" महात्मा ने पूछा—"दिग्विजयी का अर्थ क्या है?" उसने कहा—"सबको जीतने वाला, सबको मार कर बस में करने वाला।" महात्मा ने पूछा—"सिकन्दर कितना करोड़ दो करोड़ मन खाता है?" दूत ने कहा—"नहीं नहीं।" तब महात्मा ने कहा— तो लाख दो लाख मन का खानेवाला तो हो होगा?" दूत ने कहा–"नहीं महाराज, लगभग आध सेर के, जितना कि अन्य लोग खाते हैं उतना ही अन्न सिकन्दर भी खाता है।" साधू ने कहा— "तुम्हारे बादशाह से तो यह वृक्ष अच्छा है जो बिना किसी की हिंसा किये मेरा पेट भर देता है।" दूत ने जाकर ऐसा ही सिकन्दर बादशाह से कहा। दूत के मुख से यह वाक्य सुनते ही सिकन्दर के रोमांच खड़े हो गये और सिकन्दर जाकर उन महात्मा साधु के चरणों पर गिर पड़ा और बोला कि— "जिस सिकन्दर ने बड़े बड़े राजों के शिर नीचे किये अथवा बड़े बड़े राजाओं के शिर अपने चरणों पर गिरवाये, वही सिकन्दर आज आपकी शांति के सामने शिर को आपके चरणों पर रक्खे है।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१७०—दो किसी के पास नहीं आते

राजा रणजीतसिंह जी के पास एक साधू गये और जाकर यह कहा कि— महाराज, हमने कभी अशरफ़ी नहीं देखी, सो आप कृपा कर हमें अशरफ़ी दिखलवा दें।" राजा साहब ने कुछ अशरफ़ियें महात्मा जी के सामने रखवा दीं। पुनः कुछ देर के बाद महात्मा ने राजा साहब से कहा कि—"अब ये अशरफ़ियें आप उठवा लें। राजा साहब ने कहा कि—"अब ये अशरफ़ियें मुझे उठवाकर क्या करना है, आप ही ले जाइये।" महात्माजी ने कहा कि-"हम तो सन्यासी हैं हम द्रव्य नहीं छूते।" राजा ने कहा— जिन पुरुषों को ब्रह्मज्ञान होता है या जिनको रसायनिक ज्ञान होता है, ये दो प्रकार के महात्मा हम लोगों के तो क्या बल्कि किसी के भी दरवाज़े पर नहीं जाते।"

१७१—बनावटी महात्मा

एक पादरी साहब एक शहर में उपदेशार्थ गये। वहां जाकर एक मछली बेचने वाले की दूकान के सामने उपदेश करने लगे। कुछ देर के बाद जब दूकान वाले का चित्त कुछ इधर उधर हुआ तो पादरी साहब मछलीवाले की दूकान से एक मछली चुरा अपने पाकट में डाल कर चल दिये। यह बात दूकानवाले को मालूम होगई। तब तो दूकानवाला वहां से दौड़ पादरीजी के पास आ हाथ जोड़ कर खड़ा हो गया और कहा—"महाराज पादरी साहब, आपके उपदेश से तो मुझे ईश्वर मिल गया और आयतें उतरने लगीं। पहली आयत यह उतरी है कि—"या तो मछली छोटी चुरावे या फिर पाकट बड़ी रखावे।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आबद्ध कृत्तिम सटा जटिलां सभित्त,
रा रोषितो मृगपतेः पदवीं यदिश्वा ।
मत्तेभ कुम्भपरिपाटन लम्पटस्य,
नादं करिष्यति कथं हरिणाधिपस्य ॥

१७२—बदमाशों की दशा और उत्तम स्त्रियों को दुष्टों से अपनी धर्म-रक्षा

महराज भोज के राज्य में एक बररुचि नामक ब्राह्मण पण्डित रहता था। इस ब्राह्मण से किसी अपराध होने के कारण राजा ने उसको निकलवा दिया। ब्राह्मण जिस समय ग्राम से जाने लगा तो अपनी स्त्री से कह गया कि—"मेरा इतना इतना रुपया अमुक सेठ के यहां जमा है, अतः जब तुझे आवश्यकता पड़े तब मँगवा लेना।" जब बररुचि ब्राह्मण राज्य से चला गया तो कुछ काल के बाद उसकी स्त्री ने अपनी दासी को भेज उस सेठ से रुपया मँगवाया, किन्तु सेठ ने दासी से कहा कि इस समय मेरी बही वग़ैरा सब राजा के यहां चली गई हैं, इस लिये रुपया नहीं मिल सकता।" दासी ने आकर ऐसा ही बररुचि की स्त्री से कह दिया। ब्राह्मणी सुन कर विवश हो चुप हो रही कुछ काल के पश्चात् बररुचि की स्त्री अपनी दासी के साथ अपने ग्राम के समीप जो नदी थी उसमें एक दिन स्नान करने गई। ब्राह्मणी स्नान करके लौटी आरही थी कि इतने में वह सेठ जिसके पास बररुचि महाराज का रुपया जमा था मिल गया और बररुचि की स्त्री को देख मोह वश हो उसने दासी से पूछा कि—"यह किसकी स्त्री है?" दासी ने कहा

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि—"यह महाराज वररुचि की स्त्री है।" तब तो सेठ ने कहा कि—"इससे कह दो कि जब रुपये की आवश्यकता पड़े तब मँगा ले।" वररुचि महाराज की स्त्री ने कहा कि—"ख़ैर रुपये की तो जब आवश्यकता पड़ेगी तब मँगा ही लूँगी, पर आप मुझे सायंकाल को मिलें, आप से कुछ कार्य्य है।" यह वार्ता कह ब्राह्मणी कुछ ही दूर चली थी कि मार्ग में इसे कोतवाल साहब मिले और इसे देख मोह वश हो इस से बोले कि 'तू किसकी स्त्री है, कहाँ गई थी ?" ब्राह्मणी ने कहा—"मैं वररुचि की स्त्री हूँ, अमुक स्थान में रहती हूँ।" पुनः कोतवाल ने ब्राह्मणी से कुछ बुरा संकेत किया। तब ब्राह्मणी ने कहा—"आप दस बजे रात को मेरे मकान पर आइयेगा।" जब ब्राह्मणी कुछ आगे चली तब एक दीवान साहब मिले और उन्हों ने भी ब्राह्मणी को देख मोहवश हो पूछा—"तू कहाँ रहती है, किसकी स्त्री है ?" वररुचि की स्त्री ने इन्हें भी अपना समाचार बतला एक बजे रात को इन्हें भी बुलाया और ब्राह्मणी अपने घर पहुँची। सायंकाल को सेठजी बड़े उत्साह और सज धज से वररुचि महाराज के घर पहुँचे। ब्राह्मणी ने प्रथम ही अपनी दासी से तीन सकोरों में तीन प्रकार के रंग, एक में काला, दूसरे में लाल, तीसरे में पीला, घुलवाकर एक कोठरी में रख छोड़ा था और वहीं तीन बड़े-बड़े सन्दूक़चे मँगवा रक्खे थे। जब सेठजी पहुँचे तो वररुचि महाराज की स्त्री ने कहा कि—"आप अन्दर चलिये और वहाँ यह दासी आपको स्नान करायेगी, तेल लगायेगी और जब आप शुद्ध हो जायँगे तो मैं आपके पास आऊँगी।" जब सेठजी मकान के अन्दर कोठरी में पहुँचे तो दासी ने स्नान करा काले रंग का तेल सेठजी के सम्पूर्ण शरीर में लगाया कि इतने में ही कोतवालजी भी पहुँचे और ब्राह्मणी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की ज़ंज़ीर खटखटाई। वररुचि महाराज की स्त्री ने कहा–"कौन है?" इसने कहा—"मैं कोतवाल हूँ, खोलो किवाड़े।" तब तो सेठ ने कहा कि—"मैं कहाँ जाऊँ, अब क्या करूँ।" ब्राह्मणी ने कहा कि—"आप इस सन्दूक़ में बैठ जाइये।" यह सुन सेठ सन्दूक़ में बैठ गये। ब्राह्मणी ने सन्दूक़ बन्दकर कोतवाल को किवाड़े खोले और कुछ वार्त्ता के बाद कोतवाल से भी वैसा ही कहा कि–"आप मकान के अन्दर जाइये, आपको यह दासी स्नान वग़ैरा करा तेल लगायेगी। इस भाँति आप शुद्ध हूजिये। पुनः मैं आऊँगी।" तब तो कोतवाल साहब अन्दर पहुँचे और दासी ने उन्हें स्नान करा, लाल तेल इनके सारे शरीर में मल दिया। इतने ही में दीवान साहब पहुँचे और पहुँच कर दर्वाज़े की ज़ंज़ीर खटखटाई। तब ब्राह्मणी ने कहा कि—"कौन है?" दीवान साहब ने कहा कि—"मैं दीवान हूँ।" यह सुन कोतवाल साहब ने कहा कि—"अब मैं कहां जाऊँ क्या करूँ अगर दीवान जान गया तो मेरी तो नौकरी जायगी?" वररुचि की स्त्री ने कहा कि—"आप इस सन्दूक़ में बैठ जाइये।" कोतवाल साहब जब सन्दूक़ में बैठ गये तब ब्राह्मणी ने वह भी सन्दूक़ बन्द कर दर्वाज़े के किवाड़ दीवान को खोल दिये और दीवान से भी इसी प्रकार कहा—"आप अन्दर चलकर शुद्ध हूजिये पुनः मैं आऊँगी।" जब दीवान साहब अन्दर पहुँचे तो दासी ने स्नानादि करा इनके शरीर भर में पीले तेल का रङ्ग मल दिया कि इतने ही में वररुचि की स्त्री ने कहा कि—"हमारा एक आदमी आ गया, आप ज़रा इस संदूक़ में बैठ जाइये। पुनः मैं आपको निकाल लेऊँगी।" जब दीवानजी भी सन्दूक़ में बैठ गये तब ब्राह्मणी शीघ्र ही सन्दूक़ बन्द कर डुपट्टा तान सो रही और प्रातःकाल होते ही उसने राजा के यहाँ रिपोर्ट की कि–

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"मेरे यहाँ चोरी हो गई।" जब राजा के यहाँ से सिपाही नक़ब देखने आये तब ब्राह्मणी ने कहा कि—'मेरा इतना इतना धन तो चोर ले गये और मेरे घर में ये तीन सन्दूक़ें छोड़ गये हैं, सो ले जाइये। राजदूत वे तीनों सन्दूकें आदमियों के सिर पर लदा राजदरबार में पहुँचे। और साथ ही वररुचि महाराज की स्त्री भी पहुँची। महाराज, भोज ने पूछा— तू कौन है क्या हुआ?" ब्राह्मणी ने उत्तर दिया कि—"महाराज, मैं वररुचि की स्त्री हूँ।" मेरे स्वामी अमुक अपराध से जब आपके राज्य से निकाले गये तब मुझ से कह गये थे कि मेरा इतना २ रुपया अमुक सेठ के पास है, सो जब तुम्हें आवश्यकता पड़े तब मँगा लेना। सो मैंने उन सेठ के यहाँ से रुपया मँगाया; परन्तु महाराज वह नाना प्रकार के बहाने करता है, रुपये नहीं देता और इस बात की मेरी ये दोनों सन्दूक़ें गवाह हैं।" राजा ने कहा कि—"यह कैसा?" तब तो स्त्री ने एक सन्दूक़ पर हथेली फटफटा कर कहा-"कहरे करिया देव! मेरा इतना रुपया सेठ पर है या नहीं?" तब तो सन्दूक़ के भीतर से सेठ बेचारा डर के कहता है कि—"हूँ हूँ।" इसी भाँति दूसरे से कहा कि-"कहरे पीले देव, मेरा इतना रुपया सेठ पर है या नहीं?" इसने भी कहा कि-"हूं हूँ।" इसी भाँति तीसरे को भी पुकारा। राजा को यह दृश्य देख बड़ा आश्चर्य हुआ। तब ब्राह्मणी ने राजा से सब सच्चा वृत्तान्त कह सुनाया कि महाराज, जब मेरा पति आपके राज्य से निकाला गया तो अमुक सेठ के यहाँ इतना रुपया बतला गया था। जब मैंने उससे मँगाया तब तो उसने दिया नहीं और एक दिन जब मैं स्नान को गई तो सेठ और आपके राज्य के कोतवाल और दीवान मुझे मिले और मुझे बुरी दृष्टि से देखा तो मैंने इन्हें बुलाया और ये तीनों मेरे

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घर पर मेरी इज़्ज़त लेने गये थे, सो मैंने इस इस भाँति इन्हें सन्दूकों में बन्द किया है, सो आप इन्हें उचित दण्ड दें।" तब राजा ने सन्दूक से तीनों देवों को निकलवा उचित दण्ड दिया।

१७३—सुशिक्षित माता का बेटा सुशिक्षित

एक बार महाराज भोज अपने पाठशाला में विद्यार्थियों की परीक्षा लेने गये। जब राजा सब ब्रह्मचारियों की परीक्षा ले चुके तो अन्त में एक ब्रह्मचारी के सामने गये। राजा ज्योंहो पहुँचे तो ब्रह्मचारी ने तुरन्त ही यह श्लोक बना कर पढ़ा कि—

त्वद्यशो जलधो भोज निमज्जन भया दिव।
सूर्येन्दु बिम्ब मिसतो घन्ने तुम्बि द्वयं नभः॥

अर्थ—महाराज, आपके यशरूपी समुद्र में डूबने के भय से आकाश सूर्य और चन्द्र इन दोनों को तूंबा बना घन्नै बाँध उस पर सवार हुआ है।

तब महाराज ने बालक की इस चातुर्यता को देख अध्यापक महाराज से पूछा कि—"श्रीमान् पण्डितजी, इस बालक के विशेष चतुर होने का कारण क्या है?" अध्यापकजी ने उत्तर दिया कि—"महाराज इस बालक की माता संस्कृत पढ़ी हुई है और उसने इसे प्रथम घर में ही कुछ साहित्य पढ़ाया है।"

१७४—सब से बड़ा देवता कौन है?

एक राजा ने एक सन्यासी महाराज से पूछा कि—"महाराज, संसार में सब से बड़ा देवता कौन है?" सन्यासी महा-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राज ने साधारण ही राजा साहब को शालिग्राम की एक काली सी बटिया उठा कर दे दी और कहा—"यही सब से बड़े देवता हैं।" राजा साहब उस बटिया को अपने घर ले गये और उस की नित्य पूजा करने लगे। एक दिन राजा साहब ने शालिग्राम की बटिया पर कुछ अन्न का पदार्थ चढ़ाया था, इस कारण उस बटिया पर एक चूहा आकर उसे खाने लगा। जब राजा ने यह दृश्य देखा तो कहा कि—"शालिग्राम का हम सब से बड़ा देवता मानते थे। आज तो इनके सर पर चूहा चढ़ा है, बस चूहा ही सब से बड़ा देवता है।" पुनः राजा साहब चूहे की पूजा करने लगे। कुछ काल के पश्चात् एक दिन चूहा राजा साहब की पूजा का सामान खा रहा था कि इतने में बिल्ली आगई और बिल्ली ने चूहे की ओर ज्यांही झपाटा मारा तो चूहा भगा। बस राजा साहब ने समझ लिया कि चूहा नहीं किन्तु बिल्ली ही सब से बड़ा देवता है और राजा साहब बिल्ली की पूजा करने लगे। कुछ ही काल के बाद एक दिन बिल्ली राजा साहब के पूजा के पदार्थ खा रही थी कि इतने में एक कुत्ते ने बिल्ली पर धावा किया और बिल्ली भागी। बस राजा साहब ने समझ लिया कि बिल्ली क्या बल्कि कुत्ता ही सब से बड़ा देवता है और वे उसी की पूजा करने लगे। कुछ दिन के बाद एक दिन ऐसा हुआ कि राजा साहब कुत्ते की पूजा की तैयारी कर ही रहे थे कि इतने में कुत्ता जहाँ कि रानी साहब रसोई बना रही थीं चला गया, रानी साहब ने एक चैला उठा उस कुत्ते के जमाया। अब तो राजा यह दृश्य देख दोनों हाथ जोड़ रानी के पैरों पड़ गये और कहा—"अरे बड़ा ही धोका हुआ, हम व्यर्थ ही इधर उधर ढूँढ़ते रहे सब से बड़ा देवता तो हमारे घर में ही मौजूद था।" और उस दिन से वे नित्य

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रानी की पूजा करने लगे। कुछ काल के पश्चात् राजा साहब को रानी साहब से किसी काम के बिगड़ जाने पर क्रोध आया और राजा साहब ने उठा रानी साहब के पाँच छः हण्टर रसीद किये। पुनः सोचे कि रानी क्या सब से बड़ा देवता तो हम हैं। बस राजा उस दिन से अपनी ही पूजा यानी अच्छी तरह से खाने पीने लगे। कुछ काल के बाद जब राजा साहब बीमार पड़े तो विशेष कष्ट होने पर इनके मुख से निकल गया—"हा राम।" बस राजा ने समझ लिया कि मैं भी कुछ नहीं, संसार में सब से बड़ा देवता राम है। राजा साहब उसी दिन से राम की उपासना करने लगे और अन्त में मोक्ष प्राप्त की।

१७५—ख़ुदा को दीमक खागई

आप लोग सुन कर चकित होंगे कि ख़ुदा को दीमक खागई, यह क्या और किस प्रकार ख़ुदा को दीमक खा गई? लीजिये सुनिये जिस प्रकार ख़ुदा को दीमक खा गई—

एक महादेव का मन्दिरजंगल में था। एक महाशय वहाँ पहुँचे तो देखा कि मन्दिर तो बड़ा अच्छा बना है, पर इस में मूर्ति नहीं। कुछ लोग वहाँ पशु चरा रहे थे। जब उनसे पूछा तो मालूम हुआ कि इसमें चन्दन के काष्ठ की मूर्ति थी. उसको दीमक खा गई। वाहरे महादेव! जब तुम अपने को दीमक से नहीं बचा सके, तो अपने उपासकों को दुःखों से कैसे बचाओगे?

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१७६–शुद्ध ही बुरे को शुद्ध कर सकता है तथा बन्धन से मुक्त ही बन्धनवाले को मुक्त कर सकता है

एक वैश्य को एक पण्डितजी ने भगवत की कथा सुनाई। जब सप्ताह समाप्त हुआ तो वैश्य ने कहा—"क्यों पण्डितजी महाराज, इस भागवत का तो यह माहात्म्य है कि जो कोई कथा सुने उसके लिये विमान आवे क्योंकि जब श्रीशुकदेवजी ने राजा परीक्षित को कथा सुनाई थी तो उनके लिये विमान आया था फिर हमारे लिये क्यों नहीं आया ?" पण्डितजी ने कहा कि—"अब कलियुग है इस लिये अब चतुर्गुण धर्म करने से वह फल होता है।" वैश्य ने ३००) उस कथा पर चढ़ाये थे अतः उसने ९००) और जमा कर दिये और कहा—"महाराज, तीन बार और सुनाइये।" पण्डितजी ने सेठजी को तीन बार और सप्ताह सुनाई, पर विमान फिर भी न आया। अब तो बिचारे पंडितजी भी बड़े ही चक्कर में पड़े कि यह क्या बात है ? तब तो पण्डितजी सेठ को लेकर एक महात्मा के पास पहुँचे और सारा वृत्तान्त कह सुनाया कि—"महाराज, इन सेठजी को हमने लेखके अनुसार चार बार सप्ताह सुनाई, तब भी विमान न आया, पर शुकदेवजी के तो एक ही बार सुनाने पर राजा परीक्षित के लिये विमान आया था।" तब महात्माजी ने उठकर उन पंडित महाराज और सेठ दोनों को बाँध कर डाल दिया। जब बहुत देर तक वे दोनों बँधे पड़े रहे तो दोनों एक दूसरे का मुँह ताकते रहे। तब महात्मा ने कहा कि—"क्यों एक दूसरे का मुँह देखते हो, खोल न लो ?" कहा-"महाराज

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम नहीं खोल सकते, आप ही कृपा करके हमें खोल दीजिये।" महात्मा ने उन्हें खोल दिया और कहा—"देखो, जिस प्रकार तुम दोनों बँधे होते हुये एक दूसरे को नहीं खोल सकते थे, इसी प्रकार तुम दोनों विषय-वासनाओं से बँधे हो, अतः एक दूसरे को खोल मुक्त नहीं कर सकते, पर शुकदेवजी महाराज, शुद्ध थे, विषयों से मुक्त थे इसलिये परीक्षित को खोल सके।"

नोट—दृष्टान्त बिलकुल असम्भव है, यानी परीक्षित के लिये भी विमान नहीं आया, पर उपयोगी होने के कारण लिखा।

१७७-अमृत-नदी

एक अँग्रेज़ ने लण्डन में यह सुना कि हिन्दुस्तान में एक अमृत नदी है, अतः उसने इस नदी के अमृत जल पान करने की अभिलाषा से हिन्दुस्तान को पयान किया। जिस समय वह लण्डन से कलकत्ता में आकर पहुँचा तो वहाँ के लोगों से पूछा कि—"क्यों भाइयो यहाँ पर अमृत नदी कौन सी है?" लोगों ने कहा कि—"यहाँ अमृत नदी तो हम लोगों ने सुनी भी नहीं, पर गंगा नदी अवश्य है।" अँग्रेज़ ने समझा शायद गंगा नदी ही का नाम अमृत नदी हो, अतः उसने हवड़ा के पुल के नीचे जहाँ गंगा का महा गँदला जल था, चिल्लू में उठा पान किया और कहा कि—"यह अमृत नदी तो नहीं बल्कि इसे नरक नदी तो अवश्य कह सकते हैं।" और उदासीन होकर लौट पड़ा और सोच रहा था कि मैं इतनी दूर से व्यर्थ आया। कुछ दूर चलने पर उसे एक पण्डित मिला। पण्डित ने साहब बहादुर को उदासीन देख पूछा—"साहब, आप उदासीन क्यों हैं?" साहब ने कहा—"हिन्दुस्तानी लोग बड़े झूठे होते हैं।"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पण्डित ने कहा—"कहिये तो कि हिन्दुस्तानी कैसे झूठे होते हैं।" उसने एक अखबार निकालकर दिखाया—"देखो इस में यह छपा है कि हिन्दुस्तान में एक अमृत नदी है, सो मैंने सर्वत्र पूछा पर कहीं पता न लगा और मैं लण्डन से यहाँ तक हैरान हुआ, व्यर्थ खर्चा उठाया।" पण्डित ने कहा कि—"आइये हम आपको अमृत नदी दिखलावें।" पण्डित ने साहब बहादुर को कानपुर ले जाकर उसी गंगा का जल पिलाया, तब साहब बहादुर ने कहा कि—"यह कुछ उससे अच्छा है।" तब पण्डित ने कहा कि—"आप कृपा कर थोड़ा और आगे बढ़िये।" जब साहब हरिद्वार पहुँचे तो पण्डित ने कहा कि—"हुजूर यहाँ का तो जल पान कीजिये।" साहब ने कहा कि—यह तो बहुत ही अच्छा जल है।" पण्डितजी ने साहब से प्रार्थना कर जब गंगोत्री पर ले जाकर जल पिलाया तो साहब ने कहा कि-"हाँ यह बेशक अमृत जल है और इसके पीने से यथार्थ में मनुष्य अमर हो सकता है।"

इसका दार्ष्टान्त यह है कि साहब बहादुर ने जो शिक्षारूप अमृत नदी सुनी थी, जब यहाँ आकर पूछा कि यहाँ शिक्षा में अमृत नदी कौन है, तो लोगों ने तंत्रों को बतलाया। तंत्रों को देख साहब ने बड़ा शोक प्रकाशित किया। पुनः पण्डित ने पुराणों को दिखाया तो साहब ने कहा कि इसमें भी वही तंत्र शिक्षा घुसी है। पुनः पण्डित ने स्मृतियों को दिखाया, तब साहब ने कहा हाँ ये कुछ अच्छी हैं, पर कुछ गँदलापन अवश्य है। पुनः पण्डितजी ने उपनिषद् दिखलाई तो साहब की आत्मा बहुत शान्त हुई और कहा यह बड़ा ही उत्तम जल है। पुनः पण्डित जी ने गंगोत्री अर्थात् वेदोक्त दिखलाया तब तो साहब

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने कहा कि हाँ यह बेशक अमृत नदी है और इसके पीने से मनुष्य अमर हो सकता है।

१७८—सनातनधर्म की गाड़ी।

कुछ लोगों का झुण्ड सफ़र करते जा रहा था, पर मंज़िले मक़सूद दूर होने के कारण लोगों ने सोचा कि यह मार्ग हम लोग बिना किसी तेज़ सवारी के तै न कर सकेंगे। पुनः सोचा कि आज कल सब सवारियां में अगर कोई तेज़ सवारी है तो रेल, अतः वह झुण्ड यह विचार स्टेशन पर पहुँचा और टिकट ले लेकर गाड़ी पर सवार हुआ, पर गाड़ी में एञ्जिन न था और बहुत काल तक जब एञ्जिन न लगा तब कुछ लोग घबड़ाकर उतर पड़े और बाइसिकलों पर सवार हो चल दिये। जब कुछ काल और गाड़ी खड़ी रही और न चली तो लोगों ने सोचा कि हम सब गाड़ी में बैठनेवालों से तो वही अच्छे जो बाइसिकलों पर बैठ-बैठ चले गये, अतः यह सोच कुछ लोग गाड़ी से और उतरे और दो दो घोड़ों की बग्घियों पर सवार हो-हो चल दिये। पर वह गाड़ी फिर भी न चली तो कुछ काल के बाद लोगों ने सोचा कि हम लोगों से तो वही अच्छे जो दो घोड़ों की बग्घियों पर चले गये। पुनः उस गाड़ी से कुछ लोगों का झुण्ड और उतरा और उतरकर तीन भैंसा की गाड़ी पर सवार हो हो और कोई-कोई गधों पर सवार हो हो चल दिये, पर जो लोग धैर्य्य धारण किये बैठे रहे कि जब टिकट बटा है और हम गाड़ी पर बैठे हैं तो कभी न कभी यह गाड़ी भी चलेगी। कुछ काल के पश्चात् एक ऐसे एञ्जिन ने कि जिसमें दो लाल-लाल शीशे सामने और एक हरा शीशा ऊपर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगा हुआ था बड़े ज़ोर से हाव-हाव करते हुए आकर एक ऐसी टक्कर गाड़ी में लगाई कि टक्कर लगते ही कुछ गिरोह डर कर उतर पड़ा कि कहीं गाड़ी लौट न जाय बाक़ी और लोग बैठे रहे कुछ ही देर बाद वह गाड़ी भैंसे की गाड़ी और गधों की सवारीवालों को मिली। अब तो गाड़ी को आगे जाता देख भैंसों की गाड़ी तथा गदहे की सवारीवालों ने बड़ा ही पश्चात्ताप किया। पुनः थोड़ी ही देर बाद जो दो-दो घोड़ों की बग्घियों पर रवाना हुए थे, गाड़ी ने उन्हें भी पीछे किया, तब तो उन लोगों ने भी बड़ा ही पश्चात्ताप किया पुनः कुछ ही देर के बाद गाड़ी ने बाइसिकलवालों को भी पीछे किया तब तो बाइसिकलवाले भी पछताने लगे और सब के सब यह सोचने लगे कि अगर हम यह जानते कि यह गाड़ी सब से आगे निकल जायगी तो हम इससे कभी न उतरते। पर अब पछताने से होता ही क्या है।

दृष्टान्त तो यह हुआ पर इसका दार्ष्टान्त यह है कि यह वैदिक धर्मरूपी गाड़ी जिसमें कि सम्पूर्ण संसार के मनुष्य मोक्षरूपी मंज़िले मक़सूद के जाने के लिये बैठे थे जिसके लिये अत्रि महाराज लिखते हैं कि—

> वाल्हका पल्वाश्चीना सुलीका यवनाशक।
> माष गोधूम मर्हमादि श्वान वैश्वानरोचितः॥

पर उस गाड़ी में एञ्जिन न होने के कारण (यानी महाभारत में सब विद्वानों के नाश हो जाने के कारण इस वैदिक धर्म की गाड़ी का घसीटनेवाला कोई एञ्जिन अर्थात् विद्वान न रहा था) प्रथम जो झुण्ड उतर बाइसिकल पर सवार हुआ वह वाममार्ग के बाद बौद्धमत हुआ जो 'अहिंसा परमोधर्मः'

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की बाइसिकल पर सवार हो चल पड़ा था। पुनः जो दूसरा भुण्ड दो-दो घोड़ों की बग्घियों पर चला था वह मज़हब इसलाम दो घोड़ों की बग्घी यानी खुदा और रसूल, इन दो को मान कर चल पड़े। पुनः तीसरा भुण्ड तीन भैंसों की गाड़ी तथा गधों की सवारीवाला ईसाई मत था, जिसमें तीन भैंसों की गाड़ी पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा गदहे की सवारी आदि मान कर चलने लगे। पर कुछ काल के बाद उस वैदिक धर्म की गाड़ी में स्वामी दयानन्द बालब्रह्मचारी रूप एञ्जिन जिस के दोनों नेत्र सुर्ख़ और दिमाग़ विद्या से सब्ज़ यही एञ्जिन के तीन शीशे थे, हाव-हाव करना उनका संस्कृत भाषण था, उस एञ्जिन की ठोकर खण्डन मण्डन थी जिससे कितने ही भयभीत हो कोई उन्हें अपना शत्रु समझ, कोई इसाई आदि समझ गाड़ी से उतर पड़े और जो हिम्मत किये बैठे रहे उन सबको मय उस गाड़ी के वह एञ्जिन लेकर सब से आगे निकल गया। अब तो अपने अपने पेट में सभी मतवादी चाहे ऊपर कुछ भी कहें पर इस गाड़ी में बैठने की इच्छा करते हैं पर इस गाड़ी में यह भाव नहीं कि आगे निकलनेवालों को न बिठाले। यह एञ्जिन ऐसा है कि स्थान-स्थान पर खड़ा हो हो आगेवाले भाइयों को बिठालता जाता है और एक दिन आयेगा जब आप लोग संसार को इसी गाड़ी पर सवार देखेंगे।

तसनीफ़ को समाज के फैलाओ हर तरफ़।
प्रकाश वेद पाक का पहुँचाओ हर तरफ़॥
संसार को दिखा दो कि किनके हो तुम सपूत।
सन्तान आर्य्यों के सपूतों के तुम हो पूत॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दिखलादो धर्म-शक्ति को तुम में है जो स्वरूप।
तुमको न कोई कह सके फिर कलियुगी कपूत॥
इक इक नियम पै जब कि हज़ारों शहीद हों।
तब जानना कि आपके जीवन मुफ़ीद हों॥

१७६—मूर्खों के अस्त्र शस्त्र भी उन्हीं की मौत के हेतु होते हैं।

एक वैश्य बड़ा ही धनाढ्य था। उसने बहुत से बड़े-बड़े बेश क़ीमती हथियार मोल ले ले अपने घर में रख छोड़े थे। एक बार समय ऐसा आया कि सेठजी के घर में कई चोर घुस आये तब तो सेठानी ने कहा कि—"महाराज, आपके घर में चोर घुस आये।" सेठजी ने कहा—"घुस आने दो, कुछ परवा नहीं, हमारे यहाँ बहुत से हथियार रक्खे हैं, हम उनका ठीक २ इन्तज़ाम कर देंगे।" जब चोर माल असबाब समेटने लगे तब सेठजी कहते हैं कि—"चल पाँच सौ वाली तलवार और एक हज़ार वाली बन्दूक़, इन चोरों की खबर ले।" पर आप जानते हैं कि जड़ हथियार सेठ का यह हुक्म कैसे सुन सकते थे, अतः चोर सब का सभी माल असबाब बाँध ले गये और सेठ पड़े पड़े ताकते ही रहे और पाँचसौ वाली हज़ारवाली करते रहे। अन्त में जब चोर चले गये तो कहा कि—"देखें तो इस तलवार में हमने पाँचसौ डाले पर इसने कुछ भी काम न दिया।" जब तलवार म्यान से निकाल सेठजी देखने लगे तो तलवार की धार कुछ सेठजी के हाथ में लग गई। सेठजी बड़े ही क्रोधित हुए

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और तलवार की धार ऊपर को कर उसको भूमि में रख एक लात ज़ोर से मारी और बोले—"ससुरी घर में ही घात करना आवे है, बाहर न कुछ करतूत दिखाते बनी।"

शराफ़त को सरे आफ़त दग़ा को अब दुआ समझे।
पड़े इस अक़्ल पर पत्थर अगर समझे तो क्या समझे॥

१८०—वर्त्तमान सन्यासियों की मण्डली !

एक सन्यासियों की मण्डली काशीजी पहुँची। वहाँ उनके महन्त ने अपने शिष्यों से कहा—"देखो बच्चा यहाँ अशुद्ध न बोलना, क्योंकि यह काशी है। यहाँ के पण्डित अक्खर को फोर डालते हैं।" यह बात चीत महन्तजी अपने शिष्यों से कर ही रहे थे कि इतने में एक काशीस्थ सन्यासियों की मण्डली भी आन पहुँची और काशी की मण्डली के महन्त तथा शिष्यगण बाहर वाली मण्डली से बोले—"देदे मारौ महाराज, देदे मारौ।"

दूसरी मंडली—"दे दे मारौ महाराज, दे दे मारौ, आइये।"

काशी की मंडली के महन्त बोले—"गीदड़ से आये महाराज?"

बाहर की मण्डली के महन्त—"श्री हगद्वारमूजी से आ रहे हैं।"

"जाओगे कहाँ को?"

"चुतरकोट को होते हुए गुदाभरी को जायँगे।"

"वहाँ क्या है महाराज?"

"वहाँ मैला है।"

"तो मैला में क्या होयगो?"

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"भड़वाड़ा होयगो।"

"कैसा भड़वारा होयगो महाराज।"

"ऐसा भड़वारा होयगो कि एक २ मूत्तरके सामने दो दो पतुरियाँ पड़ जायँगी और फिर देन्दे मिष्टान, देन्दे मिष्टान, सेर २ मिष्टान तो पड़ो रह जायगो।"

काशी की मण्डली-"अजी महाराज आज भोजनों की क्या इच्छा है ?"

बाहर की मण्डली के महन्त— अजी महाराज, अपने राम तो संठ ठहरे, कच्छु पावें कच्छुइ खाय लें, पर आजु तो अपने राम की दुर्गन्ध पान करके रहने की इच्छा है, क्यों कि अपने राम तो दो .धहारी ठहरे।"

"बाबाजी महाराज कैसे बोलते हो ?"

कहा--'जैसे हमारे गुरू ने गू खायो है वैसे ही बोलते हैं।"

कहिये जब संसार का उपकार करने वाली मण्डली का यह हाल है तो कैसे सुधार हो ?

१८१—बुरे की टटोल

एक महात्मा के पास एक पुरुष धर्म शिक्षा लेने गया। महात्मा ने कहा—"मैं तुम्हें धर्मशिक्षा दूँ, इससे पहले तुम हमको दुनिया में जो सबसे बुरी वस्तु हो वह ला दो।" यह महात्मा की आज्ञा मान बुरी वस्तु की खोज में चला और ढूंढ़ते ढूंढ़ते पाखाने के पास पहुँचा और सोचा कि इससे और बुरी वस्तु दुनिया में कौन सी होगी, अतः इसे ही ले चलूँ। जब यह पाख़ाना उठाने लगा तो पाख़ाना हटा और बोला कि—"हज़रत, मैं पहले उन लड्डू अमिरतियों के रूप में था कि जिनको मनुष्य

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की तो गिनती क्या बल्कि देवता भी तरसते थे, पर तुम मनुष्य ने ही मुझको छूकर ऐसा बना दिया। सो महाराज, एक बार तो छूकर ऐसा बनाया, अब न जाने क्या बनाओगे।" उस पुरुष को वहीं ज्ञान प्राप्त हो गया और वह महात्मा के पास आकर हाथ जोड़ बोला—

बुरा जो खोजन मैं चला, बुरा न दीखा कोय।
जो दिल खोजा आपना, तो मो सम बुरा न कोय॥

नोट—इसमें मैले का बात करना शिक्षामात्र के लिये अलंकार है।

१८२—जब मनुष्य का चित्त किसी वस्तु में लग जाता है तो उसमें चाहे कितनी दुर्घटनायें पड़ें पर वह उनका ख़्याल नहीं करता।

एक जार स्त्री का मन किसी पुरुष से लगा हुआ था और वह उसके मिलने को चली जा रही थी, मार्ग में एक मियाँ जी अपना रूमाल बिछाये हुए नमाज़ पढ़ रहे थे। स्त्री, पर पुरुष के ध्यान में मियाँ के रुमाल को न देख उस रूमाल पर पैर रख चली गई। तब तो मियाँजी ने स्त्री से कहा कि—"ऐ औरत, तू देखती नहीं? क्या अन्धी है जो मेरे रूमाल पर लातें रख कर चली गई।" स्त्री ने कहा कि—

नराँची मैं न लख्यों तुम कस लख्यो सुजान?
पढ़ क़ुरान बौरा भये, नहिं जाने रहिमान॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१८३—टालबाज़ी

(अच्छे कामों के लिए नित्य 'कल कर लेंगे' कहना)

कुरङ्गमातङ्गपतङ्ग भृङ्गमीना हताः पञ्चभिरेव पञ्च।
एकः प्रमादी सकथं न हन्यते यः सेवते पञ्चभिरेव पञ्च॥

अर्थ—जब कि हिरन, हाथी, पतिंगा, भौंरा, मछली, ये पाँचो एक एक विषय के ग्राही होते हुए इनमें फँस मौत को प्राप्त होते हैं तो भला मनुष्य जो कि पाँचों यानी रूप, रस, गन्ध, शब्द, स्पर्श के प्रेम में निशि दिन इस कविवाक्य के अनुसार फँसा हो—

बन्धनानि खलु सन्ति बहूनि प्रेम रज्जुवत् बन्धनमन्यत्।
दारु भेद निपुणोऽपि षडघ्रुः पङ्कजे भवति कोशनिबद्धः॥

अर्थ—बन्धन तो संसार में बहुत प्रकार के होते हैं, पर प्रेमरूपी रस्सी का बन्धन ही निराला है। देखो कड़ी से कड़ी बाँस की गाँठ को काटनेवाला भौंरा कमल के फूल में बँधकर उसकी मुलायम पास को नहीं काट सकता और उसी में फँसा हुआ यह विचारता है कि—

रात्रिर्गमिष्यति भविष्यति सुप्रभातं भास्वान् देक्षति हसि स्यतिपङ्कजालं। इत्थं विचिन्तयति कोशगतो द्विरेफे हा इन्तन्त नलिनी गज उज्जार।

अर्थ—जब रात बीत जावेगी और प्रभात होगा तथा भुवन भास्कर अपनी सहस्रों किरणों से उदय होंगे और कमल खिलेगा तब मैं फिर कल इस बन्धन से मुक्त होकर इधर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उधर घूमूँगा, अन्य फूलों का रस पान करूँगा, भौंरा ऐसा विचार कर ही रहा था कि अनायास एक हाथी उस ताल के तट पर आया और ताल में प्रवेश कर भौंरे को उस कमल के वृक्ष समेत खा गया और भौंरे के विचार मन के मन में ही रह गये।

इसका दार्ष्टान्त यों है कि यह जीवात्मारूपी भौंरा संसार रूपी ताल, शरीर रूपी कमल में खुशबूरूप पञ्चविषय, प्रेमरूप मायाजाल में पड़ा हुआ अच्छे-अच्छे उपदेश सुन सुन यह मनोरथ किया करता है कि यह कल लूंगा यह परसों कर लूंगा, पर इसके यह विचार करते हुए ही अचानक कालरूपी हाथी आकर मए कमल के इकसोखा जाता है और इसके विचार मन के मन ही में रह जाते हैं। अतः—

काल करन्ते आज कर, आज करन्ते अब्ब।
पल में परलै होयगी, बहुरि करोगे कब्ब॥

१८४—मोक्ष सुख

राजा विक्रमादित्य के राजत्व काल में एक बहुत ही पढ़ा लिखा, सुयोग्य पण्डित, सदाचारी और संतोषी ब्राह्मण रहता था। एक दिन उसकी स्त्री ने कहा कि—"आप इतने भारी तो पण्डित हो, पर दीनता से इतना क्लेश भोग रहे हो कि घर में भोजनों के लिये अन्न भी नहीं, ऐसा संतोष किस काम का? इस लिये कहीं बाहर जाकर कुछ धन इकट्ठा कीजिये जिसमें यह कष्ट मिटे।" ब्राह्मण धन की चिन्ता में घर से निकल पड़ा और चलते चलते एक वन में एक महात्मा के पास पहुँचा। महात्मा पूर्ण योगी और ब्रह्मज्ञानी थे, अतः उन्होंने इस ब्राह्मण

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को चिन्तित देखकर पूछा कि—"ब्रह्म देव! आप कुछ चिन्तित से प्रतीत होते हो कहिये आपको क्या चिन्ता लग रही है?" ब्राह्मण ने कहा—"महाराज, मैं अपने घर का बहुत ही दीन हूँ, इस लिये मुझे धन की चिन्ता लग रही है।" महात्मा ने पूछा कि-"भगवन्, आपको कितने धन की आवश्यकता है?" ब्राह्मण ने कहा—"जितना ही मिल जाय।" महात्मा ने कहा—"कुछ तो कहिये, लाख दो लाख करोड़ दो करोड़ वा चक्रवर्ती राज्य या क्या?" ब्राह्मण ने पुनः वही उत्तर दिया कि—"जितना मिल जाय।" तब तो महात्मा जी ने महाराज विक्रमादित्य जी को एक पत्र लिखा कि हमने आपको अमुक समय में इतनी योगक्रिया बतलाई थी, उसके बाद अब जो शेष है उसके लिये आप इसी समय अपना सारा राज्य इस ब्राह्मण को देकर चले आइये, मैं बतला दूँगा। ब्राह्मण को यह पत्र दे महाराज विक्रमादित्य के पास भेजा। ब्राह्मण राजा के पास पहुँचा और पत्र हाथ में दिया। राजा पत्र पढ़ते ही इतना प्रसन्न हुआ कि उसके आनन्द की सीमा न रही और ब्राह्मण को राज्य देने के लिए तैय्यार हो गया। ब्राह्मण यह दृश्य देख महारानी मैत्रेयी की भाँति अर्थात् जिस समय महाराज याज्ञवल्क्य अपनी दो भार्यों मैत्रेयी और कात्यायनी को छोड़ बन को चलने लगे तो कहा कि देखो प्रिया मैत्रेयी, यह जो कुछ धन ऐश्वर्य है इसे तुम दोनों आधा-आधा बाँट लेना। तब तो महारानी मैत्रेयी ने कहा—

साहोवाच मैत्रेयी यन्नु मे इयं भगोः सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णास्यात् स्यान्वहं तेनामृता हो नेति नेति होवाच याज्ञवल्क्यो यथैवोपकरणवतां जीवितं तथैव ते जीवितं स्यादमृतत्वस्यनाशास्ति वित्तेनेति ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थ—महाराज, यदि समस्त पृथ्वी धन से परिपूर्ण हो और उस सबको आप मुझे दे देवें तो क्या मैं अमृत हो सकती हूँ ? यह कई बार जब मैत्रेयीजी ने कहा तो याज्ञवल्क्य उत्तर देते हैं कि भो। मैत्रेयी, तू अमृत नहीं किन्तु जिस प्रकार अन्य धनिक अपना जीवन व्यतीत करते हैं वैसा ही तू भी करेगी, इससे अमृत की आशा मत कर।

तब मैत्रेयी ने कहा कि—

येनाहं नामृतास्यां किमहं तेन कुर्याम्।
यदेव भगवान् वेत्थ तदेव मे विब्रूहीति ॥

अर्थ—महाराज, जिस धन से मैं अमृत न हो सकूँगी उसे मैं ग्रहण करके ही क्या करूँ, सो आप जानते है। अतः मुझे वह उपदेश कीजिये जिस आनन्द के लिए आप सुन्दरी स्त्री, घर बार, संपूर्ण ऐश्वर्य छोड़ कर बन को जाते हैं और किंचित् भी आप के मुँह पर मलीनता नहीं है। इसी प्रकार उस ब्राह्मण के हृदय में यह विचार उत्पन्न हुआ कि देखो एक ये हैं जो इस राज्य के छोड़ने में इतने प्रसन्न हो रहे हैं और एक मैं हूँ जो इस राज्य को ग्रहण करता हूँ, इससे यह ज्ञात होता है कि महात्मा जी के पास इस राज्य से भी कोई विशेष सुख है जिसके लिए राजा आनन्दित होरहा है। यह सोच ब्राह्मण महाराज विक्रमादित्य से बोला कि महाराज, मैं एक बार फिर महात्माजी के पास हो आऊँ तब आकर राज्य ग्रहण करूँगा। राजा ने कहा कि जैसी आपकी इच्छा हो। ब्राह्मण पुनः महात्मा जी के पास जाकर दोनों हाथ बाँध महात्मा जी के चरणों में लोट गया और बोला—"भगवन्, मैं राजा के पास आपका पत्र लेकर गया, राजा तुरन्त ही राज्य छोड़ने और आपके पास आने को

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रस्तुत हो गया और उसके आनन्द की सीमा न रही, इससे मुझे ज्ञात हुआ कि उस राज्य-सुख की अपेक्षा और कोई विशेष सुख आपके पास है, जिसके लिये राजा हर्षित हुआ, अतः आप दया करके मुझे उस सुख का उपाय बतलाइये।" महात्मा ने इसे प्रथम अधिकारी बना योगक्रिया सिखाना प्रारम्भ किया और सिखाते-सिखाते जब कुछ क्रिया शेष रही तो महात्मा जी ने इस ब्राह्मण की परीक्षा ली। इसे एक ग्राम में मट्ठा लेने को भेजा। यह ग्वालिनियों के यहाँ जाकर मट्ठा पूछने लगा ग्वालिनियों ने कहा कुछ काल यहाँ बैठ जा, हमने अभी मट्ठा बिलोया नहीं, बिलो कर महात्मा जी को मट्ठा देती हैं। यह ब्राह्मण योगी तो था ही और आप जानते हैं कि जब मनुष्य निठल्ला होता है तो जिस काम में उसका अभ्यास होता है या जैसा उसका स्वभाव होता है उसे ही वह करने लग जाता है, अतः ब्राह्मण ग्वालिनियों के घर से कुछ दूर पर जो एक पुरानी दीवार थी उसके नीचे बैठ प्राणायाम करने लगा, किन्तु इसे स्वास चढ़ाने का तो अभ्यास था पर उतारने का न था, अतः ज्योंही इसने स्वास चढ़ाई तो इसकी समाधि लग गई और वर्षा ऋतु होने के कारण दूसरे दिन इसके ऊपर वह दीवार कि जिसके नीचे यह बैठा था गिर पड़ी, पर परमात्मा की कृपा से इसके कोई चोट न आई किन्तु यह दीवार के अन्दर दब गया और स्वास निकलने का कोई छिद्र बना रहा जिससे यह तीन मास पर्यन्त वहीं समाधि में डटा रहा। जब दीवारवाला अपनी दीवार की मिट्टी समेटने के लिये दीवार की मिट्टी खोदने लगा तो एक बार फावड़े की चोट कुछ इसके सिर में लग गई, आप जानते ही हैं कि समाधि तीन चार दशाओं में खुल जाया करती है, यथा पानी के पड़ने, चोट के लगने आदि आदि।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतः चोट से जब इस ब्राह्मण की समाधि खुली तो यह बोल उठा कि—"ला मट्ठा, ला मट्ठा।" खोदनेवालों ने समझा कि इसके भीतर कोई मनुष्य है इसलिए धीरे से जब ब्राह्मण को निकाला तो ब्राह्मण को होश आया और पूछने पर ज्ञात हुआ कि हम जब मट्ठा माँगने आये थे तब से तीन मास व्यतीत हो गये। वहाँ महात्मा ने तो जान ही लिया था कि जान पड़ता है कि मूर्ख ने कहीं समाधि लगा दी। जब तीन मास के पश्चात् यह महात्माजी के पास पहुँचा तो महात्मा जीने कहा—"कहिये तीन महीने तक मट्ठा ही माँगते रहे।" ब्राह्मण अत्यन्त संकुचित हो महात्मा के चरणों में गिर क्षमा माँग शेष क्रिया भी सीख जीवनमुक्त हो गया। सच है, असंख्यों चक्रवर्ती राज्यों का सुख मोक्ष सुख के कण के बराबर भी नहीं हो सकता। महात्मा कपिल ने लिखा है कि—

उत्कर्षादपि मोक्षस्य सर्वे उत्कर्षे क्षुतेः।

१८५—रईस और सईस

एक व्यक्ति ने एक से पूछा कि क्यों जी दुनिया में रईस किसको कहते हैं और सईस किसको कहते हैं? उसने कहा कि दोनों के कामों को जाँच कर जान लीजिये। क्या आप नहीं देखते हैं कि सईस प्रातःकाल उठते ही प्रथम घोड़े को थान के बाहर उसकी लीद या पेशाब कराने के ख़्याल से निकालता है और आप उसके रात के थान को साफ़ कर पुनः खुरहरा ले घोड़े को खुजलाता है और खुजला कर कुछ थोड़ी घास डाल कर एक कूड़े में पानी तथा एक तौलिया ले उसे धोता पोंछता

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। पश्चात् घोड़े को घास डाल खुरपा ले आप घास छीलने जाता है, वहाँ से आकर घोड़े को फिर कुछ घास डाल घास को झारता पीटता पुनः आप अपनी रोटी पानी बना खाकर चने ले घोड़े के लिए दाना दरकर उसे भिगो कर पुनः दूसरे समय फिर खुरहरा ले घोड़े को खुजलाता और यह भी देखा करता है कि घोड़ा कहीं दुबला तो नहीं हो गया आदि आदि। और रईस कल्पना कीजिये कि किसी रईस को किसी शहर को जाना है और रेलवे स्टेशन उसके ग्राम से दश या बारह मील है और वहाँ से उस शहर को गाड़ी दस बजे प्रातःकाल जाती है, रईस यहाँ प्रातःकाल उठ अपने नैत्तिक कार्यों से निवृत्त हो ठीक आठ बजे सईस को यह हुक्म देता है कि मैं अमुक स्टेशन को जाऊँगा इसलिए घोड़ा तैय्यार करो, सईस अपने मालिक की आज्ञा पाकर घोड़े को तैय्यार कर ले आता और कहता है कि महाराज घोड़ा तैय्यार है। रईस अपने कपड़े लत्ते पहिन ठीक नौ बजे चाबुक ले घोड़े पर सवार हो इस ख़्याल को भुला कि चाबुक मारने से घोड़े के लगेगा या दौड़ने से घोड़ा थकेगा, अपने रेल के टाइम का पूरा ख़्याल रखते हुए सड़ासड़ चाबुक लगाता हुआ स्टेशन पर पहुँचता है चाहे घोड़ा मरे चाहे रहे। पुनः स्टेशन पर पहुँच घोड़े को छोड़ रेल पर सवार हो अपने नियत स्थान पर पहुँचता है।

इसका दार्ष्टान्त इस प्रकार है कि जो मनुष्य प्रथम तो आठ बजे तक पड़े पड़े अपशब्द किया करते हैं, फिर आठ नौ बजे उठ मकान रूपी थान से शरीर रूपी घोड़े को निकाल पाखाने अर्थात् लीद कराने जाया करते हैं। पुनः पाखाने होकर मट्टी तथा दातोन रूप खुरहरा ले शरीर रूप घोड़े को खूब ही खुजलाते

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुनः कुल्ला दातौन कर प्रायः लोग कुछ खाकर पानी पीते हैं, वही प्रातःकाल की घास डालना है, पुनः खारा खुरपा ले घास छीलने जाते अर्थात् बहुत से मनुष्यों को कुल्ला दातौन पानी पीने के बाद यह पड़ती है कि आज काहे की दाल बनेगी, कौन सा शाक या तरकारी बनेगी, यह विचार कर मनमानी दाल तरकारी मँगा उसी के बीनने काटने में दुपहर तक लगे रहते हैं, यही घास छीलना है, पुनः कूंड़े में पानी और तौलिया ले घोड़े को धोना पोछना दो-दो चार-चार कलसे पानी साबुन झामा आदि ले घंटों कहीं पैर, कहीं मुख, कहीं साबुन लगाना आदि घोड़े को धोना पोंछना है। पुनः दोपहर के भोजनरूप घास डाल पान पत्तों का लगाना, तमाखू मलना आदि चने ले दाने का दरना है। पुनः कुछ काल आराम कर दूसरे समय भंग बूटी आदि का छानना घोड़े को मसाला आदि दे पुनः वही धोना माँजना। सायंकाल से नौ बजे रात तक कहीं चौपड़, कहीं ताश, कहीं शतरञ्ज कहीं तबला कहीं भाँड़ों का तमाशा, कहीं वेश्याओं के नृत्य ये घोड़े का टहलाना रूप कर्म है। बस जिनके प्रातःकाल से सायंकाल तक ये कर्म हों, और धर्म कर्म परमेश्वर का भजन संध्या गायत्री कुछ न हो वही पूरे सईस हैं और जो इस वाक्य के अनुसार कि 'ब्राह्म मुहूर्ते वाध्येत' ४ बजे प्रातः के चाहे जितना जाड़ा हो, पाला पड़ता हो आदि कष्टों के ख्याल को भुला उठ कर शरीर शौचादि क्रिया से निवृत्त हो अपने नियमों का चाबुक ले इस शरीर रूप घोड़े पर सवार हो शम, दम, उपरति, तितिक्षा, श्रद्धा समाधान आदि करता हुआ उसे अपने मौत रूपी स्टेशन से जो वायुरूप गाड़ी जिसमें जीव सवार होकर मोक्षरूप नियत स्थान पर जायगा, ख्याल है कि आयु इतने दिन की है फलाँ समय तक इतना मार्ग ते करना

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अर्थात् इतने-इतने कर्म कर शरीररूप घोड़े के मरने टुरने सईसों की भाँति डोरा ले-ले कभी अपनी बाहें नहीं नापता कि आज कितने दुबले हो गये और अब आज कितने दुबले हो गये या शीशा ले-ले सूरत नहीं देखता किन्तु सांसारिक कठिनाइयों की कुछ भी परवा न करता हुआ इस शरीररूप घोड़े पर चढ़, इसके नियम रूप चाबुक लगाता हुआ, अत्यन्त तेज़ी से घोड़े को दौड़ाता हुआ, अपने कर्म धर्मरूप खुश्की के मार्ग को तै करके घोड़े को छोड़ रेल पर सवार हो नित्य स्थान पर पहुँचते हैं वही पूरे रईस हैं। जैसा कि मठोपनिषद् में भी कहा है कि—

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेवतु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च॥

अर्थात्—इस शरीररूपी रथ पर आत्मारूपी रथी सवार है और मनरूपी पगही को लिये हुये बुद्धिरूप कोचवान इसे हाँक रहा है। तथा—

इन्द्रियाणि हयान्याहुर्विषया ँ स्तेषुगोचरान्।
आत्मेन्द्रिय मनो युक्ते सी देत्याहुर्मनीषिणः॥

अर्थ—मन को वश में करनेवाले विद्वान् इन्द्रियों को घोड़े और विषयों को मार्ग तथा इसके फल का आत्मा, मन और शरीरयुक्त होकर भोगता है, इसीलिये तो कहा है कि—'यस्तु विज्ञानवान् भवति' यानी जो इन घोड़ों को ठीक ठीक मार्ग पर चलाता है वह तो नियत स्थान पर पहुँच जाता है नहीं तो फिर घोड़े अपनी मनमानी कर रथ को मय सवार चकनाचूर कर देते हैं। इन रईसों सईसों का मुक़ाबला करते हुये ही मुझे यह कविवाक्य स्मरण आता है—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अग्निदाहे न मे दुःखं न दुःखं लोहताड़ने ।
इहमेव महा दुःखं गुञ्जया सह तोलने ॥

१८६—मोह

एक बार एक मदारी, जो बन्दरों को नचाया करते हैं, एक बन्दर को पकड़ने गया और जिस बाग़ में बहुत से बन्दर रहा करते थे वहाँ उसने एक गड्ढा खोद कर उसमें एक तंग मुँह का घड़ा गाड़ दिया जिसका मुँह ऊपर की ओर खुला था। पुनः एक रोटी ले बन्दरों को खिलाते हुये तोड़-तोड़ कर उसमें डाल दी और आप वहाँ से हटकर आड़ में बैठ गया। बन्दरों ने यह देखा और एक बन्दर उतर कर घड़े में हाथ डाल रोटी के टुकड़ों को मूठा में भर हाथ निकालने लगा, पर घड़े का मुँह कम चौड़ा होने तथा मूठा बन्द होने के कारण बाहर न निकल सका। तब तो बन्दर बहुत ही खीझा और बड़े ज़ोर-ज़ोर से हाथ खींचता रहा तथा अपने ही हाथ को खींच-खींच काटता रहा, पर हाथ तो तब निकले कि जब मूढ़ मूठे की रोटी छोड़ दे और हाथ पतला हो जाय, पर ऐसा न कर वह उसी रोटी के लालच से मदारी के हाथ पकड़ा जाकर जन्म भर नचाया गया।

इसका दार्ष्टान्त इस प्रकार है कि मनुष्यरूपी बन्दर संसार रुपी घड़े में पञ्च विषय वा पुत्र पौत्र रूपया पैसा रूप रोटी को पकड़ मूढ़ अपने सारे कर्म धर्मों को भुला देता है और ब्रह्मरूपी मदारी के हाथ पकड़ा जाकर, बन्दर को तो मदारी एक ही जन्म नचाता है पर मनुष्यरूप बन्दरों को तो ब्रह्मरूप मदारी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जन्म जन्मान्तर जक अनेक योनियों में नचाया करता है। किसी कवि ने सच कहा है—

यस्मिन् वस्तुनि ममता मम तापस्तत्र तत्रैव।
यत्रैवाहमुदासे मुदा स्वभाव संतुष्टः ॥

जिस जिस पदार्थ में मनुष्यों की ममता होती है वही-वही दुःख है पर जिस जिससे उदासीनता है वही तो स्वाभाविक संतुष्टता है। अभिप्राय यह निकला कि ममता ही दुःखों की मूल है।

१८७—शामिल बाजा

एक राजा को गाना सुनने का बहुत ही शौक़ था और उस के यहाँ बड़े-बड़े उत्तम गानेवाले रहा करते थे। उनमें से एक सामान्य चालाक पुरुष ने राजसभा में प्रविष्ट होने की इच्छा से राजा के यहाँ दरख़्वास्त की कि हज़ूर हमारा शामिल बाजा भी सुना जाय। अतः वह एक समय पर बुला कर गान-मण्डली में शामिल किये गये, परन्तु वह एक चारपाई का पावा लेकर पहुँचे। जब सब गवैये बाजा मिलाने लगे तो इससे भी कहा गया कि आप भी अपना बाजा मिलाइये। तब तो इन्होंने कहा कि हमारा बाजा बिना मिलाये ही बजा करता है। जब औरों ने अपने बाजों से गति बजाना शुरू की तो ये भी चारपाई के पावे में हाथ रगड़ता जाता और पें, वें, अहा हा आदि शब्द कहकर तानें तोड़ता जाता था। राजा ने उसका तान तोड़ना देख कहा—"आपका बाजा बहुत अच्छा बजता है।" तब तो गानेवालों ने कहा कि—"हुज़ूर इनका बाजा अलग सुना जाय।" राजा साहब ने उसी समय इस शामिल बाजेवाले से कहा कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"तुम अपना बाजा हमें अलग सुनाओ।" इसने कहा कि—"हुज़ूर, इसका तो नाम ही शामिल बाजा है, यह कभी अलग बज नहीं सकता।" तब गवैयों ने कहा कि—"हुज़ूर, यह खाट का पावा है, यह न अलग बजे न शामिल में और बाजे बजा करते हैं और यह एँ वें किया करता है इसलिए हुज़ूर को मालूम पड़ता है कि यह अच्छा बजता है।" राजा ने यह जान उसे कान पकड़कर निकलवा दिया—

उघरे अन्त न होइ निबाहू। कालनेमि जिमि रावण राहू॥

१८८—ईर्षा द्वेष

दो बनिये पास ही पास रहा करते थे और उन दोनों की पास ही आमने सामने दूकानें थीं। पर उनमें से एक का सौदा बहुत बिका करता था और दूसरे का कम। तब इस कम सौदा बिकनेवाले वैश्य ने यह युक्ति खेली कि अपने संपूर्ण बाँट काष्ठ के और सर्व साधारण में जिस वज़न के बाँट प्रचलित थे उनसे वज़न में भी कुछ कम बनवाये और गाँव के गँवारों को बरगलाने लगा कि देखो वह तो ज़रा ज़रा से बाटों से सौदा देता है पर हम तुम्हें इतने बड़े पव्वा वा इतने बड़े अधसेरा वा इतने बड़े सेर से सौदा देंगे। इस प्रकार सभी ग्राहक इसके यहाँ सौदा लेने लगे। तब तो उस बनिये ने इसकी पुलिस में शिकायत की। जब पुलिस ने आकर उस काष्ठ के बाँटवाले बनिये के बाँट पकड़े तो यह बोला कि—"हुज़ूर, मेरे बाँटों की गंगा साक्षी है, अगर मेरे बाँट गंगा में डालने से डूब जाँय तो मेरे बाँट बेशक कम समझे जायँ और अगर ये गंगा में डालने

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से न डूबें तो कम न समझे जायँ।" आखिर पुलिस ने उस बनियेका चालान कर क़ानून के अनुसार उसे दंड दिलाया।

१८६—पण्डितों में परस्पर एक दूसरे की निन्दा करने का परिणाम

एक बार एक दो संस्कृतज्ञ पण्डित बड़े सुयोग्य विद्वान् एक स्थान पर पहुँचे और एक सेठजी के यहाँ उतरे। सेठजी ने दोनों को विद्वान् वेद-शास्त्र-सम्पन्न जानकर बड़े आदर सत्कार से लिया और उन दोनों विद्वानों को कुछ जल पान करा स्नान करने को कहारों से पानी भरवा दिया, चौकियें डलवा दीं और पण्डितों से हाथ जोड़कर कहा कि—"महाराज, आप दोनों महाशय अब स्नान कीजिये।" सेठजी की प्रार्थना सुन एक ने दूसरे से कहा कि चलिये आप स्नान कीजिये और उसने उससे कहा कि चलिये आप स्नान कीजिये। पुनः उनमें से एक स्नान करने चौकी पर चला गया। तब सेठजी ने इस पण्डित से जो बैठा था उस पण्डित की निस्बत कि जो स्नान करने चला गया था पूछा—"महाराज, यह पण्डित जो स्नान करने गये हैं कैसे विद्वान हैं?" पण्डित ने कहा—"उसे क्या आता है, वह तो निरक्षर भट्टाचार्य बैल है।" सेठ चुप रह गया। पुनः जब वह स्नान करके आ गये और ये स्नान करने गये तो सेठजी ने इन पण्डित से उनकी निस्बत पूछा—"महाराज, यह पण्डित जो स्नान करने गये हैं कैसे विद्वान हैं?" इसने कहा—"वह तो बिलकुल मूर्ख गधा है।" आखिर जब दोनों पण्डित स्नान कर के आ गये और अपनी सन्ध्या अग्निहोत्र पूजा से निवृत्त हुए तो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सेठजी ने एक गट्ठा घास खूब ही हरी और एक डलिया भूसा अपने आदमियों के हाथ पंडित को भेजा और आदमियों से कह दिया कि पण्डितों को जाकर यह देना और कह देना कि सेठजी ने यह आप दोनों साहबों के खाने के लिए भेजा है। आदमियों ने वैसा ही किया कि भूसा घास ले जाकर पण्डितों से कहा—"महाराज, यह सेठजी ने आप दोनों साहबों के खाने के लिए भेजा है।" दोनों पण्डित घास और भूसा देख तथा आदमियों की बातें सुन बड़े क्रोधित हुए और कहा—"ज़रा सेठजी को इधर भेज देना।" आदमियों ने सेठजी से जाकर कह दिया कि—"पण्डितों ने आपको बुलाया है।" सेठजी तुरन्त ही पण्डितों के पास पहुँचे। तबतो पण्डितों ने कहा कि—"सेठजी, आपने यह घास और भूसा हम लोगों के लिये क्यों भेजा है?" सेठजी ने कहा कि—"महाराज, आप उन्हें बैल कहते हैं और वह आपको गदहा कहते हैं, सो गदहे का चारा घास और बैल का चारा भूसा हमने भेज दिया।" पुनः दोनों पण्डित वहाँ से बिना खाये पिये कोरे कुलाँच कर गये।

१६०—काठ का साधू

एक बहुत ही मालदार वैश्य किसी गाँव में रहता था। उसे एक बार ऐसा समय आया कि दो तीन महीने को विदेश जाने की आवश्यकता हुई, अतः सेठजी ने एक बढ़ई को कुछ रुपया देकर एक काठ का साधू बनवा कर अपने दर्वाज़े अपने धन माल के रक्षार्थ बिठला दिया। वह साधू हाथ में पत्रा लिये था और यदि कोई इसे छू ले या वह किसी के छू जाय तो वह उसी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के चिपट जाता था और पुनः जब तक उसका कान पकड़ कर न ऐंठा जाय तब तक वह उसे नहीं छोड़ता था। जब सेठ बाहर चले गये तो सेठजी के घर में एक दिन चोर आये और जब वह चोर घर में घुसने लगे तो इस साधू को पत्रा पकड़े देख कहा—"चलो, पहिले इस परिडत से मुहूर्त पूछ लें, फिर चोरी करने चलें।" जब चोर इस साधू के समीप पहुँचे तो उनमें से एक एक साधू के पैर छू छू रुपया रखने लगे पर जो जाकर साधू के पैर छूता साधू उसे ही पकड़ कर घुटलने लगता था। तब तो चोरों ने कहा—"महाराज, रूप तो यह पर कर्म ये ?" आखिर उस काष्ठ के साधू ने उन चोरों को रात भर न छोड़ा। प्रातः काल जब पुलिस आगई तो सेठजी की स्त्री ने काठ के साधू का कान पकड़ कर ऐंठ दिया और वह चोर छूट गये। पुनः उन्हें पुलिस ले गई और उनका चालान कर दण्ड दिया।

१६१—आलस्य

एक बार एक मनुष्य ने कहा कि—"पोस्ती ने पी पोस्त, नौ दिन चला अढ़ाई कोस।"

तब दूसरे ने कहा—"अबे पोस्ती न होगा, वह कोई डाक का हरकारा होगा। पोस्ती ने पी पोस्त तो कूँड़ी के इस पार या उस पार।"

जब तक एक बाग़ में दो आलसी एक आम के वृक्ष के नीचे पास ही लेटे हुए थे, उनमें से एक की छाती पर एक पका आम पड़ा हुआ था कि इतने में उधर होकर एक सवार

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निकला, तब उन दोनों आलसियों में से एक बोला—"अरे ओ भाई सवार, यह एक पका आम मेरी छाती पर पड़ा है सो इसे ज़रा मेरे मुँह में निचोड़ देना।" सवार ने कहा—'तू बड़ा ही आलसी है, तेरी छाती पर पका आम पड़ा है और तू कहता है कि यह आम ज़रा मेरे मुँह में निचोड़ देना।' तब तो दूसरे ने कहा कि—"हाँ साहब, यह बड़ा ही आलसी है, रात भर मेरे मुँह को कुत्ता चाटता रहा और मैंने इससे कहा कि ज़रा दुतकार दे, पर इसने 'दुत्त' भी नहीं किया।" ठीक है, आलसियों के यही उद्देश्य हैं।

१९२—आज कल संस्कृत का अध्ययन

एक ब्राह्मण का बालक संस्कृत अध्ययन करने के निमित्त काशी गया। वहाँ जाकर इसने जब एक सन्यासी महाराज से कहा कि महाराज मेरी इच्छा संस्कृत पढ़ने की है, तब सन्यासी ने कहा कि—

पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं न पठितव्यं तदपि मर्त्तव्यं।
फिर दन्त कट्टाकटेति किं कर्त्तव्यं।

यह सुन दूसरे पण्डित ने कहा—

खातव्तं तदपि मर्त्तव्यं न खातव्यं तदपि मर्त्तयं।
फिर अन्न भक्षाभक्षेति किं कर्त्तव्यं।

अतः बालक से ऐसा क्यों कहते हो, आ बच्चे मैं तुझे संस्कृत पढ़ाऊँगा। बच्चा पीछे चल पड़ा और उन महाराज के पास पहुँच वह बहुत दिन तक पढ़ता रहा। एक दिन यह बच्चा अपने गुरू से बोला—"महाराज, मुझ बहुत दिन पढ़ते

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो गया, पर मुझे संस्कृत बोलना अभी तक नहीं आया।" पण्डितजी बोले कि "विद्या तो गुरुओं की कृपा से आती है, रटने से विद्या नहीं आती, जब गुरू कुञ्जी बतला देते हैं तो ताला की भाँति कपाट खुल जाते हैं। सुन· संस्कृत बोलने की युक्ति यह है कि जितने शब्द हैं उनके ऊपर विन्दु लगा देने से संस्कृत बन जाती है, यथा पुस्तकं, कलमं, स्याहिं लोटं, धारिं, शाकं, दालं, भातं।" यह सुन बच्चा बड़ा ही प्रसन्न हुआ और दूसरे दिन वह बच्चा यह श्लोक बना कर ले गया कि–

बापं आजां नमं स्कृत्यं दरं पाजं तथवं चं।
मयां शिवंदत्तं दांसेनं गींतां टींकां करोंम्यांहं॥

और ये संस्कृत का अभिमानी बन कर चला आया पर याद रहे कि बिन सत् विद्या के इस कवि वाक्य के अनुसार कि–

न विद्या विना सौख्यं नराणां जायते ध्रुवम्।
अतो धर्मार्थ मोक्षेभ्यो विद्याभ्यासं समाचरेत्॥

अन्यथा इस हुरदंगेपन से कभी सुख नहीं मिल सकता॥

१९३–दिल का चोर

एक बार एक रईस के लड़के ने पाख़ाना फिरते समय एक सुर्ख़ पका हुआ बेर अपने आगे पड़ा हुआ देख कर उठा कर खा लिया। बाद पाख़ाना फिरने के कुल्ला दन्तधावन कर अपने दर्वाज़े पर जहाँ एक वेश्या का नाच हो रहा था, उसमें आ बैठा। जब रण्डी नाचते नाचते इसके सामने आई तो उसने ये तान शुरू की कि—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मैंतो जानि गइउँरे, मैंतो जानि गइउँरे ।

यह सुन कर उस रईस के लड़के को सन्देह हुआ कि यह मेरे पाख़ाना फिरते हुए बेर खाने को जान गई। इस ख़्याल में आकर उसने यकायक अपनी अगूठी उतार रण्डी को दे दी। पर रण्डी उसके बेर खाने आदि को नहीं जानती थी, किन्तु उसने साधारण स्वभाव ही से यह गाया था। जब रईस के लड़के ने अँगूठी उतार कर दी तो रण्डी ने समझा कि लाला जी को इस तरह की तानें अच्छी लगती है, अतः दुबारा रण्डी ने यह तान शुरू की कि—

मैं तो कह दूंगी, मैं तो कह दूंगी ।

अब तो रईस के लड़के को ठीक निश्चय हो गया कि यह अवश्य जानती है, अतः अब की बार उस लड़के ने वस्त्र उतार कर दे दिये और रण्डी ने यह समझा कि लालाजी इस प्रकार की तानों से बड़े प्रसन्न होते हैं। अतः तीसरी बार रण्डी ने यह शुरू किया—

समय आ गया रे, अब मैं कहती हूँ ।

तब तो इस रईस के लड़के ने देखा कि ये बदज़ात मानती ही नहीं, अतः तमक कर इसने कहा-"क्या कहती है ? कह दे। हगे बेर ही तो खाया है और क्या किया ?"

१९४—सत्पुरुष

सत्पुरुष—वह मनुष्य है कि जो दूसरों का उपकार करे और कभी ज़बान पर न लावे।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुणवान्—वह है जो सदा विद्या के खोज और विचार में रहता है।

धैर्यवान्—वह है जो सुख, दुःख, धन, क्षीणता और वृद्धि में सामान्य रहता है।

रूपवान्—वह मनुष्य है जो विद्या और नम्रता, लज्जा, सत्य, शीलता और धर्म के सद्गुणों से अलंकृत हो।

बुद्धिमान्—वह है जो समय का रंग देखकर काम करता है।

विचारवान्—वह है जो अपने अवगुणों और दूसरे के गुणों की याद नहीं रखता और कोई वचन वे समझे मुख से नहीं निकालता।

ज्ञानी—वह है जिसके मन में संसार के सुख दुःख से विकार उत्पन्न नहीं होता, तथा सत् असत का ज्ञाता हो।

सन्तुष्ट—वह है जो किसी आशा से बद्ध नहीं।

बलवान्—वह है जो इन्द्रियों के प्रबल वेग को रोके।

सबका प्रिय—वह है जो केवल अपना लाभ और स्वार्थ नहीं बिचारता।

भाग्यवान्—वह है जो दूसरों की दशा देख अपनी सुधारे।

अभागी—वह है जिसकी दशा देखकर ज्ञानियों को भय हो।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६५—जीवन और मौत

१—ईश्वर की उपासना जीवन प्रकृति की उपासना मौत

२—विद्या जीवन अविद्या मौत

३—ब्रह्मचर्य्य जीवन दुराचार मौत

४—सतसङ्ग जीवन कुसंग मौत

५—पुरुषार्थ जीवन आलस्य मौत

६—परोपकार जीवन स्वार्थ मौत

७—अहिंसा जीवन हिंसा मौत

८—सचाई जीवन झूँठ मौत

९—सादगी जीवन आरायश मौत

१०—पवित्रता जीवन अपवित्रता मौत

११—स्वाध्याय जीवन अनध्याय मौत

१२—अस्तेय जीवन चोरी मौत

१३—त्याग जीवन ख़्वाहिश मौत

१४—यज्ञ जीवन भ्रष्टता मौत

१५—वीरता जीवन कायरता मौत

१६—धैर्य्य जीवन अधैर्य्य मौत

१७—दृढ़ता जीवन शिथिलता मौत

१८—साहस जीवन असाहस मौत

१९—उत्साह जीवन निरुत्साह मौत

२०—प्रिय वाक्य जीवन कटु वाक्य मौत

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२१—कीर्ति जीवन — अकीर्ति मौत
२२—एकता जीवन — फूट मौत
२३—शान्ति जीवन — अशान्ति मौत
२४—न्याय जीवन — पक्षपात मौत
२५—कर्त्तव्य जीवन — अकर्त्तव्य मौत

संसार में प्रत्येक मनुष्य मौत से डरता हुआ देखा जाता है अतः मौत से डरो और ज़िन्दगी की ख्वाहिश करो।

१६६—याद रखने योग्य १० बातें

१—ईश्वर के साथ नम्रता और उससे स्तुति प्रार्थना।
२—सर्व साधारण के साथ न्याय और शील।
३—इन्द्रियों के साथ दमन।
४—विरागियों के साथ सत्सङ्ग।
५—वृद्ध और बड़ों के साथ सेवा।
६—बराबरवालों से मित्रता छोटों के साथ प्रेम।
७—वैरियों के साथ सहनशीलता।
८—मित्रों के साथ सत्कार, शान्ति, शीलता और मोहब्बत।
९—मूर्खों के साथ चुप्पी।
१०—बुद्धिमानों के साथ मान और प्रतिष्ठा।

पाँच के—पाँच शत्रु

१—विद्या का शत्रु — घमण्ड

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२—दान का शत्रु	कृपणता
३—बुद्धि वा अक़ल का शत्रु	गुस्सा
४—सब्र का शत्रु	लालच
५—सच का शत्रु	झूँठ

१६७—खुदा का बेटा

एक पादरी से एक गाँववाले ने पूछा कि—"संसार को मोक्ष देनेवाले ईसामसीह कौन हैं और कहाँ रहते हैं?" पादरी साहब ने कहा कि—"वह परमेश्वर (खुदा) का बेटा है और परमेश्वर अभी जीते हैं वा मर गये?" पादरी साहब ने कहा—"भाई वह कभी मरता नहीं।" तो गाँव वाले ने कहा कि—"क्या बाप बेटे में फूट कराया चाहते हैं कि बाप के जीते जी हम से कहते हो कि मोक्ष बेटा देगा? हमारे यहाँ की तो चाल ऐसी नहीं है इस लिये हम तो जब तक बाप जीता रहेगा उसी को मानेंगे और उसी से सब कुछ माँगेगे। जब वह न रहेगा तब तो बेटा ही मालिक है।"

१६८—ब्रह्माजी का उपदेश

एक बार ब्रह्माजी के पास संसार के तीनों कोटि के पुरुष यानी देवता, मनुष्य और राक्षस पहुँचे और हाथ जोड़ प्रथम देवताओं ने कहा कि- महाराज, हमारे लिये कुछ उपदेश कीजिये।" ब्रह्माजी ने कहा कि"द।" पुनः मनुष्यों ने कहा—

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

"महाराज, हमें भी कुछ उपदेश कीजिये।" ब्रह्माजी ने उनसे भी यही कहा कि "द"। पुनः राक्षसों ने भी कहा—"महाराज, हमें भी कुछ उपदेश कीजिये।" तो ब्रह्माजी ने उनके लिये भी वही 'द' अक्षर कह दिया। पुनः ब्रह्मा ने तीनों को अपने पास बुलाकर पूछा कि—"तुम हमारे उपदेश को समझे?" तो तीनों ने कहा कि—"हाँ महाराज, समझे।" देवताओं ने कहा कि—"महाराज हम 'द' अक्षर से यह समझे कि तुम सब दमन करो।" मनुष्यों ने कहा कि "महाराज, हम 'द' अक्षर से यह समझे कि तुम सब दान करो।" राक्षसों ने कहा कि "महाराज, हम 'द' अक्षर से यह समझे कि तुम सब दया करो।" ब्रह्माजी ने यह सुन कर कहा कि "तुम ठीक समझे। अगर तुम सब इसका पालन करोगे तो संसार में कभी दुःखी न होगे।"

१६६--ज़रूरतों का बढ़ना ही दुःख का कारण है

एक बार एक बादशाह से एक पुरुष जो बादशाह का सेवक और जिसका कि नाम दिलसुख था मिलने गया। उसने जब बादशाह से जाकर सलाम की तो बादशाह ने अपना मुख उस की ओर से फेर लिया। पुनः दिलसुख ने उस ओर जाकर सलाम की कि जिस ओर बादशाह ने मुख फेरा था। पर बादशाह ने पुनः दूसरी ओर मुख फेर लिया। तब तो दिलसुख बादशाह के पास से एकान्त अरण्य में जाकर तप करने लगा। दो तीन दिन के बाद बादशाह ने पूछा कि—"क्यों जी आज दो तीन दिन से दिलसुख नहीं दिखलाई पड़ा।" तब सभा के लोगों ने कहा कि—"महाराज, दिलसुख तो अमुक जङ्गल में जा तप करने लगा।" यह सुन राजा ने कहा कि—"यदि दिल

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सुख वन में चला गया तो उससे मिलने के लिये वहीं चलना चाहिये।" जब राजा साहब को दिलसुख ने आते देखा तो दिलसुख बैठे से लेट गया। तब तो राजा साहब ने पास जाकर दिलसुख से कहा कि— दिलसुख! पैर फैलाये कब से?" बोला कि—"हाथ सिकोड़े जब से।"

२००—आँख में पट्टी

एक वेदान्ती साहब एक वन में जो एकान्त स्थान में बना था रहा करते थे और उन्होंने अपने एक चेले को यह समझा रक्खा था कि—"बच्चा संसार में कुछ नहीं है, यह तो सब भ्रम है।" एक दिन उस चेले ने जो पास ही एक बाज़ार लगती थी वहाँ कुछ लोगों की आवाज़ सुनी। शिष्य ने कहा कि— महाराज, यह आवाज़ कहाँ से आती है?" तब गुरूजी ने कहा कि—"बेटा यहाँ बाज़ार लगती है।" तब तो शिष्य ने कहा कि—"गुरूजी, एक दिन हमें भी बाज़ार दिखला देते।" गुरू ने कहा— "बेटा वहाँ क्या है, क्या देख कर करागे?" पर शिष्य ने जब दुबारा कहा और हठ किया तब लाचार हो गुरूजी चेले की आँखों में पट्टी बाँध कर बाज़ार ले गये और थोड़ी देर में घुमा कर वहीं स्थान पर लाकर बिठाल दिया और शिष्य से गुरूजी बोले कि—"क्यों बेटा, मैंने तुम से नहीं कहा था कि बाज़ार में कुछ नही है।" पर शिष्य ने गुरुजी से एक दिन फिर कहा कि—"गुरुजी, एक दिन बाज़ार फिर दिखला दीजिये।" बहुत दिन प्रार्थना करने पर एक दिन गुरु जी शिष्य की आँखों में पट्टी बाँध फिर ले गये तो शिष्य को बाज़ार के अन्य लोगों का धक्का लगने पर यह प्रतीत हुआ कि यहाँ तो कुछ मालूम देता है,

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुजी तो योंही कहते हैं कि कहीं कुछ नहीं है। अतः शिष्य ने यह सोचकर कुछ-कुछ अपनी आँखों की पट्टी खोल दी और उसे ज्ञात हो गया कि गुरूजी का कथन झूठ है और उस दिन से वह गुरू के फन्दे से अलग हो गया।

२०१—वाहजी खूब समझे

एक वैश्य जो कि बहुत ही धनाढ्य था, जब वह मरने लगा तो अपने बच्चे से जो कि हरएक प्रकार की बदमाशी में हरफ़न-मौला था कहा कि—"बेटा, तुम हमारी तीन बातों को ख़याल रखना, बाक़ी जो तुम्हारे जी में आवे सो करना। वह यह कि-एक तो—साया साया में आना और साया साया में जाना।

दूसरे—सदैव मीठा खाना।

तीसरे—देकर कभी माँगना नहीं, तुम कभी दुःखी न होगे।"

जब सेठजी मर गये तो बच्चा कई दिन तक घर से न निकला और अपने आदमियों को हुक्म दिया कि घर से लेकर और मेरी दूकान तक स्तम्भ गड़ा के उन पर टीन छवा दो। ऐसा ही हुआ और यह लड़का बस उसी टीन के नीचे नीचे दूकान को आने जाने लगा और उसी दिन से वह खीर हलुआ उड़ाने लगा और जिसको क़र्ज देता था उससे फिर माँगता न था। ऐसा करने से कुछ ही दिन में वह बच्चा बहुत कंगाल हो गया और दुखी होने लगा, तब तो उसने एक महात्माजी के पास जाकर कहा कि—"महाराज, मेरे पिता ने तीन शिक्षायें दी थीं कि—

१ साया साया आना, साया साया जाना। २ सदैव मीठा खाना। ३ देकर कभी माँगना नहीं।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किन्तु जब से मैं इन्हें मानने लगा, मैं बड़ाही निर्धन हो गया और दुःखी होने लगा।" तब तो उस महात्मा ने पूछा कि इन तीन शिक्षाओं से तुमने क्या समझा और क्या किया? उसने जो कुछ किया था, महात्मा से निवेदन किया! महात्मा जी ने कहा—"खूब, तुमने यह क्या किया? आपके पिता के कहने का यह मतलब नहीं था, बल्कि यह मतलब था कि—

(१) साया साया आना साया जाना—यानी प्रातः काल दूकान पर जाओ और शाम को आओ।

(२) सदैव मीठा खाना-यानी गम खाना कभी लड़ना नहीं।

(३) देकर कभी न माँगना—यानी हमेशा ज़ेवर गिरवी रखना ताकि देकर न माँगना पड़े।" बस जबसे वह बालक इस सत्य अभिप्राय पर चलने लगा कि बच्चा फिर वैसा ही धनाढ्य और सुखी हो गया।

॥ ओ३म् शान्ति ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पढ़ने-योग्य अपूर्व पुस्तकें

१—उपनिषद्-प्रकाश स्वामीदर्शनानन्द कृत २॥)
२—दृष्टांत-सागर १ भाग १।=)
३— ,, २ भाग ।॥)
४— ,, ३ भाग ॥)
५— ,, ४ भाग ॥)
६—शिवाजी रोशनआरा ।)
७—भरत का जीवन-चरित्र ≡)
८—नित्य-कर्म विधि ≡)
९—भारतवर्ष की वीर मातायें ।॥)
१०— ,, की सच्ची देवियाँ ॥)
११— ,, की वीर और विदुषी स्त्रियाँ २ भाग ॥)
१२—महाराणा प्रतापसिंह ।=)
१३—स्वामी दयानंदचरित्र ।=)
१४—बेला सती ≡)
१५—भर्तृहरि-शतक ॥)
१६—श्रीकृष्ण-चरित्र ।=)
१७—भीष्मपितामह ।=)
१८—अनपढ़ स्त्री -)
१९—विद्यो देवी ॥)
२०—चमन इस्लाम की सैर ।)
२१—कथा पचीसी ।=)
२२—धर्म इतिहास-रहस्य २)

भजन-पुस्तकें

२३—भजन प्रकाश १ भाग ≡)॥
२४—,, ,, २ भाग ≡)॥
२५—,, ,, ३ भाग ≡)॥
२६—,, ,, ४ भाग ≡)॥
२७—,, ,, ५ भाग ≡)॥
२८—स्त्री ज्ञान प्रकाश १ भाग ।)
२९—,, ,, ,, २ भाग ।)
३०—,, ,, ,, ३ भाग ।)
३१—संगीत सागर १ भाग ≡)॥
३२—,, ,, २ भाग ≡)॥
३३—रूपरत्न मयदार भजन =)॥
३४—प्रतापसिंह का प्रताप ≡)
३५—वेदों का डंका)॥

नोट—इसके अतिरिक्त सब प्रकार की आर्य-सामाजिक पुस्तकें हमारे पुस्तकालय में मिलती हैं। बड़ा सूचीपत्र मँगाकर देखिए।

मिलने का पता—**श्यामलाल सत्यदेव वर्मा**
आर्य-बुकसेलर, बरेली

23 NOV 2005 DIGITIZED C-DAC 2005-2006
CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar